वाराणसी, शनिवार, 10 दिसम्बर, 2022

पौष मास, कृष्ण पक्ष 2, वर्ष 11, अंक 302, पृष्ठ 16, मूल्य: 5.00

परख सच की

# जनसंदेश टाइम्स

वाराणसी, लखनऊ, कानपुर, गोरखपुर एवं प्रयागराज से प्रकाशित

नगर/डाक संस्करण

E-paper : www.jansandeshtimes.net | Portal : www.jansandeshtimes.news





अंदर- गुजरात चुनाव के केन्द्र में नरेन्द्र मोदी

अंदर- बांग्लादेश के खिलाफ तीसरे वनडे के लिए कुलदीप यादव भारतीय टीम में शामिल

# समान नागरिक संहिता बिल राज्यसभा में पेश

## 23 के मुकाबले 63 मतों से निजी विधेयक पेश करने की इजाजत

**भारी हंगामा**

**पिछले कई महीनों से लगातार देश में समान नागरिक संहिता की उठ रही मांग**

**एमडीएमके के वाइको सहित विपक्षी सदस्यों ने इस विधेयक को संविधान विरुद्ध बताया**



**नई दिल्ली।** नई दिल्ली। राज्यसभा में शुक्रवार को समान नागरिक संहिता के संबंध में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के एक सदस्य द्वारा लाये गये निजी विधेयक को विपक्ष के भारी विरोध के बीच पेश किया गया। उच्च सदन ने 23 के मुकाबले 63 मतों से निजी विधेयक को पेश करने की अनुमति दी।

शुक्रवार को भोजनावकाश के बाद उच्च सदन में गैर सरकारी कामकाज शुरू होने पर सबसे पहले भाजपा के किरोड़ीमल मीणा ने भारत में एक समान नागरिक संहिता विधेयक, 2020 पेश किया। एमडीएमके के वाइको सहित विभिन्न विपक्षी सदस्यों ने इस विधेयक को संविधान विरूद्ध करार देते हुए सभापति जगदीप धनखड़ से इसे सदन में पेश करने की अनुमति नहीं देने का अनुरोध किया। सभापति ने मीणा को इस विधेयक के बारे में बोलने का अवसर दिया। किंतु भाजपा सदस्य ने कहा कि जब इस विधेयक को सदन में चर्चा के लिए लिया जाएगा, तब वह अपनी बात रखेंगे। इसके बाद सभापति ने विपक्षी सदस्यों को एक-एक कर अपनी बात रखने का मौका दिया। वाइको, समाजवादी पार्टी के रामगोपाल यादव, आईयूएमएल के अब्दुल वहाब, मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी के इलामरम करीम, वी शिवदासन, डॉ जान ब्रिटास, ए ए रहीम, विकास रंजन भट्टाचार्य, भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के संतोष कुमार पी, द्रमुक के तिरुचि शिवा, कांग्रेस के एल हनुमंथैया, जे बी हीशम एवं इमरान प्रतापगढ़ी, तृणमूल के जवाहर सरकार, राष्ट्रीय जनता दल के मनोज कुमार झा एवं राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी की फौजिया खान ने इस विधेयक का विरोध किया।

विपक्षी सदस्यों ने इस विधेयक को संविधान के विरूद्ध बताते हुए कहा कि इससे देश की विविधता की संस्कृति को नुकसान पहुंचेगा। उन्होंने कहा कि इससे देश के सामाजिक तानेबाने को क्षति पहुंचने की आशंका है। उन्होंने भाजपा सदस्य मीणा से यह विधेयक वापस लेने का अनुरोध किया। कुछ विपक्षी सदस्यों का कहना था कि इस प्रकार के कानून को देश की न्यायपालिका द्वारा खारिज कर दिया जाएगा।

सदन के नेता पीयूष गोयल ने कहा कि डॉ भीमराव आंबेडकर सहित संविधान निमार्ताओं ने समान नागरिक संहिता के विषय को नीति निर्देशक सिद्धान्तों में रखा था। उन्होंने कहा कि सदन के हर सदस्य को संविधान से जुड़े विषय पर विधेयक लाने का अधिकार है और उसके इस अधिकार पर प्रश्न नहीं खड़ा किया जा सकता। बाद में इस विधेयक पर विपक्षी सदस्यों की मांग पर मत विभाजन करवाया गया। मत विभाजन में सदन ने 23 के मुकाबले 63 मतों से इस विधेयक को पेश करने की अनुमति प्रदान कर दी। मीणा द्वारा पेश निजी विधेयक में संपूर्ण भारत के लिए एकसमान नागरिक संहिता तैयार करने और इसके क्रियान्वयन के लिए एक राष्ट्रीय निरीक्षण और जांच समिति गठित करने का प्रावधान है।

### दुष्कर्म के बाद नाबालिग की हत्या के दोषी को फांसी की सजा

**मथुरा।** मथुरा में दुष्कर्म के बाद नाबालिग लड़की की हत्या करने वाले युवक को अदालत ने फांसी की सजा सुनाई है। इस जघन्य मामले में अपर सत्र न्यायाधीश एवं विशेष न्यायाधीश पोक्सो एक्ट विपिन कुमार की अदालत ने आरोप पत्र दाखिल होने के 26 दिन के अंदर आरोपी युवक को दोषी मानते हुए शुक्रवार को फैसला सुनाया। दोषी पर 45 हजार रुपये का अर्थदंड भी लगाया है। इस केस की सरकार की ओर से पैरवी कर रहीं स्पेशल डीजीसी पॉक्सो कोर्ट अलका उपमन्यु ने बताया कि मृतका की मां ने थाना जैंत में रिपोर्ट दर्ज कराई थी। जिसके मुताबिक 13 अक्तूबर 2022 की शाम जैंत निवासी युवक सतीश उनकी 10 वर्षीय बेटी को घुमाने के बहाने ले गया। उसने दुष्कर्म के बाद बेटी की हत्या कर शव को पीएमबी पॉलीटेक्निक कॉलेज के पास जंगल में फेंक दिया, जिसे पुलिस ने बरामद किया था। पुलिस ने पीड़िता की मां की तहरीर पर पॉक्सो एक्ट में मुकदमा दर्ज किया था।




## बेहतरीन मंच होगा यूपी ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट

**ऑस्ट्रेलियाई निवेशकों के प्रतिनिधिमंडल ने सीएम योगी से की शिष्टाचार भेंट**

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के ईज ऑफ डूइंग बिजनेस और ईज ऑफ स्टार्टिंग बिजनेस के शानदार माहौल से प्रभावित ऑस्ट्रेलियाई निवेशकों के एक प्रतिनिधिमंडल ने शुक्रवार को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से शिष्टाचार भेंट की। भेंट के दौरान औद्योगिक दल ने उत्तर प्रदेश में विविध सेक्टरों में निवेश की संभावनाओं पर चर्चा की, साथ ही ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट 2023 में सहभागिता के लिए उत्साह भी जताया। उत्तर प्रदेश आगमन पर प्रतिनिधिमंडल का अभिनन्दन करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि यह अत्यंत सुखद है कि आज जबकि उत्तर प्रदेश का एक प्रतिनिधिमंडल जर्मनी में औद्योगिक जगत के प्रतिनिधियों, निवेशकों के साथ उत्तर प्रदेश में निवेश की संभावनाओं पर चर्चा कर रहा है, वहीं ऑस्ट्रेलिया के डिप्टी हाई कमिश्नर सारा स्टोरे के नेतृत्व में एक औद्योगिक निवेशकों का समूह उत्तर प्रदेश के औद्योगिक माहौल का प्रत्यक्ष अनुभव प्राप्त करने प्रदेश की राजधानी में है। मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तर प्रदेश सरकार 10 से 12 फरवरी, 2023 तक लखनऊ में एक ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट का आयोजन कर रही है। राज्य में प्रति व्यक्ति आय में बढ़ोतरी के लक्ष्य के साथ हमारा प्रयास है कि राज्य में उपलब्ध असीम व्यावसायिक अवसरों से देश और दुनिया लाभान्वित हो सके।

# हर त्योहार में दंगे नहीं होते, सकारात्मक सोचें

**सुप्रीम कोर्ट की टिप्पणी**

**धार्मिक जुलूसों पर सख्ती वाली याचिका खारिज**

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को तीस्ता सीतलवाड़ की अगुवाई वाले एनजीओ द्वारा दायर उस जनहित याचिका को खारिज कर दिया, जिसमें धार्मिक जुलूसों, तलवारबाजी और आग्नेयास्त्रों को विनियमित करने के लिए दिशानिर्देश बनाने की मांग की गई थी। याचिका में कहा गया कि देशभर में किसी न किसी त्योहार पर अलग-अलग धर्मों की होने वाली शोभायात्रा के दौरान कई घटनाएं घटित होती हैं जिनपर रोक लगाए जाने की जरूरत है। याचिकाकर्ता की ओर से सीयू सिंह ने दलील देते हुए कहा कि जुलूस के लिए इन अनुमतियों से संबंधित दिशा-निर्देश हैं। उनपर कोई लागू नहीं होती। याचिकाकर्ता ने कहा कि वह अपनी अर्जी वापस लेकर हाईकोर्ट में याचिका दाखिल करना चाहते हैं। लेकिन चीफ जस्टिस ने इससे इनकार कर दिया और कहा कि नहीं हम इस याचिका को यहीं खारिज करेंगे। मुख्य न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़ और न्यायमूर्ति पी एस नरसिम्हा की पीठ ने कहा कि हम हमेशा यह क्यों दिखाना चाहते हैं कि हर धार्मिक उत्सव में दंगे होते हैं। सकारात्मक देखने की कोशिश करें। देखिए, महाराष्ट्र में 'गणेश पूजा' के दौरान लाखों लोग इकट्ठा होते हैं, लेकिन कोई दंगा नहीं होता है। मुख्य न्यायाधीन ने कहा कि देश में विविधता है जहां हर तरह के धर्म के लोग अपने-अपने तरह से त्योहार मनाते हैं। एक भाग की परिस्थितियां भारत के अन्य भागों से भिन्न हैं। आप चाहते हैं कि हम एक एसओपी लेकर आएं।

# भ्रष्टाचार के आरोप में फंसी मालीवाल

**आरोप**

**कोर्ट ने दिल्ली महिला आयोग की अध्यक्ष पर दिए आरोप तय करने के आदेश**



डीसीडब्ल्यू की चेयरपर्सन स्वाति मालीवाल के साथ कोर्ट ने डीसीडब्ल्यू की तत्कालीन सदस्य प्रोमिला गुप्ता, सारिका चौधरी और फरहीन मलिक पर भी मुकदमा चलाने का आदेश दिया है।

**नई दिल्ली।** दिल्ली एक विशेष अदालत ने गुरुवार को दिल्ली महिला आयोग की अध्यक्ष स्वाति मालीवाल और 3 अन्य के खिलाफ भ्रष्टाचार और आपराधिक साजिश के आरोप तय करने का आदेश दिया। आयोग में विभिन्न पदों पर आम आदमी पार्टी (आप) के कार्यकताओं को कथित रूप से नियुक्त करने में अनिमितता पाए जाने पर यह कार्रवाई करने का आदेश दिया है।

अदालत ने पाया कि सभी चार आरोपी व्यक्तियों के खिलाफ मजबूत सबूत हैं और तथ्यों से प्रथम द्दष्टया आईपीसी आर/डब्ल्यू धारा की धारा 120बी के तहत सभी चार आरोपी व्यक्तियों के खिलाफ आरोप तय करने के लिए पर्याप्त सामग्री का खुलासा होता है। ढडउ अधिनियम के 13(1)(डी)/13(2), साथ ही धारा 13(2) 1/6 धारा के तहत मूल अपराध के लिए। पीओसी अधिनियम के 13(1)(2)। विशेष न्यायाधीश डीजी विनय सिंह ने कहा, तदनुसार आरोप तय किए जाएं।

अभियोजन पक्ष के अनुसार, साजिश के सभी चार आरोपी एक साथ अपने आधिकारिक पद का दुरुपयोग करने में शामिल थे और उन्होंने पार्टी कार्यकताओं और स्वाति मालीवाल के परिचितों के साथ-साथ सत्तारूढ़ पार्टी यानी अअढ के लिए आर्थिक लाभ प्राप्त किया। आरोप लगाया गया है कि ऐसे कार्यकताओं और परिचितों को डीसीडब्ल्यू के विभिन्न पदों पर बिना तय प्रक्रिया का पालन किए नियुक्त किया गया। इसके बजाय, नियुक्तियां प्रक्रियाओं, नियमों, विनियमों के उल्लंघन में, यहां तक कि पदों के लिए विज्ञापन के बिना, सामान्य वित्त नियमों (जीएफआर) और अन्य दिशानिदेर्शों के उल्लंघन में की गईं और ऐसे विभिन्न व्यक्तियों को पारिश्रमिक /वेतन /मानदेय के रूप में धन वितरित किया गया।

आदेश पारित करते हुए अदालत ने कहा कि ऊछह द्वारा विभिन्न तिथियों पर आयोजित बैठकों के कार्यवृत्त का अवलोकन, जिसमें सभी चार अभियुक्त हस्ताक्षरकर्ता थे, प्रथम द्दष्टया एक मजबूत संदेह की ओर इशारा करने के लिए पर्याप्त था कि विचाराधीन नियुक्तियों द्वारा की गई थी।

# पॉक्सो एक्ट के दोषी शिवम को मृत्युदंड

## तीन लाख 25 हजार रुपये अर्थदंड, न देने पर एक वर्ष की अतिरिक्त कैद

जनसंदेश न्यूज



**कठोर सजा**

**दो वर्ष पूर्व सात वर्षीय नाबालिग के साथ दुष्कर्म कर उसकी हत्या करने का मामला**

**सोनभद्र।** दो वर्ष पूर्व सात वर्षीय नाबालिग बालिका के साथ दुष्कर्म कर हत्या किए जाने के मामले में अपर सत्र न्यायाधीश/ विशेष न्यायाधीश पॉक्सो एक्ट सोनभद्र निहारिका चौहान की अदालत ने शुक्रवार को सुनवाई करते हुए दोषसिद्ध पाकर दोषी शिवम को मृत्युदंड एवं 3 लाख 25 हजार रुपये अर्थदंड की सजा सुनाई। अर्थदंड न देने पर एक वर्ष की अतिरिक्त कैद भुगतनी पड़ेगी। कोर्ट ने दिए आदेश में जघन्यतम अपराध मानते हुए कहा है कि दोष सिद्ध शिवम को फांसी के फंदे पर तब तक लटकाया जाय, जब तक कि उसकी मृत्यु न हो जाए। वहीं अर्थदंड की समूची धनराशि 3 लाख 25 हजार रुपये मृतका के पिता को मिलेगी।

अभियोजन पक्ष के मुताबिक बीजपुर थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी पिता ने 7 नवंबर 2020 को बीजपुर थाने में दी तहरीर में आरोप लगाया था कि उसकी सात वर्षीय नाबालिग लड़की शाम 4 बजे से घर के पास से गायब है। उसकी अपने स्तर से हर सम्भावित जगहों पर तलाश की गई किंतु उसका कहीं पता नहीं चला।

बीजपुर थाना क्षेत्र के महुली गांव निवासी शिवम पुत्र लालमनी के साथ खेलते हुए देखा गया था। तहरीर पर पुलिस ने अपहरण की एफआईआर दर्ज कर मामले की विवेचना शुरू कर दिया। विवेचना के दौरान पुलिस ने शिवम को हिरासत में लेकर पूछताछ किया और उसकी निशानदेही पर लड़की के शव को नाले के पास से बरामद कर लिया। शव का पोस्टमार्टम कराया गया और रिपोर्ट मिलने के बाद हत्या व पॉक्सो एक्ट के धारा की बढ़ोतरी हुई। विवेचक ने पर्याप्त सबूत मिलने पर न्यायालय में शिवम के विरुद्ध चार्जशीट दाखिल किया था। मामले की सुनवाई करते हुए अदालत ने दोनों पक्षों के अधिवक्ताओं के तर्कों को सुनने, गवाहों के बयान एवं पत्रावली का अवलोकन करने पर दोषसिद्ध पाकर दोषी शिवम को सजा सुनाई। अभियोजन पक्ष की तरफ से सरकारी वकील दिनेश अग्रहरि, सत्य प्रकाश त्रिपाठी एवं नीरज कुमार सिंह ने बहस की।

### सोनभद्र में सुनाई गई चौथी फांसी की सजा

**सोनभद्र।** जघन्यतम अपराध के मामले में सोनभद्र जिले में यह चौथी फांसी की सजा सुनाई गई है। सबसे पहले एडीजे फास्ट ट्रैक कोर्ट अवनीश कुमार द्विवेदी की अदालत ने जिले में फांसी की सजा सुनाई थी। उसके बाद एडीजे द्वितीय राहुल मिश्र की अदालत द्वारा दूसरी फांसी की सजा सुनाई गई थी। इसके बाद लगातार दो फांसी की सजा क्रमशः एडीजे पॉक्सो कोर्ट पंकज श्रीवास्तव व चौथी सजा एडीजे पाक्सो कोर्ट निहारिका चौहान की अदालत से सुनाई गई है। कोर्ट में आए मृतका के माता–पिता ने कहा कि उनकी बेटी को अब न्याय मिला है। उन्होंने कोर्ट का धन्यवाद किया है।

# हिमाचल में सरकार बनाने का दावा पेश

## विधायक दल की बैठक से पहले प्रतिभा समर्थकों का हंगामा

**नारेबाजी**

**समर्थकों को काबू करने के लिए पुलिस को हस्तक्षेप करना पड़ा**

**सुखविंदर सिंह सुक्खू के समर्थकों ने किया शक्ति प्रदर्शन**



**मंडी।** प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष प्रतिभा सिंह के समर्थकों ने शुक्रवार दोपहर बाद चुनाव पर्यवेक्षकों भूपेश बघेल, भूपेंद्र सिंह हुड्डा और राजीव शुक्ला के सामने खूब हंगामा किया। राजभवन जाने के लिए जैसे ही पार्टी हाईकमान की ओर से भेजे गए नेता चौड़ा मैदान स्थित होटल से बाहर निकले तो प्रतिभा समर्थकों ने उनकी गाड़ी के आगे खड़े होकर मुख्यमंत्री बनाने की मांग करते हुए नारे लगाए।

समर्थकों ने जब तक सूरज चांद रहेगा, वीरभद्र सिंह का नाम रहेगा और हमारा मुख्यमंत्री कैसा हो, प्रतिभा सिंह जैसा हो के नारे लगाए। समर्थकों को काबू करने के लिए पुलिस को हस्तक्षेप करना पड़ा। कुछ समय के लिए चौड़ा मैदान में स्थिति तनावपूर्ण हो गई। वहीं, दूसरी तरफ शिमला के होटल हिमलैंड में सुखविंद्र सिंह सुक्खू के समर्थकों ने शक्ति प्रदर्शन किया। सूत्रों के अनुसार होटल में सुक्खू गुट के तीन विधायकों ने गुप्त बैठक की।

हिमाचल प्रदेश में नई सरकार का गठन करने के लिए कांग्रेस नेताओं ने शुक्रवार दोपहर करीब साढ़े तीन बजे राजभवन पहुंचकर दावा पेश किया। राज्यपाल राजेंद्र विश्वनाथ आर्लेकर से मुलाकात कर चुनाव पर्यवेक्षक छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल, हरियाणा के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा और प्रदेश कांग्रेस प्रभारी राजीव शुक्ला ने सरकार बनाने का दावा पेश करते हुए पत्र सौंपा। विधानसभा चुनाव में स्पष्ट बहुमत मिलने पर कांग्रेस हाईकमान की ओर से प्रदेश में मुख्यमंत्री का चयन करने और सरकार गठन के लिए इन तीनों नेताओं को जिम्मेदारी सौंपी गई है।

# भाजपा ने दिल्ली के मेयर की रेस से खुद को किया बाहर

**'आप' की टेंशन खत्म**

**भाजपा प्रदेश अध्यक्ष आदेश गुप्ता बोले-हम विपक्ष की मजबूत भूमिका निभायेंगे**

**नई दिल्ली।** दिल्ली नगर निगम की 250 सीटों में 104 सीट जीतकर दूसरे स्थान पर आई भाजपा ने अपने आप को महापौर की दौड़ से बाहर कर लिया है। भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष आदेश गुप्ता ने स्पष्ट किया है कि जनता ने उन्हें मजबूत विपक्ष की भूमिका निभाने का जो दायित्व दिया है उसे पूरा करेगी। भाजपा को निगम चुनाव में करीब 40 प्रतिशत मत देने के लिए दिल्ली वासियों का आभार व्यक्त किया है। साथ ही उन्होंने वादा किया है कि निगम में भी वह दिल्ली की जनता से जुड़े सवालों और समस्याओं को मजबूती से उठाएगी। इन्हें पूरा करने की भी पूरी कोशिश करेगी। शांतिपूर्वक मतदान के लिए आदेश गुप्ता ने दिल्ली पुलिस और चुनाव आयोग का आभार प्रकट किया है।

प्रदेश भाजपा कार्यालय में दिल्ली विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष रामवीर सिंह बिधूड़ी और आदेश गुप्ता ने कहा कि 2017 के निगम चुनावों में भाजपा को 36.08 प्रतिशत वोट मिले थे जबकि 2022 के निगम चुनाव में यह बढ़कर 39.09 प्रतिशत हो गया है। उन्होंने कहा कि भाजपा के भ्रष्टाचार विरोधी अभियान के चलते आम आदमी पार्टी (आप) का चेहरा बेनकाब हुआ इसकी वजह से दिल्ली सरकार के उप मुख्यमंत्री और मंत्रियों की विधानसभा में जनता ने आप के उम्मीदवारों को नकार दिया। इतना ही नहीं विधानसभा चुनाव की तुलना करें तो आप को करीब 10 प्रतिशत कम वोट शेयर मिला है।

# बदमाश इस चौराहे पर अपराध करेगा अगले चौराहे पर हो जाएगा ढेर: योगी

**प्रबुद्धजन सम्मेलन**

**कानपुर सहित 18 शहर बन रहे हैं सेफ सिटी**



**कानपुर।** वीएसएसडी कॉलेज ग्राउंड में प्रबुद्धजन सम्मेलन को संबोधित करते हुए उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने 388 करोड़ रुपए की 272 विकास परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास किया। कानपुर की जनता का आभार व्यक्त करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि डबल इंजन की सरकार कानपुर समेत प्रदेश के विकास की प्रतिबद्धता के लिए काम कर रही है। उन्होंने कहा कि कानपुर कभी उत्तर भारत के मैनचेस्टर के रूप में विख्यात था। अपने उद्योगों के बदौलत अलग पहचान रखता था, जो देशभर के नौजवानों के लिए रोजगार मुहैया कराता था। लेकिन 70-80 के दशक में कुछ लोगों की बदौलत देश के पांच बड़े महानगरों में गिना जाने वाला कानपुर अराजकता और अव्यवस्था का शिकार हो गया।

प्रधानमंत्री मोदी जी के नेतृत्व में हम कानपुर का छवि बदलने के लिए प्रयासरत हैं। इसके लिए विभिन्न योजनाओं के माध्यम से विकास सुनिश्चित किया जा रहा है। नमामि गंगे, मेट्रो रेल, डिफेंस कॉरीडोर, स्मार्ट सिटी आदि से कानपुर को बदला जा रहा है।

योगी आदित्यनाथ ने कहा कि इंटीग्रेटेड कंट्रोल कमांड सेंटर के जरिए स्मार्ट मिशन में कोविड-19 की बेहतर व्यवस्था की गई। वही कूड़ा प्रबंधन और शहर को सुरक्षित रखने की दिशा में भी महत्वपूर्ण कार्य किया गया है। कानपुर सहित प्रदेश में बेहतर सुरक्षा और कानून व्यवस्था स्थापित हुई है। उन्होंने कहा कि आईसीसीसी के तहत कानपुर सहित 18 शहरों को सेफ सिटी बनाने के कार्यक्रम को आगे बढ़ाया जा रहा है। इसका परिवर्तन व्यापक रूप से देखने को मिल रहा है। अब कोई भी समाज विरोध तत्व अपराध करने की हिम्मत नहीं कर रही है। यदि किसी ने किसी चौराहे पर शरारत की, तो अगले चौराहे पर भागने से पहले ही पुलिस उसको ढेर कर चुकी होगी। क्योंकि उसकी तस्वीरें चौराहों पर लगे सीसीटीवी कैमरों में कैद हो चुकी होगी। यही नहीं, आम जनमानस की सुविधाओं को देखते हुए शहरों को स्मार्ट सिटी के रूप में विकसित किया जा रहा है। निवेशकों के परिश्रम और पुरुषार्थ से शहर स्मार्ट हो रहे हैं। समारोह में सबसे पहले सीएम ने मंच पर छात्र अभिनव और आर्य को सम्मानित किया। इसके बाद प्रबुद्ध वर्ग से डॉक्टर, उद्यमी, शिक्षक समेत 51 लोगों को सम्मानित किया। समारोह में कानपुर मेयर प्रमिला पांडेय ने कहा कि प्रदेश में पहले भी कई सीएम आए हैं,लेकिन जो भय रहित माहौल प्रदेश में है। वो सिर्फ योगी जी की वजह से है। वहीं, सांसद सत्यदेव पचौरी ने कहा कि योगी जी के नेतृत्व में कानपुर सहित पूरा प्रदेश बदल रहा है।

## 'मुस्लिम लड़कियों के लिए भी शादी की उम्र 18 हो'

**याचिका पर सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र को भेजा नोटिस**

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने महिलाओं के लिए शादी की एक समान उम्र की मांग वाली राष्ट्रीय महिला आयोग की याचिका पर केंद्र को नोटिस जारी किया। राष्ट्रीय महिला आयोग ने सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर की थी कि कम उम्र के मुस्लिम लड़कियों की शादी को वैध ठहराया जाता है, जिससे पाक्सो एक्ट का उल्लघंन होता है। बता दें कि राष्ट्रीय महिला आयोग ने धर्म के आधार पर हाई कोर्ट द्वारा मुस्लिम लड़कियों की कम उम्र में शादी को वैध ठहराए जाने के आदेश को चुनौती दी थी। इस याचिका पर पीठ ने केंद्र सरकार को नोटिस जारी किया है। पीठ ने इस मामले में केंद्र को 4 सप्ताह के भीतर जवाब दाखिल करने के लिए कहा है।

# गुजरात के चुनाव नतीजे निराशाजनक

**दावा**

**पार्टी महासचिव जयराम रमेश ने कहा-कठोर निर्णय लेने का वक्त**



**नई दिल्ली।** कांग्रेस ने गुजरात विधानसभा चुनाव में अपनी हार के बाद शुक्रवार को कहा कि उसका प्रदर्शन अत्यंत निराशाजनक रहा है और स्थानीय नेतृत्व को लेकर अब कठोर निर्णय लेने का समय है। पार्टी महासचिव जयराम रमेश ने यह दावा भी किया कि गुजरात में कांग्रेस का मुकाबला भारतीय जनता पार्टी के साथ ही उसके गठबंधन के अनौपचारिक घटक दलों एआईएमआईएम और आम आदमी पार्टी के साथ था। उन्होंने संवाददाताओं से कहा कि गुजरात के चुनाव नतीजे अत्यंत निराशाजनक हैं। हम इसकी उम्मीद नहीं कर रहे थे। गुजरात में कांग्रेस और भाजपा का मुकाबला नहीं था। वहां एक तरफ भाजपा और एआईएमआईएम एवं आप का गठबंधन था, तो दूसरी तरफ कांग्रेस थी। रमेश ने दावा किया कि केंद्र और राज्य सरकार की संस्थाएं भाजपा की मदद करने में लगी हुई थीं । हमने शिकायत की, लेकिन कोई कदम नहीं उठाया गया। जी 2 ाानी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और गृह मंत्री अमित शाह लगे हुए थे। आचार संहिता का उल्लंघन किया गया। उन्होंने कहा, हमारा वोट प्रतिशत 27 है। यह 40 प्रतिशत से घटकर हुआ है। 27 प्रतिशत वोट कम नहीं होता और यह एक चुनाव में 40 प्रतिशत तक पहुंच सकता है। रमेश ने कहा कि हम कोई बहाना नहीं बना रहे। यह आत्मचिंतन का समय है, एकजुट होने का समय है। नया नेतृत्व लाने का समय है। गुजरात में मुद्दे हैं।

उनका यह भी कहना था कि अब स्थानीय नेतृत्व को लेकर कठोर निर्णय लेने का वक्त है। उन्होंने कहा कि प्रचार अभियान प्रदेश नेतृत्व ने चलाया था। भाजपा को गुजरात की 182 सदस्यीय विधानसभा में 52.5 प्रतिशत मत के साथ 156 सीट मिली है। मुख्य विपक्षी कांग्रेस 27 प्रतिशत मतों के साथ 17 सीट पर सिमट गई, तो आप को करीब 13 प्रतिशत मतों के साथ पांच सीट हासिल हुई। रमेश ने हिमाचल प्रदेश विधानसभा चुनाव में कांग्रेस की जीत पर कहा कि जनता ने बड़ी जिम्मेदारी सौंपी है और अब सरकार को पुरानी पेंशन योजना को बहाल करने समेत विभिन्न वादों को पूरा करना है। उन्होंने यह दावा भी किया, ह्यह्यएक तरह से देखा जाए तो हिमाचल में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का प्रचार नाकाम रहा। गुजरात को छोड़कर अन्य सभी जगह भाजपा के खिलाफ नतीजे आए हैं।

# टैक्स बचाने के लिए कदापि न करें हड़बड़ी

## नौकरीपेशा लोगों को तो समय रहते करना चाहिए टैक्स प्लानिंग

जितेंद्र श्रीवास्तव

**वाराणसी।** इस साल के अंतिम महीने यानी दिसम्बर की नौ तारीख अब बीत चुकी है। भागमभाग भरी जिंदबी में बहुत जल्द ही नया साल भी दस्तक देने वाला है। अगर आप नौकरीपेशा हैं, तो ये नया साल आपके लिए एक एक्स्ट्रा काम लेकर आएगा। वो काम होगा आपके ऑफिस में इंवेस्टमेंट से जुड़े दस्तावेज को जमा करने का। ऐसे में आपको अभी से ही टैक्स बचाने के उपाय करने चाहिए अन्यथा समय बीतते देर नहीं लगती। वैसे भी हड़बड़ी में टैक्स बचाने के उपाय कदापि नहीं करने चाहिए। समय रहते प्लानिंग से निवेश में भी जोखिम की संभावना कम रहती है। लिहाजा, नौकरीपेशा लोगों को तो समय रहते टैक्स बचाने की योजना तो अवश्य बना लेनी चाहिए।

कर सलाहकारों की मानें तो नौकरीपेशा लोगों के लिए इंवेस्टमेंट का समय भी यही होता है, जब दस्तावेज जमा करने होते हैं। ऐसे समय में टैक्स बचाने की हड़बड़ी में इंवेस्टमेंट के फैसले में गड़बड़ी से बात बिगड़ जाती है। यह तब होता है, जब हम ऐसी जगह पैसे लगा देते हैं, जिससे हमें कोई खास फायदा नहीं मिलने वाला है। लेकिन अगर आप थोड़ी सी समझदारी दिखाएं तो आप इस गड़बड़ी से बच सकते हैं। शुरूआत अपने टैक्स स्लैब को जानने से करें, ताकि आपको अंदाजा मिल जाए कि टैक्स कितना देना पड़ सकता है। मौजूदा साल के लिए सरकार ने टैक्स स्लैब में थोड़ा बदलाव किया था, जिसके बाद अधिकतर नौकरीपेशा लोगों के लिए टैक्स स्लैब इस तरह होगा।

### रहें अलर्ट मोड में

**समय रहते प्लानिंग से निवेश में कम होती है जोखिम की संभावना**

**हड़बड़ी में सही जगह पैसा नहीं लगा पाने से नहीं मिलता है फायदा**



### किस पर कितना उपकर

कर सलाहकारों की मानें तो टैक्स की मौजूदा स्लैब के अतिरिक्त हर करदाता को टैक्स पर चार फीसदी उपकर (सेस) भी देना होता है। अगर आपकी आय 50 लाख रुपये से ज्यादा, लेकिन एक करोड़ से कम है तो 10 प्रतिशत का अतिरिक्त सरचार्ज देना होगा। एक करोड़ रुपये से ज्यादा कमाने वालों को 15 फीसदी का सरचार्ज देना होगा। इन बदलावों के बाद अलग-अलग आय सीमा के लोगों के लिए टैक्स की प्रभावी दर इस तरह होगी। यहां आय का मतलब है टैक्सेबल इनकम यानी वो आय जो हर तरह की टैक्स छूट के बाद आपको मिलती है।

### जानिए कौन-कौन सी है टैक्स की प्रभावी दर

कर सलाहकारों की मानें तो साढ़े तीन लाख रुपये तक की टैक्सेबल इनकम वालों को इस बार अधिकतम 2,500 रुपये की अतिरिक्त छूट मिलेगी। ये छूट मिलती है सेक्शन 87ए के तहत और इसे आपके टैक्स की गणना के बाद घटाया जाता है। उदाहरण के लिए, अगर आपकी टैक्सेबल इनकम 3.5 लाख रुपये हैं तो स्लैब के हिसाब से आप पर टैक्स की देनदारी बनेगी 5,000 रुपये। लेकिन सेक्शन 87ए की छूट के बाद टैक्स देनदारी हो जाएगी सिर्फ 2,500 रुपये। तीन लाख रुपए तक की टैक्सेबल इनकम वालों को कोई टैक्स नहीं देना पड़ेगा। अब तक आप समझ गए होंगे कि अगर आपकी टैक्सेबल इनकम कम होती है, तो आपकी टैक्स देनदारी भी घट जाती है। नौकरीपेशा होने के नाते आपकी टैक्स देनदारी कम करने के कई उपाय हैं। आपकी सैलरी इनकम में बेसिक सैलरी, हाउस रेंट अलाउंस, स्पेशल अलाउंस और ट्रांसपोर्ट अलाउंस जैसे कई कंपोनेंट होते हैं।

कम आयवालों को अतिरिक्त छूट

### टैक्स बचाने के लिए इंश्योरेंस पर भरोसा ना करें

कर सलाहकारों की मानें तो अक्सर लोग टैक्स बचाने के मकसद से लाइफ इंश्योरेंस पॉलिसी या यूलिप ले लेते हैं। लेकिन आप ऐसा बिलकुल ना करें। इन पॉलिसीज की मियाद कई सालों की होती है और उनमें मिलने वाला रिटर्न भी कम होता है। टैक्स बचाने के लिए ही निवेश करना है तो भी वहां पैसे लगाएं, जहां आपको बेहतर रिटर्न मिल सकता हो। जैसे ईएलएसएस, सुकन्या समृद्धि स्कीम, एनपीएस यानी नेशनल पेंशन सिस्टम और पीपीएफ। डेढ़ लाख की लिमिट पूरी करने के बाद अगर आप एनपीएस में निवेश करते हैं तो 50,000 रुपये तक निवेश पर अतिरिक्त टैक्स छूट भी पाएंगे।

### अभी तक निवेश नहीं किया है तो...

कर सलाहकारों की मानें तो अगर आपने सेक्शन 80सी के तहत 1.5 लाख रुपये तक का निवेश नहीं किया है तो आपके पास करीब साढ़े तीन महीने का समय है। पहले गणना करें कि आपको कितना निवेश करने की जरूरत पड़ेगी। याद रखें कि सेक्शन 80सी में ईपीएफ में आपका कंट्रीब्यूशन, बच्चों की स्कूल फीस और होम लोन का मूलधन वाला हिस्सा भी मान्य होता है। हो सकता है कि इन चीजों से आपकी 80सी की छूट सीमा पूरी हो जाती हो। अगर इसके बाद भी डेढ़ लाख की सीमा पूरी नहीं होती तो फिर निवेश की तैयारी कर सकते हैं।

### कहां से करें पैसे का इंतजाम

कर सलाहकारों की मानें तो अगले साढ़े तीन महीने के दौरान अगर आपके पास निवेश के लिए पैसे का इंतजाम ना हो तो आप इन उपायों की मदद ले सकते हैं :-

1. अगर आपके पास कोई एफडी या आरडी है तो उससे टैक्स सेविंग प्रोडक्ट में निवेश के लिए पैसे निकाल सकते हैं।
2. पिछले महीनों के रिइंबर्समेंट क्लेम ना किए हों तो उनका क्लेम करके आप निवेश के लिए पैसे का इंतजाम कर सकते हैं।
3. उन इंश्योरेंस पॉलिसी की पहचान कीजिए, जिन्हें जारी रखने में आपकी दिलचस्पी नहीं है। उन्हें सरेंडर कीजिए और उस पैसे का इस्तेमाल नए निवेश में कीजिए।
4. अगर आप पहले से ईएलएसएस में निवेश कर रहे हैं तो देखिए कि क्या उस निवेश का लॉक इन पीरियड खत्म हो गया है। आप उस पैसे को निकालकर दोबारा निवेश कर दें। इससे आपको इस साल भी टैक्स छूट मिल जाएगी।
5. अगर नए साल पर कोई बोनस मिलने वाला हो तो उसे निवेश के लिए सुरक्षित कर लें।

नोट :-आप इनमें से कोई भी तरीका अपनाइए और निवेश की प्लानिंग कर लीजिए। बाकी खर्चों व निवेश की रसीदें और दस्तावेज अभी से जुटा लीजिए ताकि अंतिम समय में कोई भूल-चूक ना हो।

### निवेश करके टैक्सेबल इनकम घटाएं

कर सलाहकारों की मानें तो आपको कुछ ऐसे भत्ते मिलते हैं, जिनकी रसीदें देकर आप उनमें टैक्स छूट हासिल करते हैं। जैसे मेडिकल रिइंबर्समेंट, टेलीफोन बिल रिइंबर्समेंट, किराये पर रहने वालों को हाउस रेंट अलाउंस यानी एचआरए पर एक विशेष फॉर्मूले के तहत टैक्स छूट मिलती है। एचआरए का कैलकुलेशन करें, दूसरे रिइंबर्समेंट और करमुक्त भत्ते इसमें जोड़ें और कुल रकम को अपनी सैलरी इनकम में से घटा दें। इसके बाद की रकम में से आप अपने निवेश की उन राशियों को घटाएं, जो इनकम टैक्स एक्ट के सेक्शन 80 सी, 80 डी, 80 सीसीडी-1बी और 80 टीटीए में आते हैं। अगर आप अपने घर में रहते हैं, जिसके होम लोन की ईएमआई आप दे रहे हैं तो ब्याज के मद में अधिकतम दो लाख रुपये तक की राशि पर आपको टैक्स छूट मिलेगी। उसे भी अपनी तनख्वाह में से घटाएं, तो अब आपके पास जो रकम आएगी वो है आपकी टैक्सेबल इनकम।

# धुत कार चालक ने आठ लोगों को किया जख्मी

### घोर लापरवाही

**ग्रामीणों ने पकड़कर किया पुलिस के हवाले**



**चौबेपुर।** नशे में धुत कार चालक शुक्रवार की शाम चौबेपुर की तरफ गाजीपुर हाइवे पर तेज रफ्तार से आ रहा था। नशे में चूर होने की वजह से लेढ़ूपुर, संदहां, उमरहां और डुबकियां में कई बाइक सवारों को धक्का मार कर भागने लगा। किसी ने इसकी सूचना फोन पर ग्रामीणों को दी, शाहपुर पुल के पास इकट्ठा होकर ग्रामीणों ने किसी तरह कार रोककर चालक को पकड़ लिया और जमकर पिटाई की। जिसके बाद पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने कार कब्जे में लिया और चालक को थाने ले गई। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि नशे में होने की वजह से कार चालक अपना नाम व पता नहीं बता पा रहा था। उसकी कार छत्तीसगढ़ नंबर की है।

### स्कूल से लौटी और लगा ली फांसी, मौत

**जंसा।** कपसेठी थाना क्षेत्र के बाजार कालिका में शुक्रवार की दोपहर बाद कक्षा 12 की छात्रा स्कूल से लौटी और घर की दूसरी मंजिल पर छत में लगी कुंडी में अपनी ओढ़नी बांध कर फांसी के फंदे पर झूल गई। उसने यह आत्मघाती कदम क्यों उठाया इसकी असली जानकारी नहीं मिल पाई। बताया जाता है कि बाजार निवासी छेदी उर्फ बाबा मोदनवाल की पुत्री सोनी (17) जो एक स्थानीय निजी विद्यालय में कक्षा 12 की छात्रा थी, रोज की तरह सुबह पढ़ने स्कूल गई, दोपहर बाद जब स्कूल से लौटी तो अपने कमरे में फांसी के फंदे पर झूल गई। घटना की जानकारी होते ही छात्रा का भाई सोनू और उसकी मां शकुंतला उसे फांसी के फंदे से उतारकर सेवापुरी के सरकारी अस्पताल ले गए, जहां से डॉक्टरों ने उसे जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया। एंबुलेंस से अभी कुछ दूर पहुंचे ही थे की छात्रा ने दम तोड़ दिया। परिजनों ने उसे वापस घर लाकर पुलिस को सूचना दी। पुलिस मौके पर पहुंचकर शव का पंचनामा कर उसे कब्जे में ले दिया और कार्रवाई में जुट गई।

### मारपीट के दो मामलों में सात पर मुकदमा

**बड़ागांव।** थानाक्षेत्र के कनियर नारायनपुर गांव और करोमा गांव में गुरूवार को आपसी रंजिश को लेकर हुई मारपीट की घटना में चार महिला और एक पुरुष घायल हो गए। जिसमें एक महिला की हालत गंभीर बनी हुई है। घायल पक्ष ने सात लोगों के विरुद्ध स्थानीय थाने में मुकदमा पंजीकृत कराया। पुलिस मामले की जांच में जुटी है। जानकारी के अनुसार मारपीट की पहली घटना कनियर नारायनपुर गांव में गुरुवार को घटित हुई जिसमें रास्ते के विवाद को लेकर एक पक्ष के जियालाल पटेल व दुसरे पक्ष के छोटई के बीच वाद विवाद मारपीट में तब्दील हो गया, जिसमें 60 वर्षीय रज्जी देवी एवं सरिता देवी 28 वर्ष घायल हो गई। गंभीर चोट आने से रज्जी को चिकित्सकों ने मंडलीय अस्पताल के लिए रेफर कर दिया, वहीं दूसरी घटना करोमा गांव में घटी, जिसमें एक ही परिवार के दो भाइयों राजकुमार विश्वकर्मा और धर्मेंद्र विश्वकर्मा के बीच पुरानी रंजिश को लेकर जमकर मारपीट हुई, जिसमें धर्मेंद्र और उसकी पत्नी रेखा देवी व पुत्री ज्योति घायल हो गये। घायलों का आरोप है कि विपक्षी मोटरसाइकिल तोड़ रहे थे मना करने पर मारेपीटे। सभी घायलों का उपचार स्थानीय प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पर कराया गया।

## विवादित भूमि का चौकी प्रभारी ने कराया समाधान



**रोहनिया।** प्रधानमंत्री के सांसद आदर्श गांव जयापुर में कई वर्षों से दो पक्षों में भूमि-विवाद चला आ रहा था। कभी एक पक्ष तो कभी दूसरे पक्ष के लोग शिकायती पत्र देते रहते थे, जिसका शुक्रवार को पुलिस चौकी जक्खिनी के चौकी प्रभारी विवेक कुमार त्रिपाठी ने समाधान निकाला। जिससे ग्रामीणों सहित दोनों पक्षों के लोगों ने चौकी प्रभारी का आभार जताया। जानकारी के मुताबिक वर्ष 1976 में जयापुर गांव निवासी मृतक बुद्धू के नाम तीन बिस्वा यानी नौ डिसमिल भूमि का आवंटन शासन द्वारा किया गया था जिस के कुछ अंश पर उनका परिवार रहता चला आ रहा था, शेष बचे भूमि को लेकर विवाद था। गुरुवार को पीड़ित रणजीत कुमार पुत्र बेचन ने पुलिस चौकी जक्खिनी पर शिकायती पत्र देकर पड़ोसी राधेश्याम पटेल सहित छह लोगों पर कब्जा करने का आरोप लगाया था, संज्ञान लेते हुए चौकी प्रभारी ने शुक्रवार को पुलिस बल के साथ गांव भूमि को आपस मे रजामंदी के साथ बटवारा करा दिया।

## संक्षेप

### मैजिक की चपेट में आकर साइकिल सवार घायल

**बड़ागांव।** थाना क्षेत्र के बसनी बड़ागांव मार्ग पर विजय दशमी मैदान के पास शुक्रवार को सुबह सात बजे एक अनियंत्रित मैजिक ने साइकिल सवार (51) को अपनी चपेट में ले लिया, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। सूचना पर पहुंची स्थानीय पुलिस घायल को प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र ले गई जहां चिकित्सकों ने उसे दीनदयाल अस्पताल के लिए रेफर कर दिया। जानकारी के अनुसार फूलपुर थाना क्षेत्र के छेड़ापुर गांव निवासी भुखन जो पीडब्ल्यूडी में बेलदार का काम करता है, सुबह साइकिल से बड़ागांव की तरफ आ रहा था तभी घटना घटित हो गई। मौके पर पहुंची पुलिस मैजिक एवं उसके चालक सतेंद्र निवासी दबेथुआ थाना फुलपुर को हिरासत में ले लिया।

### अवैध वेंडरों को हटवाकर मार्ग खाली करवाया

**वाराणसी।** नगर निगम प्रवर्तन दल ने शुक्रवार को अपर नगर आयुक्त द्वितीय राजीव कुमार राय के निर्देश पर सुंदर पुर स्थित ब्रिज इंक्लेव कॉलोनी के मार्ग से अवैध सभी वेंडरों को हटवा कर मार्ग खाली करवाया। साथ ही एक दुकान के आगे बनाई झुग्गी खुलवाया, कैंट रेलवे स्टेशन के सामने मार्ग से सभी वेंडरों और ऑटो को हटवा कर मार्ग खाली करवाया। इस दौरान नियमों का उल्लंघन करने वालों से 3000 रुपये जुर्माना वसूल किया।

### गैंग रेप मामले में दो आरोपी बरी

**वाराणसी।** विशेष न्यायाधीश पाक्सो एक्ट अनुतोष कुमार शर्मा की अदालत ने बड़गांव थाने के गैंग रेप मामले में आरोपी फतेहपुर बड़गांव निवासी रंजित कुमार उर्फ डंपी व पवन पटेल को साक्ष्य के आभाव में संदेह का लाभ देते हुए बरी कर दिया। आरोपियों की ओर से कृष्ण कुमार पाजी, लालचंद वर्मा, नवीन पांडेय व अमलेश सिंह के मुताबिक पीड़ता व गवाहों के बयान में विरोधाभास पाए जाने, विश्वसनीय नहीं पाते हुए, गैंग रेप की पुष्टि नही होने पर अदालत ने आरोपियों को बरी कर दिया। आरोप था कि पीड़िता को दो सितंबर 2019 को अकेले में बुलाकर दोनों आरोपी ने दुराचार किया। जिसके बाद पुलिस ने विवेचना के बाद आरोपितों के खिलाफ कोर्ट में आरोप पत्र दाखिल किया था।

### सोलर लाइट ठीक करने के बहाने 10 हजार लेकर भागे

**सेवापुरी।** कपसेठी थाना क्षेत्र के लोहराडीह गांव में शुक्रवार की दोपहर सावित्री देवी पत्नी बिजय नारायण के घर पहुंचे दो बाइक सवार उचक्के तकिया के नीचे रखा 10हजार लेकर भाग निकलें। जानकारी के अनुसार उचक्के महिला के घर पहुंच अपने को ब्लॉक कर्मचारी बताते हुए सोलर लाइट ठीक करने की बात कहने लगे, महिला अपने घर में लगा सोलर लाइट दिखाने लगी तो उचक्कों ने कहा कि बैटरी खराब है 400 देना पड़ेगा पीड़ित महिला तकिया के नीचे रखे 10हजार की गड्डी में से 400 निकालकर उन्हें दिया इसके बाद उचक्के 10हजार की गड्डी झपट कर ले भागे। जब तक महिला मामला समझ शोर मचाती तब तक वे आंख से ओझल हो गए।

### बीएड प्रथम वर्ष की परीक्षा में 424 छात्र उत्तीर्ण

**वाराणसी।** संपूर्णानंद संस्कृत विश्वविद्यालय के परीक्षा नियंत्रक डॉ. पद्माकर मिश्र ने बताया कि शिक्षाशास्त्री बीएड प्रथम 2022 का परीक्षा परिणाम घोषित कर दिया गया है। जिसमें कुल 437 छात्रों में से 424 छात्र उत्तीर्ण घोषित किये गये। जबकि तीन अनुपस्थित और 10 छात्र अनुत्तीर्ण रहे।

### राष्ट्रीय अल्पसंख्यक परिषद की बैठक सम्पन्न

रामनगर। राष्ट्रीय अल्पसंख्यक परिषद की एक बैठक शुक्रवार को डा. यूसुफ रिजवी रईस के गोलाघाट स्थित आवास पर हुई। जिसमें राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सय्यद एहसान रजा, रबा अंसारी गाजीपुर प्रभारी, फारूक अंसारी प्रदेश उपाध्यक्ष ने भाग लिया। बैठक में संगठन को मजबूत करने की बाबत विचार विमर्श हुआ। संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष कुंवर अहसान इकबाल हैदर के निदेर्शों की बाबत जानकारी दी गई। बैठक में हाजी सय्यद नेयाज हुसैन प्रदेश उपाध्यक्ष, डा. यूसुफ रिजवी मंडल अध्यक्ष, सय्यद इनाम रजा जिला प्रभारी, समर अब्बास वरिष्ठ जिला उपाध्यक्ष, शहंशाह हुसैन जिला उपाध्यक्ष,सय्यद रजी जैदी नगर अध्यक्ष सहित अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे। बैठक का संचालन हाजी नेयाज हुसैन तथा धन्यवाद सय्यद रजी जैदी ने किया।

# कलाकारों ने कोर्ट मार्शल नाट्य मंचन को किया जीवंत



नाटक का एक रोचक दृश्य



नाटक कोर्टमार्शल में सुनवाई का नजारा

जनसंदेश न्यूज

**वाराणसी।** नागरी नाटक मंडली में चल रहे नाट्य महोत्सव के आखिरी दिन कलाकारों ने कोर्ट मार्शन नाटक का मंचन कर सभी को रोमांचित कर दिया। शरद शर्मा के निर्देशन एवं परिकल्पना में अभिनव रंग मण्डल की प्रस्तुति के तहत कलाकारों ने दिखाया कि सेना में भी न्याय की प्रक्रिया को परत दर परत निभाने की परम्परा है। नाटक का कथानक मिलिट्री ट्रायल को लेकर बुना गया है, जिसमें सवार रामचंदर केन्द्रीय पात्र है, जिस पर अपने दो अफसरों पर जानलेवा हमला तथा एक ही हत्या की वजह से मुकदमा चलाया गया। सेना के कानून विभाग द्वारा कैप्टन विकाश रॉय को डिफेंस कांउसिल तथा मेजर पुरी को सरकारी वकील बनाकर भेजा गया। न्याय की इस लड़ाई में अंततः कैप्टन बिकाश रॉय सत्य साबित करने में सफल हुआ कि रामचंदर ने किसी खूनी इरादे के तहत अपने अफसरों पर गोली नहीं चलाई, बल्कि अपने दो अफसरों द्वारा दी गई मानसिक प्रताड़ना एवं किए गए नैतिक अत्याचार के अतिरेक ने ही स्थिति तक पहुंचाया। जिरह के दौरान परत पर परत सत्य उद्घाटित होता है और समाज में व्याप्त भेदभाव, उंच-नीच और जातिगताओं का एक कुरुप वचेहरा सामने आता है।

## बसपा सांसद अतुल राय की जमानत अर्जी मंजूर

### राहत

**आत्महत्या के लिए विवश करने का था मामला, पीड़िता ने साथी संग किया था आत्मदाह**

**वाराणसी।** विशेष न्यायाधीश (एमपी-एमएलए कोर्ट) सियाराम चौरसिया की अदालत ने पीड़िता को आत्महत्या के लिए उकसाने की साजिश मामले में आरोपी बसपा सांसद अतुल राय की जमानत अर्जी मंजूर कर ली। कोर्ट में बचाव पक्ष की ओर से अधिवक्ता अनुज यादव, दिलीप श्रीवास्तव व विकास सिंह ने पैरवी की।अभियोजन पक्ष के अनुसार वर्ष 2021 में आला अधिकारी के आदेश पर लंका थाने में पुलिस ने मुकदमा दर्ज कराया था। आरोप था की सीओ अमरेश सिंह बघेल के द्वारा थाना लंका में आरोपित अतुल राय के खिलाफ पंजीकृत मुकदमें में अविधिक लाभ पहुचाने के उद्देश्य से अपूर्ण व निराधार अभिलेखों में रिपोर्ट लगाया। जिसे क्षुब्ध होकर पीड़िता ने अपने साथी के साथ सुप्रीम कोर्ट के सामने आत्मदाह कर लिया था। जिसके बाद पुलिस ने मामले में तत्कालीन सीओ अमरेश सिंह बघेल व घोषी सांसद अतुल राय के खिलाफ लंका थाने में मुकदमा दर्ज किया था। मामले में पिछले दिनों घोसी सांसद का वीडियो कांफ्रेंसिंग से न्यायिक रिमांड बनाया गया था।

जनसंदेश टाइम्स
**वर्गीकृत**
**सूचना**
**आवश्यकता**

आवश्यकता है :-मां सरस्वती कॉलेज ऑफ लॉ दमोदरा जौनपुर (सम्बद्ध वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय जौनपुर) में स्ववित्तपोषित योजनांतर्गत स्नातक स्तर पर विधि संकाय में एक प्राचार्य व प्रवक्ताओं की। योग्यता व सेवाशर्ते बीसीआई/उत्तर प्रदेश शासन/ विश्वविद्यालय परीनियमावली के अनुसार । इच्छुक अभ्यर्थी 21 दिन के अंदर आवेदन करें
प्रबंधक, मो0-9956298325

**आवश्यकता है**

सर्वोदय महाविद्यालय मार्टिनगंज, आजमगढ़ में स्ववित्तपोषित योजनान्तर्गत विज्ञान संकाय में जीव विज्ञान, वनस्पति विज्ञान, रसायन विज्ञान, भौतिक विज्ञान, गृह विज्ञान में एक-एक पद प्रवक्ता की। योग्यता एवं वेतनमान यू0जी0सी0 के मानकानुसार। इच्छुक अभ्यर्थी अपना आवेदन विज्ञापन प्रकाशन के 21 दिन के अंदर डाक से या कार्यालय में प्राप्त कर सकते हैं।
(भानु प्रताप सिंह)
प्रबन्धक
मो0-9415444766

## लाइट, ऐक्शन, कैमरा से गूंजा रामनगर

**रामनगर।** अजय देवगन द्वारा निर्देशित और अभिनीत फिल्म भोला के लिए शुक्रवार को रामनगर किले में कैमरा, एक्शन और कट की आवाजें गूंजी। किले के पश्चिमी गेट पर स्थित खिड़की घाट, झंडा गेट और ऊपरी बुर्ज पर फिल्म के कई सीन फिल्माए गए। मिली जानकारी के अनुसार फिल्म यूनिट और अजय देवगन तथा फिल्म की हीरोईन अमला पाल सुबह ही मोटर बोट से गंगा के रास्ते रामनगर खिड़की घाट पहुँचे। यहां पर अजय देवगन और अमला पाल पर क्लोज और लांग एंगल शाट कैमरे में कैद किये गए। दोनों के आपस में गुफ्तगूं करने के सीन फिल्माने के बाद यूनिट किले में आ गई। यहां झंडा गेट पर और किले के दक्षिणी छोर पर स्थित बुर्ज में पूजन हवन के दृश्य फिल्माए गए। शुक्रवार को अभिषेक बच्चन ने शूटिंग में हिस्सा नही लिया। देर शाम शूटिंग खत्म कर फिल्म यूनिट होटल के लिए रवाना हो गई। रविवार को भी रामनगर किले में शूटिंग का शेड्यूल निर्धारित है। बता दें कि अजय देवगन अपने खुद के प्रोडक्शन हाउस के बैनर तले फिल्म भोला का निर्माण और निर्देशन कर रहे हैं। यह फिल्म तमिल फिल्म कैथी का रीमेक है। इसमें अभिषेक बच्चन और अमला पाल भी मुख्य किरदारों की भूमिका में हैं। फिल्म की शूटिंग पिछले तीन दिन से बनारस में चल रही है।

# लॉन के बाहर मारपीट में आधा दर्जन गिरफ़्तार

**वाराणसी।** छोटा लालपुर में एक लॉन के सामने बीते दिन हुए मारपीट के मामले में लालपुर पांडेयपुर थाना पुलिस ने शुक्रवार को आधा दर्जन को गिरफ़्तार कर लिया। जिसकी पहचान अनुराग सिंह निवासी सादीपुर आजमगढ़, अभिजीत सिंह खानपुर गाजीपुर, आदित्य कुमार सिंह निवासी खानपुर गाजीपुर, कुनाल सिंह निवासी गौतमपुर थाना सिंधौरा, आशु राणा भारती निवासी साकेत नगर और किशन मिश्रा चंदौली के तौर पर हुई। छोटा लालपुर पांडेयपुर निवासी मुनिराज यादव का आरोप है की उनके घर के सामने एक लॉन है। जहां बीते दिन बारात आइ थी। वाहन पार्किंग को लेकर घराती और बाराती ने उन्हें और उनके बेटे समेत तीन चार लोगों को मारपीट कर घायल कर दिया। मारपीट में उनका बेटा सिद्धार्थ यादव (विक्की) लहुलुहान होकर गिर गया। उसकी हालत गंभीर बनी हुई है। मुनिराज की तहरीर के आधार पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया।

## चोरी के माल के साथ दो धराए

**वाराणसी।** लालपुर-पांडेयपुर पुलिस टीम ने दो वांछित अभियुक्तों को गिरफ्तार कर उनके पास से चोरी किए गए आभूषणों आदि सहित चोरी करने में प्रयुक्त स्कूटी भी बरामदगी की। पुलिस ने आशीष दुबे निवासी भोजपुर मुगलसराय, चंदौली हाल पता चितईपुर और विजय सिंह, निवासी पंचकोशी रोड, रसूलगढ़, थाना सारनाथ को ओम नगर तिराहे से शुक्रवार दोपहर गिरफ्तार किया। इनके पास से चोरी किए गए आभूषण के बिक्री का 9000 रुपया नगद, घटना में प्रयुक्त स्कूटी और ताला तोड़ने में प्रयोग किए गए औजार के अलावा चोरी के पैसों से खरीदा गया अलमारी, फ्रिज, रूम हीटर भी बरामद किया गया। बता दें कि बीते 28 नवंबर को छेदीलाल निवासी आवास विकास परिषद ने अज्ञात अभियुक्तों द्वारा दरवाजे की कुंडी को तोड़कर सोने का एक मंगलसूत्र, सोने की चेन, अंगूठी, टप्स, करधनी, हाथ का कड़ा सहित एक लाख नगद और मोबाइल चुरा लेने के संबंध में तहरीर देने पर लालपुर पांडेयपुर पुलिस मुकदमा दर्ज कर चोरों की तलाश में जुटी थी।

इंडियन बैंक Indian Bank
इलाहाबाद ALLAHABAD
अंचल कार्यालयः एस 19/33, इकराम खान बिल्डिंग, नदेसर,वाराणसी। फोन 0542-2505443, ई-मेल: zovaranasi@indianbank.co.in

**अचल सम्पत्ति कब्जे की सूचना**


अधोहस्ताक्षरी द्वारा सिक्योरिटाइजेशन एण्ड रिकन्सट्रक्शन ऑफ फाइनेन्शियल एसेट्स एण्ड इंफोर्समेन्ट आफ सिक्योरिटी इंटरेस्ट एक्ट-2002 के अन्तर्गत इंडियन बैंक के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा सिक्योरिटी इन्टरेस्ट (इन्फोर्समेन्ट) नियम 2002 के नियम 8 व 9 के साथ पठित अधिनियम की धारा 13(12) में प्रदत्त शक्ति का प्रयोग करते हुए खाते के सामने उल्लिखित तिथि को डिमाण्ड नोटिस जारी किया गया था जिसमें आगे यह कहा गया कि उक्त नोटिस की प्राप्ति के 60 दिनों के भीतर बकाया ऋण राशि चुकता कर दी जाए। ऋणी द्वारा राशि चुकता न करने पर एतदद्वारा ऋणी एवं जनसाधारण को सूचित किया जाता है कि प्राधिकृत अधिकारी ने उक्त नियम के नियम 8 एवं 9 के साथ पठित उपर्युक्त अधिनियम की धारा 13(4) के अन्तर्गत प्रदत्त अधिकारों का प्रयोग करते हुए नीचे उल्लिखित सम्पत्तियों का कब्जा ले लिया है। ऋणी को विशेष रूप से और जनसाधारण को सामान्य तौर पर सचेत किया जाता है कि इन सम्पत्तियों का सौदा न करें। इन सम्पत्तियों के बारे में किसी भी प्रकार का सौदा नीचे उल्लिखित राशि और ब्याज के लिये इंडियन बैंक के प्रभार के अधीन होगा।
अधिनियम की धारा 13 की उपधारा (8) के तहत सुरक्षित आस्तियों के पुनर्हस्तान्तरण के लिये उपलब्ध समयावधि की ओर ऋणकर्ता का ध्यान आकर्षित किया जाता है।

| क्र. सं. | खाते का नाम | नाम ऋणी/जमानतदार/सम्पत्ति के स्वामी | बंधक सम्पत्ति का विवरण | डिमाण्ड नोटिस/ कब्जे की तिथि | शाखा/ बकाया राशि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | श्रीमती रत्नावली व श्री शुभम गुप्ता | 1. श्रीमती रत्नावली पत्नी सुरेन्द्र प्रसाद, निवासी दावरा बाईपास, मड़ियाहूं, जौनपुर, पिन-222161 (उ.प्र.) (ऋणी/बंधककर्ता) 2. श्री शुभम गुप्ता पुत्र सुरेन्द्र प्रसाद गुप्ता, निवासी दावरा, मड़ियाहूं, जौनपुर, पिन-222161 (उ.प्र.) (सह-ऋणी) 3. श्रीमती प्रतिमा गुप्ता पत्नी विनोद कुमार गुप्ता, निवासी- मोहल्ला भंडरिया टोला, मड़ियाहूं, जौनपुर, पिन-222161 (उ.प्र.) (जमानतदार) | सभी भाग सम्पत्ति, आराजी नं. 384/0.821 हेक्टेयर, जिसमें क्षेत्रफल 0.011 हेक्टेयर यानि 2-66/87 डिसमिल स्थित दावरा, मड़ियाहूं, जिला- जौनपुर जो कि श्रीमती रत्नावली गुप्ता के नाम में है। चौहद्दी- पूरब- भईया लाला की जमीन का शेष भाग, पश्चिम- दावरा-मड़ियाहूं बाईपास मार्ग, उत्तर- शीतला का मकान, दक्षिण- कैलाशी देवी की जमीन। | 30/06/2022 06/12/2022 | मड़ियाहूं शाखा रु. 1076353/- + ब्याज + अन्य व्यय |
| 2. | अंश इंटरप्राइजेज | 1. श्री अंश इंटरप्राइजेज प्रोप्राइटर विक्रान्त सिंह, निवासी ग्राम- भलुही, बदलापुर, जौनपुर (ऋणी) 2. श्री विक्रान्त सिंह पुत्र राजनाथ सिंह, निवासी ग्राम-उदपुर, घाटमपुर, जौनपुर (उ.प्र.) पिन-222125 (प्रोप्राइटर) 3. श्रीमती मालती सिंह पत्नी श्री राजनाथ सिंह, निवासी- 5, उदयपुर, औपुरघाटमपुर, तहसील-बदलापुर, जिला- जौनपुर (उ.प्र.) (बंधककर्ता/ जमानतदार) | सभी भाग सम्पत्ति, आराजी नं. 509/2.065 हेक्टेयर, जिसमें क्षेत्रफल 0.065 हेक्टेयर यानि 0.16 एकड़ स्थित उदपुर, घाटमपुर, परगना-रारी, तहसील-बदलापुर, जिला- जौनपुर पर निर्मित सहित, जो कि श्रीमती मालती सिंह पत्नी श्री राजनाथ सिंह के नाम में है। चौहद्दी- पूरब- रामलखन मौर्य की जमीन का शेष भाग, पश्चिम- जमीन का शेष भाग व चक मार्ग, उत्तर- चक मार्ग (पिच रोड), दक्षिण- जमीन का शेष भाग। | 11/06/2021 06/12/2022 | बदलापुर शाखा रु. 1267465.40 + ब्याज + अन्य व्यय |

दिनांक- 10.12.2022
स्थान- वाराणसी
प्रकाशन में हुई किसी प्रकार की त्रुटि के लिये सम्बन्धित शाखा या अंचल कार्यालय से सम्पर्क कर सकते है।
प्राधिकृत अधिकारी
इंडियन बैंक



# वाराणसी



# बनारस के दो लाख घरों को मिल रहा शुद्ध गंगाजल

**राहत**

### योगी सरकार का तोहफा जलकल विभाग ने लगाया पॉलिमर डोजिंग प्लांट

**वाराणसी।** योगी सरकार ने काशी की जनता को बड़ा तोहफा दिया है। बनारस की एक बड़ी आबादी को अब गंगा का शुद्ध जल पीने के लिए मिलने लगा है। खास बात ये है कि गंगोत्री से निकलने वाले जल की तरह यह पानी भी पूरी तरह से स्वच्छ और निर्मल है। इसके लिए जलकल परिसर में लगभग 50 लाख रुपए की लागत से पॉलिमर डोजिंग प्लांट को लगाया गया है। इसके बाद बनारस देश का पहला ऐसा शहर बन गया है, जहां इतने बड़े पैमाने पर गंगा जल को गुणवत्ता के साथ दो लाख घरों में सप्लाई किया जा रहा है। जलकल विभाग के सचिव सिद्धार्थ कुमार ने बताया कि शहर के करीब डेढ़ से दो लाख घरों तक गंगा का शुद्ध पानी पहुंचने लगा है। भदैनी स्थित पंप के जरिए गंगा का पानी लेकर उसे भेलूपुर जलकल परिसर में शोधित करने के बाद इसकी सप्लाई की जा रही है। इसकी सप्लाई होने से सिस वरुणा क्षेत्र (वरुणा नदी के इस पार के इलाके) में बसे लोगों को अब शुद्ध गंगा जल पेयजल के रूप में मिलने लगा है। विभाग इसके बाद योजना को ट्रांस वरुणा (वरुणा नदी के उस पार के इलाके) में भी पहुंचाने की तैयारी में जुटा है।



### बैक्टीरिया, मिट्टी और बालू के कण करता है साफ

अधिकारीयों के अनुसार पानी के शोधन के लिए ऑर्गेनिक पॉलिमर का प्रयोग शुरू हो गया है, जिससे पीपीएम शून्य के करीब हो जाता है। इससे पानी में घुलनशील अशुद्धियों ऑर्गेनिक कंपाउंड, बैक्टीरिया, मिट्टी, बालू के कण आदि लगभग पूरी तरह साफ हो जाते हैं। इससे पानी मटमैला या गंदा नहीं दिखता। पॉलिमर डोजिंग की सबसे बड़ी विशेषता है कि इसके प्रयोग से पानी के मूल गुण व हेल्दी मिनरल्स पानी में ही मौजूद रहते हैं, जो स्वास्थ्य के लिए लाभदायक है।

### आरओ और मिनरल वॉटर से भी ज्यादा सेहतमंद

जलकल विभाग के सचिव ने बताया कि आधुनिक तकनीक का इस्तेमाल करते हुए विश्व में पहली बार गंगा के जल को सीधे लिफ्ट करके इतने बड़े पैमाने पर पॉलिमर डोजिंग विधि से ट्रीट किया जा रहा है, जिससे पानी की गुणवत्ता अपने मूल रूप में रहती है। बताया कि अभी तक 120 से 125 एमएलडी पानी का ट्रीटमेंट रोजाना हो रहा है। इसे जल्दी ही 250 एमएलडी कर दिया जाएगा। जानकारी दी कि पॉलिमर डोजिंग ट्रीटेड पानी, आरओ व बाजार में बिकने वाले मिनरल वाटर से ज्यादा सेहतमंद है, जिसका टीडीएस दो सौ के आसपास रहता है।



## सीएम योगी कल कई परियोजाओं का करेंगे शिलान्यास व लोकार्पण

**वाराणसी।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ 11 दिसम्बर को एक दिवसीय दौरे पर वाराणसी आ रहे हैं। उस दिन वे सम्पूर्णानंद संस्कृत विश्वविद्यालय में जहां दोपहर में 12 बजे जनसभा को संबोधित करेंगे। वहीं, करीब 86.28 लाख की लागत वाली कई परियोजनाओं का शिलान्यास और लोकार्पण भी करेंगे। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ करीब 2436000 रुपये की लागत वाली छह अंतयेष्टि स्थल के निर्माण कार्य का शिलान्यास करेंगे। ये अंत्येष्टि स्थल हरहुआ ब्लॉक के करोमा व अनौरा, बड़ागांव ब्लॉक के बरजी, कूड़ी, फत्तेपुर व बाबतपुर में बनाये जायेंगे। जबकि 1746000 रुपये की लागत से चिरईगांव ब्लॉक के बर्थरा कलां में बहुउद्देशीय पंचायत भवन के निर्माण का भी शिलान्यास होगा। इसके अलावा सेवापुरी ब्लॉक के भीखमपुर, पिंडरा ब्लॉक के नेहिया व काशी विद्यापीठ ब्लॉक के रमना में प्लास्टिक मैनेजमेंट यूनिट निर्माण कार्य का भी सीएम योगी शिलान्यास करेंगे। इस पर करीब 27 लाख रुपये की लागत आएगी। जिला पंचायत राज अधिकारी की विज्ञप्ति के अनुसार, सीएम योगी काशी विद्यापीठ ब्लॉक के गजाधरपुर व पिंडरा ब्लॉक के रसूलपुर में निर्मित बहुउद्देशीय पंचायत भवन का लोकार्पण भी करेंगे। इस पर करीब 17.46 लाख रुपये खर्च हुए हैं।

# कैंट विधायक सौरभ ने पूरी की सफाईकर्मी की मुराद

**कराया शिलान्यास**

### सफाईकर्मी के आग्रह पर गली व सीवर लाइन मरम्मत कार्य शुरू कराया

**वाराणसी।** जयप्रकाश नगर, शिवपुरवा निवासिनी नगर निगम की एक सफाईकर्मी ने कैंट विधायक सौरभ श्रीवास्तव से अपनी गली में सीवर और चौका का मरम्मत कराने का आग्रह किया था। विधायक ने न सिर्फ उनके कार्य को स्वीकृत कराया, बल्कि क्षेत्र विकास निधि से उस काम के लिए आवश्यक धन भी उपलब्ध कराया। इस कार्य का शिलान्यास पूजन भी उस मुहल्ले में रहने वाली वर्तमान सफाईकर्मी के हाथों से ही करवाया। एक तरफ सफाईकर्मी की तरफ से शिलान्यास का पूजन, आरती किया जा रहा था और दूसरी तरफ विधायक, पार्षद, भाजपा के अन्य बड़े नेता ताली बजा रहे थे। इस दौरान हर-हर महादेव के उद्घोष से वातावरण गूंज उठा। पूजन के बाद विधायक ने सफाईकर्मी सावित्री देवी को पुष्पगुच्छ देकर सम्मानित भी किया। लोग बताते हैं कि इस दौरान सफाईकर्मी की आंखे नम हो गई थीं। वहां मौजूद अन्य स्थानीय लोग भी भाव-विह्वल होकर इस दृश्य को देख रहे थे और विधायक सौरभ श्रीवास्तव को मन ही मन आशीर्वाद दे रहे थे। अंत्योदय और सामाजिक समरसता का एक इससे बढ़िया उदाहरण और क्या हो सकता है।



जयप्रकाश नगर, शिवपुरवा में सीवर व चौका मरम्मत कार्य का सफाईकर्मी से शिलान्यास पूजन करवाते विधायक सौरभ श्रीवास्तव

### मेहनत, व्यवहार व कार्य से चर्चा में सौरभ

**वाराणसी।** कैंट के लोकप्रिय विधायक सौरभ श्रीवास्तव अपनी मेहनत, व्यवहार और कार्य के कारण अक्सर चर्चा में रहते हैं। प्रायः सभी विधायक अपने क्षेत्र के विकास कार्यों का शिलान्यास स्वयं करते हैं, लेकिन सौरभ श्रीवास्तव अपने विधानसभा क्षेत्र के विकास कार्यों का शिलान्यास स्वयं न कर, क्षेत्र के किसी वरिष्ठ नागरिक से करवाते हैं और अपने स्वागत के लिए लाई गई मालाएं भी वहां उपस्थित स्थानीय जनता को अपने हाथों से पहना देते हैं। यहां तक कि शिलान्यास का पूजन भी वहां के स्थानीय प्रमुख सामाजिक कार्यकर्ता, स्थानीय बुजुर्ग या दलित वंचित महिला से ही करवाते हैं। इसके सिवाय उनके क्षेत्र के शिलान्यास बोर्ड पर भी बड़े नेताओं का नाम बड़े फॉन्ट में और उनका नाम छोटे फॉन्ट में रहता है। उनकी यही कार्यप्रणाली उनको एक लोकप्रिय जनप्रतिनिधि के रूप में स्थापित करती है।

### शिवनगर कॉलोनी में सीवर व सड़क निर्माण कार्य का शिलान्यास

**वाराणसी।** कैंट विधायक सौरभ श्रीवास्तव आजकल सुबह-शाम ताबड़तोड़ विकास कार्यों का शिलान्यास कर रहे हैं। इसी क्रम में शुक्रवार को भगवानपुर वार्ड में सीवर एवं सड़क निर्माण कार्य का भी शिलान्यास किया। विधायक ने उपस्थित सभी वरिष्ठ नागरिकों, महिलाओं व भाजपा कार्यकर्ताओं का मालार्ल्पण कर अभिनन्दन किया। विधायक ने सीवर एवं सड़क निर्माण कार्य का पूजन बैकुण्ठ त्रिपाठी से कराया। जबकि संजीवन सिंह पटेल से नारियल फोड़वा कर शिलान्यास सम्पन्न कराया। कार्यक्रम में अमित सिंह 'चिंटू', संतोष श्रीवास्तव, सुभाष श्रीवास्तव, अभय द्विवेदी, चंद्रशेखर द्विवेदी, भरत गुप्ता, प्रमोद राजभर, अमरेंद्र दुबे, दुर्गेश यादव, सुनील यादव, अजय मिश्रा, विवेक राठौर आदि सैकड़ों लोग उपस्थित थे।

# कैंट विधायक ने किया गली मरम्मत सीवर निर्माण कार्य का शिलान्यास

**रामापुरा वार्ड**

### दोनों परियोजनाओं पर खर्च होंगे 19.28 लाख रुपये : सौरभ श्रीवास्तव

**वाराणसी।** कैंट विधायक सौरभ श्रीवास्तव ने रामापुरा वार्ड में चौका रीसेटिंग व सीवर निर्माण कार्य की दो परियोजनाओं का शुक्रवार को शिलान्यास किया। बताया कि दोनों परियोजनाओं पर करीब 19.28 लाख रुपये खर्च होंगे। रामापुरा वार्ड में 12.76 लाख की लागत से पवन मौर्य के आवास से हाजी मतीन के आवास तक 270 मीटर तथा 6.52 लाख की लागत से जूठन प्रसाद के आवास से राजकुमार के आवास तक लगभग 124 मीटर चौका रीसेटिंग व सीवर निर्माण कार्य का शिलान्यास हुआ। इस अवसर पर विधायक ने उपस्थित सभी वरिष्ठ नागरिकों, महिलाओं व भाजपा कार्यकर्ताओं का अभिनन्दन, माल्यार्पण करके किया। विधायक ने पहली परियोजना में पूजन मोहन लाल वर्मा से व रामगोपाल वर्मा से नारियल फोड़वा कर शिलान्यास सम्पन्न कराया। दूसरी परियोजना में मदन श्रीवास्तव व शिवशंकर वर्मा ने पूजन किया। यहां भी रामगोपाल वर्मा ने नारियल फोड़ा। कार्यक्रम में हजारी प्रसाद वर्मा, राजकुमार वर्मा, अनूप वर्मा, सतीश कुशवाहा, सतीश वर्मा, भरत वर्मा, पप्पू वर्मा, विजय शर्मा, सुनील वर्मा, सनी वर्मा, शिवशंकर वर्मा, पंकज वर्मा, भगवानदास, पवन मौर्या, संतोष, मदन वर्मा, विकास जायसवाल, विनोद यादव, प्रमोद यादव, मुन्नालाल यादव, विजय रस्तोगी, प्रभु वर्मा, सुमन वर्मा, विनय, अमित विश्वास, चंदन श्रीवास्तव, भोला वर्मा, कमल केसरी, लक्ष्मण गुप्ता, दीनदयाल सिंह, बाबू वर्मा, लुबना बेगम, मनीष वर्मा, अजय वर्मा, गोपाल वर्मा, रवि शंकर वर्मा, गुन्नू सिंह, गोविंद विश्वकर्मा, मोहित वर्मा, शुभम केसरी, उत्तम गुप्ता, सुमित वर्मा, रविंद्र वर्मा, रोहित वर्मा, हिमांशु शर्मा, सचिन मौर्य आदि उपस्थित थे।



रामापुरा वार्ड में गली मरम्मत व सीवर निर्माण कार्य का शिलान्यास करते कैंट विधायक सौरभ श्रीवास्तव

### रेलमंत्री अश्विनी का एयरपोर्ट पर किया स्वागत



रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव का एयरपोर्ट पर स्वागत करते विधायक सौरभ

**वाराणसी।** शुक्रवार को वाराणसी पहुंचे रेलमंत्री अश्विनी वैष्णव का कैंट विधायक सौरभ श्रीवास्तव ने एयरपोर्ट पर भव्य स्वागत किया। तमिल संगमम में हिस्सा लेने आये अश्विनी वैष्णव शुक्रवार को वाराणसी में विश्राम कर शनिवार को वाराणसी कैंट स्टेशन का निरीक्षण करेंगे इसके साथ ही तमिल संगमम में हिस्सा लेने के बाद शाम को दिल्ली रवाना हो जायेंगे। स्वागत करने वालों में महानगर अध्यक्ष विद्यासागर राय, भाजपा जिलाध्यक्ष हंसराज विश्वकर्मा, महामंत्री संजय सोनकर व जगदीश त्रिपाठी, पवन सिंह, वीरू सिंह, शैलेश पाण्डेय, दिनेश सिंह दीनू, विवेक सिंह, राजू प्रजापति, विपिन पाठक व अन्य सैकड़ों भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# जैपुरिया स्कूल्स बनारस के पड़ाव कैंपस का वार्षिकोत्सव 18 को

**सृजन-2022**

### शौर्य चक्र विजेता मरीन कमांडो प्रवीण तेवतिया होंगे शामिल : दीपक बजाज

**वाराणसी।** सेठ एमआर जैपुरिया स्कूल्स बनारस के पड़ाव कैंपस का वार्षिकोत्सव 'सृजन-2022' का आयोजन 18 दिसम्बर को आयोजित किया गया है। इस साल वार्षिकोत्सव का आयोजन 'संस्कारम-भारत के नैतिक मूल्य' की थीम पर किया गया है। विद्यालय के चेयरमैन दीपक बजाज ने बताया कि वार्षिकोतसव के मुख्य अतिथि जैपुरिया समूह के वाइस चेयरमैन श्रीवत्स जैपुरिया एवं विशिष्ट अतिथि शीर्य चक्र विजेता मरीन कमांडो प्रवीण कुमार तेवतिया होंगे। उन्होंने बताया कि जैपुरिया स्कूल्स विश्व स्तरीय उत्कृष्ट संसाधन, शिक्षण व्यवस्था और विभिन्न प्रकार के कौशल विकास के माध्यम से छात्र-छात्राओं के विकास की खातिर स्थापना काल से ही कार्यरत है। वार्षिकोतसव का विषय 'संस्कारम' भारत के अनंत मूल्य की जड़ों को समझाने का यह एक सरल माध्यम है। प्रबंध निदेशक मनोज बजाज ने बताया कि नवीन सत्र 2023-24 के लिए दोनों ही कैंपस में प्रवेश प्रारंभ हो गया है। बच्चों के प्रवेश के लिए अभिभावक सिटी ऑफिस में संपर्क कर सकते हैं। निदेशक श्याम संदर बजाज ने बताया कि 19 दिसम्बर को बाबतपुर कैंपस का वार्षिक खेलकूद दिवस 'एनथूसिया' का आयोजन होगा। इस आयोजन में भी जैपुरिया समूह के वाइस चेयरमैन श्रीवत्स जैपुरिया एवं विशिष्ट अतिथि शीर्य चक्र विजेता मरीन कमांडो प्रवीण कुमार तेवतिया शामिल होंगे।





# एसएमएस लॉ कॉलेज में पहला ओरिएंटेशन



**वाराणसी।** स्कूल ऑफ मैनेजमेंट साइंसेज वाराणसी की गौरवशाली 27 वर्षों की शैक्षिक यात्रा का एक महत्वपूर्ण पड़ाव एसएमएस लॉ कॉलेज में पहला ओरिएंटेशन कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। इस दौरान नव प्रवेशी विद्यार्थियों में गजब का उत्साह देखने को मिला। ओरिएंटेशन कार्यक्रम में दो चरणों में आयोजित हुआ। उद्घाटन सत्र को संबोधित करते हुए निदेशक प्रो. पीएन झा ने कहा कि शिक्षा जगत में इस कॉलेज की स्थापना मील का पत्थर साबित होगा। नव प्रवेश छात्रों को आर्शीवाद देते हुए कहा कि यह कोर्स निःसंदेह विद्यार्थियों के कॅरियर की योजनाओं में अहम् रोल अदा करेगा। उन्होंने कहा कि विद्यार्थी शिक्षा के केंद्र बिंदु है, इसलिए उनके विकास में कोई कसर नहीं छोड़ी जाएगी। उन्होंने कहा कि इस कॉलेज को नैक के मूल्यांकन में 'ए' ग्रेड मिलना गौरव की बात है। स्वागत करते हुए प्राचार्य डॉ. प्रभात कुमार श्रीवास्तव ने विश्वास जताया कि इस कॉलेज की स्थापना से पूर्वांचल सहित पूर्वी व मध्य भाग के विद्यार्थियों को काफी लाभ होगा। इस दौरान रजिस्ट्रार संजय गुप्ता, विभागाध्यक्ष प्रो. राजकुमार सिंह, प्रो. संजय सक्सेना, अधिशासी सचिव डॉ. एमपी सिंह आदि ने भी विचार व्यक्त किये। संचालन डॉ. उपासना वाली ने किया। धन्यवाद असिस्टेंट प्रोफेसर आश्रया दूबे ने दिया।

**आयोजन**

### नव प्रवेशी विद्यार्थियों में देखने को मिला गजब का उत्साह

### शिक्षा जगत में कॉलेज की स्थापना मील का पत्थर : प्रो. झा

# गंगा पार टेंट सिटी बसाने का काम शुरू



**वाराणसी।** गंगा पार रेती पर काशी आने वाले सैलानियों के लिए प्रशासन की ओर से टेंट सिटी बसाया जाना था। जिसमें टेंट लगाने का कार्य शुक्रवार से शुरू हो गया। इसके लिए निर्धारित की गई कंपनियों के द्वारा बांस की सहायता से आधार तैयार किया जा रहा है।

प्रशासन की ओर से टेंट सिटी का काम देव दीपवली से पूर्व ही पूरा करना था। लेकिन गंगा के जलस्तर में लगातार बढ़ाव और घटाव के चलते यह कार्य शुरू नहीं हो सका। विकास प्राधिकरण (वीडीए) की ओर से इसकी निगरानी की जा रही थी। जबकि प्रेवेज इंडिया कम्युनिकेशन और लल्लूजी एंड संस को निविदा की गई थी। जिसके तहत रेती पर कुल 600 टेंट लगाया जाना था। जिसमें प्रेवेज इंडिया कम्युनिकेशन को 400 और लल्लूजी एंड संस को 200 टेंट की जिम्मेदारी दी गई थी। कुल 100 एकड़ में बसने वाले टेंट सिटी का कार्य इस माह के पहले पूरा कर लिया जाएगा। नए साल में काशी आने वाले सैलानी इसका लाभ ले सकेंगे।

**आगाज**

### कंपनियों के बांस की सहायता से आधार किया जा रहा तैयार

### टेंट सिटी में मिलने वाली सुविधा

टेंट सिटी में डीलक्स और सुपर डीलक्स टेंट की सुविधा होगी। जिनके लिए फ्लैक्सीबल किराया निर्धारित किया जाएगा। इनके अलावा यहां जिम, बनारस आर्ट गैलरी, क्राफ्ट बाजार, वाच टावर, गेमिंग जोन, रेस्त्रां, डायनिंग एरिया, कांफ्रेंस स्पाट, योगा और स्पा के साथ पुस्तकालय आदि की भी सुविधा मिलेगी। इसके साथ ही हार्स और कैमल राइडिंग व वाटर स्पोर्ट्स की भी सुविधा मौजूद होगी।

## गलत कोच इंडिकेशन से यात्रियों को परेशानी

**वाराणसी।** कैंट स्टेशन (वाराणसी जंक्शन) पर एक बार फिर शुक्रवार को यात्रियों को कोच इंडिकेशन के गलत सूचना के चलते परेशानी का सामना करना पड़ा। जानकारी के अनुसार शुक्रवार को ताप्ती गंगा व देहरादुन हावड़ा एक्सप्रेस के आने के बाद दोनों ही प्लेटफार्म पर लगे ट्रेन कोच इंडिकेशन डिस्प्ले पर गलत सूचना मिलने लगी स्लीपर कोच के लिए खड़े यात्री एसी की ओर से तो एसी कोच के समक्ष खड़े यात्री स्लीपर की ओर भागने लगे, इसके चलते यात्रियों को ना सिर्फ परेशानी का सामना करना पड़ा बल्कि महिलाओं को बर्जुगों को परिजनों ने तत्काल एक दूसरे कोच में बैठा दियाद्ध यात्रियों की परेशानी के बाद आरपीएफ टीम ने स्थिति संभाली।







# निकाय चुनाव के पूर्व काशी को मथेंगे योगी

**तैयारी शुरू**

### सम्पूर्णानंद संस्कृत विवि में योगी की विशाल सभा कल

### भाजपा महानगर की तैयारी बैठक में सौंपी गई जिम्मेदारी

**वाराणसी।** नगर निकाय चुनाव के पूर्व मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ काशी को मथने आ रहे हैं। सीएम योगी 11 दिसम्बर को सम्पूर्णानंद संस्कृत विश्वविद्यालय के मैदान में विशाल सभा को संबोधित करेंगे। भाजपा महानगर इकाई ने सभा की तैयारियां शुरु कर दी है। सभा को सफल बनाने के लिए कार्यकर्ताओं को जिम्मेदारी भी सौंपी गयी है। गुलाब बाग-सिगरा स्थित पार्टी कार्यालय में शुक्रवार को विभाग एवं प्रकोष्ठ की बैठक को संबोधित करते हुए महामंत्री जगदीश त्रिपाठी ने कहा कि गुजरात विधानसभा की प्रचंड जीत मोदी के कुशल नीति और पार्टी कार्यकर्ताओं की मेहनत का परिणाम है। हमें पूरा विश्वास है कि उत्तर प्रदेश में होने वाले नगर निकाय और नगर पंचायत के चुनाव में भी मोदी और योगी की कुशल नीति और कार्यकर्ताओं के बल पर कमल खिलेगा।

बैठक में महानगर के विभाग एवं प्रकोष्ठ के पदाधिकारियों को 11 दिसम्बर की सभा को सफल बनाने के लिए अलग-अलग महत्वपूर्ण जिम्मेदारियां सौंपी गयी। मीडिया प्रभारी किशोर कुमार सेठ ने बताया कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ 11 दिसम्बर को दोपहर 12 बजे सम्पूर्णानंद संस्कृत विश्वविद्यालय के मैदान में सभा को संबोधित करेंगे। बैठक में संजय जायसवाल, अभिनव पांडेय, रत्नाकर राय, रोशन गुजराती, कुणाल पांडेय, नमिता सिंह, दीपमाला, रितिक मिश्रा, सक्षम पटेल, पीयूष अग्रवाल, पार्षद मदन मोहन दुबे, विपुल कुशवाहा, विकास केसरी, प्रियांशु आदि मौजूद रहे।



गुलाब बाग स्थित भाजपा कार्यालय पर महानगर इकाई की बैठक

### महिला मोर्चा की बैठक सम्पन्न

गुलाब बाग-सिगरा स्थित पार्टी कार्यालय में शुक्रवार को महिला मोर्चा महानगर पदाधिकारियों एवं मंडल अध्यक्षों की हुई बैठक की अध्यक्षता करते हुए अध्यक्ष कुसुम पटेल ने कहा कि भाजपा की सरकार ने महिलाओं के सशक्तिकरण और सम्मान के लिए बहुत काम किया है। इन कामों को महिलाओं तक पहुंचाने के लिए आप सभी घर-घर जाएं और संपर्क करें। मोर्चा की कार्यकत्रियां ट्रिपल इंजन की सरकार बनाने में अहम् भूमिका निभाएगी। उन्होंने रविवार को आयोजित सीएम योगी की सभा में सभी की सहभागिता के लिए महिलाओं को जिम्मेदारियां सौंपी। बैठक में साधना सिंह, प्रीति पुरोहित, नेहा कक्कड़, मोनिका पांडेय आदि मौजूद रहीं।


रिटेल डायरेक्टरी



# मार्च तक पूरा होगा यार्ड री-मॉडलिंग : आशुतोष

**निरीक्षण**

### उत्तर रेलवे जीएम आशुतोष गंगल ने निरीक्षण कर कार्य पूर्ण करने का दिया निर्देश

### नये प्लेटफार्म 10/11के लिए द्वितीय प्रवेश द्वार पर बोर्ड में करेंगे मंथन



कैंट स्टेशन पर निरीक्षण करते जीएम एनआर आशुतोष गंगल व अन्य

**वाराणसी।** उत्तर रेलवे के महाप्रबंधक आशुतोष गंगल ने कैंट स्टेशन (वाराणसी जंक्शन) पर चल रहे यार्ड री-मॉडलिंग के कार्य का शुक्रवार को निरीक्षण कर अधिकारियों व कर्मचारियों को समयावधि पर कार्य पूर्ण करने का निर्देश दिया। निरीक्षण के दौरान पत्रकारों से वार्ता करते हुए उन्होंने बताया कि यार्ड री-मॉडलिंग का कार्य मार्च 2023 तक पूरा करने का लक्ष्य रखा गया है।

वाराणसी कैंट पहुंचे महाप्रबंधक आशुतोष गंगल का अपर मंडल रेल प्रबंधक लालजी चौधरी व स्टेशन निदेशक गौरव दीक्षित ने स्वागत किया, इसके पश्चात उन्होंने कार्यो का निरीक्षण किया, स्टेशन तथा परिसर पर चल रहे निर्माण कार्यो की प्रगति का विधिवत जायजा लिया, उन्होंने प्लेटफार्मों एवं परिसर का अवलोकन करते हुए यात्री सुविधा ,संरक्षा, सुरक्षा, स्वच्छता तथा स्टेशन के सौदर्यीकरण की दिशा में किये जा रहे समस्त विकास कार्यों एवं प्रभावी योजनाओं की समीक्षा की, इस सम्बन्ध में आवश्यक सुझाव एवं निर्देश भी दिया।

उन्होंने समस्त कार्यों को निर्धारित समयसीमा के अन्दर उच्च-गुणवत्ता के साथ संपन्न करने की बात पर विशेष बल दिया, महाप्रबंधक ने विशेष रूप से स्टेशन भवन के नव विस्तारीकृत क्षेत्र का निरीक्षण एवं इसकी अंतिम प्रक्रियाओं के क्रियान्वयन की स्थिति का अवलोकन, स्टेशन पर निमार्णाधीन तीसरे 10 मीटर चौड़े फुट ओवर ब्रिज, स्टेशन के सकुर्लेटिंग क्षेत्र इत्यादि को गहनतापूर्वक परखते हुए समस्त विकास कार्यों की जानकारी प्राप्त की, स्टेशन के पुनर्विकास के पॉवर प्रेजेंटेशन से अवगत होते हुए संबंधितों के साथ विचार-विमर्श करते हुए अपने आवश्यक सुझाव देकर अपने दिशा-निर्देश जारी किया। इस दौरान उन्होंने कैंट रेलवे स्टेशन पर सफाई व्यवस्था का अवलोकन करते हुए संतुष्टि जाहिर की।

निरीक्षण के दौरान लखनऊ मंडल के मण्डल रेल प्रबंधक सुरेश कुमार सपरा, वाराणसी के अपर मंडल रेल प्रबंधक लाल जी चौधरी, स्टेशन निदेशक गौरव दीक्षित, सीनियर डीसीएम रेखा शर्मा सहित अन्य अधिकारी शामिल रहें।

## संकल्प व सद्भावना दिवस के रूप में मनाया सोनिया का जन्मदिन

**रामनगर।** कांग्रेस की पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष सोनिया गांधी का जन्मदिन स्थानीय कांग्रेसजनों ने केक काटकर उत्साह के साथ संकल्प व सद्भावना दिवस के रूप में मनाया। मौके पर कांग्रेसजनों ने उनके दीर्घायु की कामना करते हुए देश के मौजूदा हालात एवं बेरोजगारी और महंगाई पर गहरी चिंता व्यक्त की। कांग्रेस कमेटी के नगर अध्यक्ष शमशाद खान ने कहा कि मोदी सरकार बांटो और राज करो की नीति पर काम कर रही है। जो लोग लोकतंत्र को बचाने के लिए आवाज उठा रहे हैं। उनके खिलाफ ईडी और सीबीआई का उपयोग दमन करने के लिए किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि देश मे लोकतंत्र, संविधान और सद्भावना को बचाने के लिए सत्ता परिवर्तन के संकल्प की आवश्यकता है। अध्यक्षता विपिन सिंह ने की। संचालन अल्पसंख्यक महासभा के प्रदेश महासचिव सतनाम सिंह ने किया। इस दौरान हीरालाल, राजेंद्र प्रसाद, श्यामकुमार विश्वकर्मा, इमरान मिर्जा, शिवजी मौर्या आदि थे।

## आज इन क्षेत्रों में कटेगी बिजली

**वाराणसी।** 33/11 केवी बेनियाबाग उपकेंद्र से बेनिया ऑटो स्टैंड तक सिंगल सर्किट से डबल सर्किट करने के लिए बिछायी गयी 33 केवी लाइन को ऊर्जीकृत करने के लिए 10 दिसम्बर को शटडाउन लिया जाएगा। इसके चलते दोपहर 12 बजे से अपराह्न दो बजे तक 33 केवी वाराणसी प्रथम एवं 33 केवी सिगरा द्वितीय से जुड़े बेनियाबाग और आसपास के क्षेत्रों की विद्युत आपूर्ति बाधित रहेगी।

# नये कलेवर में दिखेगा रोडवेज बस अड्डा



जनसंदेश न्यूज

**कवायद**

### 96 करोड़ की लागत से पीपीपी मॉडल पर होगा तैयार

**वाराणसी।** उत्तर प्रदेश राज्य सड़क परिवहन निगम जल्द ही वाराणसी रोडवेज बस अड्डे को नया कलेवर प्रदान करेगा। इसके लिए 96 करोड़ रुपये की टेंडर प्रक्रिया पूरी की जायेगी।

वाराणसी बस स्टैंड को पीपीपी मॉडल पर बनाने के लिए बीते एक वर्ष से कवायद की जा रही थी। इसके तहत टेंडर प्रक्रिया में कई बार फेर बदल किया जा चुका था। रोडवेज लखनऊ मुख्यालय से जारी पत्र के अनुसार वाराणसी रोडवेज के 13315 स्क्वायर मीटर के पूरे एरिया को पीपीपी मॉडल पर विकसित किया जायेगा। इसमें यात्री सुविधा भी शामिल है। वाराणसी परिक्षेत्र के क्षेत्रीय प्रबंधक गौरव वर्मा ने बताया कि आगामी समय में टेंडर के माध्यम से रोडवेज बस स्टेशन पर निर्माण कार्य शुरू कर दिया जायेगा। इस पीपीपी मॉडल के तहत वर्कशॉप भी शामिल है। पीपीपी मॉडल पर बनने वाले रोडवेज परिसर को नया कलेवर प्रदान किया जायेगा।

यात्री सुविधाओं में इजाफा किया जायेगा, इसके साथ ही बसों के आवागमन पर भी विशेष रो बनायी जायेगी। वर्कशॉप सड़क लेवल से लगभग दो फीट नीचे होने के चलते ना सिर्फ बारिश के दिनों में नारकीय स्थित बन जाता है। बल्कि बसों के मेंटनेंस में भी परेशानी का सामना करना पड़ता है।

## संक्षेप

### पदयात्रा निकाल 'आप' ने मनाया जीत का जश्न



**वाराणसी।** आम आदमी पार्टी (आप) जिला इकाई ने दिल्ली एमसीडी चुनाव जीतने और गुजरात में 13 प्रतिशत मत प्राप्त होने पर शास्त्री घाट-वरुणापुल से जिला मुख्यालय तक पदयात्रा निकाल कर खुशी का इजहार किया। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने एक-दूसरे को मिठाई खिलाकर बधाई दी। इसके पूर्व हुई संक्षिप्त सभा में वक्ताओं ने बुराई पर अच्छाई व भ्रष्टाचार पर काम की जीत बताते हुए आगामी नगर निगम चुनाव में भी बेहतर प्रदर्शन करने का संकल्प लिया। पदयात्रा में प्रदेश प्रवक्ता मुकेश सिंह, काशी प्रांत अध्यक्ष पवन तिवारी, जिलाध्यक्ष रामशंकर पटेल, कैलाश पटेल, देवकांत वर्मा, अखिलेश पांडेय, घनश्याम पांडेय, पल्लवी वर्मा, मनोज गुप्ता, सुभाष चौरसिया आदि शामिल थे।

### आपदा से बचाव के लिए स्कूल सेफ्टी प्रोग्राम



**वाराणसी।** आपदाओं से बचाव एवं प्रबंधन के लिए विभिन्न संस्थानों और हितधारकों को सशक्त बनाने के लिए एनडीआरएफ लगातार प्रशिक्षण अभियान चला रही है। उसी कड़ी में शुक्रवार को शिक्षण संस्थानों में आपदा से बचाव के लिए स्कूल सेफ्टी प्रोग्राम आयोजित हुआ। जिसमें छात्रों को आपदा प्रबंधन का प्रशिक्षण दिया गया। कमांडेंट मनोज कुमार शर्मा के दिशा-निर्देशन में टीम द्वारा बीएलडब्ल्यू कंचनपुर स्थित केंद्रीय विद्यालय में एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें एनडीआरएफ की प्रशिक्षित एवं अनुभवी टीम द्वारा भूकंप में बचाव के तरीके, सीपीआर, गले में फंसी वस्तु के निकालने के तरीके, शारीरिक चोटों का अस्पताल पूर्व उपचार, तात्कालिक स्ट्रेचर बनाना, लिफ्टिंग और मूविंग के तरीके, आग से बचाव, रस्सी बचाव तकनीक, अग्निशामक यंत्र का उपयोग कैसे करें, इम्प्रोवाइज्ड फ्लोटिंग डिवाइस (राफ्ट) बनाना, सड़क सुरक्षा आदि विभिन्न विषयों पर प्रशिक्षण प्रदान किया गया। इस अवसर पर केंद्रीय विद्यालय के प्रधानाचार्य डीएस पाठक द्वारा एनडीआरएफ का आभार व्यक्त किया गया।

### संपूर्णानंद के 21 को प्रति छात्र 10 हजार की छात्रवृत्ति



**वाराणसी।** आदि शंकराचार्य पीठ के पीठाधीश्वर एवं श्री रामजन्मभूमि तीर्थक्षेत्र ट्रस्ट के सदस्य जगद्गुरु स्वामी वासुदेवानंद सरस्वती ने संस्कृत विश्वविद्यालय के 21 मेधावीयों को 10 हजार रुपये छात्रवृत्ति देने का निर्णय लिया। कुलपति प्रो. हरेराम त्रिपाठी ने बताया कि भारतीय धर्म व संस्कृति के संरक्षण, उसके प्रचार-प्रसार के लिये छठीं शताब्दी में स्थापित चारों पीठों में से शंकराचार्य पीठ बहुत ही महत्वपूर्ण स्थल है, यहां पीठाधीश्वर एवं उक्त के अन्तर्गत स्थापित ज्योतिष पीठ संस्कृत महाविद्यालय, प्रयागराज के संरक्षक जगद्गुरु स्वामी वासुदेवानंद सरस्वती ने विश्वविद्यालय में पढ़ने वाले मेधावी एवं आर्थिक रूप से निर्धन 21 मेधावीयों को 10-10 हजार रुपये छात्रवृत्ति के रूप में प्रति छात्र देने की घोषणा की है। इस तरह से 2 लाख 10 हजार रुपये प्रति वर्ष 21 विद्यार्थियों पर व्यय किये जायेंगे। यह निर्णय उन्होंने ज्योतिष पीठ संस्कृत महाविद्यालय, अलोपीबाग, प्रयागराज में शुक्रवार को आयोजित संस्कृत संरक्षण कार्यक्रम के दौरान की।

### यात्रियों को मिली फूड प्लाजा की सौगात



**वाराणसी।** लंबे इंतजार के बाद आखिरकार कैंट स्टेशन (वाराणसी जंक्शन) के प्लेटफार्म नंबर एक पर यात्रियों को फूड प्लाजा का सौगात मिला, अपर मंडल रेल प्रबंधक लाल जी चौधरी व स्टेशन निदेशक गौरव दीक्षित ने फूड प्लाजा का अवलोकन कर शुभकामना दी। आईआरसीटीसी के इस फूड प्लाजा के शुभारम्भ से यात्रियों को अब खानपान के लिए भटकना नहीं पड़ेगा। प्लेटफार्म नंबर एक पर बीते कई महिनों से फूड प्लाजा ना होने के चलते यात्रियों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा था। ओम साई राम की ओर से संचालित इस प्लाजा में यात्रियों के खानपान के सभी खाद्य वस्तुएं आसानी से सुलभ होगी। स्टेशन निदेशक गौरव दीक्षित ने बताया कि गुणवक्ता पूर्ण खाद्य वस्तुएं यात्रियों तक सुलभ हो इसपर विशेष ध्यान देना होगा।

### सब्जी फसलों की सुरक्षा किसानों के लिए अहम



**वाराणसी।** भारतीय सब्जी अनुसंधान संस्थान में शुक्रवार को पीड़कनाशी संरूपण तकनीकी संस्थान की ओर से को सब्जी फसलों की सुरक्षा हेतु पीड़कनाशियों एवं नये संरूपणों के सुरक्षित प्रयोग हेतु कार्यशाला का आयोजन किया गया। सम्मेलन में कृषि रसायनों, जैव पीड़कनाशियों के पंजीकरण, मानकीकरण, संतुलित व सुरक्षित प्रयोग आदि ज्वलन्त पहलुओं पर किसानों, वैज्ञानिकों एवं उद्यमियों के साथ विभिन्न सत्रों में विचार-विमर्श किया गया। कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य किसानों एवं सब्जी उत्पादकों को पीड़कनाशियों के प्रयोग हेतु जागृत करना था। जिससे सब्जी फसलों में रोगों व कीटों के प्रबंधन हेतु अनुशंसित मात्रा में पीड़कनाशियों का प्रयोग हो सके और गुणवत्तायुक्त सब्जी का उत्पादन किया जा सके। विशिष्ट अतिथि कीटनाशक सूत्रीकरण प्रौद्योगिकी संस्थान के निदेशक डा. जीतेन्द्र कुमार ने कहा कि पीड़नाशियों का कृषि में प्रयोग आवश्यक होता है, क्योंकि इनके प्रयोग से फसलों को रोगों व कीटों से बचाया जा सकता है। केन्द्रीय कीटनाशी मण्डल एवं पंजीकरण समिति द्वारा पीड़कनाशियों के पंजीकरण की दिशा में सुधार करने की बात कहीं। बताया कि हमारे देश में पीड़कनाशियों का प्रयोग 0.34 किग्रा. प्रति हेक्टेयर है, जबकि चीन (13.07 किग्रा.), अमेरिका (2.54 किग्रा.), रूस (0.62 किग्रा.) फ्रांस (4.45 किग्रा.), जापान (11.84 किग्रा.), ब्राजील (5.94 किग्रा.) और वियतनाम (1.66) में पीड़कनाशियों का हमारे देश की तुलना में अधिक प्रयोग हो रहा हैं। मुख्य अतिथि काशी हिन्दू विश्वविद्यालय कृषि विज्ञान संस्थान के पूर्व निदेशक प्रो. रमेश चन्द्र ने उद्घाटन सत्र में कहा कि किसानों को कृषि रसायनों का संतुलित प्रयोग करना चाहिये। जिससे फसलों में पीड़क नाशियों के प्रयोग में कमी लाई जा सके। उन्होंने कहा कि कृषि में जैविक पीड़क नाशियों के प्रयोग को बढ़ावा देने के लिये किसानों को प्रशिक्षण की आवश्यकता है। भा.कृ.अनु.प. भारतीय सब्जी अनुसंधान संस्थान के निदेशक डा. टी. के. बेहेरा ने कहा कि वैज्ञानिक ढंग से बताये गये तरीकों से ही किसानों को कृषि रसायनों को अनुशंसित मात्रा में प्रयोग करना चाहिये। डा. बेरा ने कहा कि फसलों में प्रति वर्ष रोगों व कीटों से 10-30 प्रतिशत तक नुकसान होता है। पीड़कनाशियों के प्रयोग से संबंधित ज्ञान को किसानों को समझाने की आवश्यकता है। कार्यक्रम में लगभग 450 किसानों ने भाग लिया। संचालन प्रधान वैज्ञानिक डा. डी.आर भारद्वाज एवं धन्यवाद ज्ञापन डा. के.के पाण्डेय ने किया।

### सुरक्षा व संरक्षा पर जीएम ने दिया जोर



**वाराणसी।** पूर्वोत्तर रेलवे के महाप्रबन्धक चन्द्र वीर रमण ने शुक्रवार को गोरखपुर-बनारस रेल खण्ड का विण्डो ट्रेलिंग निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने इस खण्ड पर चल रही दोहरीकरण, विद्युतीकरण एवं अन्य निर्माण परियोजनाओं की प्रगति की समीक्षा की। विण्डो ट्रेलिंग निरीक्षण के दौरान महाप्रबंधक ने रेलपथ के अनुरक्षण मानकों को बेहतर बनाने तथा रेलपथ के निकट पड़े स्क्रैप को हटाने के लिए मंडल पर किये जा रहे कार्यों की समीक्षा की। महाप्रबंधक ने पेड़ों की छटाई करने और रेलपथों के आसपास उग आई वनस्पतियों को साफ किए जाने के कार्यों का जायजा लिया, उन्होंने साथ चल रहे अधिकारियों से कार्यों की प्रगति और रेल परिचालन से संबंधित संरक्षा निरीक्षणों को बढ़ाने का भी निर्देश दिया। उन्होंने उक्त रेल खण्ड के स्टेशनों पर चल रहे विभिन्न कार्यों को पूरी गुणवत्ता एवं संरक्षा के मानकों के अनुरूप सम्पन्न कराने का निर्देश दिया। उन्होंने उक्त रेल खण्ड की रेल पथ, बैलास्ट प्रोफाइल, क्रासओवर लाइन, ओवर हेड ट्रैक्शन, प्लेटफार्मों के क्लियरेंस, रेलवे ट्रैक मेंटेनेंस,कर्वेचर, पुल पुलिया, ब्लाक सेक्शन,कलर लाइट सिगनलों, दृश्यता बोर्डों, ट्रैक की पैकिंग/बैलास्टिंग, सूचना/चेतावनी बोर्ड, पर्याप्त दूरी के मानकों, फाउलिंग मार्को तथा समपार फाटकों के स्थान पर निर्मित अंडर-पास एवं रेल ओवर ब्रिजों के बारे में भी संबंधित अधिकारियों से वार्ता की। इस दौरान प्रमुख मुख्य परिचालन प्रबंधक संजय त्रिपाठी, मुख्य परियोजना प्रबंधक-3 रेल विकास लिमिटेड वी.के शुक्ला, अपर मंडल रेल प्रबंधक(प्रशासन) राहुल श्रीवास्तव, मुख्य जन सम्पर्क अधिकारी पंकज कुमार सिंह, वरिष्ठ मंडल सिगनल एवं दूरसंचार इंजिनियर रजत प्रिय, वरिष्ठ मंडल विद्युत इंजिनियर आर एन सिंह एव वरिष्ठ रेल अधिकारी शामिल रहें।

# राजातालाब बार एसोसिएशन चुनाव में 62 प्रतिशत मतदान



जनसंदेश न्यूज

**रोहनिया।** दी तहसील बार एसोसिएशन राजातालाब के 2022-23 वार्षिक चुनाव में शुक्रवार को करीब 62 प्रतिशत मतदान हुआ। अध्यक्ष, महामंत्री समेत विभिन्न पदों के लिए मतदाताओं ने मतदान किया।

इस दौरान प्रत्याशी मतदाताओं को रिझाने के लिए तरह-तरह के हथकंडे अपना रहे थे। सिर्फ प्रत्याशी ही नहीं उनके समर्थक भी मतदाताओं का हाथ-पैर जोड़ते नजर आए। सिओपी कार्ड ना होने पर कई मतदाता अपने मताधिकार से वंचित रहे। संचालन समिति के सदस्य दिनेश कुमार शर्मा व नंद किशोर ने बताया कि कई अधिवक्ताओं ने मत देते वक्त मत पत्र का फोटो खींचने लगे, जिसमे लगभग 15 लोगों का मत निरस्त किया गया है। उन्होंने बताया कि मतदान पूर्वाह्न नौ बजे से अपराह्न चार बजे तक चला। मतदान के लिए बनाये गये 30 बूथों पर 2522 में से 1571 अधिवक्ताओं अपने मताधिकार का किया। मतदान के तत्काल बाद मतपेटियों को सील कर दिया गया। मतगणना 10 दिसम्बर को होगी। मतदान के दौरान सुरक्षा की दृष्टि से प्रशासन व पुलिस विभाग की टीम मौजूद रही।

## अजा-ए-फातमी की मजलिस में नम हुई आंखें

**रामनगर।** मुसलमानों के आखिरी मोहम्मद साहब की इकलौती बेटी जनाबे फात्मा जहरा के शहादत दिवस के मौके पर शिया समुदाय के लोगों ने गुरुवार को घरों में काले परचम लगाए और काले लिबास पहने। रात्रि में गोलाघाट स्थित अजाखानए बनी हाशिम में मजलिस का आयोजन हुआ। मजलिस का आगाज हदीसे किसा के जरिये मौलाना फरमान रजा ने किया। मजलिस मे पेशख्वानी बाकर रजा, युसूफ रिजवी रईस, प्रो. तस्नीम आब्दी ने किया। मजलिस में मौलाना सय्यद हैदर मेंहदी बस्ती ने कहा की इस्लाम की रक्षा में जनाबे फात्मा जहरा का महत्वपूर्ण योगदान है। इस्लाम में महिलाओं का बड़ा महत्व है। बेटी घर में पैदा हो तो घर जन्नत हो जाता है। शादी के बाद वह पति के घर जाती है तो आधा ईमान मुकम्मल कर देती है। यही औरत जब मां बनती है तो उसके पैरों के नीचे जन्नत होती है। बेटियों के आने के साथ ही घर में खुदा की रहमत बरसने लगती है। इनकी पैदाइश पर मायूस न होकर खुश होना चाहिए। अल्लाह ने हदीसे किसा में एक बेटी के जरिये ही पंजतन पाक को पहचनवाया ताकि लोग जान सकें कि बेटियों की अहमियत क्या होती है।

# चुनाव प्रभारियों ने की निकाय चुनाव तैयारियों की समीक्षा

**सपा की बैठक**

### महापौर, पार्षद व चेयरमैन पद के दावेदारों के साथ प्रभारियों संग की मंत्रणा

जनसंदेश न्यूज



सर्किट हाउस में बैठक करते सपा चुनाव प्रभारी

**वाराणसी।** समाजवादी पार्टी के चुनाव प्रभारियों ने सर्किट हाउस में शुक्रवार को नगर निगम व टाउन एरिया चुनाव के बाबत तैयारियों की जहां समीक्षा की। वहीं, महापौर, पार्षद व चेयरमैन पद के दावेदारों के साथ गहन मंत्रणा की।

चुनाव प्रभारी विधायक डॉ. आरके वर्मा और विधायक जाहिद बेग विभिन्न पदों पर चुनाव लड़ने वाले दावेदारों का साक्षात्कार भी लिया। सवाल किया कि वे चुनाव किस आधार पर लड़ना चाहते हैं और उनका पार्टी में क्या योगदान रहा है आदि। प्रभारियों ने बताया कि आरक्षण के आपत्ति की अवधि समाप्त होने के बाद महापौर व चेयरमैन के दावेदारों की सूची राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव को दे दिया जाएगा। जिसका चयन व घोषणा वहीं करेंगे। उम्मीदवारों के चयन में सभी जाति, वर्ग के लोगों को मौका दिया जाएगा।

बैठक को संबोधित करते हुए चुनाव प्रभारियों ने कहा कि नगर निकाय चुनाव से भाजपा का पतन शुरु हो जाएगा और 2024 में ये लोग सत्ता से बाहर हो जाएंगे। आज देश की जनता कालेधन, महंगाई, बेरोजगारी के नाम पर खुद को ठगा हुआ महसूस कर रही है। भाजपा सरकार ने किसानों की आमदनी दोगुनी करने का वायदा किया था। आमदनी तो नहीं बढ़ी, बल्कि फसलों की लागत जरूर दोगुना हो गया। बैठक में सुजीत यादव लक्कड़, विष्णु शर्मा, पूर्व मंत्री सुरेंद्र सिंह पटेल, एमएलसी लाल बिहारी यादव व आशुतोष सिन्हा, पूर्व राज्यमंत्री मनोज राय धूपचंडी, पूर्व मंत्री वीरेंद्र सिंह, पूर्व विधायक अब्दुल समद अंसारी, डॉ. बहादुर सिंह यादव, आनंद मौर्य, संतोष यादव बबलू, प्रदीप कुमार मौर्य आदि थे।

# सीएचओ का सम्मलेन आज से

**आयोजन**

### दो दिवसीय सम्मेलन में भाग लेंगे यूपी, बिहार, झारखण्ड, उत्तराखण्ड व मध्य प्रदेश के नौ सौ से अधिक सीएचओ

### समाज के अंतिम व्यक्ति तक बेहतरीन चिकित्सा सुविधा पहुंचाने पर होगा मंथन

**वाराणसी।** सार्वभौमिक स्वास्थ्य कवरेज (यूएचसी) दिवस पर 10 व 11 दिसंबर को सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारियों (सीएचओ) का अंतरराज्यीय सम्मलेन का आयोजन रुद्राक्ष कनवेंशन सेंटर में शनिवार आयोजित होगा। इसमें यूपी समेत अन्य राज्यों के 900 से अधिक सीएचओ शामिल होंगे।

मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. संदीप चौधरी ने बताया कि सार्वभौमिक स्वास्थ्य कवरेज का अर्थ है- देश में रहने वाले सभी लोगों और समुदायों तक गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाओं को पहुंचाना। इसका उद्देश्य यह भी है कि जाति, धर्म, लिंग, आय स्तर, सामाजिक स्थिति में भेदभाव किए बगैर सभी को वहनीय, उत्तरदायी, गुणवत्तापूर्ण एवं यथोचित स्वास्थ्य सेवाएं पहुंचाना सुनिश्चित करना है। इसके तहत यह भी प्रयास करना है कि नागरिकों को स्वास्थ्य सेवा आसानी से उपलब्ध हो। उन्होंने बताया कि इस पर गहन विचार करने के लिए इस सम्मेलन का आयोजन किया गया है। दो दिवसीय इस सम्मेलन में समाज के अंतिम व्यक्ति तक निशुल्क, सस्ती व बेहतरीन चिकित्सा सुविधाओं को पहुंचाने पर मंथन किया जाएगा। सम्मेलन में 900 से अधिक सीएचओ, आयुष सीएचओ एवं चिकित्सा अधिकारी शामिल होंगे।

उन्होंने बताया कि राज्यपाल आनंदीबेन पटेल एवं केन्द्रीय स्वास्थ्य मंत्री मनसुख मांडविया द्वारा सम्मेलन का उद्घाटन किया जाएगा। इस सम्मेलन में टेलीकंसल्टेशन के माध्यम से उत्कृष्ट चिकित्सा सेवा प्रदान करने वाले तीन राज्यों, सबसे अधिक आभा आईडी बनाने वाले तीन राज्यों, इसके अलावा आयुष्मान भारत के अंतर्गत बने हेल्थ एंड वैलनेस सेंटर पर उत्कृष्ट कार्य कर रही पांच राज्यों के टीमों को पुरस्कृत किया जाएगा। इस मौके पर प्रदेशों के स्वास्थ्य मंत्री समेत अन्य मंत्री, उच्च स्तरीय अधिकारीगण भी शामिल होंगे। सम्मेलन के दूसरे दिन रविवार को मुख्यमंत्री योगी आदित्य नाथ सम्मिलित होंगे। इस दिन विभिन्न मुद्दों पर मंथन किया जाएगा। इसमें आम आदमियों तक निशुल्क, सस्ती व बेहतरीन चिकित्सा सेवा पहुंचाना, नेशनल टेली मेंटल हेल्थ प्रोग्राम (टेली-मानस) पर परिचालन, एक्यूट सिंपल इलनेस के प्रबंधन पर सीएचओ के लिए प्रशिक्षण मॉड्यूल जारी करना, सशक्त पोर्टल का शुभारंभ, सेवाओं के विस्तारित पैकेज में आशाओं के प्रशिक्षण के लिए ई-मॉड्यूल का शुभारंभ, कालाजार, फाइलेरिया, मलेरिया, कुष्ठ रोग का उन्मूलन शामिल है।

## किसानों को दी गयी कीटनाशकों की जानकारी

**जक्खिनी।** किसानों को कीटनाशकों के समुचित उपयोग और उसके गुण-दोषों के प्रति जागरुक करने के उद्देश्य से भारतीय सब्जी अनुसंधान संस्थान शाहंशाहपुर में एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। इसमें किसानों को कीटनाशकों की जानकारी दी गयी। कृषि विज्ञान संस्थान बीएचयू के पूर्व निदेशक प्रो. रमेश चंद्र ने कहा कि किसान फसल चक्र, कृषि विविधीकरण आदि कृषि पद्धतियों को अपनाकर कीटों और रोगों पर नियंत्रण कर सकते हैं। जितेंद्र कुमार ने कहा कि कीटनाशकों का उपयोग संस्तुत मात्रा में होना चाहिए। कैंसर के लिए कीटनाशक ज्यादा उत्तरदायी नहीं हैं। हैवी मेटल भी कैंसर का कारक बनते हैं। इस मौके पर किसानों ने संस्थान के प्रक्षेत्र में चल रही एकीकृत कीट नियंत्रण के शोध को जाना। किसानों को स्टीकी कीट नियंत्रक भी दिया गया। स्वागत टीके बेहेरा ने किया। धन्यवाद डॉ. केके पांडेय ने दिया।

# महिला वर्ग में यूपी ने मारी बाजी, पुरुषों का मैच ड्रा



**वाराणसी।** काशी तमिल संगमम के तहत आयोजित विभिन्न प्रतियोगिताओं के अंतर्गत एम्फी थियेटर में शुक्रवार को फुटबॉल मैच का आगाज हुआ। विज्ञान संस्थान के निदेशक प्रो अनिल कुमार त्रिपाठी ने बतौर मुख्य अतिथि खिलाड़ियों का परिचय प्राप्त कर खेल का शुभारम्भ किया।

फुटबाल मैच में खेले गये मुकाबले में यूपी और तमिलनाडु की महिला खिलाड़ियों ने बेहतरीन पास और लंबे शूट्स दिखाए। खेल के समाप्ति में यूपी की टीम ने छह और तमिलनाडु की टीम ने एक गोल किया।

खेल के दूसरे सत्र में तमिलनाडु और यूपी के पुरुष टीम मैदान में उतरी मुख्य अतिथि प्रोफेसर गुलाब जयसवाल अवध विश्वविद्यालय कुलपति एवं अमर प्रसाद रेड्डी बीजेपी खेल प्रकोष्ठ अध्यक्ष तमिलनाडु ने सभी खिलाड़ियों का परिचय लिया एवं शुभकामनाएं दी। यूपी तमिलनाडु पुरूष वर्ग के मैच में तमिलनाडु ने एक यूपी ने एक गोल किया।

# एक व्यक्ति के रक्तदान से बचाई जा सकती है तीन की जान : कमिश्नर



जनसंदेश न्यूज

**वाराणसी।** कमिश्नर कौशल राज शर्मा ने शुक्रवार को रथयात्रा क्रासिंग स्थित एक निजी बैंक के वार्षिक रक्तदान अभियान का दीप प्रज्जवलित कर उद्घाटन किया। इस दौरान रक्तदान करने वाले बैंक कर्मचारियों का उत्साहवर्द्धन करते हुए कमिश्नर ने कहा कि रक्तदान करने से मनुष्य को शारीरिक लाभ होता है। कार्य की सराहना करते हुए कहा कि यह एक प्रशंसनीय कार्य है। एक व्यक्ति के रक्त दान करने से तीन व्यक्ति की जान बचाई जा सकती है। इस पुनीत काम में ज्यादा से ज्यादा लोगों को जुड़ने के लिए प्रेरित किये जाने की आवश्यकता पर उन्होंने बल भी दिया।

# बाल विवाह प्रभावितों ने सुनाई आपबीती

**व्यथा कथा**

### कम उम्र में विवाह से आई दुश्वारियों पर पीड़ितों ने बयां किया दर्द



**वाराणसी।** बाल विवाह एक ऐसा अभिशाप है, जो किसी भी बालक या बालिका के न सिर्फ वर्तमान बल्कि उसके पूरे जीवन चक्र को प्रभावित करता है। यह उनके जीवन के विकास, सुरक्षा और सहभागिता के अधिकारों को पूरी तरह से वंचित कर देता है। उक्त विचार बाल विवाह प्रभावितों की आपबीती कार्यक्रम में वक्ताओं ने व्यक्त किया।

महिला कल्याण विभाग के सहयोग से पाण्डेयपुर स्थित वन स्टॉप सेंटर में यह कार्यक्रम आयोजित हुआ। इस में विभिन्न आयु वर्ग की 11 बालिकाओं व महिलाओं ने आपबीती सुनाई व कम उम्र में हुए विवाह से उनके जीवन में आई दुश्वारियों पर अपना दर्द बयां किया। लड़के की चाह में लगातार लड़कियों के पैदा होने और उसके कारण ससुराल से निकाल देने से मायके में भी हो रहे उत्पीड़न को बया करते हुए मदद की गुहार लगाने वालों ने बाल विवाह के दंश से उबरकर पुनः अपने पैरों पर खड़े होने और अन्य को भी राह दिखाने कि बात रखी।

कार्यक्रम में राज्य बाल अधिकार संरक्षण आयोग की सदस्य निर्मला सिंह पटेल ने कहा कि बाल विवाह, बालक-बालिका के पूरे जीवन को प्रभावित करता है, अतः हम सभी का कर्तव्य है कि अपने समाज में घटित हो रहे इस कुप्रथा पर नजर रखें और इसे जड़ से समाप्त करें। आयोग के एक अन्य सदस्य इंजी. अशोक यादव ने भी बाल विवाह की रोकथाम के लिए आयोग की प्रतिबद्धता को दोहराते हुए कहा कि हम सभी का यह कर्तव्य है कि कोई भी बच्चा बाल विवाह के दुष्चक्र में ना फंसे।

अपर जिला जज एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण (डालसा ) के सचिव प्रमोद कुमार गिरी ने कहा कि कोई भी बाल विवाह से पीड़ित बालक-बालिका अपने विवाह को शून्य कराने तथा बाल विवाह से उत्पन्न बच्चो के भरण पोषण के लिए डालसा से निःशुल्क विधिक सहायता प्राप्त कर सकता है।

महात्मा गांधी काशी विद्यापीठ समाजकार्य विभाग की प्रोफेसर डॉ. निमिषा गुप्ता ने कहा कि बाल विवाह एक सामाजिक समस्या है। कार्यक्रम में बाल कल्याण समिति की डॉ. प्रीति वर्मा, किशोर न्याय बोर्ड के टीएन शुक्ला, महिला कल्याण अधिकारी अंकिता श्रीवास्तव, जिला समन्वयक प्रियंका राय, रेखा श्रीवास्तव, वन स्टॉप सेंटर की प्रबंधक रश्मि दुबे, काउंसलर खुशबू सहित दीक्षा, दीपिका, श्वेता, प्रीति, धीरज, अनिल, प्रमोद, सुधा चंद्रबली, सरिता, प्रीति, शकुंतला, काजल, श्रेया आदि उपस्थित थे।

# शिक्षा विभाग का वरिष्ठ लिपिक सस्पेंड, हड़कंप

जनसंदेश न्यूज

**कार्रवाई**

**बार-बार निर्देश के बाद भी पटल का प्रभार नहीं सौंपने का आरोप**

**बलिया।** जिला विद्यालय निरीक्षक कार्यालय के तत्कालीन वरिष्ठ लिपिक अनिरुद्ध आर्य को उनकी मनमानी भारी पड़ गई है। बार-बार निर्देश के बाद भी पटल का प्रभार न सौंपने के आरोप में उन्हें संयुक्त शिक्षा निदेशक, आजमगढ़ मण्डल योगेंद्र कुमार सिंह ने निलंबित करते हुए राजकीय बालिका इण्टर कालेज बलिया से सम्बद्ध कर दिया है। निलंबन की कार्रवाई से विभागीय गलियारे में चर्चाओं का बाजार गर्म है।

गौरतलब हो कि जिला विद्यालय निरीक्षक कार्यालय के वरिष्ठ लिपिक पद पर तैनात अनिरुद्ध आर्य का स्थानांतरण करीब छह माह पहले राजकीय बालिका इंटर कालेज जयप्रकाश नगर, बैरिया कर दिया गया था। स्थानान्तरण के उपरान्त 26 जुलाई 2022 को कार्यमुक्त आदेश जारी किया गया। इसमें पटल से सम्बन्धित समस्त प्रभार सम्बन्धित को अनिवार्य रूप से एक सप्ताह के अन्दर सौंपने की अपेक्षा की गई थी, लेकिन अनिरुद्ध आर्य ने ऐसा करना उचित नहीं समझा। इस बीच उक्त मामला उच्च न्यायालय में चला गया।

एक दिसंबर 2022 को न्यायालय में उपस्थित होने से पूर्व जिला विद्यालय निरीक्षक व राजकीय उमावि बिसुकिया के प्रधानाध्यापक अतुल कुमार तिवारी ने उनसे संपर्क करने का कई बार प्रयास किया, लेकिन तत्कालीन वरिष्ठ लिपिक अपने उच्चाधिकारियों से बात करना ठीक नहीं समझे। यही नहीं, विभागीय परिचारक संजय प्रसाद को उनके घर भेज कर अभिलेख प्राप्त करने की कोशिशें भी नाकाम रहीं। इसके अलावा विभागीय व्हाट्सएप ग्रुप गवर्मेंट स्कूल बलिया के माध्यम से भी अनिरूद्ध आर्य को सूचना दी गई। बावजूद इसके अभिलेख उपलब्ध नहीं कराया गया।

छह दिसंबर को एक बार फिर जिला विद्यालय निरीक्षक रमेश सिंह ने दूरभाष पर अनिरूद्ध आर्य से बात कर तत्काल प्रभाव से पटल से सम्बन्धित समस्त अभिलेखों एवं पत्रावलियों का प्रभार संजय कुंवर (आशु लिपिक) को सौंपने का निर्देश दिया, लेकिन पूर्व की भांति तत्कालीन वरिष्ठ लिपिक ने ऐसा करना जायज नही समझा। वह चार्ज देना तो दूर कार्यालय में उपस्थित तक नही हुए।

उक्त कार्य व्यवहार को घोर अनुशासनहीनता व लापरवाही मानते हुए संयुक्त शिक्षा निदेशक योगेंद्र कुमार सिंह ने गुरुवार को निलंबन का पत्र पकड़ा दिया।

## किसानों को यूरिया उपलब्ध कराने की मांग

**बैरिया।** द्वाबा क्षेत्र में डीएपी के बाद अब यूरिया के लिए किसान परेशान है। किसान पर्याप्त मात्रा में यूरिया के लिए दर-दर भटक रहे हैं, किंतु प्रशासन किसानों को यूरिया उपलब्ध कराने के प्रति उदासीन बन बैठा है। उक्त आरोप लगाते हुए कांग्रेस के वरिष्ठ नेता सीबी मिश्र ने उप जिलाधिकारी ओत्रय मिश्र को प्रतिवेदन देकर क्षेत्र में बंद पड़े साधन सहकारी समितियों को खोलवा कर उस पर पर्याप्त मात्रा में यूरिया उपलब्ध कराने की मांग किया है। श्री मिश्र ने कहा कि जब गेहूं की बुवाई का मौसम चल रहा था तो किसान डीएपी के लिए दर-दर भटक रहे थे। अब बुवाई हो गई तो सिंचाई के समय किसान अपने फसलों में यूरिया खाद डालते हैं। अब यूरिया क्षेत्र से गायब हो गई है। ऐसा क्यों हो रहा है? इसका जवाब किसी के पास नहीं है। जिम्मेदार अधिकारी अपनी जिम्मेदारी से यह कहकर छुट्टी पा लेते हैं कि कहीं भी यूरिया का कोई अभाव नहीं है। श्री मिश्रा ने चेताया कि यदि एक सप्ताह के भीतर यूरिया की आपूर्ति सुनिश्चित नहीं की गई तो कांग्रेस इस प्रकरण को लेकर किसान हित में बड़ा आंदोलन खड़ा करेगी।

# एनसीसी कैडेटों ने निकाली जागरूकता रैली



पीडी इंका गायघाट में शपथ लेते एनसीसी कैडेट

जनसंदेश न्यूज

**रेवती।** पुनीत सागर अभियान के तहत 93 यूपी एनसीसी बटालियन बलिया की सब यूनिट पीडी इण्टर कालेज गायघाट के एनसीसी कैडेटों ने मेजर धनंजय सिंह के नेतृत्व में प्रदूषण नियंत्रण कार्यक्रम के अंतर्गत रैली निकाली और लोगों को प्रदूषण मुक्त वातावरण बनाने के लिए जागरूक किया।

कैडेटों ने 'भारत का यही है सपना, प्रदूषण मुक्त हो भारत अपना' जैसे विभिन्न नारे लगाते हुए मेजर धनंजय सिंह के नेतृत्व में पचरुखा तथा आसमान ठोंठा गांव का परिभ्रमण करते हुए कालेज के खेल के मैदान में पहुंच कर मैदान की साफ-सफाई की। इससे पूर्व रैली को रणधीर सिंह ने हरी झंडी दिखा कर रवाना किया। सीनियर कैडेट रजनीश मिश्र, संध्या, अर्पित, रोशन, रंजीता सहित सभी कैडेटों ने बड़े ही उत्साह से इस रैली को सफल बनाने में अपना योगदान दिया। कैडेटों के सेवा भाव का यह दृश्य बड़ा ही सराहनीय रहा।

# दवाओं की पैकिंग पर छपेगा यूनिक कोड

**बैरिया।** अब नकली दवा बेचना नामुमकिन होगा। ज्यादा धन कमाने की लालच में आए दिन सुनने में आ रहा था कि फलां दुकान से नकली दवा बिक रही है। या फिर सुनते है कि नकली दवाओं की पूरे बाजार में भरमार है। इस खबर को सुनने और जानने के बाद लोगों में इस बात की बेचैनी बढ़ जाती है कि पता नहीं वह दवा नकली खरीद रहे या असली।

इस सन्दर्भ मे प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र मुरली छपरा के प्रभारी डा. देवनीति सिंह ने बताया कि सरकार ने ऐसी तकनीक विकसित की है, जिसके माध्यम से आप नकली और असली दवाओं की पहचान आसानी कर सकेंगे। या यूं कहे कि अब दवा विक्रेता नकली दवाई नहीं बेच पाएगा। यदि बेचा भी गया तो वह पकड़ में आ जाएगा। स्पष्ट किया कि असल में घरेलू बाजार में नकली दवाइयों की शिकायत अक्सर आती है। ऐसे में यूनिक कोड होने से प्राइमरी लेवल पर केमिस्ट खुद असली और नकली दवा में पहचान कर सकेगा। नकली दवा बनाने वाले अपनी ओर से कोड डालते हैं तो भी एसएमएस के जरिए पता चल जाएगा कि यह दवा नकली है।

सरकार ने इसके लिए एक ऐसी योजना बनाई है, जिससे आप खुद असली या नकली दवा की पहचान कर सकेंगे। वह यह कि घरेलू बाजार में मिलने वाली दवाइयों की पैकिंग पर भी एक यूनिक कोड छपा होगा, जिसे आप एसएमएस कर आसानी से पता लगा सकेंगे। एसएमएस करते ही यह पता चल जाएगा कि दवा किस कंपनी द्वारा तैयार की गई है और वह असली है या नकली।

दवा खरीदने वाले को यह मालूम होना चाहिए कि दवाइयों की पैकिंग पर 14 डिजिट का यूनिक कोड नंबर प्रिंट होगा। इसमें दवा की ओरिजिन से लेकर इसकी पूरी सप्लाई चेन की जानकारी होगी। कोई भी कंज्यूमर दवा लेने के बाद यूनिक कोड नंबर को एसएमएस कर सकेगा। एसएमएस करते ही दवा की ओरिजिन कंपनी के अलावा इसके सप्लाई चेन की जानकारी मिल जाएगी। इस तरह से आप नकली दवा लेने की किसी भी संभावना से बच जाएंगे।

# ओडीएफ प्लस में चयनित 147 गांवों को 110 करोड़ जारी

**निर्णय**

**कूड़ा संयंत्र स्थापित करने के साथ ही कराये जायेंगे अन्य कार्य**

**बलिया।** स्वच्छ भारत मिशन के ओडीएफ प्लस के तहत चयनित 164 गांवों में से शासन ने 147 गांवों के लिए 110 करोड़ रुपये जारी किए हैं। इन गांवों को ओडीएफ करने के लिए यहां कूड़ा संयंत्र स्थापित करने के साथ ही अन्य कार्य कराए जाएंगे। धन मिलने के बाद विभाग ने कार्रवाई शुरू कर दी है। आने वाले दिनों में यह गांव साफ-सुथरा दिखेंगे।

वित्तीय वर्ष 2022-23 में प्रदेश के 3582 ग्राम पंचायतों के 4723 राजस्व गांवों को ओडीएफ प्लस की उत्कृष्ट श्रेणी (मॉडल) के गांव बनाए जाने के लिए चिह्नित किया गया। इसमें जिले के 108 ग्राम पंचायतों के 164 गांवों को चिह्नित किया गया है। यह सभी गांव 5000 से अधिक आबादी वाले हैं। चिह्नीकरण में संबंधित राजस्व गांव के साथ ही इनकी ग्राम पंचायत के सभी राजस्व ग्रामों को सम्मिलित किया गया है। इन गांवों में ओडीएफ स्थायित्व, ठोस और तरल अपशिष्ट, प्लास्टिक, गोबर इत्यादि के प्रबंधन के लिए निर्मित शौचालयों का समुचित उपयोग तय किया जाएगा। इसके अलावा, व्यक्तिगत शौचालय निर्माण, सामुदायिक शौचालय निर्माण, प्रयोग और रख-रखाव, प्रत्येक ग्राम पंचायत में कूड़ा संग्रहण केंद्र, कूड़ा संग्रहण के लिए ई-रिक्शा वाहन, खाद गड्ढे, सोख्ता गड्ढे, कम से कम एक तालाब में गंदे और काले पानी के प्रवाह को रोकने की व्यवस्था, विकास खंड स्तरीय प्लास्टिक एकत्रीकरण एवं प्रबंधन केंद्र, गोबरधन, नाला-नाली, लीच पिट गतिविधियों का संचालन किया जाना है। यह सभी कार्य बुलंदशहर जिले के शहजादपुर कनैनी गांव की तर्ज पर होगा। जिले की टीम शहजादपुर कनैनी मॉडल को देखने जा चुकी है। इन गांवों का प्रस्ताव पंचायती राज विभाग की ओर से शासन को भेजा गया था।

> शासन की ओर से 147 गांवों की कार्ययोजना को स्वीकृति देते हुए 110 करोड़ की धनराशि उपलब्ध कराई गई है। शेष 17 गांवों की भी स्वीकृति जल्द आने की संभावना है। शासन से स्वीकृति मिलने के बाद पंचायती राज विभाग कार्रवाई में जुट गया है। इन गांवों में जमीनों की पड़ताल शुरू की गई है। जल्द ही यह परियोजना धरातल पर उतरेगी।
>
> यतेन्द्र सिंह, जिला पंचायत राज अधिकारी

### सामुदायिक शौचालय पर खर्च हो रहे नौ हजार

**बलिया।** स्वच्छ भारत मिशन से ग्राम पंचायतों में सामुदायिक शौचालयों का निर्माण इसलिए कराया गया है, ताकि वहां के लोग खुले में शौच को न जाएं और गांव गंदगी से मुक्त रहे। एक सामुदायिक शौचालय की देखरेख पर मानदेय छह हजार रुपये और साफ-सफाई व हैंडवाश आदि के लिए तीन हजार रुपये यानि कुल नौ हजार रुपये प्रतिमाह खर्च किए जाते हैं। स्वयं सहायता समूहों के माध्यम से सामुदायिक शौचालयों का संचालन ग्राम पंचायत की ओर से किया जा रहा है, लेकिन ग्राम प्रधान और सचिवों की उदासीनता से अधिकांश स्थानों पर सामुदायिक शौचालय बंद पड़े हुए हैं। सुबह-शाम जब लोगों के शौच जाने का समय होता है तो उस समय भी सामुदायिक शौचालय नहीं खोला जाता है। जिले के 940 ग्राम पंचायतों में 818 सामुदायिक शौचालय का निर्माण पूरा हो चुका है। 122 के लिए जमीन की तलाश हो रही है। पंचायती राज विभाग का दावा है कि जिले के 818 ग्राम पंचायतों में सामुदायिक शौचालय का निर्माण पूरा हो चुका है। दावा है कि सामुदायिक शौचालयों का संचालन हो रहा है, लेकिन हकीकत ठीक इसके विपरीत है। पंदह ब्लाक के 45 ग्राम पंचायतों में सामुदायिक शौचालयों का निर्माण कराया गया है, लेकिन इसका संचालन नहीं हो रहा है। अधिकांश शौचालयों में ताले लटके हुए हैं। कुछ शौचालय चल रहे हैं तो उसमें पानी या हैंडवाश की व्यवस्था नहीं है। एडीओ पंदह प्रेमनाथ राम का कहना है कि सामुदायिक शौचालयों की जांच की जाएगी। शौचालय का निर्माण जहां अधूरा है, उसे पूरा कराया जाएगा। वहीं, शिवपुर कपूर दियर में सामुदायिक शौचालय को कूड़ा घर बना दिया गया है। ग्रामीणों का कहना है कि शौचालयों पर किसकी तैनाती है? यह भी लोगों को पता नहीं हैं। कर्मचारी को बैठाकर मानदेय दिया जाता है। यही स्थिति 25 गांवों की है।

# कलेक्ट्रेट में दूसरे दिन भी धरना-प्रदर्शन




कलेक्ट्रेट में गोंगपा के चल रहे धरना प्रदर्शन को संबोधित करते वक्ता

**बलिया।** गोंडवाना गणतंत्र पार्टी के तत्वावधान में निकाय चुनाव में अनूसचित जनजाति के लिए सीट आरक्षित करने की मांग को लेकर जिलाधिकारी कार्यालय पर चल रहा अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन शुक्रवार को दूसरे दिन भी जारी रहा।

वक्ताओं ने कहा कि भारत सरकार के जनगणना-2011 के अनुसार बलिया जिले में अनुसूचित जनजाति की जनसंख्या एक लाख 12 हजार 114 थी।

उसी जनगणना के आधार पर नगर निकाय चुनाव-2017 में अनुसूचित जनजाति हेतु सीटें आरक्षित की गयी थीं, लेकिन इस बार के चुनाव में एक भी सीट अनुसूचित जनजाति के लिये आरक्षित नहीं किया गया है। इस अवसर पर अरविन्द गोंडवाना, सुमेर गोंड, परशुराम खरवार, रामपाल खरवार, दादा अलगू गोंड, प्रधान मुन्ना गोंड, लालजी गोंड, संजीत गोंड, चंद्रशेखर खरवार, दुर्गाविजय खरवार, सुरेश शाह, रामसेवक खरवार, पप्पू खरवार, मन्टू गोंड, रामचन्द्र गोंड, राजेश खरवार, विनोद खरवार, अजय खरवार, राकेश गोंड, गुलाब चन्द्र गोंड, जितेन्द्र गोंड, विशाल गोंड, सुदेश शाह, मिथिलेश कुमार, शिवसागर गोंड, शिवशंकर खरवार, महेन्द्र गोंड, अनिल गोंड, छोटेलाल गोंड, दुर्ग विजय खरवार, पप्पू खरवार आदि मौजूद रहे।

## बाइक पलटने से दो मासूम घायल

**बैरिया।** स्थानीय थाना क्षेत्र के सोनबरसा गांव के निकट राष्ट्रीय राजमार्ग-31 पर गुरुवार की देर शाम बाइक से गिरकर दो मासूम गंभीर रूप से घायल हो गए, जबकि उनके माता-पिता को खरोंच तक नहीं आई है। घायलों को आस-पास के लोगों ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सोनबरसा पहुंचाया, जहां प्राथमिक इलाज के बाद पुत्री को सदर अस्पताल रेफर कर दिया गया। जानकारी के अनुसार रेवती थाना क्षेत्र के दतहा निवासी हरेंद्र यादव अपने ससुराल दोकटी थाना क्षेत्र के खवासपुर से अपनी पत्नी तथा छह वर्षीय पुत्री कृतिका एवं चार वर्षीय पुत्र प्रिंस के साथ गुरुवार की देर शाम अपने गांव दतहा वापस लौट रहे थे कि उनकी बाइक ट्रक से बचने के चक्कर में अनियंत्रित होकर सोनबरसा गांव के निकट राष्ट्रीय राजमार्ग-31 पर पलट गई। इससे कृतिका और प्रिंस दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए। आस-पास के लोगों ने दोनों घायलों व पति-पत्नी को सीएचसी सोनबरसा पहुंचाया, जहां प्राथमिक उपचार के दौरान हालत गंभीर होने पर चिकित्सकों ने कृतिका को जिला चिकित्सालय के लिए रेफर कर दिया। वहीं, प्रिंस का इलाज सीएचसी सोनबरसा में चल रहा है।

# ट्रेनों के निरस्त या फेरे कम होने से यात्री परेशान

**असुविधा**

**क्षेत्रवासियों ने रेलवे के उच्चाधिकारियों का आकृष्ट कराया ध्यान**

**बैरिया।** छपरा-बलिया-वाराणसी रेलखंड पर आधा दर्जन मेल एक्सप्रेस ट्रेनों के निरस्त होने या फेरे कम किए जाने से लोगों को भारी असुविधा झेलनी पड़ रही है। गंतव्य के लिए महंगा किराया व ज्यादा समय लगाकर बसों व अन्य साधनों से लोग आ-जा रहे हैं। लोगों का कहना है कि कोहरा का कहीं अता-पता नहीं है। फिर भी 28 फरवरी तक ट्रेनों के निरस्त होने या फेरा कम होने से लोगों में काफी आक्रोश है। लोगों के आवागमन के साथ रोजी-रोजगार एवं व्यापार भी प्रभावित हो रहा है। वही, ट्रेनों के निरस्त होने से आरक्षण भी रद्द हो गया है।

उल्लेखनीय है कि सारनाथ एक्सप्रेस, गोंदिया एक्सप्रेस, स्वतंत्रता संग्राम सेनानी एक्सप्रेस, शहीद एक्सप्रेस सहित कई ट्रेनों को रेलवे ने निरस्त कर दिया है या तो फेरे कम कर दिया है। लोगों का महीनों पूर्व कराये गये आरक्षण को रेलवे ने रद्द कर दिया है। इस तरह का तुगलकी फरमान रेलवे क्यों कर रहा है? यह क्षेत्र में चर्चा का विषय बना हुआ है। लोग एक-दूसरे से कहते सुने जा रहे हैं कि पूरे साल रेल अधिकारी कह रहे थे कि कोहरे से ट्रेनों का यातायात प्रभावित नहीं होगा और बिना कोहरा ही ट्रेनों को निरस्त कर दिया गया या उनके फेरे कम कर दिया गया। इससे शादी विवाह व लगन के मौसम में लोगों को घोर परेशानी झेलनी पड़ रही है। स्थानीय लोगों ने इस संदर्भ में रेलवे के बड़े अधिकारियों व जनप्रतिनिधियों का ध्यान आकृष्ट कराते हुए इसकी जवाबदेही तय करने की मांग की है।

# कोटे की दुकान पर लटकी कार्रवाई की तलवार

**सख्त कदम**

**शिक्षा विभाग ने कोटेदार के प्रमाण पत्र को बताया कूटरचित**

**नगरा।** फर्जी प्रमाण पत्र बनवाकर ग्राम सभा खनवर नवादा में राजकीय सस्ते गल्ले की दुकान हथियाने वाली महिला अभ्यर्थी की संचालित कोटा पर ग्रहण लग गया है। अब मामला जिलाधिकारी के पाले में है। दो वर्ष से मामले को उठा रहे भाजपा के मण्डल अध्यक्ष मनोज कुमार भारती छह बार मुख्यमंत्री दरबार में भी जा चुके है। शिक्षा विभाग ने खनवर निवासी चिन्ता सिंह पत्नी सत्येन्द्र सिंह के हाईस्कूल के अंकपत्र को कूटरचित करार दिया है।

ज्ञात हो कि शासनादेश के विपरीत घोर अनियमियतता करते हुए कोटे की दुकान चयन किए जाने की शिकायत है। सभी साक्ष्यों के साथ उच्चाधिकारियों को प्रार्थना दिया गया। मंडलायुक्त आजमगढ़, आयुक्त खाद्य व रसद विभाग, उप्र, प्रमुख सचिव उप्र शासन समेत अन्य अधिकारियों को प्रार्थना पत्र दिया गया।

साक्ष्यों के साथ मुख्यमंत्री को भी छह बार प्रार्थना पत्र दिया गया। इस पर डीएम ने जांच एवं कार्यवाही का निर्देश दिया। जिला विद्यालय निरीक्षक द्वारा छह माह पहले ही लिखित सत्यापन दे दिया गया कि हमारे विद्यालय पर उक्त नाम से कोई रिकार्ड नही है। इसके अधार पर फर्जीफिकेशन व भ्रष्टाचार प्रमाणित हो गया था।

उसके बाद भी जिले के किसी अधिकारी द्वारा फर्जीफीकेशन व भ्रष्टाचार करने वाले के खिलाफ कोई कार्यवाही नहीं की गई। कहा जा रहा था कि माध्यमिक शिक्षा परिषद से सत्यापन रिपोर्ट आने पर मुकदमा पंजीकृत किया जायेगा। अब माध्यमिक शिक्षा परिषद द्वारा सत्यापन रिपोर्ट दे दिया गया है। उसके बाद भी फर्जीफीकेशन व भ्रष्टाचार करने वाले के खिलाफ कोई कार्यवाही नही किया जा रहा है।

# पीएमश्री योजना में चुने जायेंगे 34 स्कूल

जनसंदेश न्यूज

**पहल**

**प्रत्येक ब्लॉक से दो स्कूलों का किया जायेगा चयन**

**योजना का लाभ लेने को स्कूलों को करना होगा आवेदन**

**बलिया।** परिषदीय स्कूलों को अपग्रेड करने के साथ ही नई सुविधाओं से लैस करने की पहल की गई है। इसके लिए स्कूलों को केंद्र सरकार की पीएमश्री योजना से जोड़ने की तैयारी है। योजना का लाभ लेने के लिए स्कूलों को आवेदन करना होगा। इसके तहत घोषित होने पर स्कूलों को संसाधनों के लिए दो करोड़ रुपये दिए जाएंगे। जिले के 34 परिषदीय विद्यालयों को पीएमश्री योजना में चुना जाना है।

इन स्कूलों का चयन होने के बाद 68 करोड़ की धनराशि से विकास का काम होगा। प्रति स्कूल दो करोड़ रुपये की धनराशि दी जाएगी। योजना के तहत इनका विकास किया जाएगा। इन स्कूलों में हरित ऊर्जा के सिद्धांतों का पालन किया जाएगा। हर ब्लाक से दो स्कूलों का चयन किया जाएगा। स्कूलों का चयन यू-डायस पोर्टल से होगा। इसमें कुछ स्कूल कक्षा एक से आठ तक के होंगे तो कुछ कक्षा एक से कक्षा 12 तक के होंगे।

इन स्कूलों को चयन कर अपग्रेड किया जाएगा। यहां के बच्चों के कौशल विकास की संभावनाओं पर ध्यान दिया जाएगा। विद्यालय को गुणवत्ता और मूल्यांकन फ्रेमवर्क पर विकसित किया जाएगा। साथ ही लर्निंग आउटकम पर विशेष ध्यान दिया जाएगा।

स्कूलों को आनलाइन पोर्टल पर स्वयं आवेदन करना होगा। योजना के पहले दो वर्षों के दौरान पोर्टल को वर्ष में चार बार यानि प्रत्येक तिमाही में एक बार खोला जाएगा। पीएमश्री के स्कूल अपने-अपने क्षेत्रों के अन्य स्कूलों के लिए मॉडल होंगे। इन्हें ग्रीन स्कूल के रूप में भी विकसित किया जाएगा। इन स्कूलों में सौर पैनल, एलईडी लाइट, पोषण उद्यान, अपशिष्ट प्रबंधन, प्लास्टिक मुक्त, जल संरक्षण और संचयन जैसे पर्यावरण के अनुकूल पहलुओं को शामिल किया जाएगा। प्रत्येक क्लास में बच्चे के सीखने के परिणामों पर ध्यान दिया जाएगा। सभी स्तरों पर मूल्यांकन वैचारिक समझ एवं वास्तविक जीवन स्थितियों में ज्ञान के अनुप्रयोग पर आधारित होगा और योग्यता आधारित होगा। इन स्कूलों में नियुक्त शिक्षकों को अलग से प्रशिक्षण दिया जाएगा।

## मानक पूरे होने पर ही होगा चयन

**बलिया।** बेसिक शिक्षा में 2249 परिषदीय स्कूलों में से 60 मानक पूरे होने वाले स्कूल ही पीएमश्री में चुने जाएंगे। मानक में पक्की इमारत, पेयजल सुविधा, छात्र-छात्राओं के लिए अलग-अलग शौचालय, खेल का मैदान, दिव्यांग बच्चों की सुविधा होना तय है। स्कूलों का चयन तीन चरणों वाली प्रक्रिया के जरिए किया जाएगा। पहले चरण में राज्य स्तर से रिपोर्ट तैयार होगी। निर्धारित न्यूनतम मानक के आधार पर उन स्कूलों की पहचान की जाएगी, जो पीएमश्री स्कूलों के रूप में चुने जाने के योग्य हैं। तीसरे चरण में कुल मापदंडों को पूरा करने वाले स्कूलों में प्रतिस्पर्धा होगी।

> पीएमश्री योजना स्कूल के लिए बहुत बड़ी पहल है। इसमें स्कूलों को स्वयं से आवेदन करना होगा। मानक पर खरे उतरने वाले स्कूलों का चयन केंद्र सरकार से होगा। आवेदन के लिए निर्देश दिए गए हैं।
>
> एके झा, प्रभारी, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी

## संक्षेप

### पांचवें दिन भी जारी रही भूख हड़ताल

**बलिया।** सतीश चंद्र कालेज के गालीबाज शिक्षक की बर्खास्तगी एवं तत्काल गिरफ्तारी के साथ ही छात्रों से लिये गये एक हजार रुपया वापस करने की मांग को लेकर टीडी कालेज चौराहा पर चल रहा भूख हड़ताल शुक्रवार को पांचवें दिन भी जारी रहा। भूख हड़ताल पर आदर्श मिश्र बैठे। जगतनारायण मिश्र ने कहा कि गाजीबाज शिक्षकों की वजह से गुरु एवं शिष्य परंपरा कलंकित हो रही है। ऐसे शिक्षक समय रहते चेत जाय। इस अवसर पर राहुल मिश्र, मिथिलेश यादव मोती, शिप्रांत सिंह, नितेश यादव, यशजीत सिंह, धनजी यादव, आदित्य योगी, अभिषेक यादव, राजदीप सिंह, अमित यादव, मुरली यादव, रितेश पांडेय, दिवेश तिवारी, मदनी, नसीम, अनुराग पटेल, हिमांशु सिंह, सूरज गुप्त, आलोक भारती आदि मौजूद रहे।

### पुनः संयोजक चुने गये बीबी सिंह

**बलिया।** जिला संयुक्त संघर्ष समिति की आवश्यक बैठक शुक्रवार को विद्युत वितरण मंडल बलिया कार्यालय पर हुई। इसमें विद्युत कर्मचारी संयुक्त समिति बलिया की नई कमेटी का सर्वसम्मति से गठन किया गया। इसके तहत बीबी सिंह को संयोजक, ऋषिकेश यादव, दयानंद यादव को सह संयोजक, संजीव कुमार को मीडिया प्रभारी एवं सुरेन्द्र कुमार गुप्त को वित्त प्रभारी बनाया गया।

### स्वास्थ्य कर्मियों ने लिया संकल्प



**सिकन्दरपुर।** स्थानीय तहसील क्षेत्र के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र बघुड़ी पर शुक्रवार को डा. अनिल सिंह और बीसीपीएम पीयूष श्रीवास्तव की मौजूदगी में समस्त कर्मचारियों ने संकल्प लिया कि नौ माह से पांच साल तक के प्रत्येक बालक-बालिकाओं को दाहिने बाजू में पीड़ा रहित एमआर के दोनों टीके लगाकर दो जानलेवा बीमारियों मेसल्स और रूबेला से भारत वर्ष को मुक्त करेंगे। जिस प्रकार टीको के माध्यम से स्मल पाक्स, पोलियो, टेटनेस बीमारी का अंत किया है, उसी प्रकार वर्ष 2023 तक हम लोगों ने रूबेला को खत्म करने का पक्का इरादा कर लिया है।

### सिटी कान्वेंट स्कूल ने जारी किया विद्यालय गान



**सहतवार।** स्थानीय नगर में स्थित सिटी कान्वेंट स्कूल ने शुक्रवार की सुबह अपना विद्यालय गान जारी किया। विद्यालय के प्रबंधक राजीव सिंह एवं प्रधानाचार्य समीर कुमार पांडेय ने इसे संयुक्त रूप से विद्यालय परिवार को समर्पित किया। इस कार्य को विद्यालय के संगीताचार्य संजय कुमार ने स्वरबद्ध किया है। इसका उत्कृष्ट गायन विद्यालय की छात्राओं द्वारा किया गया। कार्यक्रम का शैक्षणिक संचालन माइकल मुर्मू ने किया। इस अवसर पर विद्यालय के सभी स्टाफ एवं प्रबंध समिति के सदस्य मौजूद रहे।

### बालिकाओं को दिया ड्रेस व पाठ्य सामग्री



**बलिया।** राजकीय बालगृह (बालिका) निधरिया में शुक्रवार को उप जिलाधिकारी श्रीमती सीमा पांडेय ने कौशल विकास का प्रशिक्षण ले रही बालिकाओं को दो सेट ड्रेस व पाठ्य सामग्री का वितरण किया। इस मौके पर उत्तर प्रदेश कौशल विकास मिशन के एमआईएस प्रबंधक अरुण कुमार यादव, सहायक अधीक्षिका मधु यादव आदि मौजूद रहे।

### सोनिया गांधी के जन्मदिन पर काटा केक




**बलिया।** सोनिया गांधी का 76वें जन्मदिन के अवसर पर बेरूआरबारी ब्लाक के ग्राम सभा शिवपुर में वरिष्ठ कांग्रेस नेता एवं मदर टेरेसा बाल शिक्षा सेवा समिति के संस्थापक जाकिर हुसैन ने बच्चों के साथ मिलकर केक काटा। इस दौरान बच्चों ने एक-दूसरे को मिठाई खिलाया। तत्पश्चात 20 बच्चों में गर्म कपड़ा का वितरण किया।

### तीन दवा दुकानों से लिया नमूना, दी चेतावनी



**बलिया।** औषधि निरीक्षक खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन सिद्धेश्वर शुक्ल ने शुक्रवार को दवा की दुकानों का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने तीन दुकानों से दवाओं के नमूने लिये। साथ ही दुकानों पर मेडिकल स्टोर का रजिस्ट्रेशन प्रमाण पत्र नही लगाने पर नाराजगी जताई और सख्त चेतावनी दी। श्री शुक्ल ने विशुनीपुर में देवी दवा संगम, प्रिंस मेडिकल स्टोर, प्रताप मेडिकल एजेंसी एवं एसके मेडिकल एजेंसी का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने दवाओं की खरीद रसीद के साथ ही अन्य कागजातों की जांच की। इसके बाद तीन दुकानों से दवाओं के नमूने लिये, जिसे जांच के लिये भेजा जायेगा। निरीक्षण के दौरान दुकानों पर मेडिकल स्टोर का पंजीकरण प्रमाण पत्र डिस्प्ले नहीं होने पर नाराजगी जताई। निर्देश दिया कि अपने-अपने मेडिकल स्टोर के पंजीकरण का प्रमाण पत्र दुकान में ऐसे स्थान पर लगाए, जो आसानी से दिख सके। निरीक्षण के दौरान वरिष्ठ लिपिक रवि शंकर पांडे मौजूद रहे।

### पूर्व चेयरमैन को दी श्रद्धांजलि



**बलिया।** दर्जा प्राप्त राज्यमंत्री नरेन्द्र सिंह शुक्रवार को पूर्व चेयरमैन जवाहर प्रसाद के नगर स्थित गड़हा मुहल्ला स्थित आवास पर पहुंचे और उनके चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। उन्होंने पूर्व चेयरमैन के परिजनों से मिलकर उनका हाल जाना। भाजपा जिलाध्यक्ष जयप्रकाश साहू ने पूर्व चेयरमैन के परिवार को सरकार से आर्थिक मदद दिलाने के लिए दर्जा प्राप्त राज्यमंत्री नरेन्द्र सिंह से बात की। इस अवसर पर विजय बहादुर दूबे, विजय बहादुर सिंह, सुरेन्द्र सिंह, राहुल रस्तोगी, रोशन जायसवाल आदि मौजूद रहे। इसके बाद पूर्व चेयरमैन के पुत्र रिशु से उन्होंने बातचीत की। गौरतलब हो कि पूर्व चेयरमैन जवाहर प्रसाद को भाजपा के पहले चेयरमैन के रूप में ख्याति प्राप्त है। इनके द्वारा कराये गये विकास कार्यों की आज भी चर्चा होती है। इसी क्रम में वह पूर्व मंत्री आनंद स्वरूप शुक्ल के घर भी पहुंचे।

# यूपी बोर्ड परीक्षा की तैयारियां हुईं शुरू

**परीक्षा**

## वित्तविहीन विद्यालयों के ऊपर बढ़ी विभाग की निर्भरता

**बलिया।** जिले में वर्ष 2023 की बोर्ड परीक्षा की तैयारी जोरों से चल रही है। हालांकि डीआईओएस रमेश कुमार सिंह का दावा है कि इस बार कहीं कोई चूक नहीं की जाएगी। परीक्षा केंद्रों के तौर पर राजकीय इंटर कालेज तथा अशासकीय सहायता प्राप्त माध्यमिक विद्यालयों को तरजीह दी जाएगी। इसके उलट रोचक तथ्य यह है कि जिले के 32 राजकीय इंटर कालेजों में से महज चार राजकीय इंटर कालेज ही बोर्ड के मानकों को पूरा करते हैं, जबकि शेष अभी भी बोर्ड द्वारा निर्दिष्ट सुविधाओं से लैस नहीं है।

अशासकीय महाविद्यालयों की स्थिति कुछ राहत भरी जरूर है। यहां 92 में से करीब 74 एडेड स्कूल परीक्षा केंद्र बनने की अर्हता पूरी करते हैं। ऐसे में वित्तविहीन विद्यालयों के ऊपर विभाग की निर्भरता बढ़ जाती है। यहीं से जिले में नकल माफिया की सक्रियता पर नकेल लगाना और परीक्षा की शुचिता को बरकरार रखना विभाग के लिए चुनौती बन जाता है। अपने कार्यकाल के शुरुआती दिनों में जिला विद्यालय निरीक्षक रमेश सिंह ने दावा किया था कि इस बार बोर्ड परीक्षा में केंद्रों की संख्या घटाने के साथ ही राजकीय विद्यालयों और एडेड स्कूलों को प्राथमिकता के आधार पर केंद्र बनाया जाएगा, लेकिन तकरीबन छह माह के कार्यकाल के दौरान उपरांत भी डीआईओएस जिले के 28 राजकीय इंटर कालेजों को परीक्षा मापदंडों के अनुरूप संतृप्त नहीं कर पाए। शासन ने इस संबंध में समय-समय पर विभागीय अधिकारियों को निर्देश देते हुए राजकीय इंटर कालेजों को सीसीटीवी कैमरा, वाइस रिकार्डर के अलावा अन्य सुविधाओं से लैस करने का निर्देश देता रहा है।

### शीघ्र जारी होगी केंद्रों की सूची

बलिया। माध्यमिक शिक्षा विभाग के अधिकारियों की मानें तो जिले के सभी 607 स्कूलों का डिटेल माध्यमिक शिक्षा परिषद प्रयागराज को आनलाइन उपलब्ध करा दिया गया है। उम्मीद है कि इसी हफ्ते बोर्ड द्वारा परीक्षा केंद्रों की सूची जारी कर दी जाएगी। इसके उपरांत परीक्षा केंद्रों का पुनर्मूल्यांकन का कार्य शुरू किया जाएगा।

> राजकीय विद्यालयों को संतृप्त करने के लिए शासन को पत्र लिखा गया है। फिलहाल जिले में जितने राजकीय विद्यालय परीक्षा मानकों पर खरे उतरते है, उनको और एडेड स्कूलों के अलावा अच्छे रिकार्ड वाले वित्तविहीन विद्यलयों को केंद्र बना कर नकल विहीन परीक्षा कराई जाएगी।
>
> रमेश कुमार सिंह, डीआईओएस, बलिया

## सफाई कर्मियों ने सात सूत्री मांग पत्र पर किया मंथन

**बलिया।** उप्र ग्राम पंचायत राज सफाई कर्मचारी संघ जनपद शाखा बलिया की जिलास्तरीय बैठक शुक्रवार को चंद्रशेखर उद्यान में हुई। इसमें सफाई कर्मियों की विभिन्न समस्याओं के साथ ही सात सूत्रीय मांग पत्र के संबंध में विचार-विमर्श किया गया। जिलाध्यक्ष ददन भारती ने कहा कि प्रांतीय नेतृत्व के आह्वान पर जिले के समस्त विकास खंड में कार्यरत सफाई कर्मचारियों को अनुरोध पत्र/स्पीड पोस्ट/रजिस्ट्री के माध्यम से मुख्यमंत्री, प्रमुख सचिव पंचायती राज उप्र शासन एवं निदेशक पंचायती राज को भेजने का निर्णय किया गया है। जनपद स्तरीय कार्यक्रम के अनुसार पहले चरण में 13 दिसम्बर को दुबहर, गड़वार, रेवती, हनुमानगंज, सोहांव, दूसरे चरण में 15 दिसम्बर को बांसडीह, बेरूआरबारी, मनियर, पंदह, मुरलीछपरा एवं तीसरे चरण में 17 दिसम्बर को रसड़ा, चिलकहर, नगरा, बेलहरी, बैरिया, नवानगर, सीयर ब्लाक से मांगों को पूर्ण कराये जाने हेतु अनुरोध पत्र भेजा जायेगा। विजय शंकर यादव ने कहा कि अपनी मांगों को पूरा कराने के लिए प्रत्येक सफाई कर्मचारी तीन रजिस्ट्री/स्पीड पोस्ट भेजेंगे। मौके पर हरेन्द्र कुमार, संजीव कुमार, मुन्ना प्रसाद, नंदलाल, शिवजी प्रसाद, संजय कुमार, सुरेश प्रसाद, राकेश कुमार, चेंगन, छोटेलाल, धर्मेन्द्र, कन्हैया, उमाशंकर, संतोष आदि मौजूद रहे।

# एचडीएफसी बैंक परिसर में लगा रक्तदान शिविर



रक्तदान करता बैंक कर्मी

**बलिया।** एचडीएफसी बैंक द्वारा इंडियन रेड क्रास सोसायटी बलिया के सहयोग से स्टेशन रोड स्थित बैंक परिसर में शुक्रवार को रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। सर्वप्रथम शिविर का उद्घाटन एडीएम (भू-राजस्व) अनिल अग्निहोत्री, जिला अस्पताल के ब्लड बैंक प्रभारी डा. एके उपाध्याय, एचडीएफसी बैंक के सर्कल हेड अजय गुप्ता, क्लस्टर हेड कैफी रिजवी एवं रेड क्रास सोसायटी के जिला समन्वयक शैलेन्द्र कुमार पाण्डेय ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया। तत्पश्चात एचडीएफसी बैंक के आपरेशन मैनेजर मुकेश कुमार एवं नवनीत यादव ने दोनों अतिथियों को बुके देकर स्वागत किया। एडीएम अनिल अग्निहोत्री ने कहा कि एचडीएफसी बैंक बलिया इस तरह का आयोजन समय- समय पर करती रहती है। समय-समय पर सभी को रक्तदान करना चाहिए। मुकेश कुमार ने कहा कि विगत कई वर्षों से बैंक रेड क्रास सोसायटी के सहयोग से इस तरह के शिविर का आयोजन करते आ रही है। रक्तदान करने वालों में कैफी रिजवी, सुशील राय, दीपक कुमार, अभिषेक सिंह, ब्रजेश चौहान, आकाश श्रीवास्तव आदि शामिल रहे। मौके पर ब्रांच हेड आशीष चन्द्र, सरदार सुरेन्द्र सिंह खालसा, अर्जुन मिश्र, पप्पू यादव, श्यामजी सिंह, कुसुम आदि मौजूद रहे।

**संक्षेप**

## बंद रेलवे गेट के नीचे से आवागमन कर रहे लोग



**बैरिया।** यहां तो मौत के कुंए जैसा रोज नजारा देखने को मिल रहा है। सुरेमनपुर मे रेलवे क्रासिंग बंद रहने पर भी लोग आवागमन करते दिख रहे हैं। लोहे का गेट गिरने के बाद भी लोग बाइक और साइकिल नीचे से निकाल ले रहे हैं। इससे आए दिन हादसे का भय बना रहता है। मना करने पर गेटमैन से लोग उलझने से परहेज नहीं कर रहे हैं। मामला सुरेमनपुर रेलवे स्टेशन के पश्चिम केबिन के पास का है, जहां से सुरेमनपुर दियारांचल, नारायणगढ़ एवं अन्य उत्तरी क्षेत्र में जाने के लिए सड़क बनी हुई है। वहां रेलवे ने क्रासिंग पर फाटक बना रखा है। बावजूद लोग इंतजार करने की बजाय लोहे के गेट के नीचे से अपनी बाइक, साइकिल, स्कूटर आदि टेढ़ी कर निकाल कर रेलवे लाइन क्रास कर रहे हैं। इसके लिए वहां तैनात गेटमैन लोगों को मना करता है, लेकिन कोई उसकी बात सुनने को तैयार नहीं। ऐसी स्थिति में आए दिन दुर्घटना की आशंका बनी रहती है। अगर यही क्रम जारी रहा तो किसी दिन बड़ी दुर्घटना हो सकती है। स्थानीय लोगों ने इस रेलवे फाटक पर जीआरपी या आरपीएफ की कुछ दिनों के लिए तैनाती करने की मांग की है, ताकि लोग क्रासिंग पर लगे रेलवे का गेट गिरने के बाद नीचे से लोगों के आने-जाने का सिलसिला बंद हो सके।

## गतात्मा की शांति को प्रार्थना

**बलिया।** स्वतंत्रता संग्राम सेनानी एवं पूर्व प्रधानाचार्य रामविचार पाण्डेय की धर्मपत्नी श्रीमती रामकली देवी के आकस्मिक निधन पर समाजवादी पार्टी ने गहरा शोक व्यक्त किया है। सपा के जिला कार्यालय पर आयोजित शोक सभा में गतात्मा की शांति के लिए दो मिनट का मौन धारण करके प्रार्थना की गई। इस अवसर पर डा. विश्राम यादव, बलवंत सिंह, यशपाल सिंह, सुशील पाण्डेय कान्हजी, धीरेंद्र बहादुर चुन्ना, राजन कन्नौजिया, राजेश गोड़, नईम अख्तर, पल्लू जायसवाल, राजेंद्र पाण्डेय, सुबास यादव, रजनीश यादव छोटू, सन्नी यादव आदि मौजूद रहे। अध्यक्षता राजमंगल यादव ने किया।

## चकबंदी के लिए खुली बैठक 15 को

**बैरिया।** विकास खंड मुरली छपरा के राजस्व ग्राम दलन छपरा में चकबंदी प्रक्रिया सरल और सहज तरीके से संपन्न कराने के लिए सहायक चकबंदी अधिकारी ने आगामी 15 दिसम्बर को पंचायत भवन पर चकबंदी कमेटी व काश्तकारों की खुली बैठक बुलाई है। सहायक चकबंदी अधिकारी ने बताया है कि चकबंदी विभाग का कार्य प्रगति पर हैं। इसमें कहीं किसी काश्तकार को हकतल्फी ना हो। इसलिए काश्तकारों एवं चकबंदी कमेटी के लोगों से विधिवत जानकारी प्राप्त की जाएगी। इसके बाद चकबंदी प्रक्रिया अगले कुछ दिनों में संपादित कराई जाएगी। जिन काश्तकारों के पास चकबंदी प्रक्रिया की पुराने अभिलेख हो, वह उसे लेकर खुली बैठक में प्रस्तुत करें, ताकि जीर्ण-शीर्ण खतौनी को ठीक किया जा सके।

## बाइक संग बक्से का ताला तोड़कर हजारों का सामान चोरी

**धानापुर।** थाना क्षेत्र के खड़ान गांव में शुक्रवार रात चोरों ने शिवमूरत राम के घर में घुस कर दो हजार नगदी सहित हजारों के सामान पर हाथ साफ कर दिया साथ ही दरवाजे पर खड़ी बाईक स्प्लेनडर प्लस जिसका नंबर यूपी 67 एसी 2347 को भी चुरा ले गए। ठंड के साथ ही आये दिन चोरी की घटना से लोगों में दहशत बढ़ी है। बताया जाता है कि चोर शिवमूरत के घर में मध्य रात्रि के लगभग घर में घुस गए और उसमें रखा बक्शा उठा ले गए। भुक्तभोगी ने बताया कि घर के बाहर मड़ई में खड़ी बाईक सहित बक्शे में दो हजार नकद, एक सोने की अंगूठी, चेन सहित चांदी के कुछ गहने और साड़ी आदि ले गए। भुक्तभोगी को भोर में जानकारी होते ही यूपी-112 नंबर पर पुलिस को सूचना देते हुए लिखित तहरीर दी। इस बाबत थानाध्यक्ष विपिन सिंह ने बताया कि चोरी के घटना की जानकारी नहीं है।

## बाइक के धक्के से महिला घायल

**बबुरी।** स्थानीय थाना क्षेत्र के दुदे गांव के पास शुक्रवार की देर शाम एक अनियंत्रित बाइक की टक्कर से पैदल जा रही एक महिला घायल हो गयी। ग्रामीणों ने घायल महिला को निजी चिकित्सालय में इलाज हेतु भर्ती करवाया। बताते हैं कि शुक्रवार की देर शाम दुदे गांव निवासी गीता देवी घर से गेहूं पीसवाने के लिए जा रही थी तभी विपरीत दिशा से आ रही एक अनियंत्रित बाइक ने महिला को जोरदार टक्कर मार दिया, जिससे गीता देवी बुरी तरह घायल हो गयी। घटना को देख आसपास के राहगीरों ने घायल गीता देवी को इलाज हेतु निजी चिकित्सालय में भर्ती करवाया। घटना में बाइक सवार सागर 21 निवासी खरीद तथा मनोहर 22 निवासी रामपुर भभौरा भी आंशिक रूप से घायल हो गए। जिन्हें सूचना पर पहुंचे परिजनों ने एक निजी चिकित्सालय में भर्ती कराया, जहां उनकी हालत स्थिर बनी हुई है।

## ट्रक पलटने से चालक घायल

**कंदवा।** क्षेत्र के कोदई गांव के पास सैयदराजा-जमानियां राष्ट्रीय राजमार्ग पर शुक्रवार की शाम डीएपी लदा ट्रक पलटने से चालक गंभीर रूप से घायल हो गया। उधर से गुजर रहे थानाध्यक्ष शैलेंद्र प्रताप सिंह ने इलाज के लिए जिला अस्पताल भेजवाया। ट्रक चालक डीएपी खाद लेकर कोदई स्थित असना साधन सहकारी समिति पर जा रहा था। समिति पर जाने के लिए मुड़ते समय ट्रक अनियंत्रित होकर गड्ढे में पलट गई, जिससे 46 वर्षीय चालक नाम पता अज्ञात गम्भीर रूप से घायल हो गया।

## आरोपः कुआं प्राथमिक विद्यालय से गायब रहते हैं शिक्षक

**कंदवा।** क्षेत्र के कुआं गांव स्थित प्राथमिक विद्यालय में शिक्षकों के गायब रहने से नाराज ग्रामीणों ने शुक्रवार को हंगामा करते हुए विद्यालय प्रशासन के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। हंगामा कर रहे अभिभावकों ने शिक्षकों पर अक्सर विद्यालय से गायब रहने का का आरोप लगाया। ग्रामीणों ने बताया कि शिक्षक अक्सर विद्यालय से गायब रहते हैं और ना ही समय पर आते हैं। विद्यालय में शिक्षक कब आते हैं कब जाते हैं पता नहीं चलता है। कुआं गांव के लोगों का आरोप है कि प्राथमिक विद्यालय के शिक्षक समय से विद्यालय नहीं आते हैं और विद्यालय समय में अक्सर विद्यालय से गायब रहते हैं। इससे नाराज ग्रामीणों ने विद्यालय में जमकर हंगामा मचाया और इसकी शिकायत ग्राम प्रधान पूजा सिंह और उनके प्रतिनिधि अजीत सिंह से किया। जिस पर उन्होंने जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी सत्येन्द्र सिंह शिकायत कर कार्रवाई करने की मांग की। विद्यालय में हेडमास्टर सहित चार शिक्षक कार्यरत हैं, जिसमें से तीन सहायक अध्यापक अक्सर गायब रहते हैं। इस सम्बन्ध में बीएसए सत्येन्द्र सिंह का कहना है कि मामले की जांच कर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

**संक्षेप**

## चोरी की मोबाइल के साथ दो गिरफ्तार



**मऊ।** थाना हलधरपुर पुलिस द्वारा शुक्रवार को देखभाल क्षेत्र व चेकिंग के दौरान जरिये मुखबिर की सूचना पर कुड़वा तिराहे के पास से मुअसं 375/22 धारा 379 भादवि से सम्बन्धित अभियुक्त पिंटू कुमार पुत्र राम अवध प्रसाद व संतोष कुमार पुत्र सुभाष प्रसाद निवासीगण औराई कला थाना भीमपुरा जनपद बलिया के कब्जे से उक्त अभियोग से सम्बन्धित चोरी का मोबाईलफोन बरामद किया गया तथा उक्त अभियोग में धारा 411 भादवि की बढोत्तरी कर चालान न्यायालय किया गया।

## 30 लीटर अवैध कच्ची शराब के साथ एक महिला गिरफ्तार

**मऊ।** थाना कोपागंज पुलिस द्वारा शुक्रवार को देखभाल क्षेत्र व चेकिंग के दौरान टंडियांव से सुमित्रा पत्नी स्व. रामदुलारे राजभर निवासी टंडियांव थाना कोपागंज के कब्जे से 30 अवैध कच्ची शराब बरामद का गिरफ्तार किया गया तथा उक्त के विरुद्ध मुअसं 494/22 धारा 60 आबकारी अधि में अभियोग पंजीकृत कर चालान न्यायालय किया गया।

## पांच वारंटी अभियुक्त गिरफ्तार

**मऊ।** जनपद के विभिन्न थानों द्वारा शुक्रवार को देखभाल क्षेत्र के दौरान, थाना चिरैयाकोट पुलिस द्वारा ओमकार पुत्र वीरभान निवासी सरौंदा जमीन थाना चिरैयाकोट, थाना दक्षिणटोला पुलिस द्वारा घुरहू पुत्र श्यामलाल निवासी कासिमपुर थाना दक्षिणटोला, थाना कोतवाली पुलिस द्वारा शैलेन्द्र साहनी पुत्र मदनलाल निवासी राजाराम का पूरा व अरविंद पुत्र श्यामजी निवासी परदहां थाना कोतवाली, थाना रानीपुर पुलिस द्वारा रामनरेश पुत्र हरिदयाल निवासी कासिमपुर थाना रानीपुर मऊ को गिरफ्तार कर चालान न्यायालय किया गया।

## रोजगार मेले में 104 अभ्यर्थियों का हुआ चयन


**मऊ।** जिला सेवायोजन कार्यालय परिसर आईटीआई कॅम्पस सहादतपुरा मऊ में रोजगार मेले का आयोजन किया गया। रोजगार मेले में एचडीएफसी इण्डिया प्रा.लि., सिपला आयुर्वेद, ब्राइट फ्यूचर आरमैनिक हर्बल्स एण्ड आयुर्वेदिक प्रा.लि. एवं महामाया विकास गारमेन्टस लि. द्वारा प्रतिभाग कर 158 अभ्यर्थियों में से 104 का चयन किया गया। रोजगार मेले के सफल क्रियान्वयन में कार्यालय के एमआर प्रजापति सेवायोजन अधिकारी सहित कार्यालय के समस्त कर्मचारी उपस्थित रहें।

## कांग्रेस सोशल मीडिया पूर्वांचल प्रांत के प्रभारी बने अकरम



**मऊ।** प्रादेशिक भारत जोड़ो यात्रा के कुशल संचालन हेतु पंखुड़ी पाठक द्वारा सोशल मीडिया अधिक प्रभावी बनाने हेतु मऊ जनपद के कांग्रेस सोशल मीडिया के जिलाध्यक्ष अकरम प्रीमियर को पूर्वाचल प्रांत का प्रभारी की जिम्मेदारी देने पर कार्यकताओं ने खुशी का इजहार करते हुऐ कहा कि जमीन के कार्यकर्ता को महत्व देने पर शीर्ष नेतृत्व को धन्यवाद साथ ही साथ अकरम प्रीमियम बहुत बहुत बधाई के साथ वह अपने कार्यो में सफल हो आप एक जुझारू कर्मठ एवं मिलनसार ब्यक्तित्व के धनी है आप अपने मिषन में कामयाब हो। इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से प्रदेश सचिव डॉक्टर जनक कुशवाहा, जिलाध्यक्ष इंतेखाब आलम, शहर अध्यक्ष विष्णु प्रकाश कुशवाहा, जिला प्रवक्ता पूजा राय, जिलाउपाध्यक्ष संजय यादव, शीला भारती, जिला महासचिव मधुसूधन त्रिपाठी, शहर उपाध्यक्ष रमन पाण्डे, रफी अतहर, वकील अहमद, अजीजुर रहमान, मनोज गिहार, रवि खंडलवाल, कलाम अख्तर, खालिद, सागर, शैलेंद्र सिंह, अविनाश सिंह, अकील अहमद, संजय चैहान, सलमान ईरशाद इत्यादि।

## आवाम की समस्या को सुनकर उसे दूर करना मेरा उद्देश्य : तय्यब



**मऊ।** नगर पालिका क्षेत्र स्थित वार्ड नं. 30 मुहल्ला डोमनपुरा प. सरजू राय के पुरा में लगभग 6.82 लाख रुपये की लागत से निर्मित नाली मरम्मत व सीसी इण्टरलाकिंग व वार्ड नं. 22 हट्ठीमदारी में लगभग 26.57 लाख रुपये की लागत से निर्मित नाला, स्लैब व रबर मोल्डेड इण्टरलाकिंग तथा वार्ड नं. 21 मु. मुंशीपुरा में लगभग 6.69 लाख रुपये की लागत से निर्मित इण्टरलाकिंग मरम्मत कार्य का लोकार्पण पालिकाध्यक्ष मु. तय्यब पालकी के कर कमलों द्वारा सम्पन्न हुआ। यह कार्य संयुक्त रुप से 40.08 लाख रुपये की लागत से पूर्ण हुए है। लोकार्पण के इस अवसर पर वहां उपस्थित भव्य जनसमूह को सम्बोधित करते हुये पालिकाध्यक्ष मु. तय्यब पालकी नागरिकों को सुविधा देने हेतु पालिका द्वारा कराये जा रहे नागरिक सुविधाओं पर आधारित विकास कार्यों के प्रति आश्वस्त करते हुये कहा कि मेरा उद्देश्य यही है कि मैं अवाम की समस्याओं को सुनकर उसे तत्काल दूर करुँ। उन्होने कहा कि मैं हमेशा इस चिन्तन में लगा रहता हूँ कि हमारे क्षेत्र की प्रिय जनता को किसी दुश्वारी का सामना न करना पड़े और मैं नये नये विकास की संभावनाओं को सृजित करता रहूँ। पेयजल आपूर्ति की समुचित व्यवस्था करने हेतु नगर में चार ओवर हैड टैंक निर्मित कराये गये है। नगर में 44 नलकूप अधिष्ठापित कराये गये, 105 किमी पाईप लाईन का विस्तार कराया। श्री पालकी ने कहा कि हम आपकी सेवा हेतु हमेशा तत्पर है। इस अवसर पर मुख्य रूप से सभासदगण फखरे आलम, फिरोज अहमद सब्बु के अतिरिक्त शादाब जहीर, शकील, कमलेश, रईस, शमीम, मंटू मनीष, परवेज, अरशद वासे आदि के इलावा काफी संख्या में क्षेत्रवासी मौजूद रहे।

## साइन बोर्ड से टकराई बाइक, घायल

**रतनपुरा, मऊ।** रतनपुरा कस्बा के डीह तिलक ठाकुर मौजे में एक बाइक सवार अनियंत्रित होकर के साइन बोर्ड से जाकर के टकरा गया। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना शुक्रवार के दोपहर 2 बजे के लगभग की है। बताया जाता है कि अरविंद कुमार सिंह 42 वर्ष हलधरपुर थाना क्षेत्र के समनपुरा ग्राम पंचायत के निवासी हैं, और वह अपने गांव से मऊ जा रहे थे कि रतनपुरा स्थित एक मैरिज हाल के साइन बोर्ड से जाकर के टकरा गए। गनीमत थी कि वे हेलमेट लगाए हुए थे, जिसकी वजह से सिर बाल-बाल बच गया परंतु बोर्ड में टकराने की वजह से उनका हाथ फैक्चर हो गया है। स्थानीय लोगों ने तत्काल सरकारी एंबुलेंस से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर भेजा। जहां से प्राथमिक उपचार के बाद जिला चिकित्सालय भेज दिया गया।

# 25 साल बाद बलिया नगर में खिलेगा कमल

**बोले नरेन्द्र सिंह**

## बूथ प्रभारियों एवं संयोजकों से लिया वार्डों का फीड बैक

जनसंदेश न्यूज



निकाय चुनाव से संबंधित बैठक को संबोधित करते दर्जा प्राप्त राज्यमंत्री नरेन्द्र सिंह

**बलिया।** पूर्वांचल विकास बोर्ड के उपाध्यक्ष दर्जा प्राप्त राज्यमंत्री एवं बलिया नगर पालिका परिषद के निकाय प्रभारी नरेन्द्र सिंह ने नारायणी हाल में चुनाव को लेकर आवश्यक बैठक की। इसमें नपा बलिया के 25 वार्डों के बूथ प्रभारी एवं संयोजक से वार्डों के बारे में फीड बैक लिया। साथ ही प्रत्याशियों के चयन को लेकर अपनी बात कही।

उन्होंने कहा कि प्रत्याशियों का चयन करके सूची फाइनल करें कि कौन कहां से लड़ेगा। इसके अलावा नगर पालिका अध्यक्ष पद के लिए बेहतर, कर्मठ, संघर्षशील महिला प्रत्याशी को मैदान में उतारने की जरूरत है। 25 वर्षों के बाद बलिया नगर में कमल खिलाने की जरूरत है।

कार्यकर्ताओं का आह्वान करते हुए कहा कि आप सभी वार्डों में भ्रमण करते रहे।

जनता की छोटी-बड़ी समस्याओं का समाधान करें। वार्डवासियों को किसी तरह की कोई दिक्कत न हो। इसके लिए समय-समय पर उनसे संपर्क करते रहे। इस अवसर पर जिला प्रभारी विजय बहादुर दूबे, जिलाध्यक्ष जयप्रकाश साहू, जिला संयोजक सुरेन्द्र सिंह, नगर पालिका संयोजक अनूप चौबे, विजय बहादुर सिंह, सुनीता श्रीवास्तव, नीतू पांडेय, सोनी तिवारी, राजेश गुप्त, संजीव कुमार डम्पू, संतोष सिंह, कृष्णा पांडेय, नकुल चौबे, मनोज श्रीवास्तव, अंकुर सिंह, सुभाष वर्मा, श्यामबाबू, विजय शंकर गुप्त, हरिनारायण पप्पू आदि मौजूद रहे।

### सरिता, विजयकमला, प्रीति व सुमन ने किया आवेदन

**बलिया।** नगर पालिका परिषद बलिया में अध्यक्ष पद के लिए सरिता गुप्ता, विजयकमला, प्रीति जायसवाल, संस्कृति सिंह, किरन चौबे, सुमन, किरन जौहरी आदि ने अपना आवेदन भाजपा के निकाय चुनाव प्रभारी नरेन्द्र सिंह तथा जिला संयोजक सुरेन्द्र सिंह को दिया। गेस्ट हाउस में आवेदन कर्ताओं की भीड़ लगी रही। सरिता गुप्ता एवं विजयकमला जुलूस के साथ गेस्ट हाउस पहुंची। इसके बाद नारायणी सिनेमा हाल पर पहुंचे नरेन्द्र सिंह का स्वागत किया गया।

# ब्लॉक के क्रियाकलाप से प्रधानों में आक्रोश, आंदोलन की चेतावनी

जनसंदेश न्यूज



**दोहरीघाट, मऊ।** ब्लॉक मुख्यालय पर प्रधान संघ अध्यक्ष रजनीकांत मौर्य के अध्यक्षता में प्रधानों की बैठक हुई। जिसमें ब्लाक के भ्रष्टाचार का मुद्दा छाया हुआ था। उक्त बैठक को संबोधित करते हुए प्रधान संघ के प्रदेश प्रभारी रविंद्र नाथ राय ने कहा कि प्रधानों की समस्या का समाधान अगर नहीं होगा तो प्रधान संघ ब्लॉक से लेकर प्रदेश तक प्रधानों की समस्या की लड़ाई लड़ेंगा। जिलाध्यक्ष अजय जायसवाल ने कहा की प्रधानों का उत्पीड़न निरंतर होता है जिसके लिए संबंधित अधिकारी जिम्मेदार हैं। मंडल उपाध्यक्ष श्रीधर राय ने कहा कि ब्लॉक में भ्रष्टाचार का बोलबाला है। भ्रष्टाचार मिटाने के लिए प्रधान संघ एकजुट होकर आंदोलन करेगा।

उक्त बैठक को संबोधित करते हुए रजनीकांत मौर्य ने कहा कि ब्लॉक में विकास कार्य के लिए कदम कदम पर सुविधा शुल्क लिया जा रहा है। विकास की गति धीमी होती जा रही है प्रधानों पर विकास न करने का सदैव आरोप लगा जा रहा है जो विकास कार्य कर रहा है उसकी पूरी भुगतान भी नहीं हो रहा है। उन्होंने कहा कि हम प्रधानगढ़ तब तक अपने गांव में काम नहीं करेंगे जब तक हमारा पुराना भुगतान नहीं हो जाता। बैठक के बाद प्रतिनिधिमंडल खंड विकास अधिकारी संदीप कुमार सिंह से मिला और अपनी समस्याओं से अवगत कराया समस्याओं का समाधान ना होने पर आंदोलन की चेतावनी दी।

खंड विकास अधिकारी संदीप कुमार सिंह ने कहा कि हमारे संज्ञान में जो समस्याएं बता रहे हैं वह हमारे संज्ञान में नहीं है आपकी समस्या का समाधान शीघ्र होगा। उन्होंने प्रधानों को आश्वासन दिया कि आपके जो भुगतान रुके हैं धन उपलब्ध होते ही उसका भुगतान कर दिया जाएगा। उन्होंने बताया कि आपकी जो भी समस्या हो उसे पटल पर पर रखे ताकि उसका निदान हो सके फिर भी प्रधान संघ नारेबाजी करता रहा। उक्त अवसर पर कमलेश यादव, रमेश यादव, सुनील मौर्या, शिवानंद, सुषमा, कौशल, रामजतन सिंह, बब्बन कनौजिया, बीपीन सहानी, जितेंद्र यादव सहित रामगढ़ मौजूद रहे।

# आरसीसी सड़क का ब्लॉक प्रमुख ने किया लोकार्पण



**मधुबन, मऊ।** स्थानीय विकास खण्ड क्षेत्र के ढ़ढ़वल पटराव में बहुत दिनों से जर्जर से सड़क से ग्रामीणों को आने जाने में दिक्कतें उठानी पड़ रही थी। अब सड़क का आरसीसी सड़क का लोकार्पण ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि प्रवीण कुँवर सिंह शुभम द्वारा किये जाने के बाद लोगो मे खुशी का माहौल है। विकास खण्ड क्षेत्र के ढ़ढ़वल पटराव में लगभग छ लाखो रुपये की लागत से क्षेत्र पंचायत द्वारा ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि प्रवीण कुँवर सिंह शुभम द्वारा ग्रामीणों द्वारा सड़क की बदहाली के शिकायत किया गया। जिसको संज्ञान में लेते हुए शुभम सिंह द्वारा छह लाख रुपये की लागत से जर्जर सड़क का निर्माण कार्य कराकर सड़क का लोकार्पण हो जाने से सन्दीप शर्मा, सतेंद्र सिंह, अमित मिश्रा, भोला राजभर, मोनु सिंह आदि का कहना है कि जर्जर सड़क की बदहाली से हम लोगो को दिक्कत होती थी। अब सड़क का आरसीसी बन जाने से खुशी का माहौल है। शुभम सिंह ने कहा कि प्रदेश सरकार के जनकल्याणकारी योजनाओं के तहत विकास खण्ड सड़क नाला, आवास, पेंशन आदि से गांवों का विकास करना हमारा लक्ष्य है।

# निर्माण कार्यों को गुणवत्तापूर्ण व समय से करें पूर्ण : डीएम

**बैठक**

## 50 लाख तथा उससे अधिक लागत वाले निर्माण कार्यों की समीक्षा बैठक संपन्न



**मऊ।** शुक्रवार को जिलाधिकारी अरुण कुमार की अध्यक्षता में जनपद में रु. 50 लाख अथवा उससे अधिक लागत की निर्माण कार्यों की समीक्षा बैठक संपन्न हुई। इस दौरान जिलाधिकारी ने कार्यदाई संस्था पैकफेड, सीडको, उप्र आवास एवं विकास परिषद, यूपीपीसीएलसी-डीएस सिंचाई विभाग, लेकफेड, उ.प्र. पुलिस आवास निगम लिमिटेड, लोक निर्माण विभाग सहित अन्य कार्यदाई संस्थाओं द्वारा जनपद में निमार्णाधीन कार्यों की समीक्षा की।

सीएंडडीएस के कार्यों की समीक्षा के दौरान अधिशासी अभियंता ने बताया कि कुल 6 निर्माण कार्य कराए जा रहे हैं। बस स्टेशन एवं डिपों का निर्माण कर 100 प्रतिषत पूर्ण हो चुका है। ड्रग वेयरहाउस के निर्माण में बजट के अभाव में अभी कार्य रुका हुआ है, जबकि मधुबन में राजकीय महाविद्यालय का कार्य अपने अंतिम चरण में है। सॉलिड वेस्ट प्रोसेसिंग परियोजना हेतु अभी तक भूमि के सीमांकन ना होने पर जिलाधिकारी ने अधिशासी अधिकारी नगर पालिका से इस संबंध में संपर्क कर तत्काल आवश्यक कार्रवाई करने के निर्देश अधिशासी अभियंता को दिए। उत्तर प्रदेश आवास एवं विकास परिषद द्वारा निमार्णाधीन कुल 2 परियोजनाओं की समीक्षा के दौरान संबंधित अधिशासी अभियंता ने बताया कि मझवारा में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के निर्माण का कार्य दिसंबर में पूर्ण हो जाएगा, इसका 97 प्रतिषत कार्य अब तक पूर्ण हो चुका है। राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, घोसी का भी 98 प्रतिषत कार्य पूर्ण हो चुका है।

इन दोनों परियोजनाओं को दिसंबर माह के अंत तक हैंडओवर भी कर दिया जाएगा। सिंचाई विभाग के कार्यों की समीक्षा के दौरान सहायक अभियंता सिंचाई ने बताया कि हथिनी बांध पर सुदृढ़ीकरण का कार्य चल रहा है। इसकी भौतिक प्रगति 95 प्रतिषत है। यूपीपीसीएल द्वारा निमार्णाधीन परियोजनाओं की समीक्षा के दौरान अधिशासी अभियंता ने बताया कि कुल 7 परियोजनाओं में से दो पूर्ण हो चुके हैं। बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने क्रिटिकल गैप्स एवं त्वरित आर्थिक विकास योजना अंतर्गत निमार्णाधीन परियोजनाओं की समीक्षा के साथ ही लोक निर्माण विभाग, जल निगम विभाग, उत्तर प्रदेश वक्फ विनि लिमिटेड, उत्तर प्रदेश राजकीय निर्माण निगम, लैकफेड, पैकफेड आदि द्वारा जनपद में रु 50 लाख या उससे अधिक लागत वाले निर्माण कार्यों की भी विस्तृत समीक्षा की।

इस दौरान उन्होंने सभी अधिकारियों को निर्धारित समय के अंदर ही सारे कार्य गुणवत्तापूर्ण ढंग से पूर्ण करने के निर्देश दिए एवं लापरवाही पाए जाने पर कड़ी कार्यवाही की चेतावनी भी दी। साथ ही जिलाधिकारी ने उपस्थित समस्त अधिशासी अभियंताओं को धनाभाव के कारण रुकी परियोजनाओं हेतु शासन से आवश्यक पत्राचार करने के निर्देश दिए। बैठक के दौरान मुख्य विकास अधिकारी प्रशांत नागर, अधिशासी अभियंता पीडब्ल्यूडी, पैकफेड, सिडको, यूपीपीसीएल, लेकफेड एवं अन्य सभी कार्यदायी संस्थाओं के अधिशासी अभियंता उपस्थित थे।

# आम के पेड़ से लटकता मिला युवक का शव

जनसंदेश न्यूज

**मरदह।** थाना क्षेत्र के लहुरापुर गांव के बगल स्थित खेत में आम के पेड़ से लटकता एक युवक का शव मिला है। घटना की जानकारी मिलते ही पूरे गांव में हड़कंप मच गया। घटनास्थल पर सैकड़ों ग्रामीणों की भीड़ जुट गई। ग्रामीणों के मुताबिक युवक की हत्या कर पेड़ से लटकाया गया है। सूचना पर पहुंची पुलिस शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया । वहीं घटना को लेकर छानबीन में जुट गई।

लहुरापुर गांव निवासी सुन्दरम सिंह उर्फ गोरख 18 वर्ष पुत्र मुन्ना सिंह चार दिन पूर्व 6 दिसंबर को घर से लापता था। तभी से उसका मोबाइल स्वीच ऑफ आ रहा था। काफी जगह खोजबीन करके परेशान परिजनों ने सुन्दरम सिंह उर्फ गोरख के गायब होने की गुमशुदगी की सूचना मरदह थाने में दर्ज करायी थी। उसके बाद पुलिस सहित परिजन उसके खोजबीन में जुटे थे कि शुक्रवार की सुबहसुन्दरम के घर से दो सौ मीटर दूर स्थित एक खेत के पास गांव की महिला ने गोरख के शव को आम के पेड़ लटकता देखकर गांव में आकर शोर मचाया। तब ग्रामीण पेड़ के पास पहुँचे तो देखा गोरख के पंकिट में उसका मोबाइल पड़ा हुआ है। उसका शव पेड़ से लटक रहा है। जिस स्थान पर गोरख का शव लटकता मिला।

ग्रामीण लगातार तीन दिन से खोज रहे थे। ग्रामीणों के मुताबिक कही अन्यत्र बंधक बनाकर रखने के बाद हत्या कर शव लाकर लटका दिया गया है। घटना को देखकर आक्रोशित ग्रामीणों की सैकड़ों की संख्या में भीड़ जुट गई। ?ग्रामीणों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने घंटों मशक्कत के बाद शव को पेड़ से उतार कर कब्जे में लिया। थानाध्यक्ष दुष्यंत सिंह ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। पीएम रिपोर्ट आने से मृत्यु के सही कारणों का पता लग सकेगा। प्रकरण की जांच के लिए पुलिस टीम लगाई गई है। मौके पर शांति व्यवस्था के लिए सीओ कासिमाबाद बलिराम, कासिमाबाद, बिरनो,दुल्लहपुर की फोर्स पहुँची थी।

**सनसनी**

### अपहरण के बाद हत्या की आशंका, क्षेत्र में मची सनसनी

### घर का इकलौता चिराग व कमाऊ सदस्य था

मृतक घर का एकलौता चिराग व कमाऊ सदस्य था, घटना के बाद सुन्दरम सिंह उर्फ गोरख की मां रेनू सिंह,बहन सोनम सिंह, पिता मुन्ना सिंह सहित परिजनों के रोने बिलखने से गांव का माहौल गमगीन हो गया। बताया मृतक दिल्ली में प्राइवेट फैक्ट्री में पेंटिंग की नौकरी करता था। गायब होने के तीन दिन पूर्व घर आया था। दस दिसम्बर को वापस नौकरी पर जाना था। मृतक के परिवार की आर्थिक स्थिति काफी कमजोर है। खेती किसानी से किसी तरह घर पोषण चलता है।



लहुरापुर गांव में युवक की मौत के बाद ग्रामीणों की भीड़।

### पीड़ित परिवार ने एसपी से लगाई गुहार, पुलिस से बचाएं साहब

**गाजीपुर।** पुलिस अधीक्षक ओमवीर सिंह से मिलकर रामचन्द्र यादव ने गुहार लगाई है कि करंडा पुलिस मुझे व मेरे परिवार को झूठे मुकदमें में फंसाने की धमकी दे रही है। करंडा थाना क्षेत्र के रामचन्द्र यादव पुत्र स्व. गौरी शंकर यादव निवासी नरायनपुर ने एसपी से मिलकर आरोप लगाया कि स्थानीय पुलिस हम लोगो को झूठे मुकदमें में फंसाने की धमकी दे रही है। बुधवार को हमारे पट्टीदार राम अवध व राम आधार द्वारा हमारी जमीन पर जबरदस्ती कब्जा किया जा रहा है। जिसकी तहरीर हम लोगों द्वारा पुलिस को दी गई थी। इस बाबत एसपी ने बताया कि किसी भी निर्दोष पर कार्रवाई नहीं होगी। मामले की जांच कराई जाएगी।

## हत्या को दुर्घटना का रूप दे रही है पुलिस

**गाजीपुर।** शहर कोतवाली क्षेत्र के जैतपुरा में गुरुवार की सुबह मिले शव को लेकर जहाँ पुलिस दुर्घटना बता रही हैं। वहीं परिजन हत्या का आरोप लगा रहे हैं। शुक्रवार को बब्लू राम पुत्र बसावन राम निवासी फतेहपुर थाना नोनहरा ने पुलिस अधीक्षक ओमवीर सिंह से मिलकर आरोप लगाया कि मेरे भाई आनंद राम कुछ दिनों से आर्केस्ट्रा में काम करता था। चार पांच दिनों से आर्केस्ट्रा मालिक राकेश राम के साथ काम कर रहा था। फोन पर उसने बताया था कि आर्केस्ट्रा मालिक से हिसाब-किताब को लेकर विवाद हो गया है। गुरुवार को फोन के जरिये आनंद के मौत की सूचना मिलने पर हम लोग कोतवाली पहुँचे जहाँ अपने भाई की शिनाख्त किया। वही हत्या की तहरीर देने के बाद भी कोतवाली पुलिस मामले को दुर्घटना करार दे रही है। पीड़ित परिवार की तहरीर पर पुलिस अधीक्षक ओमवीर सिंह ने मामले की जांच कराने का आश्वासन दिया गया।

## संक्षेप

### 12 को होगा पीएम शिक्षुता मेले का आयोजन

**गाजीपुर।** प्रधानाचार्य राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान ने बताया है कि 12 दिसंबर को प्रधानमंत्री राष्ट्रीय शिक्षुता मेला (पीएमएनएएम) राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान में आयोजित होना है। प्रधानमंत्री राष्ट्रीय शिक्षुता मेला के सम्बन्ध में जनपद के अधिष्ठान एवं अभ्यर्थी अपना पंजीकरण पर कर सकते है। इसके लिए जिला उद्योग प्रोत्साहन तथा उद्यमिता विकास केन्द्र में विशेष हेल्प डेस्क की स्थापना की गयी है। शिशिक्षुओं के पंजीकरण के मार्गदर्शन हेतु राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान से सम्पर्क किया जा सकता है। इसके अन्तर्गत व्यवसायिक शिक्षा एवं कौशल विकास विभाग के अधीन संचालित राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान एवं निजी औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान से उत्तीर्ण कर चुके युवक,युवतियों के लिए सरकारी/निजी अधिष्ठानो व विभागो में एक वर्ष के लिए अप्रेंटिसशिप प्रशिक्षण योजना के तहत रखा जायेगा।

### पुलिस ने चार वारंटियों को किया गिरफ्तार



**भांवरकोल।** पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर अपराध एवं अपराधियों के खिलाफ चलाए जा रहे विशेष अभियान में स्थानीय भांवरकोल पुलिस ने अदालत द्वारा जारी वारन्ट के बावजूद काफी अर्से से फरार चल रहे कुल चार वारंटियों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार सभी वारन्टी छोटू यादव, मूसन यादव, रमेश यादव एवं छोटे लाल इसी थाना क्षेत्र के लोचाईन गांव के रहने वाले हैं। इस सम्बन्ध में थानाध्यक्ष सत्येंद्र कुमार राय ने बताया कि गिरफ्तार चारों के खिलाफ एसटी-एससी अदालत द्वारा गैरजमानती वारंट जारी था। इसके बावजूद वह काफी समय से फरार चल रहे थे। उन्होंने बताया कि यह सूचना मिली कि चारों आरोपी घर पर मौजूद हैं। सूचना मिलने मौके पर थाने के एसआई रविप्रकाश अपने हमराहियों के साथ पहुंचकर चारों लोगों को गिरफ्तार कर लिया ।सभी को सम्बन्धित अदालत में पेश कर दिया गया है।

### साहित्य चेतना समाज ग्यारह को करायेगा प्रतियोगिता

**गाजीपुर।** साहित्य चेतना समाज के तत्वावधान में रविवार आदर्श इण्टर कॉलेज महुआबाग में हिन्दी सुलेख,हिन्दी श्रुतलेख,अंग्रेजी सुलेख,अंग्रेजी श्रुतलेख,सामान्य हिन्दी ज्ञान एवं सामान्य अंग्रेजी ज्ञान प्रतियोगिता का आयोजन दिन में 11 बजे से किया गया है। दो वर्गों में आयोजित इस प्रतियोगिता के कनिष्ठ वर्ग में कक्षा 4 से 6 एवं मध्यम वर्ग में कक्षा 7 व 8 के विद्यार्थी प्रतिभाग करेंगे। सभी प्रतिभागियों को प्रवेश-पत्र भेजा जा चुका है। यदि किसी प्रतिभागी को प्रवेश-पत्र न मिला हो तो वह प्रतियोगिता के दिन प्रतियोगिता केन्द्र पर प्रतियोगिता प्रारंभ होने के आधा घंटा पूर्व सम्पर्क कर प्रवेश-पत्र की द्वितीय प्रति प्राप्त कर सकता है।

### डीआईओएस ने शिक्षकों के साथ की बैठक



**मुहम्मदाबाद।** अष्ट शहीद इंटर कॉलेज के सभागार में जिला विद्यालय निरीक्षक अशोक नाथ तिवारी और प्रधानाचार्यो की बैठक संपन्न हुई । इस बैठक में अगले वर्ष होने वाले बोर्ड की परीक्षा के विषय में तथा छात्र-छात्राओं के पठन-पाठन को सुचारू रूप से चलाने संबंधी विषय पर वार्ता हुई। बैठक में सभी राजकीय विद्यालय, मान्यता प्राप्त विद्यालय एवं इंटर कॉलेज के प्रधानाचार्य उपस्थित हुए। जिला विद्यालय निरीक्षक ने कहा कि राष्ट्रीय माध्यमिक शिक्षा अभियान के कार्यक्रम को प्रभावी ढंग से लागू करना है। नई शिक्षा नीति 2020 के प्रभावी क्रिया हेतु कार्य को करना है। दूसरी तरफ आगामी 2023 में होने वाली बोर्ड की परीक्षा के प्रति निष्पक्षता ,नकल विहीन एवं शांतिपूर्ण संपन्न कराना है। छात्र छात्राओं को पठन-पाठन एवं शिक्षा से संबंधित किसी भी कठिनाई के सम्बन्ध में है। अध्यक्षता अष्ट शहीद इंटर कॉलेज के प्रधानाचार्य शिव शंकर गिरि, संचालन चौधरी दिनेश राय ने किया। बैठक में बृजेश पाठक,अच्युतानंद राय आदि मौजूद रहें।

### एमबीबीएस द्वितीय बैच के छात्रों ने ली शपथ

**गाजीपुर।** एमबीबीएस द्वितीय बैच सत्र 2022-23 के छात्रों का बवंज एवं चरक शपथ ग्रहण कार्यक्रम राजकीय मेडिकल कालेज में मुख्य अतिथि जिलाधिकारी अयार्का अखौरी की उपस्थिति में हुआ। इस कार्यक्रम का शुभारम्भ जिलाधिकारी आर्यका अखौरी ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया। इस समारोह में प्रधानाचार्य मेडिकल कालेज , वरिष्ट कोषाधिकारी, मुख्य चिकित्सा अधीक्षक एवं समस्त फैकल्टी मेम्बेर्स उपस्थित रहे। कार्यक्रम में जिलाधिकारी छात्र-छात्राओं को उनके स्वर्णिम भविष्य की शुभकामना देते हुए पठन-पाठन पर प्रोत्साहित किया। इस दौरान डा. अन्नू मक्कर ने कालेज के पिछले एक वर्ष की उपलब्धियों का संक्षिप्त विवरण प्रस्तुत किया। कार्यक्रम का संचालन डा. अनुप्रिया कुमारी ने किया तथा कार्यक्रम के समाप्ति पर डा. नीरज कुमार ने धन्यवाद ज्ञापित किया।

### बोलेरो ने बाइक में मारी टक्कर, दो घायल



**गहमर।** गहमर थाना क्षेत्र के गहमर ईदगाह के पास शुक्रवार को बोलेरो की टक्कर से बाइक सवार दो युवक गंभीर रुप से घायल हो गए। स्थानीय लोगों ने दोनों को अस्पताल पहुंचाया। गहमर थाना क्षेत्र के खुदरा - पथरा गांव निवासी राकेश गुप्ता पुत्र मानिक चंद गुप्ता व रोशन गुप्ता पुत्र नरेश गुप्ता शुक्रवार को बाइक से गहमर जा रहे थे। अभी दोनों ताड़ीघाट-बारा मार्ग पर गहमर ईदगाह के पास ही पहुंचे थे कि अनियंत्रित बोलेरो ने बाइक में टक्कर मार दिया। इस हादसे में बाइक सवार दोनों युवक गंभीर रुप से घायल हो गए। दोनों को स्थानीय लोगों की मदद से निजी अस्पताल में भर्ती करया गया। प्रभारी निरीक्षक पवन कुमार उपाध्याय ने बताया कि अज्ञात बोलेरो की टक्कर से दो युवक घायल हो गए हैं। टक्कर मारने वाली बोलेरो का पता लगाया जा रहा है।

### कांग्रेसियों ने सोनियां गांधी का मनाया जन्मदिन

**गाजीपुर।** जिला कांग्रेस पार्टी के नेतृत्व में कांग्रेस पार्टी के रजदेपुर स्थित कैम्प कार्यालय में हिमांचल प्रदेश की जीत और कांग्रेस पार्टी की पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष व सांसद सोनिया गांधी का 76 वा जन्मदिन कार्यक्रम उनके चित्र पर माल्यार्पण और मिष्ठान वितरण के बाद गोष्ठी कर मनाया गया। इस बैठक में रविकांत राय,डॉक्टर जनक कुशवाहा, जनार्दन राय, अजय कुमार श्रीवास्तव ,सुनील साहू ,ज्ञान प्रकाश सिंह मुन्ना, मुसाफिर बिंद आदि रहें उपस्थित रहे ।

### भूतपूर्व सैनिक विदेश में पायेंगे नौकरी

**गाजीपुर।** एनएसडीसी के अन्तर्गत एसआईआईसी वाराणसी के माध्यम से विदेशों में रोजगार पाने के इच्छुक भूतपूर्व सैनिकों कि प्री-काउन्सिलिंग जिला रोजगार सहायता कार्यालय में 15 दिसंबर को प्रातः 10:30 बजे से प्रस्तावित है। जिला सैनिक कल्याण एवं पुनर्वास अधिकारी ने जनपद के सभी इच्छुक भूतपूर्व सैनिकों को अपने मूल प्रमाण पत्रों जिसमें 12 वी पास , ट्रेड-आई टी आई (इलेक्ट्रॉनिक, फीटर, पलम्बर, सेक्योरिटी गार्ड एवं पेन्टर) आयु-35 से 40 वर्ष के प्रमाण पत्रों के साथ निर्धारित तिथि को उपस्थित होने के लिए सूचित किया है।

# बदमाशों की फायरिंग में बाल-बाल बचे थानाध्यक्ष

जनसंदेश न्यूज

**गाजीपुर।** दुल्लहपुर थाना क्षेत्र में फाइनेंस कर्मी से लूट का पुलिस ने पर्दाफाश कर दिया है। पुलिस ने घटना में शामिल चार लुटेरों को गिरफ्तार कर लिया है। लुटेरों के पास से देशी तमंचा व कारतूस के साथ 58 हजार 870 रुपए बरामद किया है।

पुलिस अधीक्षक द्वारा अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत दुल्लहपुर थानाध्यक्ष प्रवीण कुमार यादव पुलिस टीम के साथ मलेठी तिराहा पर संदिग्ध व्यक्तियों की चेकिंग कर रहें थे। इस दौरान स्वाट टीम प्रभारी उपनिरीक्षक रामाश्रय राय भी तिराहे पर मिल गए। आपस में अपराध एवं अपराधियों के विषय में वार्ता कर रहे थे। इस बीच मुखबिर से सूचना मिली कि राहगीर पुलिया के पास हुए लूटकांड में शामिल बदमाश छपरी की तरफ से नहर की पटरी पकड़कर कोई अन्य लूट की घटना को अंजाम देने के उद्देश्य से मलेठी की तरफ आ रहे हैं। स्वाट टीम प्रभारी व थानाध्यक्ष धर्मागतपुर नहर तिराहा के पास दो मोटरसाइकिल सवार दिखाई दिए। जिसने पुलिस को देखते ही गोली मारने का प्रयास किए। बदमाशों ने पुलिस वालों को लक्ष्य करके एक-एक चक्र फायरिंग भी की। संयोग अच्छा रहा कि दुल्लहपुर थानाध्यक्ष के कान के पास से व का0 रोहित सिंह के दाहिने तरफ से गोली गुजरी जिसमें वह बाल-बाल बच गए । बदमाश पुलिस पर फायरिंग करते हुए हड़बड़ा कर गाड़ी मुंडाकर पीछे की तरफ भागना चाहे कि आपस में गाड़ी की टक्कर हो जाने से गिर पड़े। जिन्हें स्वाट टीम व थाना दुल्लहपुर पुलिस सावधानीपूर्वक घेर कर मौके से ही पकड़ लिया गया।

**दबंगई**

### फाइनेंस कर्मी से लूट का हुआ खुलासा

### पुलिस ने चार लुटेरों को किया गिरफ्तार



कार्यालय में लूटेरों को मीडिया के समक्ष पेश करते एसपी ओमवीर सिंह।

### देशी तमंचा और रूपये से भरा बैग बरामद

पकड़े गए बदमाश थाना दुल्लहपुर के छपरी गांव निवासी राजा चौहान पुत्र हरिद्वार चौहान के पास से एक तमंचा एक जिंदा कारतूस और 12 हजार 200 नगद बरामद हुआ । दूसरा थाना शादियाबाद इंद्रपुर छिड़ी गांव निवासी विपिन पाल पुत्र महेंद्र पाल के पास से एक तमंचा , एक जिंदा कारतूस व 10 हजार 500 नगद बरामद हुआ। तीसरे बदमाश भुड़कुड़ा के महार बुजुर्ग गांव निवासी अभिषेक यादव पुत्र रामाश्रय यादव के पास से एक अदद तमंचा .315 बोर व 2 अदद जिंदा कारतूस व 7700 नगद बरामद हुआ। चौथे बदमाश शादियाबाद थाना के इंद्रपुर छिड़ी गांव निवासी गुलशन शर्मा पुत्र राम अवध शर्मा के पास से एक तमंचा व 9600 रुपए बरामद हुआ। पूछताछ में बदमाशों ने बताया कि पांच लोगों का एक ग्रुप है। जिसने बीते पांच दिसंबर को राजगीर पुलिया के पास फाइनेंन्स कर्मी से रुपए से भरा बैग लूटा था।

## अधिकारियों ने कराई गलत सूचना फीड, डीएम का पारा गरम

**गाजीपुर।** जिलाधिकारी आर्यका अखौरी की अध्यक्षता में शासन द्वारा निर्धारित शासन के महत्वपूर्ण (37 बिन्दु) मुख्यमंत्री की सर्वोच्च प्राथमिकता विकास कार्यों की समीक्षा बैठक राइफल क्लब सभागार में शुक्रवार को सम्पन्न हुआ। जिला अल्पसंख्यक अधिकारी एंव अधिशासी अभियन्ता देवकली प्रथम द्वारा गलत सूचना फीड कराये जाने पर नाराजगी व्यक्त करते हुए चेतावनी दी। बैठक में जिलाधिकारी ने समस्त संबंधित विभागों से जुड़ी योजनाओं की माह प्रगति के बारे में समीक्षा करते हुए कहा कि संबंधित अधिकारी समय सीमा में निर्धारित विभागीय विकास परक योजनाओं एवं निमार्णाधीन परियोजनाओं को समय से पूरा करने के सख्त निर्देश दिये है। उन्होंने कहा कि जन कल्याणकारी योजनाओं को प्राथमिकता के आधार पर लागू कर पात्र आम जनमानस को त्वरित गति से लाभ पहुचांया जाये। किसी भी स्तर पर लापरवाही न बरती जाये। कोई भी पात्र व्यक्ति शासन की योजनाओं से वंचित न रहने पाए। बैठक में जिलाधिकारी ने शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में रोस्टर के हिसाब से विद्युतं आपूर्ति की जानकारी ली तथा समस्त खण्ड विकास अधिकारियो को विद्युत आपूर्ति से सम्बन्धित लॉकबुक बनाने का निर्देश दिया। जिलाधिकारी ने नहरो की सील्ट सफाई कर टेल तक पानी पहुचाने की कार्यवाही की बात कही कहा कि 06 जनवरी तक प्रत्येक दशा मे सिल्ट सफाई कर नहरे चालू हालत मं रहे। ग्रामीण क्षेत्रो में छुट्टा पशुओ को गो-आश्रय स्थल रखा जाये अन्यथा पशु विचरण करते पाये गये तो इसके लिए सम्बन्धित खण्ड विकास अधिकारी एंव पशु चिकित्साधिकारी जिम्मेदार होगे। उन्होंने जनपद के प्रत्येक पात्र परिवार के व्यक्तियों का गोल्डेन कार्ड बनाते हुए इसमे तेजी लाने तथा जनपद के झोला छाप चिकित्सालयों पर टीम बनाकर जॉच कर कार्यवाही का निर्देश दिया। जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि अपनी-अपनी विभागीय योजनाओं के सम्बन्ध में स्टाफ के साथ समीक्षा कर समयान्तर्गत कार्य कराना सुनिश्चित करें। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को योजनाओं में प्रगति लाने के निर्देश दिये। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी श्रीप्रकाश गुप्ता, परियोजना निदेशक राजेश कुमार, समस्त जिला स्तरीय अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।

## तहसील परिसर में गंदगी अफसर नहीं दे रहे ध्यान

**गाजीपुर।** स्वच्छ भारत अभियान के तहत आम जनता को स्वच्छता का पाठ पढ़ाने वाले अधिकारी खुद इस अपने कार्यालयों में साफ सफाई पर ध्यान नहीं दे रहे हैं। कुछ ऐसा ही मामला सदर तहसील कार्यालय का है, जहां तहसील कार्यालय के पीछे खाली पड़ी जगह पर गंदगी के ढेर लगे हुए हैं। एक ओर सरकार स्वच्छ भारत निर्मल भारत के तहत अभियान चलाकर गांव व शहर की सफाई के लिए प्रयास कर रही है। वहीं सदर तहसील कार्यालय में गंदगी का आलम नजर आता है। इसके बावजूद अधिकारी इस ओर ध्यान नहीं दे रहे हैं। गौरतलब है कि तहसील कार्यालय के कमरों में जाले व बाहर घासफूस और कचरा नजर आता है, लेकिन अधिकारी कर्मचारियों का इस ओर कोई ध्यान नहीं होने से कचरे की सफाई नहीं होती है। शौचालयों में फिनाइल का छिड़काव नहीं होता है, जिसके चलते बदबू आती है। वहीं तहसील परिसर में फैली गंदगी के कारण दुर्गंध आने के साथ ही मच्छरों की भरमार रहती है। ऐसा नहीं है तहसील कार्यालय के पीछे पड़े कचरे को लेकर



तहसील परिसर में कूड़े का ढ़ेर।

अधिकारी अनजान हो लेकिन अधिकारी अपनी जिम्मेवारी से बचते हुए नजर आ रहे हैं। उच्च अधिकारी स्वच्छता अभियान को लेकर आम जनता को अपने आसपास सफाई रखने के लिए प्रेरित करते हैं और शहर को साफ-सुथरा बनाने के लिए आए दिन बयान बाजी भी करते हैं, लेकिन अधिकारी जब खुद अपने कार्यालय में साफ-सफाई नहीं रखेंगे तो ऐसी स्थिति में जनता उनके कामों से कैसे प्रेरित होगी। यहीं नहीं तहसील परिसर की चार दीवारी लगभग साल भर से टूटकर गिर गई है। जिससे फरियादियों के साथ कभी भी अप्रिय घटना होने की संभावना बनी रहती है। इस सबंध में जब सदर तहसीलदार अभिषेक राय से रायशुमारी की गई तब बैठक व्यस्तता का हवाला देकर फोन काट दिए।

# अनारक्षित चुनावी दंगल में निर्दलीय कसने लगे 'लंगोट'

**निकाय चुनाव**

### आरक्षण की स्थिति साफ चुनावी रण में कूदे संभावित प्रत्याशी

जनसंदेश न्यूज

**गाजीपुर।** नगर पालिका गाजीपुर अध्यक्ष पद अनारक्षित होने से भावी उम्मीदवारों के संशय पर विराम लग गया है। सियासी धुरंधर निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में चुनावी दंगल में उतरने को तैयार है। भाजपा के टिकट की आस में कई लोग पार्टी के दिशा निर्देश के इंतजार में खामोश बैठे हैं। नगर पालिका गाजीपुर अध्यक्ष पद अनारक्षित होने से चुनाव लड़ने के ख्वाहिशमंदों का रास्ता साफ हो गया है। लिहाजा उम्मीदवारों की भरमार रहेगी।

शहर में वोट बैंक रखने वाले भावी उम्मीदवार भी सियासी दंगल में उतरने के लिए लंगोट कसने लगे हैं। नगर निकाय की सत्ता की खातिर नगर के वार्डों में मोहरे फिट करने के लिए सभी गुटों में विचार हो रहा है। इन भावी प्रत्याशियों में सियासी पार्टी के सिंबल पर कतई भरोसा नहीं है।

सबसे अधिक कैडर वोट रखने वाली भाजपा विगत चुनाव की भांति इस बार भी सिंबल पर ही दाव लगाएगी।

चुनावी हलचल के बावजूद भाजपा के भावी उम्मीदवार आलाकमान के आदेश निर्देशों के इंतजार में खामोशी से बैठे हुए हैं। भाजपाई इस बार निकाय चुनाव का मिथक तोड़ने को लामबंद हो रहे हैं। आरक्षण की तस्वीर साफ होते ही नगर में चुनावी हलचल तेज हो गई है। कयास लगाए जा रहे हैं। इस बार कई उम्मीदवारों के बीच मुकाबला कांटे का रहेगा।

### चुनावी संकेत से दावेदार ऐक्टिव, कार्यालयों पर फिर बढ़ी भीड़

दावेदार नगर निकाय चुनान की तैयारियों में महीनों से जुटे हैं। निकाय चुनाव के दावेदार जनता के बीच मेहनत कर रहे हैं, तो वहीं लाखों रुपए खर्च कर चुके हैं। मगर, लगातार चुनाव टलने से उनकी चिंता बढ़ने लगी है। हर किसी को लंबे समय से निकाय चुनाव के अधिसूचना का इंतजार है। अब सियासी दलों के कार्यालयों से चुनाव के संकेत मिलने लगे हैं। जिसके चलते दावेदार एक्टिव होने लगे हैं।

### निकाय चुनाव जनवरी मध्य तक संपन्न होने की उम्मीद

नगर निकाय चुनाव की अधिसूचना अगले सप्ताह लगने की उम्मीद है। इससे चुनाव दिसंबर के अंतिम सप्ताह से मध्य जनवरी तक संपन्न होने की उम्मीद है। इस दौरान कड़ाके की ठंड और कोहरा होता है। मतदाताओं को कड़ाके की ठंड और कोहरे के बीच मतदान करना होगा। हालांकि नगर निकाय चुनाव का कार्यकाल जनवरी प्रथम सप्ताह तक है।

### संभावित प्रत्याशियों ने शुरू की जोर आजमाइश

नगर पालिका के अलावा नगर पंचायत में आरक्षण साफ होने के बाद संभावित प्रत्याशी चुनावी रण में जोर आजमाइश करने के लिए कूद चुके हैं। नगर पंचायत अध्यक्ष के प्रत्याशियों व सभासद पद के प्रत्याशियों के लिए जोर आजमाइश का काम आरक्षण की स्थिति साफ होने के बाद शुरू हो गया है। इसके लिए दो-दो हाथ खींच कर संभावित प्रत्याशी मैदान में ताल ठोककर कूद चुके हैं। जिसके लिए अपने पक्ष में समर्थन जुटाने के लिए संभावित प्रत्याशी ने जोर आजमाइश शुरू कर दी है। चुनावी रण में कूद कर प्रत्याशियों ने तेजी ला दी है। हालांकि अभी संभावित चुनाव की तिथि घोषित नहीं हो पाई है, लेकिन संभावित प्रत्याशियों और पूर्व पदों पर काबिज अध्यक्षों व सभासदों के बीच घमासान चढ़ने के पूरे आसार बन गए हैं।

# कुरीतियों पर एक प्रहार है सीएम सामूहिक विवाह : सपना सिंह

## आरटीआई मैदान में 342 जोड़ों ने रचाई शादी, प्रशासन बना बाराती

जनसंदेश न्यूज

**गाजीपुर।** मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के अन्तर्गत सामुहिक विवाह समारोह का आयोजन आरटीआई मैदान (नवीन स्टेडियम) में आयोजित किया गया। शादी समारोह का शुभारम्भ जिला पंचायत अध्यक्ष सपना सिंह ने दीप प्रज्वलित एवं पुष्प अर्पित कर किया। सामुहिक विवाह योजना में जनपद के 08 विकास खण्डों, नगर पालिका सदर, जमानिया, नगर पंचातय सैदपुर एवं जिला पंचातय के कुल 342 जोड़ो का सामूहिक विवाह पूरे विधि विधान के साथ सम्पन्न हुआ। जिसमें 05 मुस्लिम जोड़ों का भी निकाह कराया गया। सामूहिक विवाह के अवसर पर उपस्थित समस्त जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारियों ने नव विवाहित वर-वधुओं को उनके वैवाहिक जीवन की मंगल कामना करते हुए शुभकामना दी। जिला पंचायत अध्यक्ष सपना सिंह ने नव विवाहित वर-वधुओं को आर्शिवचन देते हुए कहा कि नव विवाहित जोड़ों ने 7 फेरे लेकर एक साथ रहने का जो संकल्प लिया है उसे आजीवन निर्वहन करे। मुख्यमंत्री जी ने इस योजना के माध्यम से गरीब, मजदूर एवं असहाय परिवारों को इसका लाभ दिया है। जिलाधिकारी आर्यका अखौरी ने जिला प्रशासन एवं जिला पंचायत की टीम को सामुहिक विवाह के सफल आयोजन पर आभार व्यक्त करते हुए विवाहित नव दाम्पत्य जोड़ो को उनके विवाहित जीवन के लिए शुभकामनाएॅ दी। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री की प्रेरणा से बेटियों को बोझ समझने की जो एक मंशा या सोच रहती है, उन सभी कुरीतियों पर एक प्रहार है यह सामूहिक विवाह कार्यक्रम। मिल बाट कर एक सादगी से भरे इस कार्यक्रम में परिणय सूत्र में बध जाये और दहेज प्रथा तथा बेटियों को बोझ समझने की सोच से उबरकर, हम आगे बढ़ सके तथा बेटियों को समाज में उनको उचित स्थान दे सके यही मुख्यमंत्री मंशा है। जिलाधिकारी ने कार्यक्रम में उपस्थित समस्त अतिथियों का आभार व्यक्त किया। जिन्होंने कार्यक्रम हेतु अपना मूल्यवान समय दिया। कार्यक्रम के अन्त मे जिलाधिकारी ने समस्त नव विवाहित जोड़ो, उनके परिजनो, उपस्थित आम नागरिको , अधिकारी/कर्मचारियों को यातायात नियमों के पालन करने के सम्बन्ध में शपथ दिलाई। अध्यक्ष नगर पालिका परिषद सरिता अग्रवाल ने नव विवाहित जोड़ों को उनके सुखमय जीवन की मंगल कामना की। आभार मुख्य विकास अधिकारी श्रीप्रकाश गुप्ता एंव कार्यक्रम का संचालन सुभाष चन्द्र प्रसाद लेखा एवं कार्यक्रम सहायक नेहरू युवा केन्द्र ने किया। इस अवसर पर जिलाधिकारी आर्यका अखौरी, पूर्व पिछड़ावर्ग उपाध्यक्ष प्रभुनाथ चौहान, अध्यक्ष नगर पालिका परिषद सरिता अग्रवाल, मुख्य विकास अधिकारी श्रीप्रकाश गुप्ता, उप जिलाधिकारी सदर प्रतिभा मिश्रा, जिला विकास अधिकारी राजेश यादव, जिला समाज कल्याण अधिकारी राम नगीना यादव, अपर मुख्य अधिकारी जि.पं सुजीत मिश्रा, जिला दिव्यांग अधिकारी नरेन्द्र विश्वकर्मा, एवं अन्य जनपद स्तरीय अधिकारी एवं जनप्रतिनिधिगण उपस्थित थे।



आरटीआई मैदान में सामूहिक विवाह के दौरान भीड़।







आरटीआई मैदान में सामूहिक विवाह समारोह के दौरान मुख्य अतिथि एवं अन्य।



## यातायात नियमों का पढ़ाया गया पाठ

**नंदगंज।** स्थानीय इंटर कालेज में सड़क सुरक्षा सप्ताह के तहत छात्र-छात्राओं को यातायात के नियमों से अवगत कराया गया तथा सड़क सुरक्षा शपथ दिलाई गई। शुक्रवार को मुख्य बाजार स्थित शहीद स्मारक इंटर कालेज में प्रार्थना सभा के समय छात्र/छात्राओं को यातायात के नियमों के बारे में विस्तार से जानकारी देकर सभी छात्र/छात्राओं, शिक्षकों व शिक्षणेत्तर कर्मचारियों को सड़क सुरक्षा शपथ दिलाई गई।

प्रधानाचार्य उदयराज ने छात्र छात्राओं को बताया कि सड़क सुरक्षा सप्ताह का पालन कर दुर्घटनाओं के आंकड़ों में कमी लाई जा सकती है। सभी छात्र/छात्राएं स्कूल समय के बाद अपने गांव घरों में लोगों को सड़क सुरक्षा सप्ताह की जानकारी देकर जागरूक कर जनहित में अपना कर्तव्य निभाएं। इस दौरान उप-प्रधानाचार्य, क्रीडाधीक्षक समेत सभी शिक्षक उपस्थित रहे।

## जनसंपादकीय

# चीन ने बताई भारत को धता

विश्व के एक अत्यंत महत्वपूर्ण महासागर का नामकरण भारत के नाम पर होना भारत की प्राचीनता और महत्ता को इंगित करता है। भारत की अनुपस्थिति में हिन्द महासागर की बात हो तो इसे क्या कहेंगे, मगर ऐसा हुआ और उसका सूत्रधार बना चीन, जो इन दिनों बहुत तेजी से नव-विस्तारवादी रणनीति पर चल रहा है।

चीन में गत सप्ताह चाइना इंटरनेशनल डेवलपमेंट कोअपरेशन एजेंसी (सिडका) ने प्रथम चाइना-इंडियन ओशन रीजन फओरम का आयोजन किया। इसमें भारत के सभी पड़ोसियों और क्षेत्रीय देशों को आमंत्रित किया गया। फोरम में इंडोनेशिया, म्यांमार, पाकिस्तान, श्रीलंका, बांग्लादेश, माल्दीव, नेपाल, अफगानिस्तान, मैडागास्कर, सेशेल्स, मारीशस, जिबूटी और आस्ट्रेलिया ने भाग लिया। यही नहीं, चीन के न्यौते पर इसमें ईरान, ओमान, साउथ अफ्रीका, केन्या, मोजांबिक, तंजानिया ने भी शिरकत की। मेजबान चीन और उन्नीस मेहमानों को मिलाकर बीस देशों की यह बैठक 21 नवंबर को चीन के दक्षिण-पश्चिमी युन्नान प्रांत में कुनमिंग में संपन्न हुई। फोरम में 19 देशों के प्रतिनिधियों की उपस्थिति से कहीं अधिक महत्वपूर्ण और गौरतलब भी भारत की अनुपस्थिति। मेहमान राष्ट्रों की फेहरिस्त पर नजर डालें तो फोरम के बहाने भारत को धता बताने की बीजिंग की मंशा बेहद साफ थी। इसके पीछे भआरत को अलग-थलग करने और अपने आर्थिक-सामरिक मतलब गांठने की चीन की नीयत नजर आती है। इससे यह भी संकेत मिलता है कि क्षेत्रीय वर्चस्व स्थापित करने के लिए वह अपनी सुविचारित रणनीति पर किस तरह कदम-दर-कदम आगे बढ़ रहा है। बिला शक इसे चीन की ताजा सामरिक पहल के तौर पर देखा जाना चाहिए।

सिडका चीन की विकास में इमदाद की नयी एजेंसी है। उसके गठन के पीछे चीन का दूरगामी प्रयोजन है। इसकी बागडोर चीन के भूतपूर्व विदेश मंत्री लुओ झाओ हुई के हाथों में है। लुओ भारत और पाकिस्तान में चीन के राजनय रह चुके हैं। इस फोरम की अध्यक्षता भी लुओ ने की। इस फओरम का आयोजन हिन्द महासागरीय क्षेत्र में चीन की बढ़ती रुचि, दखल और पैठ का आभास देती है। हिन्द महासागरीय क्षेत्र में चीन के मंसूबे किसी से छिपे नहीं हैं। इसी साल चीन के विदेश मंत्री वांग यी जब कोलंबो गये तो उन्होंने श्रीलंका के समक्ष हिन्द महासागरीय प्रायद्वीप-राष्ट्रों के विकास पर एक पृथक फोरम के गठन का प्रस्ताव रखा, ताकि सवार्नुमति बने और साझा विकास को गति मिले। उन्होंने श्रीलंका से इसमें अहम भूमिका निभाने की अपील भी की। चीन के झांसे के दूरगामी दायरे का पता फोरम की विज्ञप्ति से बखूबी चलता है। फोरम में चीन ने चीन और अन्य प्रतिभागी देशों के मध्य हिन्द महासागरीय क्षेत्र में समुद्री आपदाओं की रोक थाम और शमन के लिए साझा मेकैनिज्म की वकालत की और कहा कि इसके लिए वह जरूरी वित्त, साजो-सामान और तकनीकी सहायता मुहैया करने को तैयार है। उसने सभी देशों के लिए एक साझा थिंकटैंक नेटवर्क की स्थापना का भी प्रस्ताव रखा। विज्ञप्ति पर यकीन करें तो प्रतिभागी देशों में नीतिगत समन्वय, विकासगत सहयोग, मत्स्यपालन, पुनर्नवीकृत ऊर्जा, पर्यटन और जहाजरानी के जरिये लाभार्जन पर भी बातें हुईं। चीन ने आमंत्रित देशों को गैर-पारंपरिक सुरक्षा चुनौतियों का मिलजुलकर सामने करने की पट्टी भी पढ़ाई। आश्चर्य नहीं कि 19 देशों के प्रतिनिधियों को विश्व की दूसरी आर्थिक और सामरिक महाशक्ति की ये बातें श्रुतिमधुर और भली लगी हों। भारत को चीन के 19 देशों की रकाबियों में परोसे गये इन कपट-प्रस्तावों के वास्तविक प्रयोजन के प्रति सतर्क रहने की जरूरत है। निश्चित ही यह फोरम भी बीजिंग के दूरगामी महत्व के एजेंडे का हिस्सा है और किसी भी तरह की गफलत भारत को भारी पड़ेगी।



**डा. सुधीर सक्सेना**
**लेखक कवि एवं संपादक हैं**

# केजरीवाल की रेवड़ियां काम नहीं आयीं

दो राज्यों- गुजरात और हिमाचल प्रदेश तथा दिल्ली नगरनिगम के चुनाव अप्रत्याशित नहीं हैं। ओपिनियन पोल और एग्जिट पोल या आप की तरह खुद अपनी और से कराए गए किसी पोल से रुझान का पता तो चल जाता है मगर कई बार वास्तविक परिणाम झटका भी दे देते हैं। इस बार तो हद तब हो गई जब केजरीवाल ने आईबी के हवाले से गुजरात में आप की सरकार बनने और बीजेपी के घर बैठने की घोषणा ही कर दी। इससे अपनी विश्वसनीयता पर उन्होंने एक और प्रश्नचिन्ह लगवा लिया।

बात करें दिल्ली एमसीडी के चुनाव की। यहाँ मुख्य मुद्दा दिल्ली के कूड़े के पहाड़ और मनीष सिसोदिया पर लगे शराब ठेके व सत्येंद्र जैन के जेल में फाइव स्टार सुविधा वाले वीडियो थे। आप के पास फ्रीबिज यानी मुफ़्त दी जाने वाली तमाम सुविधाओं की घोषणाएँ थीं। दिल्ली में आप पर लगे आरोपों का प्रभाव सिर्फ इतना हुआ कि जिन पर आरोप थे उन नेताओं की सीटों पर आप थोड़ी कमजोर व बीजेपी मजबूती से उभरी है। मगर कुल मिलाकर दिल्ली में बीजेपी ने जितनी ताकत झोंकी थी, जितने बड़े बड़े नेता वहाँ प्रचार में लगे थे, वे वैसा प्रभाव नहीं छोड़ पाए जैसा कि बीजेपी समझ रही थी या उसके पक्ष में मीडिया जैसा बता रहा था। निश्चित ही इसके पीछे बीजेपी की पिछले पंद्रह वर्षों की एंटी-इंकमबेंसी तो है ही, केजरीवाल की मुफ़्त बिजली-पानी की रेवड़ीबाँट का भी बड़ा योगदान है। एक तरफ बीजेपी ने देश में कई लोगों से एलपीजी पर मिलने वाली सब्सिडी को छोड़ने वाला वर्ग तैयार किया है तो वहीं केजरीवाल की पार्टी ने रिज्के-हलाल (ईमानदारी की कमाई) जैसे उच्च आदर्श से लोगों को भटकाने की कोशिश की है। दिल्ली और पहले पंजाब के लोगों ने इस मुफ्तखोरी पर जैसे मुहर लगा दी है। हो सकता है कि अगली बार चुनाव में अन्य दलों द्वारा इस रेवड़ीबाँट में बढ़-चढ़कर बोली लगाने की प्रतिस्पर्धा मुफ्तखोरी की और बढ़-चढ़कर बोली लगाएँ, तो आश्चर्य नहीं होना चाहिए।

हिमाचलप्रदेश के परिणाम बहुत चौंकाने वाले नहीं हैं। राजस्थान व हिमाचलप्रदेश दो ऐसे राज्य हैं जहाँ जनता प्रायः हर पाँच साल में सत्तारूढ दल को चिंतन शिविर में भेज दिया करती है। वही इस बार भी हुआ है। यहाँ कांग्रेस को 40, बीजेपी को 25 व अन्य के खाते में 3 सीटें, यानी कांग्रेस को स्पष्ट बहुमत मिल गया है। देखते है कि वहाँ घोड़ों की मण्डी कब लगती है। लेकिन गुजरात अपने मोदी प्रेम पर कायम रहा है। कांग्रेस यहाँ पहले से भी कमजोर साबित हुई है और आप की रेवड़ियाँ यहाँ फीकी साबित हुई हैं। कांग्रेस ने तो जैसे गुजरात में बीजेपी को वाकओवर ही दे दिया है। शायद उनके मन में यह हो कि हम जोर न लगाएँ तो शायद आपह्नवाले बीजेपी को उखाड़ फेंके। मगर ऐसा न हो सका। गुजरात के लोगों ने स्वाभिमान दिखाया और ये फ्रीबिज उन्हें आकर्षित नहीं कर सके। कांग्रेस पार्टी को चाहिए कि गुजरात ही नहीं पूरे देश में अपना विजन लेकर उपस्थित हों, महँगाई और बेरोजगारी जैसे मुद्दों को उठाएँ, बीजेपी शासित राज्यों में कोई भ्रष्टाचार पकड़ में आए तो उसे उजागर करें जो राफेल जैसा या चौकीदार चोर है, जैसा न हो, तब शायद कोई बात बन सके। समान नागरिक संहिता, सेक्शन 370, ट्रिपल तलाक जैसे मुद्दों को देश की जनता ने अपना लिया है। इनके नाम का ढोल पीटने से अब कुछ हासिल नहीं होगा। आरएसएस और सावरकर का विरोध आदि कुछ ऐसे मुद्दे हैं जिन पर जब भी कांग्रेस ने विरोध किया है, आम जनता, विशेषकर तटस्थ हिंदुओं ने इसे स्वीकार नहीं किया है और कांग्रेस को उसका खामियाजा भुगतना पड़ रहा है। आज इनसे आगे बढ़ने की जरूरत है।

इन परिणामों के परिप्रेक्ष्य में कुछ राज्यों में होने वाले आगामी चुनावों में व 2024 के लोकसभा चुनाव के लिए कांग्रेस को व्यक्तिगत हमलों से बचते हुए एक नई व दृढ़ रणनीति के साथ मैदान में उतरना होगा। देश को सर्वाधिक प्रधानमंत्री देने वाली व सर्वाधिक समय तक शासन करने वाली पार्टी से एक सशक्त प्रतिपक्ष की भूमिका अपेक्षित है।



**ओम वर्मा**
**लेखक स्वतंत्र टिप्पणीकार हैं,**
**संपर्क 09302379199**

# मानवाधिकारों की कसौटी मानवीय विवेक है

**प्रसंगवश**



**डॉ. चित्रा माली**

अंतरराष्ट्रीय मानवाधिकार दिवस प्रति वर्ष 10 दिसंबर को मनाया जाता है लेकिन इस दिवस के मायने क्या आज भी सभ्य समाज के लोगों द्वारा समझे गए है या महज अन्य दिवसों की भांति ही आयोजन मात्र उद्देश्य है ? वर्तमान समय में कई दिवस सवालों के घेरे में है जिन्हें महज कागजी खाना पूर्ति के लिए आयोजित किए जाते हैं । इन दिवसों के आयोजनों में निष्ठा और प्रतिबद्धता उन लोगों के द्वारा भी प्रदर्शित की जाती हैं जो अलोकतांत्रिक और असंवैधानिक हैं । बहरहाल जब हम अंतरराष्ट्रीय मानवाधिकार दिवस की बात कर रहे हैं तो इस दिन का अपना एक लंबा इतिहास है और संघर्ष है जो हमारे अधिक मानवीय, सभ्य और विकसित होने की निशानी है । मानवाधिकारों का अभिप्राय ऐसे अधिकारों से है जो व्यक्ति के सर्वांगीण विकास के लिए आवश्यक है और वे व्यक्ति के ऐसे अधिकार है,जिनसे उसे किसी भी स्थिति में वंचित नहीं किया जा सकता है स्वयं उसके चाहने पर भी नहीं । संयुक्त राष्ट्र संघ की मानवाधिकारों की सार्वभौमिक घोषणा की प्रस्तावना के प्रारंभ में ही यह उल्लेखित किया गया है कि ?विश्व में स्वतंत्रता,न्याय और शांति की नींव मानव परिवार के सभी सदस्यों की जन्मजात गरिमा और उनके अहस्तांतरणीय तथा समान अधिकारों की स्वीकृति है । मानवाधिकारों का दायरा इतना व्यापक है कि इसमें संपूर्ण मानवीय कार्य व्यापार इनके अंतर्गत समाहित हो जाते हैं । स्वतंत्रता इनके मूल में निहित है,स्वतंत्रता के बिना अधिकारों की कल्पना भी संभव नहीं है । जब हम स्वतंत्रता की बात कर रहे हैं तो यहां राष्ट्र की स्वतंत्रता के साथ -साथ व्यक्ति की व्यक्तिगत स्वतंत्रता की भी बात कर रहे है जो अत्यंत महत्वपूर्ण है । व्यक्ति की स्वतंत्रता को बाधित करना उसके अधिकारों का हनन है । 1215 के मैगनाकार्टा के बाद 1679 में हैबियस कार्पस एक्ट (बंदी प्रत्यक्षीकरण अधिनियम) को पारित किया गया जिसमें प्रत्येक व्यक्ति की व्यक्तिगत स्वतंत्रता को स्वीकार किया गया था। अमरीकन बिल ऑफ राइट्स 1776 में अमरीकी जनता ने स्वतंत्रता की मांग की और एक घोषणा पत्र जारी किया,जिसमें यह कहा गया कि मनुष्य जन्म से स्वतंत्रता और समानता तथा सभी अधिकारों का सक्रिय भोक्ता है और इन्ही अधिकारों की सुरक्षा के लिए सरकारें बनाई जाती हैं। 1789 में अमरीकी संविधान में संशोधन किया गया और दो वर्ष बाद 1791 में बिल ऑफ राइट्स को अमरीकी संविधान में जोड़ दिया गया । बिल ऑफ राइट्स में धर्म की स्वतंत्रता,भाषण व प्रेस की स्वतंत्रता,अनुचित तलाशी के विरुद्ध अधिकार,निष्पक्ष न्याय व संपत्ति के अधिकार, सजा व जुमार्ने से सुरक्षा का अधिकार, दासता से मुक्ति व राज्यों के द्वारा रंगभेद व जातिभेद से मुक्ति का अधिकार,वयस्क मताधिकार के अधिकार को इसमें शामिल किया गया था जो प्रत्येक व्यक्ति के लिए आवश्यक और अनिवार्य है । 1789 की फ्रांस की क्रांति से तीन बीज मंत्र निकले थे स्वतंत्रता,समानता और भाईचारा जिसने पूरे विश्व को प्रभावित किया । यह फ्रांसीसी जनता की मूलभूत स्वतंत्रताओं का घोषणा पत्र था जिसे 26 अगस्त 1789 में राष्ट्रीय असेंबली वाल्टेर ने नागरिकों के मानवाधिकारों के घोषणा पत्र के रूप में स्वीकृति प्रदान की थी । इस घोषणा पत्र में 17 धाराएं थी । स्वतंत्रता,समानता के अधिकार के साथ किसी भी व्यक्ति को मनमाने ढंग से बंदी नहीं बनाया जा सकता है अर्थात शासन की स्वेच्छाचारिता के विरुद्ध अधिकार प्रदान किया गया था । मानवाधिकारों की सार्वभौमिक घोषणा के अतिरिक्त नागरिक और राजनीतिक अधिकारों की अंतरराष्ट्रीय प्रसंविदा और आर्थिक,सामाजिक और सांस्कृतिक अधिकारों की अंतरराष्ट्रीय प्रसंविदा में भी मनुष्य की स्वतंत्रता को केंद्र में रखा गया है । मानवाधिकारों के संबंध में महत्वपूर्ण बात है कि हमारे राजनीतिक और सामाजिक तंत्र में मानव अधिकारों के प्रति निष्ठा औपचारिक तौर पर सिर्फ कानूनों और घोषणाओं में ही व्यक्त की जाती है या व्यवहार में और राजनीतिक संस्कृति में भी वे अभिव्यक्ति पाती हैं ? इस संदर्भ में इसे दुर्भाग्य ही कहा जाएगा कि अंतर्विरोधों से भरे इस समय में मानवाधिकारों के हनन की समस्या विश्वव्यापी है । भले ही वे विकसित राष्ट्र हो या विकासशील राष्ट्र सभी राष्ट्रों में मानवाधिकारों का हनन जारी है । ब्रिटेन, जर्मनी और फ्रांस जैसे संभ्रांत लोकतांत्रिक देशों में आज भी गैर - यूरोपीय मूल के लोगों को प्रताड़ित किया जाता है । अमेरिका में पुलिस के द्वारा अल्पसंख्यकों और अश्वेतों को यातनाओं का शिकार बनाया जाता है । आस्ट्रेलिया की जेलों में सबसे अधिक मृत्यु वहां के मूल निवासियों की होती है । एमनेस्टी इंटरनेशनलकी रिपोर्ट के अनुसार कई देशों में बिना मुकदमें दायर किए वर्षों से लोगों को जेल में कैद रखा गया है । राजनीतिक प्रतिवादियों को भी सींखजो के पीछे ठूस दिया जाता है । सामाजिक कार्यकताओं की सुनियोजित तरीके से हत्याओं का होना सामान्य घटना है । कई देशों में कैदियों को प्रताड़ित करने के लिए उनके नाखूनों में सुई चुभोई जाती है,बिजली के झटके दिए जाते हैं, आंखे फोड़ दी जाती हैं, कोड़े लगाए जाते हैं,हाथ काट दिए जाते हैं और भी कई अमानवीय यातनाएं दंडस्वरूप दी जाती है । मानवाधिकारों के संरक्षण के लिए और प्रतिष्ठा को बनाए रखने के लिए अंतरराष्ट्रीय स्तर पर एमनेस्टी इंटरनेशनल, इंटरनेशनल लीग फॉर ह्यूमन राइट्स, इंटरनेशनल कमिशन ऑफ ज्यूरिस्ट, संयुक्त राष्ट्र संघ मानवाधिकार आयोग जैसे कई अंतरराष्ट्रीय संगठन है जो मानवाधिकारों के संरक्षण में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं । अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी मानवाधिकारों का हनन जारी है आज भी नस्ल के आधार पर,रंग के आधार पर,गैर मूल के लोगों को प्रताड़ित किया जाता है । फर्क महज इतना है कि इन देशों का नागरिक समाज मानवाधिकारों के हनन को रोकने के लिए प्रतिरोध करता है और हम भारतवासी मानवाधिकारों के हनन और हिंसक घटनाओं को अपने - अपने (धर्म, जाति,वर्ग,लिंग) कंफर्ट जोन से देखने समझने की कोशिश करते हैं । भारत में मानवाधिकारों और अधिकारों के हनन का बहुत ही मार्मिक चित्रण माननीय महामहिम राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मु जी ने संविधान दिवस पर सुप्रीम कोर्ट द्वारा आयोजित कार्यक्रम के अपने वक्तव्य में व्यक्त किया है । माननीय महामहिम द्वारा सरल सहज शब्दों में कास्ट,क्लास और जेंडर के आधार पर होने वाले भेदभाव को,समान न्याय और समय पर न्याय न मिल पाने के कारण उनसे उत्पन्न विसंगतियों की और भी ध्यान आकर्षित किया है । नेशनल क्राइम रिकॉर्ड ब्यूरो की 2020 की रिपोर्ट के आंकड़े भी माननीय महामहिम की चिंता को जायज ठहराते है। भारत की सभी जेलों में 76 प्रतिशत विचाराधीन कैदी है जो 10 से 15 वर्षों से फैसले का इंतजार कर रहे हैं । क्लास के आधार पर 73 प्रतिशत एस सी, एस टी,ओबीसी वर्ग से आते हैं जिनकी आर्थिक स्थिति अत्यंत निम्न है तथा जिनके पास जमानत के पैसे भी नहीं है । इस स्थिति का वर्णन फिल्म जय भीम में भी किया गया है जिसमें न्यायिक प्रक्रिया और समान न्याय की अवधारणाओं के भेद को भी बखूबी से बयान किया गया है । आज कल हम डिनोटिफाइड ट्राइब्स पर काफी चर्चा कर रहे हैं जिन पर कभी अलग से विमर्श नहीं किया गया है । इन ट्राइब्स के लोगों को जन्मजात अपराधी माना जाता रहा है । दिल्ली क्राइम वेब सीरीज के दूसरे सीजन में डिनोटिफाइड ट्राइब्स को केंद्र में रखा है और उनके विरुद्ध बनी बनाई धारणाओं को तोड़ने का काम भी किया है । कई विद्वानों को भी इसी (वेब सीरीज) के संवादों को दोहराते हुए आपने भी सुना होगा । इस वेब सीरीज में खास बात यह है कि जिस डिनोटिफाइड ट्राइब्स के लोगों को पुलिस के द्वारा प्रताड़ित किया जाता है, हिरासत में लिया जाता है तो इन्ही के समुदाय का व्यक्ति जो पेशे से वकील है और कामयाब भी है जिसकी सामाजिक हैसियत इनसे अलग है लेकिन वो अपने समुदाय को और लोगों को नहीं भूलता है और उनके साथ होने वाले अन्यायों के खिलाफ और उनके अधिकारों के लिए वो लड़ाई लड़ता है । व्यक्ति की आर्थिक हैसियत उसकी सामाजिक हैसियत को भी निर्धारित करती है जिससे वह अपने कास्ट,क्लास के लोगों को उनके रोजमर्रा के संघर्षों को भूल जाता है । कुछ लोगों को अपवाद माना जा सकता है जो आज भी अपनी जड़ों से जुड़े है और शोषित वर्ग के अधिकारों के लिए कार्य कर रहे हैं ।

भारत में भी मानवाधिकारों के संरक्षण के लिए राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग की स्थापना की गई है । वर्तमान समय में जो घटनाएं घटित हो रही है वे मानवाधिकारों की अवधारणा के विरुद्ध है लेकिन इनके खिलाफ किसी प्रकार का वक्तव्य आयोग के द्वारा जारी नहीं किया गया और न ही मानवाधिकारों के हनन के प्रति चिंता जाहिर की है । मानवाधिकार आयोग के अतिरिक्त कुछ स्वयंसेवी संगठन और चंद मुट्ठी भर सक्रिय लोग हैं जो मानवाधिकारों के उल्लंघन को प्रकाश में लाने का प्रयास करते हैं तथा आम आवाम को अपने अधिकारों के प्रति जागरूक करने का काम भी करते हैं साथ ही अन्य लोगों के अधिकारों के हनन के खिलाफ शांतिपूर्ण तरीके से प्रतिरोध करने का साहस भी प्रदान करते हैं । हम मानवाधिकारों को मानवाधिकार दिवस की प्रासंगिकता को किस रूप में देखते समझते हैं यह हमारे स्व-विवेक पर निर्भर करता है इसलिए विवेक को वैज्ञानिक दृष्टिकोण से विकसित करते रहना हमारे मानवीय अस्तित्व को बनाए रखने की अनिवार्य शर्त है ।

**( लेखिका सामाजिक चिंतक एवं स्वतंत्र टिप्पणीकार हैं)**

**मानवाधिकारों की सार्वभौमिक घोषणा के अतिरिक्त नागरिक और राजनीतिक अधिकारों की अंतरराष्ट्रीय प्रसंविदा और आर्थिक,सामाजिक और सांस्कृतिक अधिकारों की अंतरराष्ट्रीय प्रसंविदा में भी मनुष्य की स्वतंत्रता को केंद्र में रखा गया है । मानवाधिकारों के संबंध में महत्वपूर्ण बात है कि हमारे राजनीतिक और सामाजिक तंत्र में मानव अधिकारों के प्रति निष्ठा औपचारिक तौर पर सिर्फ कानूनों और घोषणाओं में ही व्यक्त की जाती है या व्यवहार में और राजनीतिक संस्कृति में भी वे अभिव्यक्ति पाती हैं ? इस संदर्भ में इसे दुर्भाग्य ही कहा जाएगा कि अंतर्विरोधों से भरे इस समय में मानवाधिकारों के हनन की समस्या विश्वव्यापी है ।**

# गुजरात चुनाव के केन्द्र में नरेन्द्र मोदी

**सामयिकी**



**शाहिद नकवी**


गुजरात विधानसभा चुनाव के केंद्र में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ही हैं। चाहे बात उनके समर्थन की हो या विरोध की। दरअसल बीते 27 साल से अपराजेय भाजपा में 21 साल नरेंद्र मोदी के रहे हैं। वही विरोध और समर्थन की राजनीति के केंद्र बिंदु भी रहे हैं। ऐसे में चुनाव लोकसभा का हो या विधानसभा का मोदी के इर्द-गिर्द सिमट जाता है। इस बार भी वही तस्वीर रही है। भाजपा ने गुजरात में अपनी जीत का नया बेंचमार्क तो बनाया है। नरेंद्र भाई ने गुजरात में माडल आप गुजरात कायम किया है।दरअसल भाजपा के लिए सहानुभूति वोट हासिल करने के लिए मोदी आक्रामक हो जाते हैं।पीएम मोदी पर व्यक्तिगत हमले को गुजरात के गौरव पर हमले के रूप में प्रचारित किया जाता है क्योंकि पीएम इस पीढ़ी के राज्य की सबसे बड़ी हस्ती हैं।इस चुनावों को भी ठीक यही हुआ। कांग्रेस नेताओं ने कहा कि इस बार मोदी को उनकी औकात दिखायेंगे।बस यहीं से मोदी ने इसे गुजरातियों पर हमला बता कर इसे हर जन सभा में जम कर उछाला। नतीजे में कांग्रेस साल 2017 के चुनाव जैसा प्रदर्शन भी नहीं दोहरा सकी।इस चुनाव में विपक्ष की कोशिश के बाद भी बिल्किस बानों केस और मोरबी पुल हादसा भी गुजरात की जनता के लिए कोई मुद्दा नहीं बन सका। यहां तक की राज्य की सबसे अधिक मुस्लिम आबादी वाली दस सीटों पर भी भाजपा का प्रदर्शन बेहतर रहा है।

गुजरात में भाजपा ने इतिहास लिखा है और परिणाम के बाद चाहे वो आम आदमी पार्टी हो या फिर कांग्रेस उन्हें चिंतन से ज्यादा अपना अवलोकन करने की जरूरत है।दिलचस्प बात यह है कि चुनाव प्रचार के दौरान पीएम मोदी ने कहा था- नरेंद्र का रिकॉर्ड भूपेंद्र तोड़ेंगे।नतीजों में यही नजर आ रहा है। भाजपा गुजरात के राजनीतिक इतिहास में एक नई इबारत लिख चुकी है और इस इबारत के लेखक और कोई नहीं प्रधानमंत्री नरेन्द्र भाई मोदी ही हैं।वह अपने गृह राज्य में पार्टी की पकड़ को और मजबूत करने के इच्छुक थे। क्यों कि यह 2024 में लोकसभा चुनावों के लिए अपने समर्थन का आधार बढ़ाने और गति बनाए रखने की उनकी आगे की रणनीति का हिस्सा था। गुजरात में बम्बर जीत के बाद कोई शक नहीं कि मोदी लगातार तीसरे कार्यकाल के लिए संसद में पार्टी का नेतृत्व करेंगे?गुजरात चुनाव 2024 के नतीजे राष्ट्रीय चुनावों में मोदी की लोकप्रियता को लेकर महत्वपूर्ण संकेत दे रहे हैं।वहीं अगले साल कर्नाटक, राजस्थान, छत्तीसगढ़ और मध्य प्रदेश सहित दूसरे राज्य विधानसभा चुनावों के लिए गुजरात पार्टी कार्यकताओं को प्रशिक्षण देने सहित भाजपा की तैयारियों के लिए एक पाठ भी उपलब्ध करा रहा है। गौरतलब है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पिछले दो कार्यकाल से केंद्र में शासन कर रहे हैं और अगला लोकसभा चुनाव 2024 में है। गुजरात चुनाव प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के लिए प्रतिष्ठा की लड़ाई रहा है।जिसे आसानी से जीत लिया है।दरअसल हमेशा यह दिखाने की कोशिश की जाती है कि भले ही पार्टी के खिलाफ नाराजगी है, नरेंद्र मोदी के खिलाफ कोई नाराजगी नहीं है, चाहे कोई भी मुख्यमंत्री हो, नरेंद्र मोदी को दीर्घकालिक दृष्टिकोण से वोट दें। गुजरात की जनता ने यही किया और देश को संदेश भी दिया।ये सभी कारक हैं जिसके कारण नरेंद्र मोदी ने अधिक प्रचार किया।प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पूरे गुजरात में रैलियां कीं।उन्होंने सौराष्ट्र, उत्तर गुजरात, मध्य गुजरात और दक्षिण गुजरात में रैलियों को संबोधित करके पार्टी के लिए प्रचार किया।नरेंद्र मोदी ने 35 से अधिक रैलियों को संबोधित किया और गुजरात में तीन बड़े रोड शो का नेतृत्व किया।एक दिसंबर को उनका मेगा रोड शो हुआ जो गुजरात विधानसभा चुनाव के दूसरे चरण के 16 विधानसभा सीटों पर अपना प्रभाव डालने के लिए किया गया। यह अभूतपूर्व 50 किलोमीटर लंबा रोड शो करीब तीन घंटे तक चला।हाल के सालों में किसी नेता ने एक दिन में इतना बड़ा रोड शो नहीं किया। वैसे ये भाजपा में बेचैनी को भी दिखाता है।इतना ही नहीं, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह समेत बीजेपी के केंद्रीय नेता, मंत्री और मुख्यमंत्री भी गुजरात में चुनाव प्रचार में शामिल रहे।प्रचार में बीजेपी ने गुजरात की विकास यात्रा को आगे बढ़ाने का वादा किया। सरकार के विकास कार्यों का ज़िक्र किया।यानी ज्यादातर प्रचार 'पार्टी की उपलब्धियों' के इर्द-गिर्द बुना गया था।पार्टी में भी असंतोष था, विरोध करने के लिए हजारों लोग गांधीनगर के बीजेपी मुख्यालय गए थे, उम्मीदवार बदले गए जहां उन्हें बदलना था, जिन बाहुबली नेताओं के खिलाफ मामले थे उन्हें टिकट देना पड़ा, आरएसएस के उम्मीदवारों को भी मैदान में उतारना पड़ा। ऐसे तमाम समझौते किए गए।इसलिए कि मोदी का किसी भी कीमत पर गुजरात में चुनाव जीतना जरूरी था।गुजरात के लोग मानते हैं कि 2001 में आए भयानक भूकं बाद राज्य को संभालने का जो काम तत्कालीन सीएम नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में हुआ वह किसी और के नेतृत्व में शायद नहीं हो पाता। नर्मदा के पानी को लाने की आधी-अधूरी योजनाओं को तेजी से पूरा किया और नर्मदा कैनाल के जरिए सूखी और बंजर को हरा-भरा करने का बड़ा काम किया गया। सुरेंद्रनगर की नर्मदा कैनाल भी एक महत्वपूर्ण परियोजना जगह पर सोलर पैनल लगाए गए। इससे बिजली बढ़ा। सड़कों का जाल बिछाया गया, उद्योगों को नई गति दी गई।मोदी के नेतृत्व में कई ऐसे काम हो रहे हैं जो सभी धर्मों के लिए महत्वपूर्ण है। गिरनार रोप-वे, अंबाजी, पावागढ़ और डाकोर में तीर्थ स्थलों के विकास के लिए किए जा रहे काम काफी महत्वपूर्ण है। गिरनार में देश के कई प्रमुख जैन संत रहते हैं। और वहां तक रोप-वे के जरिए श्रद्धालु अब आसानी से पहुंच पाएंगे। महात्मा गांधी से जुड़े दांडी कुटीर व साबरमती आश्र को नये सिरे से सजाया संवारा जा रहा है।सरदार पटेल की केवड़िया में बनाई गई विशाल प्रतिमा गुज की भावनाओं का सम्मान करने और पटेल के भारतीय राजनीति में कद से लोगों को रूबरू कराने के साथ गुजरात की अर्थव्यवस्था का भी पहलू है। भावनगर से सूरत के बीच शुरू रो-रो सेवा परिवहन का बड़ा माध्यम बन गई है। कच्छ का रण उत्सव अंतरराष्ट्रीय ख्याति हासिल कर रहा है। बनासकांठा में भारत-पाकिस्तान सीमा पर वाघा सीमा की तरह बीटिंग रिट्रीट शुरू करने पर भी काम हो रहा है। जानकारी के मुताबिक गुजरात में कई तरह की यूनिवर्सिटी भी लाई जा रही हैं। इनमें फॉरेंसिक, रक्षा, चिल्ड्रन, ऊर्जा यूनिवर्सिटी जैसी बड़ी पहल शामिल है। कोशिश है कि गुजरात के लोग तो बाहर पढ़ने ही नहीं, बल्कि बाहर के लोग गुजरात में पढ़ने आए। सरदा बल्लभ भाई पटेल स्पोर्ट्स कॉम्पलेक्स को ऐसे विकसित वि जा रहा है कि वह देश के बड़े खेल आयोजनों मसलन ओलंपिक और कॉमनवेल्थ खेलों के लिए तैयार हो सके।

??एक बात और भाजपा को सत्ता विरोधी लहर होने की आशंका भी सता रही थी। इसलिए पीएम मोदी ने इस चुनाव की कमान सीधे अपने हाथ में ले ली थी।इस जीत यह तय हो गया कि पीएम मोदी भले ही अब दिल्ली आ गए हैं, लेकिन राज्य के लोगों का स्नेह और सम्मान उनके प्रति कम नहीं हुआ है। साथ ही इस चुनाव में होने वाली हार या जीत से दिल्ली के सीएम अरविंद केजरीवाल और कांग्रेस नेता राहुल गांधी के भविष्य की राजनीति टिकी है । इसीलिए अबकी बार गुजरात के परिणाम पर पूरे देश की निगाहें हैं। इस बार का यह चुनाव सिर्फ भाजपा, कांग्रेस और आप के बीच की लड़ाई नहीं था बल्कि यह पीएम मोदी के मान-सम्मान और गौरव का भी चुनाव रहा है। साथ ही केंद्रीय गृहमंत्री अमितशाह के भी सम्मान से जुड़ा है। राज्य के विधानसभा चुनावों का परिणाम यह भी बता रहा है कि राज्य को आगे भी वही गुजरात मॉडल पसंद है, जिसे कभी पीएम मोदी ने दिया थायह चुनाव नतीजे में भी बता रहे हैं कि गुजरात में सीएम भले ही कोई हो, लेकिन पीएम मोदी ने जो गुजरात मॉडल दिया और जो विकास किया, उसे राज्यवासी कभी भुला नहीं सकते।2017 के गुजरात विधानसभा चुनाव के विपरीत, जो काफी हद तक दो दलों की लड़ाई थी, आम आदमी पार्टी की गुजरात में एंट्री ने मौजूदा मुकाबले को त्रिकोणीय लड़ाई बनाया लेकिन जैसा कि नतीजे बता रहे हैं कि दाल किसी की नहीं गली और फिर मोदी लहर ऐसा चली की झाड़ू की तीलियां बिखर गयीं और लाख कोशिशों के बावजूद पंजा उन्हें अपने में समेट नहीं पाया।चाहे वो गोधरा हो या नरोदा पाट्या गुजरात विधानसभा चुनावों में इस बार भी ऐसी तमाम सीट्स थीं जिनको लेकर विपक्ष विशेष कर कांग्रेस और आम आदमी पार्टी ने भारतीय जनता पार्टी और पीएम मोदी पर गंभीर आरोप लगाए लेकिन भाजपा और मोदी के पंच में आए शानदार नतीजों ने उन सब कुछ शीशे की तरह साफ कर दिया है। लगातार 27 साल की सत्ता के बाद भी इस नतीजों से ये कहने में कोई गुरेज या शक नहीं होना चाहिए कि 2002 के बाद से जो दाग बार बार विपक्ष भाजपा के दामन पर लगा रहा था उसे पीएम मोदी ने अपने कुशल नेतृत्व के भरोसे सदा सदा के लिए धुल दिया है।ये चुनाव इस कदर मोदी के नाम पर लड़ा गया कि कई लोगों को तो गुजरात के मुख्यमंत्री का नाम तक याद नहीं।नरेंद्र मोदी ने 2002 में जब पहली बार गुजरात में बहुमत हासिल किया था तब से लेकर अब तक दो दशक के दौरान गुजरात में शायद ही ऐसा कोई चुनाव हुआ हो जिसने राष्ट्रीय राजनीति पर असर नहीं डाला। 2022 के मौजूदा चुनाव भी इसका अपवाद नहीं हैं।बीते दो दशकों के दौरान या मोदी युग के आरंभ के बाद से राज्य की राजनीति में दो कारक निरंतर देखने को मिले। पहला, भाजपा की जीत और उसका दबदबा। दूसरा कांग्रेस का 30 फीसदी से अधिक का मजबूत वोट बैंक जो 2017 में 41.4 फीसदी से अधिक हो गया था। इसका अर्थ यही है कि भाजपा जब अपनी लोकप्रियता के शिखर पर थी तब भी कांग्रेस के पास इतने प्रतिशत मत बरकरार थे। उसने कांग्रेस को इस सीमा के नीचे स्थायी रूप से बांधे रखा है। लेकिन इस चुनाव में कांग्रेस अपना आधार वोट भी नहीं बचा सकी है।आप ने भी कांग्रेस को गुजरात के ग्रामीण क्षेत्रों में खासा नुकसान पहुंचाया है। यही वजह है कि गुजरात में आप पार्टी कांग्रेस के लिए भस्मासुर बन गई।बस यही भाजपा चाहती थी।कांग्रेस के बड़े नेता बार-बार गुजरात आए नहीं।न राहुल गांधी और न सोनिया गांधी। एक खडगे आए थे वे भी मोदी जिनकी गुजरात में ब्रांड वैल्यू हैं, उन्हें रावण कहकर चले गए। जहां तक अशोक गहलोत का सवाल है, वे अपने राजस्थान के झगड़ों में ही उलझे रहे।पिछली बार गहलोत ने कड़ी मेहनत कर गुजरात में कांग्रेस को 77 सीटें दिलाई थीं।अब कांग्रेस को भाजपा पर आरोप लगाने के बजाय अपने संगठन और जमीनी कार्यकताओं पर फोकस करना चाहिए।उसे ये स्वीकार करना होगा कि वह जनता में उसकी पैठ पहले वाली नहीं रही है।राहुल गांधी की भारत जोड़ो यात्रा का असर भी खास ?नही हुआ है।उसे ईवीएम छोड़ कर मंहगाई और बेरोजगारी पर सवाल करना चाहिए।

**( लेखक स्वतंत्र टिप्पणीकार हैं)**

## व्यंग्य



# जीत की हार

**राजशेखर चौबे**

फेसबुकिए को अपनी पोस्ट पर ढेरों लाइक और कमेंट मिलते देख और साइबर ठग को अपने जाल में फंसते मूर्खों को देखकर जो खुशी होती है वही खुशी बाबा प्रणवानंद को अपने घोड़े ₹ रईस ₹ को देखकर होती थी । इसके जोड़ का घोड़ा पूरे इलाके में नहीं था । इस इलाके के दूसरे घोड़े केवल जुगाली करते थे । इन घोड़ों का मालिक शहरी डाकू जितेंद्र सिंह था । ये सभी घोड़े उसके गुलाम थे और उसके सभी आदेशों का पालन करते थे। घोड़े रईस की पूरे इलाके में धाक थी हालांकि जितेंद्र सिंह को पसंद करने वाले उसके घोड़ों की तारीफ करते थे और रईस की बुराई। रईस की ख्याति जितेन्द्र सिंह तक पहुंची और वे बाबा प्रणवानंद से मिलने पहुंचे और रईस को देखने की इच्छा जाहिर की । डरते डरते बाबा ने जितेंद्र सिंह को रईस के दर्शन कराए । रईस को देखकर जितेंद्र सिंह की छाती पर सांप लोट गया ।

उन्होंने कहा - तुम्हारे घोड़े के सामने मेरे सभी घोड़े नाकारा और निकम्मे हैं इसीलिए मेरी जगहंसाई होती है । मैं अपने एक शुभचिंतक से आपको इसकी मुंहमांगी कीमत दिलवाऊंगा ।

बाबा ( डरते डरते ) - रईस बिकाऊ नहीं है । रईस आपके महल ( शहरी डाकू महल में ही रहते हैं ) में घुट घुट कर मर जाएगा क्योंकि वहां सांस लेने पर भी पहरा है।

जितेंद्र - मेरे सभी घोड़ों को भरपूर दाना पानी मिलता है और वे सभी प्रसन्नचित हैं ।

बाबा - आपके सामने मेरी बिसात ही क्या है । आप जब चाहे उसे हासिल कर सकते हैं लेकिन मैं उसे बेचूंगा नहीं। वापस आने के बाद डाकू जितेंद्र सिंह, दलबदल के बाद भी मंत्री पद न मिलने वाले नेता की तरह बेचैन रहने लगे । वे किसी तरह भी रईस को हासिल करना चाहते थे । पहले भी उन्होंने दूसरे घोड़ों को या तो खरीद लिया था या निर्वासित कर दिया था । जितेंद्र सिंह ने अपने खास शुभचिंतक को तलब किया जो पहले से ही उन्हें उपकृत करता रहा है। उसने अपने आदमी को भेजकर बाबा प्रणवानंद को ए सी, फ्रिज टी वी, कार आदि के लिए ऋण दिलवाकर ऋणी बनवा दिया । बाबा का ई एम आई रईस के दाना पानी के बराबर पहुंच गया । डाकू का वह शुभचिंतक बाबा के पास पहुंचा और बोला -

आप मुझे अपने आश्रम में 80% का हिस्सेदार बना लें । आगे की ई एम आई मैं ही भर दूंगा और आप रईस की सवारी का लुफ्त उठाते रहना । बाबा झांसे में आ गए ।

शुभचिंतक ने पूरे आश्रम को कब्जिया लिया । डाकू के मित्र रईस को लेकर उनके पास गए । डाकू का दिल बाग बाग हो गया। उन्होंने तुरंत रईस की सवारी करनी चाही ।उन्होंने समझाया कि यह बिगड़ैल घोड़ा है और काबिल सवार ही इसकी सवारी कर सकता है । डाकू जिद्दी था और उसने उनकी सलाह नहीं मानी । रईस को पुचकार कर उस पर सवार हो गए । रईस डाकू जितेंद्र सिंह को लेकर सरपट दौड़ पड़ा और मैदान का पूरा एक चक्कर लगाया । डाकू जितेन्द्र सिंह ने गर्व से अपनी गर्दन घुमाई तभी रईस ने छलांग मारकर डाकू को जमीन पर पटक दिया और जंगल की ओर भाग गया। उसकी काफी खोजबीन की गई पर उसे पकड़ा नहीं जा सका है । जितेंद्र सिंह अब भी अपनी टूटी टांग के साथ बिस्तर पर लेटे हैं । वे जंगल में बस गए रईस के सजीलेपन व बांकपन की चर्चा सुनते और परेशान होते रहते हैं । शायद वे जीत कर भी हार गए हैं ।

**(लेखक व्यंग्यकार हैं)**

रचनाएं हमें ई-मेल से भी भेज सकते हैं-
<raisubhash953@gmail.com>

# प्रदेश सरकार का दावा फेल गड्ढायुक्त रह गयी सड़कें


अतरौलिया क्षेत्र में स्थित गड्ढायुक्त सड़क

**अतरौलिया (आजमगढ़)।** उत्तर प्रदेश सरकार जहां 15 नवंबर तक सभी सड़कों को गड्ढा मुक्त बनाने का दावा कर रही थी वहीं अब तक क्षेत्र की प्रमुख सड़कें गड्ढा युक्त पड़ी हुई है। 15 नवंबर तक यूपी की सड़कों को गड्ढा मुक्त करने का दावा तो किया जा चुका है लेकिन जिम्मेदार मौन हैं। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अधिकारियों को ये निर्देश दिया था ताकि जनता को सुगम और सुरक्षित यात्रा का अधिकार मिल सके। कहते हैं बेहतर कनेक्टिविटी प्रगति का माध्यम होती हैं। इसका महत्व उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ भी समझते हैं। इसलिए वो उत्तर प्रदेश का सीएम बनने के बाद सुगम और सुरक्षित सड़क निर्माण पर जोर देते आए हैं।

बरसात का मौसम खत्म होते ही यूपी में कई सड़कों का हाल बुरा है जिसके चलते लोगों को दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है इसलिए सीएम योगी ने अधिकारियों को ये निर्देश दिया था कि 15 नवंबर तक उत्तर प्रदेश की सड़कें गड्ढा मुक्त हो जाएं। सीएम योगी ने अधिकारियों को ये भी निर्देश दिया कि सड़क निर्माण में निजी निवेश को भी प्रोत्साहन दिया जाए। पीपीपी मोड पर सड़क निर्माण की कार्ययोजना बनाई जाए। बावजूद इसके ग्रामीण सड़कों की स्थिति बेहद ही खराब है व प्रतिदिन सड़कों पर बड़ी दुर्घटनाएं हो रही हैं। वहीं विद्यालय आने जाने वाले बच्चों को भी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। क्षेत्र की सभी प्रमुख सड़कें गड्ढा युक्त हो गई हैं जिस पर पैदल चलना भी मुश्किल है। ऐसे में सरकार का यह दावा कितना सफल होगा। समाजसेवी ललित मौर्य ने बताया कि सरकार दावा तो कर रही है लेकिन जिम्मेदार ग्रामीण सड़कों पर ध्यान नहीं दे रहे जिसके चलते सड़कों की स्थिति बद से बदतर होती जा रही है। सड़कों में जगह-जगह गड्ढे हो गए हैं जिसकी वजह से प्रतिदिन सड़कों पर दुर्घटनाएं हो रही हैं। वहीं दुर्घटना में कई लोग अपनी जान तक गंवा चुके हैं। ऐसे में उप्र सरकार को ग्रामीण सड़कों पर जल्द से जल्द कार्य शुरू कर देना चाहिए। क्षेत्र के सिकंदरपुर नरियाव मार्ग, अतरौलिया से जहांगीरगंज मार्ग, बढ़या से ईदिलपुर मार्ग समेत सभी ग्रामीण सड़क पूरी तरह से जर्जर हो चुकी हैं।

## स्वास्थ्य शिविर में 26 गर्भवती महिलाओं की हुई जांच

**लालगंज (आजमगढ़)।** प्रत्येक महीने की नौ और 24 तारीख को आयोजित होने वाले प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान कार्यक्रम के अन्तर्गत सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लालगंज में 60 की ओपीडी में 26 गर्भवती महिलाओं की शुक्रवार को जांच की गई, तथा उन्हें मुफ्त चिकित्सकीय परामर्श के बाद दवा आदि का वितरण किया गया। डॉ. गरिमा ने बताया कि यह कार्यक्रम प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान विगत कई महीनों से चल रहा है जिसमें गर्भवती महिलाओं की चिकित्सकीय जांच के बाद आवश्यकता के अनुसार उन्हें दवा आदि का मुफ्त वितरण किया जाता है। उन्होंने बताया कि वैसे तो गर्भवती महिलाओं के लिए कार्यक्रम प्रतिदिन चलता रहता है लेकिन हर महीने की 9 और 24 तारीख को उन गर्भवती महिलाओं को बुलाया जाता है जिनकी स्थिति खतरे में होती है या बाद में खतरे में पड़ सकती है। अगर आवश्यकता पड़ती है तो उन्हें जिले तक भेज कर उनका उपचार कराया जाता है ताकि जच्चा-बच्चा दोनों स्वस्थ रह सकें। उन्होंने बताया कि आज एक गर्भवती महिला की जांच में रिपोर्ट सही न मिलने के बाद उसे जिले पर जाने की सलाह दी गई ताकि सुरक्षित प्रसव हो सके। इस मौके पर गुड़िया, सोनी, पूनम, मीना, सविता, वंदना, पूजा, सबा तथा नाजिया आदि की जांच गई तथा चिकित्सकीय परामर्श के पश्चात दवा आदि का वितरण किया गया।

# शिविर लगाकर बनाया गया आयुष्मान गोल्डेन कार्ड


आयुष्मान गोल्डेन कार्ड बनाती स्वास्थ्य विभाग की टीम

**लालगंज (आजमगढ़)।** केंद्र सरकार द्वारा गरीबों को बीमारी से इलाज के लिए आयुष्मान गोल्डन कार्ड योजना चलाई गई है। इसको गांव-गांव तक पहुंचाने के लिए शुक्रवार को विकास खंड लालगंज के 11 ग्रामसभा में आयुष्मान गोल्डन कार्ड शिविर का आयोजन किया गया।

प्रदेश व केंद्र सरकार के द्वारा गांव के बीपीएल कार्ड धारकों के लिए चाहे जिस तरह के बीमारी से ग्रसित हों सभी के इलाज के लिए खर्च सरकार वहन कर रही है ताकि गरीब मरीजों को इलाज में राहत मिल सके। इस योजना आयुष्मान गोल्डन कार्ड की सफलता धरातल पर उतारते हुए चलाई जा रही योजना के क्रम में सरकार की मंशा के अनुरूप आज शुक्रवार को लालगंज ब्लाक के रामपुर कठरवां, बैरीडीह, चिरकिहिट, कस्बा देवगांव, नोनीपुर उर्फ नईकोट, कलीचाबाद, माधवपुर धरांग, कटौली खुर्द, रेतवां चंद्रभानपुर, जेहतमंदपुर, बसही अकबालपुर ग्राम में ग्राम सचिवालय पर पंचायत सहायक तथा एक सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के सीएचओ द्वारा प्रत्येक ग्रामसभा के बीपीएल कार्डधारकों को एकत्र कर आयुष्मान गोल्डन कार्ड बनाने की प्रक्रिया पूरी की गयी। सीएचसी लालगंज के डॉ. विंध्याचल, अनीता चैरसिया बीसीपीएम, बीपीएम अखंड राय, दीपक आदि ने उपरोक्त सभी 11 ग्रामों की घूम कर समीक्षा की और पात्र लोगों को ग्राम सचिवालय पर पहुंचकर अपना कार्ड बनवाने के लिए प्रेरित किया।

## संक्षेप

### तमंचा, कारतूस के साथ एक गिरफ्तार

**आजमगढ़।** पुलिस अधीक्षक द्वारा अपराधियों की गिरफ्तारी के लिए चलाये जा रहे अभियान के तहत कार्रवाई करते हुए थाना कप्तानगंज पुलिस ने तमंचा व कारतूस के साथ एक अभियुक्त को गिरफ्तार कर संबंधित धाराओं में चालान कर दिया। कप्तानगंज पुलिस अपराधियों की तलाश में क्षेत्र चेकिंग कर रही थी। चेकिंग के दौरान गोपालपुर पुलिया के पास से एक व्यक्ति कोएक अदद अवैध तमन्चा 0.315 बोर, जिन्दा कारतूस 0.315 बोर, खोखा कारतूस 0.315 बोर के साथ गिरफ्तार कर संबंधित धाराओं में चालान कर दिया। गिरफ्तार अभियुक्त ने अपना नाम जियालाल पुत्र घोल निवासी ग्राम खिरीडीहा थाना कप्तानगंज बताया।

### मतदाता पुनरीक्षण कार्य में लगाये गये बीएलओ

**फूलपुर (आजमगढ)।** स्थानीय तहसील में वर्तमान समय नगर पंचायत की मतदाता सूची के पुनरीक्षण का कार्य बीएलओ द्वारा किया जा रहा है। फूलपुर तहसील में मतदाता सूची में मृत मतदाता विलोपित विस्थापित करने के कार्य में लेखपाल सहित सुपर वाइजर मतदाता सूची के पुनरीक्षण कार्य में लगे हैं। तहसीलदार फूलपुर संजय कुशवाहा प्रतिदिन मतदाता सूची के कार्य अतिशीघ्र पूर्ण कराने की समीक्षा कर रहे। तहसीलदार फूलपुर द्वारा समीक्षा बैठक कर बाद निस्तारण का निर्देश दिया। जिसके लिए समस्त बीएलओ, सुपर वाइजर मतदाता सूची कम्प्लीट करने में लगे है।

### आर्म्स ऐक्ट में एक को पुलिस ने भेजा जेल

**आजमगढ़।** थाना मेंहनगर पुलिस ने कार्रवाई करते हुए अवैध तमंचा कारतसूत के साथ अभियुक्त को गिरफ्तार कर संबंधित धाराओं में चालान कर दिया। मेंहनगर पुलिस ने चेकिंग के दौरान राजघाट पुल बहद ग्राम देवईत से अभियुक्त राजन गौड पुत्र हरेन्द्र गौड ग्राम देवईत थाना मेंहनगर को एक अदद नाजायज तमंचा .315 बोर व एक अदद जिन्दा कारतूस 315 बोर के साथ गिरफ्तार कर संबंधित धाराओं में चालान करते हुए जेल भेज दिया।

### शैली सिस्टर कार्यक्रम का हुआ आयोजन



**आजमगढ़।** मिशन महोत्सव के अर्न्तगत मिशन अस्पताल के स्कूल आफ नर्सिंग कैम्पस में शैली सिस्टर का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि संस्था के निदेशक डा.अशोक कुमार सिंह एवं ट्रस्टी बीना सिंह ने दीप प्रज्जवलन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। शैली सिस्टर के समस्त जीएनएम, एएनएम, बीएस-सी नर्सिंग एवं पैरामेडिकल के छात्राओं ने एक दूसरे को उपहार भेंट कर भाईचारे का संदेश दिया। डा.अशोक सिंह ने कहा कि संस्था विगत कई वर्षो से मिशन महोत्सव के तहत कई कार्यक्रम आयोजित कर छात्र, छात्राओं के उर्जा का स्त्रोत देने का कार्य कर रहा है। सांता क्लाज के रूप में कामनी को संस्था के निदेशक द्वारा पुरस्कृत किया गया। इस अवसर पर संस्था स्कूल आफ नर्सिंग की प्राचार्या अवनी एनआर, डा.रामजी सिंह, डा.बिनोद सिंह, अर्पण श्रीवास्तव, सलोनी नाग, संदीप मौर्या, अजीत पाण्डेय, प्रतिभा, सुधीर, खुशबू, प्रतीक उज्जैन, पंकज सिंह, सूर्या, श्रीराम, प्रज्ञा आदि उपस्थित थे।


### तीन स्नेचर, चेन के साथ गिरफ्तार

**आजमगढ़।** पुलिस अधीक्षक द्वारा अपराधियों की गिरफ्तारी के लिए चलाये जा रहे अभियान के तहत कार्रवाई करते हुए थाना जहानागंज पुलिस ने छिनैती की घटना का अनावरण करते हुए छिनैती गये चेन के साथ 3 अभियुक्तों को गिरफ्तार कर संबंधित धाराओं में जेल भेज दिया। गुरूवार को बलवन्त कुमार सिंह पुत्र स्व.रघुराज सिंह निवासी दयालापुर थाना जहानागंज ने थाना स्थानीय पर शिकायत किया कि उसकी भतीजी आटो से पीजीआई से अपने घर दयालपुर आते समय 3 अज्ञात महिलाएं गले से सोने का चेन छीनकर भाग गयी। पुलिस मुकदमा दर्ज कर आरोपियों की तलाश में थी। इस मामले में पुलिस ने अभियुक्ता मीरा पत्नी राजेश निवासी बेलकुण्डा थाना रौनापार को किशनपुर के पास से गिरफ्तार किया। पूछताछ में गिरफ्तार अभियुक्ता की निशानदेही पर संजना पुत्री राजेश निवासी बेलकुण्डा थाना रौनापार व इन्द्रावती पत्नी श्रीराम उर्फ बबलू निवासी कांखभार थाना बिलरियागंज को सुम्भी बाजार से गिरफ्तार कर लिया। उनके कब्जे से चोरी गये एक अदद चेन बरामद कर लिया।

### पिछले माह के सापेक्ष कम हुई डेंगू मरीजों की संख्याः द्विवेदी

**आजमगढ़।** डेंगू के खिलाफ जनपद में स्वास्थ्य विभाग के चले अभियान के परिणाम अब दिखने लगे हैं। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ.आईएन तिवारी के अनुसार जनपद में डेंगू पर अब काबू पा लिया गया है। उन्होने कहा कि संचारी रोग के लक्षणों को पहचान कर जांच एवं इलाज की सुविधा स्वास्थ्य केंद्रों पर मिलती रहेगी। जिला मलेरिया अधिकारी शेषधर द्विवेदी ने बताया कि विभागीय टीम और समुदाय के सहयोग से नवंबर माह की तुलना में इस माह बहुत कमी आई है। एक सितंबर से आज तक मंडलीय जिला चिकित्सालय एवं राज्य स्तरीय मान्यता प्राप्त व प्राइवेट पैथोलॉजी डेंगू धनात्मक मिले रोगियों के सापेक्ष कृत 777 जांच में कुल 135 डेंगू के पुष्ट रोगी मिले थे। इसमें 135 ठीक हो चुके हैं। मेडिकल कॉलेज में कुल 888 लोगों की जांच में 140 मरीज मिले थे। सभी 140 मरीज स्वस्थ हो चुके हैं। डीएमओ शेषधर द्विवेदी ने बताया कि डेंगू को हड्डी तोड़ बुखार भी कहते हैं। यह स्वास्थ्य के लिए बहुत हानिकारक होता है। मच्छर के द्वारा संचारित होने वाला यह बुखार कभी घातक भी हो सकता है। यदि इसकी समय पर पहचान कर ली जाय तो इससे बचाव भी संभव है। डेंगू व सामान्य फ्लू या वायरल बुखार से लक्षण अक्सर सामान्य लगते हैं। इसलिए नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र जाकर तुरंत ब्लड टेस्ट करवा लेना चाहिए। इससे बीमारी के लक्षण की पहचान हो सके और समय रहते मरीज का इलाज किया जा सके।

### हिमांचल में जीत पर कांग्रेसियों ने मनाया जश्न



**अतरौलिया (आजमगढ़)।** हिमांचल में हुई कांग्रेस की जीत और सोनिया गांधी के जन्मदिन पर एक दूसरे को मिठाई खिलाकर जश्न मनाया गया। अतरौलिया के पटेल चैक पर शुक्रवार को जगत खादी ग्रामोद्योग के संचालक वरिष्ठ कांग्रेसी नेता ललित मौर्य के नेतृत्व में हिमांचल में हुई कांग्रेस पार्टी की रिकॉर्ड जीत और सोनिया गांधी के 76वें जन्मदिन पर लोगों को मुंह मीठा कराया गया तथा लोगो ने जीत पर खुशी का इजहार किया गया। ललित मौर्या ने बताया कि कांग्रेस भारत जोड़ो यात्रा के दौरान अब निरंतर प्रगति पर है जिसका नतीजा रहा है कि हिमांचल में कांग्रेस ने रिकॉर्ड जीत हासिल किया अब उत्तर प्रदेश में भी धीरे-धीरे कांग्रेस आगे बढ़ रही है। आगामी चुनाव में कांग्रेस की केंद्र में सरकार बनेगी। सेवादल के जिला अध्यक्ष जितेंद्र मिश्रा ने बताया कि जनता भारतीय जनता पार्टी को सत्ता से उखाड़ फेंकना चाहती है। बढ़ती महंगाई और बेरोजगारी ने लोगों का जीना दुश्वार कर दिया है। अतरौलिया विधानसभा अध्यक्ष यदुनाथ सिंह ने कार्यकताओं का उत्साह वर्धन किया। विनीत रंजन ने सभी का आभार व्यक्त किया। मौके पर अंजली पांडे, शशिकांत, अरुणे, अरविंद, भानु निषाद, विजय, मनोज, त्रिभुवन वर्मा, रामकृष्ण चैबे आदि उपस्थित रहे।

### गांजा के साथ दो धराये

**लाटघाट (आजमगढ़)।** रौनापार थाना क्षेत्र के नेवादा चांदपट्टी गांव निवासी महातम यादव पुत्र बालचंद को पुलिस 900 ग्राम गांजा के साथ पकड़ कर जेल भेज दिया। मुखबिर की सूचना पर रौनापार थाना क्षेत्र के काखभार बाजार के पास जोकहरा गेट के सामने झोला में गाजा लिए खड़ा था, कि पुलिस पहुंची और पकड़कर जामा तलाशी ली। उसके पास से झोले में 900 ग्राम गांजा बरामद हुआ। पुलिस ने संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जेल भेज दिया। इस संबंध में थानाध्यक्ष रौनापार कौशल कुमार पाठक ने बताया कि आरोपी के विरुद्ध एक दर्जन मुकदमा दर्ज हैं। मोहम्मदपुर प्रतिनिधि के अनुसार गंभीरपुर पुलिस ने चेकिंग के दौरान मोहम्मदपुर सदाफल तिराहे के पास से एक व्यक्ति को अवैध 250 ग्राम गांजा के साथ गिरफ्तार कर संबंधित धाराओं में जेल भेज दिया। गिरफ्तार अभियुक्त ने अपना नाम फैसल पुत्र तुफैल अहमद निवासी मोहम्मदपुर बताया।

### खराब प्रगति पर डीएम ने जतायी नाराजगी



**आजमगढ़।** डीएम विशाल भारद्वाज की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में जल जीवन मिशन की साप्ताहिक समीक्षा बैठक हुई। इसके अन्तर्गत हर जल नल योजना के तहत प्रत्येक घर को 2024 तक पाइप लाइन से आच्छादित किया जाना है। वर्तमान समय में जनपद में इस कार्य को 7 एजेंसियों द्वारा किया जा रहा हैं, जिसमें द्वितीय एवं तृतीय फेज के अन्तर्गत कार्य चल रहा है। डीएम ने बताया कि द्वितीय व तृतीय फेज में 1086 राजस्व ग्रामों में कार्य चल रहे हैं, जिसके तहत नलकूप लगाने, पावर हाउस एवं ओवर हेड टैंक बनाने के साथ ही एफएचटीसी के अंतर्गत पाइप लाइन बिछाने का कार्य किया जा रहा है। इसी के साथ ही पांचवे फेज के अन्तर्गत छूटे हुए राजस्व ग्रामों में पांच एजेंसियों द्वारा सर्वे एवं डीपीआर बनाये जाने के लिए कार्य दिये गये हैं, डीपीआर पर स्वीकृति हो जाने के उपरान्त हर घर नल योजनान्तर्गत घरों को पाइपलाइन से जोड़ने का कार्य प्रारम्भ कर दिया जायेगा। एलसी इन्फ्रा एजेन्सी द्वारा एफएचटीसी के अंतर्गत खराब प्रगति पाये जाने पर डीएम ने एई जल निगम को निर्देश देते हुए कहा कि उचित कार्यवाही करना सुनिश्चित करें। मौके पर मुख्य विकास अधिकारी आनन्द कुमार, आईएएस प्रशिक्षु प्रखर कुमार, एई जल निगम सहित संबंधित विभागों के अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें गर्भवती महिलाएंः खुशबू


महिला का परीक्षण करती डॉ.खुशबू सिंह

**आजमगढ़।** रमा चैरिटेबल ट्रस्ट द्वारा गर्भवती महिलाओं के स्वास्थ्य परीक्षण हेतु निःशुल्क कैम्प का आयोजन शुक्रवार को नगर के नरौली स्थित रमा मल्टी स्पेशियालिटी हास्पिटल एवं ट्रामा सेंटर में किया गया। स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ एमडी डा. खुशबू सिंह ने कहा कि वर्तमान में मौसम बदल रहा है, जिसमे लगातार कई तरह के बदलाव हो रहे हैं ऐसे में गर्भवती महिलाएं अपने स्वास्थ्य के प्रति गंभीर रहें।

रमा परिवार सभी को स्वास्थ्य सेवा मुहैया कराने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने अन्य महिलाओं से अपील किया कि निशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण का लाभ उठाये ताकि जच्चा-बच्चा दोनों का स्वास्थ्य सुरक्षित रहे। इस अवसर पर व्यवस्थापक अविनाश सिंह, गौरव सिंह, मनीष सिंह, मोनू सिंह, श्रीकांत, नागेन्द्र मौर्य, सीमा अनिता गीता संजू यादव सहित आदि स्टाफ मौजूद रहे।

## धर्म परिवर्तन की सूचना पर पहुंची पुलिस, आरोपी फरार

**लाटघाट (आजमगढ़)।** रौनापार थाना क्षेत्र के कादीपुर दलित बस्ती में शुक्रवार को पुलिस को सूचना मिली कि ईसा मसीह के लोग धर्म परिवर्तन कराते हैं। इसकी सूचना पर रौनापार पुलिस कादीपुर दलित बस्ती पहुंची। जहां पर ईसा मसीह की प्रार्थना करा रही कांति देवी पत्नी राजकुमार अनीता गीता मंजू आदि ने बताया कि विगत काफी दिनों से हर शुक्रवार को ईसा मसीह की प्रार्थना कराई जाती है। प्रार्थना से लोगों को बड़ा लाभ होता है। कई गांव के लोग महिला पुरुष बच्चे इकट्ठा होते हैं। इसकी सूचना जब पुलिस को मिली तो मौके पर पहुंचे और कहा कि धर्म परिवर्तन की सूचना है। थाने पर आकर पूरी बात स्पष्ट रूप से बताएं। इसके बाद ही प्रार्थना का कार्य शुरू होगा। थाने के उपनिरीक्षक मुखराम यादव हमराही के साथ मौके पर पहुंचे और प्रार्थना सभा में पुलिस को देखते ही अफरा-तफरी मच गई। लोग तितर-बितर हो गए। प्रार्थना करा रही महिला ने पूरी बात बतायी। ग्रामीणों का कहना है कि यह विगत कई वर्षों से लगातार कार्यक्रम चल रहा है। दूर-दूर से लोग यहां आते हैं और क्या करते हैं इसकी कोई जानकारी नहीं है।

# किन्नर का प्रेम चढ़ा परवान, युवक संग रचाई शादी


किन्नर की मांग में सिन्दूर पहनाता युवक

**महराजगंज (आजमगढ़)।** प्रेम की व्याख्या हर युग के रचनाकार, साहित्यकार ऋषि मुनि सहित चिंतकों ने अनेक प्रकार से किया है परन्तु इसका भाव वही समझ सकता है जो इसमें निश्छल भाव से गोता लगाया हो फिर भी शब्दों के माध्यम से प्रेम की अभिव्यक्ति उसके लिए भी संभव नहीं होता। यह कहना तब और उपयुक्त हो जाता है जब यह चरितार्थ होता दिखे। प्रेम का ऐसा मामला महाराजगंज ब्लॉक स्थित भैरव धाम परिसर में उस वक्त चरितार्थ होता नजर आया जब एक किन्नर और एक लड़के का प्रेम परवान चढ़ा और वे दोनों भैरव बाबा को साक्षी मानकर एक दूजे के हो गये।

जलपाईगुड़ी वेस्ट बंगाल निवासी मुस्कान नाम की किन्नर विगत 2 साल पूर्व मऊ जिले में एक नृत्य कार्यक्रम के लिए आई थी जहां उसकी मुलाकात वीरू राजभर निवासी देवसीपुर पोस्ट टेकई थाना मोहम्मदाबाद जनपद मऊ से हुई। पहली मुलाकात में ही दोनों एक दूसरे को अपना दिल दे बैठे।

विगत डेढ़ साल से वीरू और मुस्कान वीरू के घर ही रहने लगे। इस बीच दोनों का प्यार और भी प्रगाढ़ हुआ और मन ही मन दोनों एक दूसरे का हमसफर बनने को राजी हो गए। वीरू ने बताया कि इस संबंध से उसके परिवार को कोई आपत्ति नहीं है जिसे आज दोनों ने भैरव बाबा को साक्षी मानकर उनके समक्ष एक दूसरे का दामन थाम लिया और परिणय सूत्र में बंध गए।

# सड़क सुरक्षा नियमों का सदैव करें पालन

**बोले विजय सिंह**

### सड़क सुरक्षा के लिए बच्चों को दिलाई गई शपथ


बच्चों को सड़क सुरक्षा की शपथ दिलाते विजय सिंह

**आजमगढ़।** निजामाबाद कस्बा स्थित जनता इंटर कॉलेज में सुरक्षित यातायात महा अभियान 2022 के अंतर्गत छात्र छात्राओं को सड़क सुरक्षा कार्यक्रम के बारे में शपथ दिलाई गई।

शपथ ग्रहण समारोह को संबोधित करते हुए प्रधानाचार्य अरुण कांत सिंह ने कहा कि सड़क पर वाहन चलाने से पहले सभी सुरक्षा संबंधी बातों का ध्यान रखना चाहिए तथा यातायात नियमों का हमेशा खुद और अपने परिजनों से पालन करवाना चाहिए। प्रवक्ता एवं माध्यमिक शिक्षक संघ के जिला मंत्री विजय कुमार सिंह ने कहा कि यातायात नियमों का सदैव पालन करना चाहिए दो पहिया वाहन चलाते समय हमेशा हेलमेट का प्रयोग करना चाहिए तथा कार चलाते समय हमेशा सीट बेल्ट का भी प्रयोग करना चाहिए। उप प्रधानाचार्य शौकत अली सिद्दिकी ने कहा कि वाहन चलाते समय कभी भी मोबाइल फोन पर बात नहीं करना चाहिए सड़क दुर्घटना पीड़ित की हमेशा मदद करनी चाहिए। इस अवसर पर मदन लाल यादव, डॉ. दिनेश प्रताप सिंह, सभापति तिवारी, राम सुधार पासवान, एसआई सूरज चैधरी, आरक्षी धर्मेंद्र कुमार, गिरीश चंद्र यादव, गणेश राम सोनकर, उमेश राय, सत्येंद्र सिंह, ममता सिंह, रहमान, रंजीत सोनकर, संत प्रकाश, सत्येंद्र पांडे, राहुल पाठक, महेंद्र सोनकर आदि उपस्थित थे।

### खतौनी पुनरीक्षण हेतु डीएम ने दी स्वीकृति

**आजमगढ़।** उत्तर प्रदेश राजस्व संहिता, 2006 की धारा 31 की उपधारा 2 एवं उप्र राजस्व संहिता नियमावली के नियम 28 के उप नियम एक में प्रदत्त शक्तियों का उपयोग करते हुए डीएम विशाल भारद्वाज ने चकबन्दी प्रक्रिया पूर्ण होने के उपरान्त तहसील निजामाबाद, ग्राम मुहम्मदपुर उर्फ मदारडांड, परगना निजामाबाद कोड सं. 194547 की खतौनी के पुनरीक्षण में खतौनी में अंकित प्रत्येक खातेदार, सहखातेदार के गाटों के अंश का निर्धारण करने हेतु खतौनी पुनरीक्षण एवं अंश निर्धारण कार्यक्रम का संचालन प्रारम्भ करने की स्वीकृति प्रदान किया है।

## आधा दर्जन अपराधी हुए जिला बदर

**आजमगढ़।** पुलिस अधीक्षक अनुराग आर्य ने गुण्डा एक्ट की कार्यवाही करते हुए आधा दर्जन अभियुक्तों को जिलाबदर किया है। एसपी ने बताया कि अभियुक्तों के विरूद्ध गुण्डा एक्ट की कार्यवाही करते हुए 6 माह के लिए अभियुक्तों को जिलाबदर किया गया। जिसमें लूट में 2, दुष्कर्म में एक, छेड़खानी से एक, आबकारी से एक व बलवा से एक अभियुक्त को 6 माह के लिए जिलाबदर किया गया है। जिला बदर किये गये अभियुक्तों में अखिलेश कुमार यादव उर्फ अकालू पुत्र राजकुमार यादव, निवासी हरिश्चन्द्रपुर थाना गम्भीरपुर लूट, दिनेश राय पुत्र रामधनी, निवासी बेलऊ थाना गम्भीरपुर, लूट, हरिकेश राजभर पुत्र ललई, निवासी मेहरोकला, थाना देवगांव, दुष्कर्म, ललित राय पुत्र महेन्द्र राय निवासी सोहौली, थाना बरदह छेड़खानी, बृजेश चैबे पुत्र हरि चैबे निवासी बिजस्वा थाना मुबारकपुर, आबकारी व कन्हैया यादव पुत्र भगानू निवासी हेमजापुर, थाना रानी की सराय, बलवा के मामले में शामिल हैं।

# प्रस्तावित भूमि का क्षेत्राधिकारी सौम्या सिंह ने किया निरीक्षण



जनसंदेश न्यूज

**अंजान शहीद (आजमगढ़)।** सगड़ी तहसील क्षेत्र के अजमतगढ़ कस्बे में आदर्श पुलिस चैकी की प्रस्तावित भूमि का क्षेत्राधिकारी सगड़ी सौम्या सिंह ने निरीक्षण किया।

अजमतगढ़ नगर पंचायत के जीयनपुर-अजमतगढ़ मार्ग पर गोगा शाव भीखी शाव स्वतंत्रता सेनानी पार्क व प्रतिमा के समीप राजस्व निरीक्षक राकेश पांडेय नवीन परती पर पुलिस चैकी निर्माण के लिए जिलाधिकारी को भूमि का प्रस्ताव भेजा गया जिसके उपरांत पुलिस अधीक्षक अनुराग आर्य के निर्देश पर क्षेत्राधिकारी सौम्या सिंह व जीयनपुर थाना प्रभारी अवधेश अवस्थी ने प्रस्तावित भूमि का निरीक्षण किया। इस दौरान क्षेत्राधिकारी सौम्या सिंह ने अजमतगढ़ कस्बा के स्वतंत्रता सेनानी गोगा शाव भीखी शाव की प्रतिमा को नमन कर प्रस्तावित भूमि का निरीक्षण किया। अजमतगढ़ कस्बा में स्थायी आदर्श पुलिस चैकी स्थापना से नगर पंचायत वासियों को सुविधाएं मिलेंगी विदित हो अजमतगढ़ पुलिस चैकी ताल सलोना के किनारे से संचालित हो रही थी।

# स्मार्टफोन पाकर खिले छात्राओं के चेहरे

**आयोजन**

### पांच दिवसीय स्काउट गाइड प्रशिक्षण का हुआ समापन

जनसंदेश न्यूज


मुख्य अतिथि को स्मृति चिन्ह देते प्रबंधक एमके राय


छात्रा को स्मार्टफोन देते मुख्य अतिथि

**ठेकमा (आजमगढ़)।** स्थानीय क्षेत्र एमके राय दीप आदर्श बालिका पीजी कॉलेज की बीएड बीए बीएससी कक्षा की छात्राओं को संयुक्त शिक्षा निदेशक योगेंद्र कुमार सिंह एवं जिला मंत्री भाजपा प्रमोद राय द्वारा स्मार्टफोन प्रदान किया गया। इसी के साथ बीएड, डीएलएड तथा बीए बीएससी की छात्राओं के द्वारा स्काउट गाइड पांच दिवसीय कार्यक्रम का समापन दिवस भी मनाया गया। इस अवसर पर सहायक कमिश्नर स्काउट गाइड मंडल आजमगढ़ गोरखपुर नौशाद अली सिद्दीकी विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे।

संयुक्त शिक्षा निदेशक माध्यमिक योगेंद्र कुमार सिंह ने कहा कि जीवन में छात्र ऐसे बनें जो वास्तव में समाज के लिए उपयोगी हों। ऐसे डॉक्टर की जरूरत नहीं जो ऑपरेशन रूम में पहुंचकर पहले दो लाख की मांग करें, ऐसे इंजीनियर की जरूरत नहीं जो चंद लालच में ऐसे पुल का निर्माण कराएं जिसे गिरने से सैकड़ों हजारों लोगों की जान चली जाए, इसलिए ऐसे प्रतिभाओं की जरूरत है जो वास्तव में एक समाज सेवक के रूप में देश की सेवा करें स्मार्टफोन से बहुत बहुत कुछ छात्र छात्राओं को सीखने का मौका मिलेगा। सरकार की यह महत्वाकांक्षी एवं छात्रों के लिए उपयोगी योजना है। जिला मंत्री प्रमोद राय ने कहा कि स्मार्टफोन का वितरण करते हुए मुझे यह प्रसन्नता हो रही है कि सरकार ने छात्रों के विषय में उपयोगी वस्तु की आवश्यकता समझते हुए निशुल्क प्रदान किया है जिसे छात्र स्मार्टफोन के सहयोग से केवल ट्यूशन कोचिंग पर निर्भर न होकर स्वयं भी ज्ञानार्जन प्राप्त कर सकेंगे। इस अवसर पर संजय राय, आनंद राय, गोपाल चंद्र राय, रमानाथ मिश्र, रविंद्र राय, राजेंद्र सिंह, राजाराम यादव, संजय कुमार राय, रामरूप यादव, उमाशंकर राय, असलम अली, कन्हैया लाल, सिंटू राय, शिव वचन सरोज, दिवेश ओझा, अमित राय, शुभम राय, राहुल राय सहित सैकड़ों लोग उपस्थित थे।

**स्काउट गाइड प्रशिक्षण से छात्रों में जागती है देश के प्रति समर्पण की भावना : ठेकमा (आजमगढ़)।** विशिष्ट अतिथि नौशाद अली सिद्दीकी सहायक कमिश्नर स्काउट गाइड आजमगढ़ मंडल गोरखपुर ने अपने संबोधन में कहा कि यहां के प्रशिक्षकों के एवं प्राध्यापक तथा प्रबंधक के प्रयास से आज छात्राओं ने जो स्काउट गाइड गीत देश गीत राष्ट्रीय गीत स्वागत गीत सरस्वती गीत आदि प्रस्तुत कर देश की संप्रभुता के प्रति जागरूक किया है सराहनीय कार्य है और हम आशा एवं विश्वास करते हैं भविष्य में स्काउट गाइड प्रशिक्षण लेकर आप लोग छात्रो के भविष्य के निमार्ता के रूप में एक अच्छा कार्य करेंगे।

### उत्कृष्ट अंक पाने वाले छात्र-छात्राओं को किया गया सम्मानित

**ठेकमा (आजमगढ़)।** एमके राय आदर्श इंटर कॉलेज भगवानपुर ठेकमा के वर्ष 2020 में उत्तीर्ण इंटरमीडिएट छात्रा रिचा राय पुत्री संतोष राय जो नीट परीक्षा में अच्छे अंको से पास करके गाजीपुर राजकिय मेडिकल कॉलेज में प्रवेश पा चुकी है उन्हें भी प्रशस्ति पत्र स्मृति चिन्ह एवं अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया गया। कक्षा 10 में 2021 में कॉलेज टाप करने पर पर हर्षिता विश्वकर्मा एवं श्रेया सिंह कक्षा 10 को भी मुख्य अतिथि योगेंद्र कुमार सिंह संयुक्त शिक्षा निदेशक एवं प्रबंधक महेंद्र कुमार राय एडवोकेट के द्वारा स्मृति चिन्ह एवं प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया।

# गर्भवती प्रेमिका का काटा गला

## विवाह के लिए दबाव बनाने पर मिली मौत

**निर्मम**

**दो साल से चल रहा था प्रेम प्रपंच**



खुलासा करते एसपी

**मीरजापुर।** जिगना थाना क्षेत्र के मिश्रपुर गांव के गंगा नदी के किनारे हत्या कर फेंके गए छात्रा की हत्या का पुलिस ने 12 घंटे में ही खुलासा किया। एसपी संतोष मिश्र ने पुलिस लाइन में खुलासा किया। कक्षा 10 में पढ़ने वाली प्रेमिका के गर्भवती होने पर प्रेमी विकास ने ही उसकी गला दबाकर हत्या करने के बाद गला ब्लेड से काट दिया था। प्रेमी ने विवाह का दबाव बनाने पर प्रेमिका की गला दबाकर गर्भ में पल रहे शिशु को भी मार डाला। लिहाजा पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। घर से बिना कहे किशोरी बुधवार की सुबह से गायब थी। बालिका की खोज खबर लेने के लिए मां और भाई परेशान थे। तीन भाईयों में सबसे छोटी बहन का शव गुरुवार की शाम गंगा नदी के किनारे मिलने से परिवार में कोहराम मच गया। तीन भाईयों में चौथे नंबर पर कविता थी। जिसका शव गुरुवार की शाम मिश्रपुर गांव के झाड़ी में मिला था। गांव की कुछ महिलाओं ने सिवान से लौटते समय शव को देखा था। एसपी ने बताया कि करीब 2 वर्षों से दोनों का प्रेम प्रपंच चल रहा था। परिवार के लोगों ने भी उन्हें घर में पकड़ा था। इसी दौरान किशोरी गर्भवती हो गई। प्रेमी ने गर्भपात की दवा दी। लेकिन उसने खाने से इंकार कर दिया। प्रेमी ने बुधवार को मिलने के लिए बुलाया था। उसी दौरान प्रेमिका के शादी का दबाव देने पर दोनों में कहासुनी हुई। प्रेमी ने गला दबाकर उसकी हत्या कर दी। इसके बाद ब्लेड से उसका गला काट दिया था।

### निर्माणाधीन परियोजना का जायजा लेने धमकी सीडीओ

**मड़िहान।** विकास खंड क्षेत्र में श्यामा प्रसाद मुखर्जी रुर्बन मिशन के तहत पटेहरा कला में स्वास्थ्य विभाग के निमार्णाधीन मीटिंग हाल व वार्ड, रैकरा में हेल्थ एंड वेलनेश सेंटर, गोपलपुर में मण्डलीय ड्रग वेयर हाउस का शुक्रवार दोपहर में सीडीओ श्री लक्ष्मी वीएस ने निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान पटेहरा स्वास्थ्य विभाग के लिए बन रहे मीटिंग हाल व वार्ड की गुणवत्ता व कार्य की धीमी प्रगति पर नाराजगी प्रकट करते हुए वहाँ मौजूद ग्रामीण अभियंत्रण विभाग के जेई हरिशंकर सिंह को कड़ी फटकार लगाते हुए दिसम्बर महीने तक हर हाल में भवन को तैयार कर हैंडओवर कराने का निर्देश दिया। इसके साथ ही सीडीओ ने जेई को कार्य मे विलम्ब होने पर कार्यवाही की चेतावनी देते हुए ठेकेदार को भी ब्लैक लिस्टेड करने की चेतावनी दिया है। जिसके बाद पटेहरा कला के जवाहर नवोदय विद्यालय की टूटी चहारदीवारी का निरीक्षण कर जल्द ही बनवाने का अश्वासन दिया। इस दौरान स्वास्थ्य विभाग से एचीओ राजेन्द्र जैसल व विद्यालय प्राचार्य डॉ एसपी त्रिपाठी, अग्निवेश यादव, वेद प्रकाश मिश्रा, बबिता, अनूप गुप्ता के साथ समस्त स्टाप मौजूद रहा।

# महिला व पुरुष के बीच लिंग भेद को करें दूरः सीडीओ

**सलाह**

**सीडीओ की अध्यक्षता में किया गया कार्यशाला का आयोजन**

**मीरजापुर।** राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन योजनान्तर्गत लिंग आधारित भेदभाव दूर करने के संबंध में 25 नवम्बर से 23 दिसम्बर तक जनपद के समस्त विकास खण्डों में अभियान चलाया जा रहा है। विकास भवन सभागार में मुख्य विकास अधिकारी श्रीलक्ष्मी वीएस की अध्यक्षता में जनपद स्तरीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य हमारे समाज में बेटा एवं बेटियों, महिला एवं पुरूष के बीच लिंग आधारित भेदभाव को दूर करना है। जिला विकास अधिकारी श्रवण कुमार राय द्वारा लिंग आधारित भेदभाव को दूर करने पर विस्तार से चर्चा किया गया। उन्होंने बताया कि हमारे समाज में बेटा एवं बेटियों, महिला एवं पुरूष को समान रूप से शिक्षा, स्वास्थ, पोषण, रोजगार एवं राजनैतिक क्षेत्र में सहभागीता का अधिकार मीले, किसी भी सरकारी, गैरसरकारी संस्थान, कार्यालयों में महिलाओं के साथ कार्य स्थल पर भेदभाव नही होना चाहिए। उपायुक्त श्रम रोजगार मो० नफीस द्वारा मनरेगा में स्वयं सहायता समूह के सदस्यों को अधिक रोजगार से जोड़ने एवं महिला मेठ मे प्राथमिकता देने के संबंध में चर्चा किया गया। महिला एवं बालविकास विभाग के रिसोर्स पर्सन के द्वारा महिला हिंसा एवं कानूनी अधिकार के विषय पर जानकारी प्रदान किया गया। इसके अतिरिक्त कृषि विभाग से उपकृषि निदेशक, जिला उद्यान अधिकारी, जनरल मैनेजर जिला उद्योग केन्द्र एवं पशु चिकित्साधिकारी द्वारा लिंग भेदभाव के विषय पर अपने विचार को साझा किया गया। कार्यशाला में रामचन्द्रर कन्नौजिया, सरोज कुमार पाण्डेय, सुरेन्द्र कुमार सोनी, रमेश कुमार एवं जनपद के समस्त विकास खण्डों से आये खण्ड मिशन प्रबंधक तथा समूह की दीदीयां उपस्थित रही।

# सीएम सामूहिक विवाह का किया गया आयोजन



नवदम्पति को प्रमाण पत्र देते विधायक



शादी के लिए उपस्थित जोड़े

**नेक कार्य**

**जन प्रतिनिधियों ने उपस्थित होकर नव दम्पतियों को दिया अपना आशीर्वाद**

**मीरजापुर।** समाज कल्याण विभाग द्वारा संचालित मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना का वृहद कार्यक्रम (मेगा इवेन्ट के रूप में) सुरभी शोध संस्थान रामबाग, चुनार एवं नवोदय विद्यालय खेल का मैदान, पटेहरा कलां में आयोजित कराया गया। विकास खण्ड नरायनपुर के 33, विकास खण्ड जमालपुर के 56, विकास खण्ड पहाड़ी के 35, विकास खण्ड मझवाँ के 19, विकास खण्ड सीखड़ के 7, नगर पालिका अहरौरा के 4, नगर पालिका चुनार के 2, नगर पंचायत कछवाँ के 03, कुल 159 जोड़ों (अनु0जा0 के 58, अन्य पिछड़ा वर्ग के 97 एवं अल्पसंख्यक वर्ग के 04) का सामूहिक विवाह सकुशल सम्पन्न कराया गया। नवोदय विद्यालय खेल का मैदान, पटेहरा कलां मके में मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना का वृहद कार्यक्रम (मेगा इवेन्ट के रूप में) आयोजित किया गया, जिसमें विकास खण्ड- पटेहरा के 53 एवं विकास खण्ड राजगढ़ के 35, कुल 88 जोड़ों (अनु0जा0 के 72, अन्य पिछड़ा वर्ग के 15 एवं अल्पसंख्यक वर्ग के 01) का सामूहिक विवाह सकुशल सम्पन्न कराया गया। इस अवसर पर विधायक मड़िहान रमाशंकर सिंह पटेल, विधायक चुनार अनुराग सिंह, गजेन्द्र प्रताप सिंह ब्लाक प्रमुख राजगढ़, मुख्य विकास अधिकारी श्रीलक्ष्मी वीएस, जिला विकास अधिकारी श्रवण कुमार राय, परियोजना निदेशक जिला ग्राम्य विकास अभिकरण, डी0सी0 मनरेगा मो0 नफीस, खण्ड विकास अधिकारी नरायनपुर, जमालपुर, पहाड़ी, मझवाँ, सीखड़ एवं अधिशासी अधिकारी, नगर पालिका परिषद अहरौरा, चुनार एवं नगर पंचायत कछवाँ, खण्ड विकास अधिकारी, पटेहरा एवं राजगढ़ उपस्थित होकर नव दम्पतियों को अपना आशीर्वाद प्रदान कर उनके मंगलमय जीवन की कामना की।

### राजगढ़ ब्लॉक की संख्या टेम्पों पलटने से घटी

जहां राजगढ़ ब्लाक से 47 जोड़े प्रस्तावित थे। उसमें अल्पसंख्यक समुदाय व टेम्पो पलटने से राजगढ़ के गोल्हनपुर की शिवानी कुमारी 19 पुत्री राम श्रृंगार की रास्ते में टेम्पो पलटने से गोविंद कुमार पुत्र पांचू राम की शादी शिवानी से नही हो सकी। शेष जोड़े द्वारा अधिक होने से समय पर नही पहुंच सके जिन्हें अगले कार्यक्रम में जोड़ने हेतु जिला समाज कल्याण अधिकारी गिरिशंद्र दूबे ने आश्वस्त किया।

### सामूहिक विवाह के अंतर्गत 88 जोड़ों ने रचाई शादी

मड़िहान। विकास खण्ड क्षेत्र अंतर्गत जवाहर नवोदय विद्यालय के क्रीड़ास्थल पर राजगढ़ और पटेहरा ब्लाक के शुक्रवार को 88 जोड़ों ने हिन्दू रीतिरिवाज से विद्वान पंडितों के मंत्रोच्चारण के बाद सिंदूर दान कर सात फेरे लिए। इस मांगलिक कार्यक्रम के गवाह के रूप में क्षेत्रीय विधायक रमाशंकर सिंह पटेल द्वारा गणेश प्रतिमा पर पुष्प धूप के साथ दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम की शुरूआत की गई। मुख्य अतिथि रमाशंकर सिंह पटेल के साथ मुख्य विकास अधिकारी श्रीलक्ष्मी वीएस ने भी वर वधू को सोने चांदी के जेवरात के साथ प्रमाण पत्र वितरण किया। सभी पंडालों में नोडल के साथ अलग अलग विद्वान पंडित लगाए गए थे। बैंडबाजे के बीच सामूहिक विवाह अपने आप में शोभनीय लग रहा था। कार्यक्रम में ब्लाक प्रमुख गजेंद्र प्रताप सिंह पटेल, राजगढ़ व पटेहरा ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधि जग प्रकाश कोल के साथ सीडीओ श्रीलक्ष्मी वीएस, बीडीओ द्वय शरद कुमार सिंह व रमाकांत के साथ सहायक विकास अधिकारी श्रीकृष्ण उपाध्याय, सुरेंद्र कुमार विंद, राजेश गौतम संचालन बृजमोहन जेई एम आई ने किया।

### जब पैर से घायल दूल्हे ने भी की शादी

राजगढ़ ब्लाक की उपाशिका पिंटू पुत्री मोहन लाल निवासी निदिंहाम की शादी बिहार प्रान्त के ग्राम कदरवारी के बीर बहादुर कुमार पुत्र राममूरत के नाम पहले से तय थी। इसी बीच दुर्घटनाग्रस्त हो जाने से पैर फैक्चर हो गया था। जिन्हें कुर्सी पर अलग बैठा कर शादी रचाई गई। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विधायक रमाशंकर सिंह पटेल ने अपने उद्बोधन में कहा कि सरकार अब तक डेढ़ लाख सामूहिक विवाह से शादियां कराई है। मार्च में इसी नवोदय के मैदान से 501 शादी कराने का पक्का वादा किया। उन्होंने कहा एक जोड़े की शादी में सरकार 50 हजार रुपये खर्च करती है जिसमें खाते में नगद 35 हजार और सामग्री के रूप में 15 हजार रुपये सरकार खर्च करती है। जिला समाज कल्याण अधिकारी गिरिशंद्र दूबे द्वारा कार्यक्रम सफलतम पूर्ण होने पर सभी का आभार व्यक्त किया।

# शराब की दुकान हटाने के लिए महिलाओं ने किया हंगामा

**आक्रोश**

**शराब के नशे में महिलाओं पर छीटाकसी करते हैं शराबी**

**जनसंदेश न्यूज**



शराब के दुकान के पास प्रदर्शन करतीं महिलायें

**अहरौरा।** स्थानीय थाना क्षेत्र के सोनपुर घाटी में अहरौरा जमुई मार्ग पर स्थित देशी शराब की दुकान पर शुक्रवार को दर्जनों की संख्या में गांव की महिलाओं ने पहुंच कर हंगामा किया। ग्रामीण महिलाओं ने आरोप लगाते हुए बताया कि उक्त शराब की दुकान भगौती देई के नाम से एलाट है पर दुकान को गलत चौहद्दी पर सोनपुर में खोला गया है। जिससे दुकान के आसपास काफी भीड़ लगी रहती है एवं उत्पाती शराबी आए दिन आपस में गाली गलौज करते रहते हैं। जिससे राहगीरों सहित महिलाओं को आने-जाने में दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। इससे आजिज होकर महिलाओं ने दुकान पर पहुंचकर सेल्समैन को भला-बुरा कहते हुए दुकान को बंद करा दिया। वही हंगामे की सूचना पर मौके पर पहुंचे प्रभारी निरीक्षक कुमुद शेखर सिंह ने महिलाओं को समझा-बुझाकर घर भेजा और ग्राम प्रधान सहित अन्य लोगों को यह आश्वासन दिया कि आबकारी विभाग से वातालाप कर मामले का निस्तारण जल्द से जल्द कराया जाएगा।

प्रभारी निरीक्षक के आश्वासन के बाद महिलाएं एवं ग्रामीण शांतिपूर्वक अपने घरों को लौट गए। इस दौरान कृतिया देवी, किस्मतिया देवी, भागमती देवी, रीता देवी, रीना देवी सहित ग्राम प्रधान मनोज कुमार सिंह पटेल एवं अन्य लोग मौजूद रहे।

### 17 सीएचओ सहित डॉक्टरों की टीम बनारस रवाना

**मीरजापुर।** 12 दिसंबर को आयोजित होने वाले स्वास्थ्य शिविर के लिए जिले की सीएचओ व डाक्टरों की टीम दो दिवसीय प्रशिक्षण के लिए बनारस शुक्रवार को रवाना हुई जिसे मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने हरी झंडी दिखाकर रवानगी की। मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने बताया कि 12 दिसंबर को हर केंद्रों पर आयोजित होने वाले स्वास्थ्य कवरेज के लिए एवं जिले की जनता को सस्ती स्वास्थ्य सुविधा मुहैया कराने के उद्देश्य यह दो दिवसीय प्रशिक्षण बनारस में आयोजित किया गया है जिसमें अगल-बगल के 5 जिलों के अधिकारीगण मौजूद रहेंगे। प्रशिक्षण कार्य देने के लिए केंद्रीय और प्रदेश स्तर के मंत्री प्रतिभाग करेंगे। उन्ही के मार्गदर्शन के अनुसार 12 दिसंबर को हर केंद्रों पर स्वास्थ शिविर का आयोजन किया जाएगा। मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने बताया कि 12 दिसंबर को हर केंद्रों पर आयोजित होने वाले स्वास्थ्य कवरेज के लिए एवं जिले की जनता को सस्ती स्वास्थ्य सुविधा मुहैया कराने के उद्देश्य यह दो दिवसीय प्रशिक्षण बनारस में आयोजित किया गया है जिसमें अगल-बगल के 5 जिलों के अधिकारीगण मौजूद रहेंगे।

# लेखपालों की समस्या का हो तत्काल निस्तारण



**लालगंज।** स्थानीय तहसील सभागार में लेखपाल संघ के अध्यक्ष मनमोहन लाल के अध्यक्षता में एक आवश्यक बैठक की गई। बैठक में लेखपाल संघ के संवर्ग के समस्याओं पर विचार विमर्श किया गया। बैठक के बाद बैठक की कॉपी ज्वाइंट मजिस्ट्रेट नवनीत सेहरा को सौंपा गया। लेखपाल संघ के अध्यक्ष मनमोहन लाल संघ की समस्याओं पर विचार करते हुए पत्र में उल्लेख किया है कि वर्ष 2022 का लैपटॉप व डाटा भुगतान कराया जाए। कृषि गणना का मानदेय भुगतान कराया जाय। क्राफ्ट कटिंग के मानदेय को भुगतान कराया जाए। साप्ताहिक बैठक शीतकाल में 2:00 बजे से शुरू किया जाए। लेखपाल साथी योगेंद्र प्रताप सिंह व अन्य साथी के जीपीएफ पासबुक मेंटेन कराया जाए। एसीपी लगाया जाए। डीए एरियर भुगतान कराया जाए। स्थानांतरित लेखपालों का जीपीएफ पासबुक दिया जाए। समस्याओं का निराकरण करने के लिए बैठक के बाद संघ के अध्यक्ष मनमोहन लाल के साथ लेखपाल गण ज्वाइंट मजिस्ट्रेट/उप जिलाधिकारी नवनीत सेहरा को पत्रक सौंपा गया। इस अवसर पर मनमोहन लाल, कृष्ण चंद यादव, विनोद कुमार, संजय सिंह, मनोज मिश्रा, रामराज, मनोज कुमार सिंह, राजनाथ मोर्या, सच्चिदानंद आदि मौजूद रहे।

### यातायात नियमों का पालन करने हेतु डीआईजी ने दिलाई शपथ

**मीरजापुर।** प्रदेश की यातायात व्यवस्था को सुचारू रूप से संचालित करने तथा आम जनमानस को यातायात नियमों के पालन हेतु जागरूक करने के उद्देश्य से सड़क सुरक्षा के सम्बन्ध में पुलिस उपमहानिरीक्षक विन्ध्याचल परिक्षेत्र मीरजापुर आर0पी0 सिंह द्वारा कैंप कार्यालय में उपस्थित सभी अधिकारियों कर्मचारी गण को यातायात नियमों का पालन करते हुए आम नागरिकों को "सड़क पर वाहन चलाने से पहले सभी सुरक्षा संबंधी बातों का ध्यान रखनें, यातायात नियमों का सदैव स्वयं और अपने परिजनों से पालन कराने, दो पहिया वाहन चलाते समय हमेशा हेल्मेट पहनने, कार चलाते समय हमेशा सीटबेल्ट पहनने, कभी भी शराब पीकर गाड़ी न चलाने, वाहन चलाते समय कभी भी मोबाइल फोन पर बात नहीं करनें, हमेशा एम्बुलेन्स और फायर बिग्रेड एवं अन्य आवश्यक, आकस्मिक सेवाओं से सम्बन्धित गाड़ियों को पहले जाने के लिए रास्ता देने, सड़क दुर्घटना में पीड़ितों की मदद के लिए सदैव तत्पर रहने" का शपथ दिलायी गयी।

# शहीद केशरी सिंह ने बलिदान देकर पूरे जिले को किया गौरवान्वित

**कार्यक्रम**

**वीर केशरी सिंह को केंद्रीय राज्यमंत्री ने दी श्रद्धांजलि**

**शहीद केशरी सिंह हाईस्कूल का सांसद ने किया लोकार्पण**

**जनसंदेश न्यूज**



शहीद केशरी सिंह हाईस्कूल का लोकार्पण करतीं राज्यमंत्री

**हलिया।** विकास खंड के बिलरा पटेहरा गांव स्थित शहीद स्मारक स्थल पहुंचकर केंद्रीय राज्यमंत्री अनुप्रिया पटेल ने भारतीय सेना के पूर्व मास्टर वारंट अफसर महेंद्र पाल शर्मा, सूबेदार योगेन्द्र कुमार सिंह सूबेदार मेजर विजय चौरिया, हवलदार आदिल चौरसिया व क्षेत्रीय लोगों के साथ भारत पाक युद्ध 1971 में शहीद हुए वीर केशरी सिंह की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धासुमन अर्पित किया। शहीद की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर अनुप्रिया पटेल ने शहीद की पत्नी छोटी कुंवर का माल्यार्पण व अंगवस्त्र भेंटकर सम्मानित किया। केन्द्रीय राज्यमंत्री अनुप्रिया पटेल ने छानबे विधायक राहुल प्रकाश कोल, सेना के पूर्व अधिकारियों संग शहीद की पुत्रवधू योग्यता सिंह के प्रयासों गांव में निर्मित शहीद केशरी सिंह हाईस्कूल का लोकार्पण किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए अनुप्रिया पटेल ने कहा कि शहादत नसीब वालों को ही मिलती हैं। शहीद केशरी सिंह ने मात्र 21 वर्ष की आयु में देश के लिए बलिदान देकर बिलरा पटेहरा सहित पूरे जिले को गौरवान्वित किया था। वीर केशरी सिंह का मातृभूमि के लिए किया समर्पण आज के युवाओं को देश की रक्षा के लिए प्रेरित करने का कार्य कर रहा है। कहा कि शहीद के नाम पर विद्यालय की स्थापना पुनीत कार्य है। यह विद्यालय क्षेत्र के लिए प्रेरणा का केन्द्र है। कहा कि इस विद्यालय में पढ़ने वाले बच्चे राष्ट्र के लिए शहीद होने वाले वीर सपूत का इतिहास जानेंगे जो उनके लिए प्रेरणा का स्त्रोत होगा और देश की रक्षा के लिए बच्चे शहीदों का इतिहास जानकर प्रेरित होंगे। इस दौरान शहीद की पत्नी छोटी कुंवर व पुत्र वधू योग्यता सिंह ने केन्द्रीय राज्यमंत्री अनुप्रिया पटेल व छानबे विधायक राहुल प्रकाश कोल तथा सैन्य अधिकारियों को स्मृतिचिन्ह भेंट किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता विधायक राहुल प्रकाश कोल व संचालन कृष्णकांत तिवारी ने किया। इस दौरान बीडीओ कुलदीप कुमार, सांसद प्रतिनिधि विकास सोनकर, मनोज पाण्डेय, अमन सिंह, विजय सिंह, बृजेन्द्र पांडेय, राजेश पटेल, मनकामना मिश्र, अरूण सिंह भानु तिवारी, निर्मला सिंह, अरूण मिश्र, जेपी तिवारी, अमर बहादुर सिंह आदि मौजूद रहे।

# एकत्र होकर अपने समाज के उत्थान के लिए बढ़ेंगे आगे

**मीरजापुर।** खटीक समाज का एकजुटता बैठक क्षेत्र के पटेंगरा चौराहा के पास महेश भट्टाचार्य प्राथमिक विद्यालय में सम्पन्न हुआ जिसमें समाज के एक जुट होकर समाज के नेतृत्व पर चर्चा हुई। खटीक समाज में लगातार मतभेद होने को लेकर समाज के ही वरिष्ठ लोगों की अध्यक्षता में एकजुटता बैठक का आयोजन किया गया जिसमें लोगों ने समाज में हो रहे बिखराव के संबंध में अलग अलग विचार रखे और उसका निराकरण किया गया। रमाशंकर सोनकर ने कहा कि अगर हम लोग अलग अलग रहेंगे तो हमारा समाज हमेशा शोषित वंचित रहेगा, हम लोग एक होकर अपने समाज के उत्थान के लिए आगे बढ़ेंगे। आने वाली पीढ़ी के लिए शिक्षा, रोजगार के साथ साथ अपने अधिकार के लिए सकारात्मक तरीके से मांग करेंगे, जिस पर समाज में मौजूद सभी लोगों ने एक स्वर में सहमति जताई। बैठक के पश्चात पटेंगरा चौराहे से होते हुए स्टेट बैंक चौराहा, बावली चौराहा, बंगाली चौराहा से बरतर तिराहे तक अपने समाज के लोगों तक सकारात्मक संदेश के लिए एकजुट होकर लोगों से मिल कर कार्यक्रम समापन किया।

## संक्षेप

### विजली विभाग के अधिकारियों का चुनाव सम्पन्न

**मीरजापुर।** राजकीय विद्युत परिषद जूनियर इंजीनियर संगठन शाखा मीरजापुर कार्यकारिणी का सत्र 2022 से 2030 हेतु निर्वाचन कार्यक्रम उपकेंद्र पथरिया पर संपन्न हुआ। चुनाव अधिकारी इंजीनियर ईस्वर शरण की मौजूदगी में संवैधानिक प्रक्रिया के उपरांत निम्न कार्यकारिणी का गठन हुआ। जिसमें अध्यक्ष इंजीनियर विनोद बिंद, वरिष्ठ उपाध्यक्ष जयप्रकाश भारती, उपाध्यक्ष शंभूनाथ, सचिव विनोद प्रजापति, संगठन सचिव जगजीवन राम, वित्त सचिव विनय वैश्य, प्रचार सचिव विनय गुप्ता, लेखा निरीक्षक मनोज कुमार का चयन हुआ। वही मंडल पदाधिकारियों में अंशुमान सिंह को मंडल अध्यक्ष ध्यानचंद वर्मा को मंडल सचिव के पद से सुशोभित किया गया। वही समस्त खंडों की कार्यकारिणी का गठन हुआ। चुनाव कार्यक्रम शांतिपूर्वक संपन्न हुआ। इसमें जनपद के समस्त अवर अभियंता व प्रोन्नत अभियंता मौजूद रहे। इसकी जानकारी चुनाव अधिकारी ईश्वर शरण सिंह ने दिया है।



### नहरों की सफाई से टेल के किसानों की बंधी उम्मीदें

**जमालपुर।** किसानों को टेल तक पानी पहुंचाने की मंशा से सिंचाई विभाग द्वारा नहरों की सिल्ट सफाई का कार्य जोरों पर कराया जा रहा है। नहरों के सेक्शन की विधिवत साफ सफाई विशेष रूप से पुलियों के नीचे से सिल्ट निकाला जा रहा है जिससे क्षेत्रीय किसानों को उम्मीद जगी कि उन्हें अंतिम छोर तक पानी की आपूर्ति मिल सकेगी। अवर अभियंता अश्विनी कुमार यादव ने बताया कि नहरों की सिल्ट सफाई के साथ सम्बधित सड़कों का मरम्मत का कार्य किया जा रहा है वही सम्पर्क नहरों पर पेड़ पौधें लगे हुए थे उन्हें साफ कराया जा रहा है जिससे टेल तक लगातार पानी पहुंचता रहें। सिंचाई विभाग के राजस्व कर्मियों को लगातार क्षेत्र में घूमकर अतिक्रमण हटाने को कार्यवाही के साथ साथ नहरों भूमि की सुरक्षा एवम किसानों की समस्याओं का समाधान किया जा रहा है।



### अदवा नदी में पुल के पास हथेडा में धड़ल्ले से बन रहे मकान

**हलिया।** स्थानीय थाना से सटा हुआ अदवा नदी के पुल के पास हथेडा में बिना रोक ठोक धडल्ले से लोगों के द्वारा मकान का निर्माण किया जा रहा है। पुल के दक्षिणी तरफ पुरव एंव पश्चिम नदी में पीलर बना कर आधे नदी में अतिक्रमण किया जा रहा जबकि वही से ब्लाक, थाना आने वाले उपजिलाधिकारी सहित सभी अधिकारियों का आवागमन है परन्तु किसी अधिकारी का ध्यान इस तरफ नहीं जा रहा है। इससे नदी का अस्तित्व पर खतरा बन रहा है। खतरे के साथ साथ उत्तरी छोर पर बने पुराने थाने, हनुमान मंदिर, स्मसान घाट व बाजार पर भी बरसात में अदवां बांध का गेट खुलने पर खतरा बना हुआ है।

### एसडीएम को पत्रक देकर किसानों ने मांगा पानी

**लालगंज।** घोरी नहर में पानी संचालित कराये जाने के लिए क्षेत्र के बघई गांव निवासी किसान राम कुबेर, धर्मेंद्र प्रसाद, अयोध्या, शिवनारायण, लल्लू, गाना, बाल्मीकि, राजेंद्र, फूलचंद आदि किसानों ने ज्वाइंट मजिस्ट्रेट/ उप जिलाधिकारी नवनीत सेहरा को पत्रक देते हुए मांग किया कि घोरी नहर में पानी दिया जाए। पत्रक में उल्लेख किया गया है कि घोरी नहर पर स्थित गांव बघई, नरयना, नदि गहना, पचोखर, खमरिया, सोनबरसा, आदि गांव में गेहूं की फसल पानी के अभाव में सूख रही है यदि घोरी नहर में पानी संचालित नहीं कराया गया तो गेहूं की फसल सूख जाएगी।

### अपहरण करने की धमकी देने का आरोपी गिरफ्तार

**मीरजापुर।** थाना अदलहाट क्षेत्रान्तर्गत निवासी एक युवती द्वारा नामजद आरोपी के विरुद्ध रास्ते में छेड़खानी करने व अपहरण करने की धमकी देने के सम्बन्ध में लिखित तहरीर दी गई। जिसके आधार पर थाना अदलहाट पर धारा 354(क),506 भा.द.वि. व 7/8 पाक्सो एक्ट बनाम दन्दन सिंह पंजीकृत कर विवेचना प्रारम्भ की गई। शुक्रवार को उ0नि0 सुरेश भारती मय पुलिस बल द्वारा प्राप्त मुखबिर की सूचना के आधार पर थाना अदलहाट क्षेत्र से नामजद आरोपी चंदन सिंह पुत्र त्रिभुवन सिंह निवासी ग्राम हसनपुर थाना अदलहाट मीरजापुर को गिरफ्तार कर नियमानुसार कार्यवाही करते हुए जेल भेजा गया।

### बीडीओ ने किया आवासों का निरीक्षण

**जिगना।** विकासखंड 96 ग्राम पंचायत कामापुर कला में मिले शासन द्वारा प्रधानमंत्री आवास की प्रगति जानने के लिए खंड विकास अधिकारी हरिओम गुप्ता ने शुक्रवार को कामापुर कला सेतु हार में बन रहे कुल 15 आवासों को का निरीक्षण किया। काम की प्रगति बहुत ही तेजी के साथ चल रहा है। कार्य की प्रगति देखकर खंड विकास अधिकारी ने ग्राम विकास अधिकारी सौम्या सिंह व ग्राम प्रधान पूजा विश्वकर्मा को कार्य के प्रति सचेत रहने के लिए निर्देश दिया। इस दौरान एडीओ कोऑपरेटिव वेद प्रकाश, एडीओ आईएसबी विंध्यवासिनी पाठक, पंचायत सहायक उमेश विश्वकर्मा के साथ-साथ आवास के लाभार्थी तेज नाथ मीना, सविता, अंतिमा, रीता, प्रभावती आदि लोग मौजूद रहे।

### स्वास्थ्य बनाए रखने के लिए लगवाई गई दौड़

**मीरजापुर।** पुलिस अधीक्षक द्वारा शुक्रवार की साप्ताहिक परेड के दौरान पुलिस लाइन स्थित परेड ग्राउण्ड पर परेड की सलामी लेकर परेड का निरीक्षण किया गया। तत्पश्चात जवानों को शारीरिक व मानसिक रूप से फिट रहने के लिए दौड़ लगवायी गयी। अनुशासन व एकरूपता बनाए रखने के लिए ड्रिल तथा शस्त्र कवायद सहित दंगा निरोधक उपकरणों के प्रयोग की जानकारी देते हुए अभ्यास कराया गया। परेड के दौरान उपस्थित थानों के वाहनों तथा वाहनों में रखे दंगा नियंत्रण उपकरणों का किया गया। निरीक्षण तथा सम्बंधित उपकरणों की साफ-सफाई एवं एवं समुचित रख-रखाव के निर्देश दिए गये।

### पिकअप पलटने से आठ लोग घायल

**राजगढ़।** स्थानीय थाना क्षेत्र अन्तर्गत पिक?प पलटने से आठ लोग घायल हो गए। जानकारी के अनुसार सक्तेशगढ़ पुलिस चौकी क्षेत्र के गोल्हनपुर निवासी सभी लोग पटेहरा ब्लाक मुख्यालय पर सामुहिक विवाह के कार्यक्रम में शामिल होने जा रहे थे। इस दौरान राजगढ़ थाना क्षेत्र के तलरे मौजा में पिक?प अनियंत्रित होकर पलट गई जिसमें सवार दर्जनों लोग घायल हो गए। वहीं रास्ते से गुजर रहे लोगों ने घायलों को गाड़ियों से निकालकर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र राजगढ़ पहुंचाया जहां डाक्टरों के द्वारा इलाज किया जा रहा है।

### ब्लॉक परिसर में कृषक गोष्ठी हुई सम्पन्न

**हलिया।** ब्लाक मुख्यालय पर शुक्रवार को कृषि निवेश मेला, प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। जिसमें किसानों की संख्या कम देखने को मिली उपस्थित लोगों ने कृषकों को बैज्ञानिक विधि से किसानी करने का सुझाव दिया। पराली सहित अन्य खर पतवार को खाद बनाने के लिए कैप्सूल व दवा का किसनों में वितरण किया गया। एडीएजी नरेंद्र कानापुरिया ने कहा के फसल के अवशेष को खाद के रूप में परिवर्तन करने के लिए भारत सरकार से कैप्सूल एवं दवा दी गई है जिसको डालने के एक माह बाद अच्छी खाद तैयार हो जाती है कृषक इसका उपयोग करें। पशु डॉक्टर कमलेश कुमार ने मवेशियों के रखरखाव तथा दुधारू पशुओं को समुचित आहार देने की जानकारी दी। प्रधान संघ अध्यक्ष शिव बाबू सेठ ने किसानों से पशु आश्रय स्थलों को किसानों से पुआल दान देने के लिए आग्रह किया। कार्यक्रम का संचालन लालजी मौर्य ने किया। इस मौके पर खंड विकास अधिकारी कुलदीप कुमार, सुनील कुमार यादव, राजेश मौर्य, विकास उर्फ छोटू सोनकर, गुलाब पटेल, सहित किसान मौजूद रहे।

### दिनदहाड़े साइकिल पर चोरों ने किया हाथ साफ

**मीरजापुर।** कटरा थाना क्षेत्र के सबरी मोहल्ले स्थित एक घर से चोरों ने साइकिल पर हाथ साफ कर दिया। बताते चलें कि कटरा थाना क्षेत्र के सबरी मोहल्ले स्थित एक घर से दोपहर में दिनदहाड़े चोरों ने साइकिल पर हाथ साफ कर दिया। साइकिल चोरी करते हुए चोर सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गया है। अब देखना है कटरा पुलिस द्वारा इस पर क्या कार्रवाई होती है। इस मोहल्ले से आए दिन साइकिल चोरी होती रहती हैं लेकिन इसके बाद भी कटरा पुलिस द्वारा ना ही अभी तक चोर पकड़ा गया और ना ही एक भी साइकिल बरामद हुई है। आखिर इसे कटरा पुलिस की नाकामी कहीं जाए या सरपरस्ती? एसपी के द्वारा चोरी व चोरों के विरुद्ध आए दिन अभियान चलाया जा रहा। इसके बाद भी कटरा पुलिस द्वारा ना ही चोर को पकड़ा जा रहा है और ना ही साइकिलो को बरामद किया जा रहा है आखिर क्यों?

### सड़क दुर्घटना में तीन घायल

**मड़िहान।** संतनगर थाना क्षेत्र के दीपनगर सिरसी संपर्क मार्ग पर ककरद गांव के सामने दो बाइकों की आमने सामने से हुई टक्कर में महिला समेत तीन लोग घायल हो गए। थाना क्षेत्र के पियुरी गांव निवासी 30 वर्षीय दीपक पुत्र कमला यादव शुक्रवार को घर से दूध लेकर दीपनगर बाजार में बेचने गये थे जहाँ से घर वापस लौटते समय ककरद गांव के सामने मोड़ पर सामने से आ रहे घोरी गाँव के पनियरा मौज निवासी 25 वर्षीय राजेंद्र पुत्र राजू अपने बड़ी माँ दशवन्ती देवी 40 पत्नी राजेश को बाइक से लेकर दीपनगर जा रहे थे। ककरद मोड़ पर दोनों बाइक सवार की आमने सामने टक्कर हो गयी। और तीनों लोग घायल हो गये। राहगीरों की सूचना पर पहुंचे संतनगर थाना प्रभारी कमल टावरी ने 108 एंबुलेंस की मदद से तीनो घायलों को इलाज हेतु प्राथमिक स्वास्थय केन्द्र पटेहरा पहुंचाया जहाँ से तीनों घायलों को मंडलीय अस्पताल रेफर कर दिया। जिला अस्पताल से 25 वर्षीय राजेंद्र की हालत गंभीर देख ट्रामासेंटर रेफर कर दिया गया।

# असहायों को योगी सरकार उपलब्ध करा रही पक्की छत : राज्यमंत्री

## मुख्यमंत्री आवास योजना के तहत भवन निर्माण को किया भूमि पूजन

जनसंदेश न्यूज



आवास निर्माण के लिए भूमि पूजन करते जनप्रतिनिधि व अधिकारी

**सोनभद्र/ओबरा।** गरीबों और असहायों के लिए मूलभूत सुविधाओं से परिपूर्ण बनाये जाने वाले आवास का भूमि पूजन शुक्रवार को ओबरा क्षेत्र के खैरटिया के गोशाला के पास सम्पन्न हुआ। राज्यमंत्री संजीव गौंड़ ब्लॉक प्रमुख चोपन लीला देवी, जिलाधिकारी चन्द्र विजय सिंह, मुख्य विकास अधिकारी सौरभ गंगवार ने मुख्यमंत्री आवास योजना हेतु भूमि पूजन कर फावड़े से नींव खोदकर आवास बनाने के कार्य का शुभारंभ किया।

राज्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश सरकार समाज के वंचित, गरीब व असहाय लोगों को प्रधानमंत्री आवास योजना व मुख्यमंत्री आवास योजना के तहत पक्की छत उपलब्ध करा रही है। इसी क्रम में मुख्यमंत्री आवास योजना के लाभार्थियों को संयुक्त रूप से 40 आवास की सुविधा उपलब्ध कराने हेतु भूमि पूजन का कार्य किया गया। इससे समाज के गरीब, वंचित परिवारों के जीवन स्तर में सुधार आयेगा और वह प्रगति के पथ पर अग्रसर होंगे। इस दौरान जिलाधिकारी ने कहा कि मुख्यमंत्री आवास योजना के अन्तर्गत आवास प्राप्त करने वाले लाभार्थियों को दो-दो गाय भी उपलब्ध करायी जाये, आवास में रहने के दौरान इन लोगों द्वारा गौ सेवा का पुनीत कार्य भी किया जाये। उन्होंने कहा कि आवास योजना के अन्तर्गत आवासों के निर्माण का कार्य निर्धारित समय में पूर्ण किया जाये, जिससे कि आवास योजना के लाभार्थी शीघ्र ही अपने मकान में निवास करने की सुविधा प्राप्त कर सकें। वहीं सीएम आवास योजना के लाभार्थियों को आवास का स्वीकृति प्रमाण-पत्र राज्यमंत्री, डीएम, सीडीओ व ब्लॉक प्रमुख चोपन द्वारा वितरित किया गया। इस मौके पर आरएस मौर्या, बीडीओ मनीष मिश्रा, अपर जिला सूचना अधिकारी विनय कुमार सिंह, अधिशासी अधिकारी समेत तमाम लोग उपस्थित रहे।

# कांग्रेसियों ने मनाया सोनिया गांधी का जन्मदिन, काटा केक



जनसंदेश न्यूज

**सोनभद्र।** सोनिया गांधी के जन्मदिन के अवसर पर चाचा नेहरू पार्क में शुक्रवार को युवा कांग्रेस के जिलाध्यक्ष अमित चतुर्वेदी की अध्यक्षता में कांग्रेसियों ने केक काटकर उनके लंबी आयु की कामना की। जिला कांग्रेस कमेटी के उपाध्यक्ष जगदीश मिश्रा ने कहा कि सोनिया गांधी त्याग और संघर्ष के लिए जानी जाती हैं, उनके कार्यकाल में कांग्रेस पार्टी को देश में दो बार सरकार बनाने का मौका मिला, लेकिन सोनिया गांधी ने प्रधानमंत्री पद को ठुकरा कर देश को एक नया आयाम दिया। अमित ने कहा कि सोनिया हम सभी की प्रेरणा स्रोत हैं, उनके आदर्शों पर चलकर पार्टी को सफलता मिली। शत्रुंजय मिश्रा मिश्रा ने कहा कि सोनिया गांधी ने जिस समय पार्टी की कमान संभाली थी उस समय कांग्रेस चुनौतियों से गुजर रहा था, ऐसे दौर में कांग्रेस की कमान संभाल कर देश में सरकार बनाने का काम किया। धीरज पांडे ने कहा कि सोनिया गांधी के नेतृत्व में कांग्रेस पार्टी का संगठन बहुत मजबूत स्थिति में था। कार्यकर्ताओं को पूरा सम्मान देने का काम सोनिया गांधी ने किया, हम सभी उनके सुखद और स्वास्थ्य की मंगल कामना करते हैं। इस मौके पर नामवर सिंह कुशवाहा, प्रमोद पांडे, निगम मिश्रा, मृदुल मिश्रा, वीरेंद्र शुक्ला, अकरम खान, सनी शुक्ला, आकाश वर्मा, संजय समेत तमाम लोग मौजूद रहे।

## संक्षेप

### एक किलो 500 ग्राम गांजा संग एक गिरफ्तार

**ओबरा।** नगर में अवैध नशे के खिलाफ लगातार अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में शुक्रवार को कस्बा चौकी इंचार्ज अमित त्रिपाठी को मुखबिर द्वारा सूचना मिली कि पीजी कालेज चौराहे पर एक युवक भारी मात्रा में गांजा लेकर आने वाला है। सूचना पाकर मौके पर पहुचे चौकी इंचार्ज को देखकर उक्त युवक भागने लगा। शक के आधार पर पुलिस टीम ने घेराबंदी कर युवक को पकड़ लिया। पुलिस ने पकड़े गये युवक के पास रखे झोले में तलाशी के दौरान एक किलो 500 ग्राम अवैध गांजा बरामद किया। पकड़े गए युवक ने अपना नाम मनीष कुमार पुत्र स्व रवि कुमार निवासी शांतिनगर सेक्टर दस, ओबरा बताया। पुलिस ने एनडीपीएस एक्ट के तहत मुकदमा पंजीकृत कर युवक का चालान कर दिया।

### निकाय चुनाव को सपाइयों ने बनायी रणनीति

**दुद्धी।** आगामी नगर पंचायत चुनाव को लेकर शुक्रवार को समाजवादी पार्टी की बैठक स्थानीय गोंडवाना भवन में नगर अध्यक्ष गौस मोहम्मद खान की अध्यक्षता में हुई। मुख्य अतिथि दुद्धी विधान सभा अध्यक्ष जुबेर आलम व विशिष्ठ अतिथि प्रदेश सचिव राजू शर्मा की मौजूदगी में संगठन की मजबूती पर चर्चा की गई। साथ ही नगर इकाई को आगामी चुनाव को लेकर जिम्मेदारी सौंपी गयी। मुख्य अतिथि ने कहा कि नगर पंचायत चुनाव के विभिन्न उम्मीदवारों के आवेदन लिए जा रहे हैं। संगठन के उच्च पदाधिकारियों के निर्णयानुसार योग्य उम्मीदवार को सिंबल प्रदान किया जाएगा। विशिष्ट अतिथि ने कहा आगामी नगर पंचायत चुनाव समाजवादी पार्टी पूरे दमखम से लड़ेगी। इसके साथ सपा से डिंपल यादव के ऐतिहासिक जीत पर खुशियां जाहिर की गई। इस मौके पर मो. इम्तियाज, सुमेर, अशोक कुमार, मो. फारुख, मुमताज, मोइनुद्दीन शाह, इमरान खान, शामी, परमजीत सिंह, संतोष कुमार, अलख, विशाल जायसवाल, मो रिजवान मौजूद रहे।

### विराट रुद्र महायज्ञ व रामकथा की हुई शुरूआत, निकली कलश यात्रा



**ओबरा।** स्थानीय सेक्टर नौ स्थित करुणेश्वर महादेव मंदिर प्रांगण में नौ कुंडीय विराट रुद्र महायज्ञ एवं श्री राम कथा आयोजन पर भिक्षुक भिखारी जंगली दास की देख रेख में शुक्रवार को वैदिक मंत्रोच्चार के बीच पूरे नगर में1008 कन्याओं ने नंगे पांव मंगल गीत गाते हुए रंग बिरंगे परिधानों में सज धजकर कलश यात्रा निकाली। कलश यात्रा बाल विद्या मंदिर, डिग्री कालेज रोड, गीता मंदिर, गैस गोदाम रोड, चोपन रोड, सुभाष चौराहा, वीआईपी रोड, आर्य समाज चौराहा, चड्ढा मार्केट, नगर पंचायत कार्यालय से होते हुए पुनः करुणेश्वर महादेव मंदिर प्रांगण पहुंचा। इसके पश्चात भव्य भंडारा का आयोजन कर हजारो श्रद्धालुओ को प्रसाद ग्रहण कराया गया। महायज्ञ के पूर्णावती पर 17 दिसंबर को गरीब कन्याओं का विवाह वैदिक मंत्रोच्चार के बीच हिंदू रीति रिवाज के साथ कराया जाएगा। कलश यात्रा में समाज कल्याण राज्य मंत्री संजीव कुमार गोंड, नपंअध्यक्ष प्रानमति देवी, दुर्गावती देवी, सीओ शंकर प्रसाद, दीनदयाल गुप्ता, धुरंधर शर्मा, जेपी सिंह, रमेश सिंह यादव, एसके चौबे, नंदलाल पांडेय, आनंद पटेल, बिजय कुमार, नीरज भाटिया, शशि श्रीवास्तव, विकेक मालवीय, विशाल गुप्ता, राजू वैश्य, सुधा देवी, संकट मोचन झा, सौरभ कुमार आदि शामिल थे। सुरक्षा व्यवस्था को लेकर थाना प्रभारी मिथिलेश मिश्रा के नेतृत्व में भारी संख्या में पुरुष एवं महिला सिपाही मौजूद रहे।

### उषा चौबे बनी महिला कांग्रेस जिलाध्यक्ष, हर्ष



**सोनभद्र।** कांग्रेस पार्टी में लंबे समय से कार्यकर्ता में रूप में सक्रिय उषा चौबे को उप्र महिला कांग्रेस पूर्वी जोन की प्रदेश अध्यक्ष शहला अहरारी ने महिला कांग्रेस का जिलाध्यक्ष नियुक्त किया है। इससे पहले ऊषा चौबे उत्तर प्रदेश सेवादल में प्रदेश महासचिव, जिला सचिव और कई पदों पर रह चुकी हैं। हाल ही में वे घोरावल विधानसभा की तैयारी भी की थी। वही उनके जिला अध्यक्ष बनने पर कांग्रेसजनों में खुशी की लहर है। कांग्रेस जिलाध्यक्ष रामराज सिंह गोड, कार्यकारी अध्यक्ष फरीद अहमद, रमेश देव पांडेय, राजीव त्रिपाठी, जगदीश मिश्रा, कौशलेश पाठक, धीरज पांडेय, शत्रुंजय मिश्रा, अरविंद सिंह रुक्सार नाज, आशुतोष दुबे, अमित चौबे, जितेंद्र पासवान सहित तमाम लोगों ने बधाई दी है।

### जहरखुरानी में संलिप्त वांछित गिरफ्तार

**सोनभद्र।** अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में पुलिस ने जहरखुरानी के आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। बता दें कि बीते 26 अगस्त को अहरौरा मे एक व्यक्ति को रेनूकुट जाने के लिए उसके साथ बैठकर लोढी टोल प्लाजा आया, जबकि उस व्यक्ति को नशीला बिस्किट खिलाकर अर्द्ध बेहोश कर उसका एटीएम, सोने का लाकेट, अंगूठी मोबाइल एवं कुछ नगद रुपया तथा एटीएम पिन की जानकारी कर रेनुकूट बैंक से 25000/- रुपया निकाल लिया। उक्त घटना के सम्बन्ध में पीड़ित द्वारा चोपन थाने पर लिखित तहरीर दी गयी। जिसके सम्बन्ध में अभियोग पंजीकृत किया गया था। इस क्रम में शुक्रवार को पुलिस ने घटना में संलिप्त वांछित अभियुक्त राजन केशरी पुत्र काशी केशरी निवासी ग्राम अमाव, चैनपुर, कैमूर भभूआ, बिहार को अमिला मोड़, पटवध से गिरफ्तार कर चालान कर दिया। वहीं उपरोक्त घटना में संलिप्त अभियुक्त पिन्टू उर्फ राकेश शाह पुत्र पुरेशाह निवासी अमाव, चैनपुर बिहार को पुलिस बीते 13 नवंबर को लूटी गयी साम्रगी के साथ गिरफ्तार कर चालान कर कर चुकी है।

# एसपी ने किया परेड का निरीक्षण, दिये निर्देश



जनसंदेश न्यूज

**सोनभद्र।** पुलिस अधीक्षक डा. यशवीर सिंह द्वारा पुलिस लाइन चुर्क में शुक्रवार को परेड की सलामी लेकर परेड का निरीक्षण किया गया। इस दौरान परेड में सम्मिलित पुलिसकर्मियों के टर्नआउट को बारीकी चेक करते हुए सभी अधिकारी/कर्मचारी को ड्यूटी के दौरान उच्च कोटि की वर्दी पहनने व जनता से मधुर व्यवहार स्थापित करने के लिए निर्देशित किया गया। निरीक्षण के पश्चात कर्मियों को शारीरिक रुप से फिट रहने हेतु दौड़ लगवाई गई। निरीक्षण के क्रम में यूपी-112 वाहनों की गहनता से चेकिंग की गयी तथा पीआरवी पर तैनात पुलिस कर्मियों से वाहनों में उपलब्ध दंगा नियंत्रण/सुरक्षा उपकरणों के सम्बंध में जानकारी लेते हुए उनकी चेकिंग की गयी। एसपी ने पीआरवी कर्मियों को अपने कर्तव्य के बारे में सजग रहने के लिए निर्देशित किया। वहीं एसपी ने पुलिस लाइन में बेहतर साफ-सफाई हेतु प्रतिसार निरीक्षक को निर्देशित किया। इस मौके पर धर्मेन्द्र सिंह सहित अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी मौजूद रहे।

# वेतन समझौता लागू करने को कोल कर्मियों ने किया प्रदर्शन

रोष

## मांगे पूरी न करने पर दी आंदोलन तेज करने की चेतावनी

जनसंदेश न्यूज

**अनपरा।** वेतन समझौते को लेकर संयुक्त मोर्चा के बैनर तले श्रमिक संगठनों से जुड़े कामगारों ने कोल इंडिया और उसकी अनुषंगी इकाइयों में विरोध प्रदर्शन कर वेतन समझौते की आवाज उठाई। मांगों के समर्थन में गेट मीटिंग के साथ ही कार्यस्थल पर काला पिता बांधे रखा। वर्क टू रूल कामकाज का ऐलान करते हुए, जल्द मांगे न माने जाने पर आंदोलन तेज करने की चेतावनी दी।

शुक्रवार की सुबह जैसे ही कामगार टाइम ऑफिस पर इकट्ठा होने शुरू हुए विरोध प्रदर्शन का दौर शुरू हो गया। सोनभद्र में एनसीएल की ककरी, बीना, कृष्णशिला, खड़िया, दुधीचुआ, जिले से सटे सिंगरौली में एनसीएल की निगाही, अमलोरी, जयंत, गोरबी, ब्लॉक बी परियोजनाओं के साथ ही जयंत स्थित केंद्रीय कर्मशाला गेट पर



प्रदर्शन करते एनसीएल कर्मचारी

विरोध प्रदर्शन करते हुए श्रमिक संगठन के लोगों ने वाजिब वेतन समझौते को लागू किए जाने की मांग उठाई।

विरोध प्रदर्शन में कोलफील्ड लेबर यूनियन (सीटू) के महामंत्री पीएस पांडेय,सीएमएस (एटक) के महामंत्री अजय कुमार, केएसएस (एचएमएस) के महामंत्री अशोक पांडेय, सीटिया (सीटू) के राष्ट्रीय महामंत्री बीके पटेल, एनसीएल जोन के अध्यक्ष प्रकाश पटेल, एनसीएल जोन के महामंत्री अरविंद कुमार शाह, बीकेकेएमएस (बीएमएस) के एमपी जोन के महामंत्री राजेश पटेल, अध्यक्ष राकेश कुमार पांडेय, बीकेकेएसएस (बीएमएस) यूपी जोन के महामंत्री मनोज सिंह, अध्यक्ष अरुण कुमार दुबे, कोलफील्ड्स लेबर यूनियन(सीटू) के अशोक कुमार धारी सहित अन्य पदाधिकारियों ने विरोध प्रदर्शन की अगुवाई की। उधर, ककरी परियोजना में हुए प्रदर्शन में बीएमएस के कारपोरेट जेसीसी सदस्य अरुण कुमार दुबे, एचएमएस के अध्यक्ष सुमंत कुमार राय, हरेंद्र मिश्रा, सीएमएस के दिलीप कुमार वर्मा, संजीव कुमार सिंह, बीएमएस के श्रीनारायण सिंह,सीटू के बीके कुशवाहा, सिटिया के कमलेश मौर्या आदि ने प्रमुखता से हिस्सा लिया।

### कोल कर्मियों को हड़ताल के लिए विवश कर रहा है प्रबंधन

**अनपरा।** वेतन समझौते व निजीकरण के सवाल पर आयोजित कोल कर्मियों के आज देशव्यापी आंदोलन का वर्कर्स फ्रंट ने समर्थन किया है। वर्कर्स फ्रंट अध्यक्ष दिनकर कपूर ने पीएम मोदी को ट्वीट कर तत्काल हस्तक्षेप की अपील की है जिससे हड़ताल जैसी स्थिति से बचा जा सके। कहा कि मौजूदा गतिरोध के लिए कोल प्रबंधन का अड़ियल रवैया और कोयला मंत्रालय जिम्मेदार है। जब गत वर्ष के सापेक्ष उत्पादन में करीब 33 फीसद बढ़ोत्तरी हुई, मुनाफा में भी बढ़ोत्तरी हुई, बावजूद इसके प्रबंधन का यह तर्क कि 20 फीसद एमजीबी के पिछले समझौते के बराबर भी इस वर्ष समझौता संभव नहीं है पूरी तरह से अनुचित और अस्वीकार्य है। उत्पादन व मुनाफा में बढ़ोत्तरी के मद्देनजर गत वर्ष समझौते से अधिक की अपेक्षा पूरी तरह से वाजिब है। बता दें कि 9 वां वेतन समझौता 24 फीसद और 8 वां 25 फीसद पर हुए थे। दरअसल पेंशन व वेतन मद में कटौती समेत मजदूरों पर चौतरफा हमला करने और निजीकरण की नीति केंद्र सरकार ने ली है। वेतन समझौतों में लगातार कटौती इसी नीति का हिस्सा है।

# पुनर्वास कालोनी के कार्यों में लाएं तेजी : मुख्य अभियंता



अमवार में निमार्णाधीन रॉकफिल का जायजा लेते चीफ इंजीनियर हर प्रसाद

जनसंदेश न्यूज

**दुद्धी।** कनहर सिंचाई परियोजना के विस्थापितों के पुनर्वास कालोनी निर्माण कार्य में तेजी लाने का निर्देश देते हुए मुख्य अभियंता हर प्रसाद ने विभिन्न निर्माण कार्यों का निरीक्षण किया।

इस दौरान उन्होंने पुनर्वास कालोनी, मिट्टी बांध स्पीलवे और रॉक फिल डैम के कार्यों की गुणवत्ता को देखा और अधीनस्थ अभियंताओं को आवश्यक निर्देश दिये। अधीनस्थ अभियंताओं से बैठक के दौरान फिल्ड हास्टल अमवार में उन्होंने कहा कि अब परियोजना निर्माण की सारी अड़चनें समाप्त हो गई हैं। केवल फारेस्ट लैंड ट्रांसफर की औपचारिकता बाकी है, जिसके लिए उन्होंने अधिशासी अभियंता खंड एक वीर बहादुर सिंह को इसकी जिम्मेदारी सौंपी। कहा कि आवश्यक दस्तावेज के साथ वन विभाग के अधिकारियों से संपर्क यथाशीघ्र कर कार्यों को गति दें। बताया गया कि कुड़वा स्थित टनल का निर्माण वन विभाग के क्लियरेंस के अभाव में बन्द है, जो जल्द शुरू होगा।

इस मौके पर अधीक्षण अभियन्ता दीपक कुमार, सीमांत कुमार, इं विनोद कुमार, इं सत्यप्रकाश कनौजिया, इं राम आशीष, इं वीर बहादुर सिंह, रवि श्रीवास्तव, संजय गुप्ता, सियाराम, त्रिलोक नाथ झा, नंद लाल, श्रवण कुमार, डीजीएम वर्मा, सत्यनारायण राजू, उदय भास्कर आदि मौजूद रहे।

### अधिवक्ताओं की भूख हड़ताल तीसरे दिन जारी

**ओबरा।** तहसील भवन ओबरा में बनाने की मांग को लेकर 39वें दिन धरना के क्रम में आंदोलित अधिवक्ताओं तथा समाजसेवियों द्वारा क्रमिक भूख हड़ताल का तीसरा दिन रहा। शुक्रवार को वरिष्ठ एड अनिल कुमार व एड राजेश गौतम का माल्यार्पण एड दिनेश दुबे एवं ब्रह्म कुमार द्वारा किया गया। वही आयोजित सभा को सोनांचल बार एसोसिएशन अध्यक्ष रमेश मिश्रा, महामंत्री अनिल मिश्रा, कपूरचंद पांडे, रामपाल शास्त्री, एड अनिल चौधरी, एड एसके चौबे, एड गजेंद्र यादव, एड पुष्पराज पांडे, एड अवधेश अग्रवाल, एड सुशील शर्मा आदि ने संबोधित करते हुए कहा कि प्रशासन द्वारा लोकतांत्रिक नैतिकता और प्रजातांत्रिक मूल्यो की घोर उपेक्षा तथा सरकार द्वारा जारी सरकारी गजट जिसके तहत ओबरा तहसील का सृजन हुआ तथा मुख्यालय बिल्ली मारकुंडी में किया जाना निश्चित हुआ। इसकी अवहेलना करते हुए आंदोलन की अनदेखी की जा रही है। मांग किया कि तहसील मुख्यालय का निर्माण ओबरा में वर्तमान में संचालित तहसील परिसर में ही सुनिश्चित कराया जाय। संचालन एड उमेश शुक्ला ने किया।

# शू स्टोर पर जीएसटी टीम की छापेमारी से हड़कंप

कार्रवाई

## पिछले दो वर्षों से शून्य रिटर्न फाइल कर रही थी फर्म

**दुद्धी।** जीएसटी के अधिकारी शुक्रवार की दोपहर कस्बे के जामा मस्जिद के नीचे संचालित भारत बूट हाउस में एकाएक आ धमके। अधिकारियों के पहुंचने की सूचना मिलते ही दुकानदारों में हड़कंप मच गया।

दुकानदार देखते ही देखते धड़ाधड़ शटर गिराकर इधर उधर खिसकते बने। जूता दुकान में असिस्टेंट कमिश्नर अभिषेक पांडेय व असिस्टेंट कमिश्नर डा. संजय सिंह के नेतृत्व में टीम जूता खरीदने के बहाने दुकान पर पहुंची और अपना परिचय बताते हुए खरीद, बिक्री के कागजात तलब करने लगे। सब कुछ एकाएक से होता देख और अधिकारियों के धमकने से दुकानदार सन्न रह गए। अधिकारियों द्वारा खरीद, बिक्री से संबंधित प्रपत्र मांगने पर अवाक रह गया। इसके बाद अधिकारियों ने कई घंटे दुकान की जांच की और दुकान का स्टाक मिलाकर फर्द बनाया। इसके बाद दुकान स्वामी को रिसीव कराते हुए प्रपत्रों को अपने साथ ले गयी। अधिकारियों ने बताया कि दुकानदार समाधान योजना में है और पिछले तीन वर्षों से फर्म का रिटर्न शून्य दाखिल हो रहा है। असिस्टेंट कमिश्नर अभिषेक पांडेय ने बताया कि दुद्धी में भारत बूट हाउस की जांच की गई है, जांच उपरान्त टीम द्वारा प्रपत्रों को साथ ले लिया गया है। जांच के बाद निष्कर्ष निकलेगा कि कितने की कर चोरी है। इस दौरान व्यापार मंडल दुद्धी के अध्यक्ष अमरनाथ ने अधिकारियों से इस पिछड़े इलाके में व्यापारियों को राहत देने की मांग की। वहीं जीएसटी टीम के एकाएक धमकने और जूता दुकान पर पहुंचते ही वहां देखने के लिए लोगों की भीड़ उमड़ पड़ी, जिसे टीम के संग आये पुलिस के जवानों द्वारा सख्ती पूर्वक खदेड़ना पड़ा, तब जाकर वहां से भीड़ हटी।

# जांच में 31 पर्चे वैध, एक पर्चे पर कमेटी 13 को करेगी सुनवाई

बार एसो. चुनाव

## 12 को होगी पर्चा की वापसी, प्रत्याशियों के सूची का होगा प्रकाशन

**सोनभद्र।** राबर्ट्सगंज कचहरी परिसर स्थित सोनभद्र बार एसोसिएशन के सभागार में शुक्रवार को विभिन्न पदों के लिए दाखिल किए गए 32 प्रत्याशियों के पर्चे की जांच की गई। जिनमें 31 पर्चे वैध पाए गए हैं, जबकि एक पर्चा सिओपी नम्बर न होने की वजह से एल्डर कमेटी के पास सुनवाई के लिए भेजा गया है। जिसपर 13 दिसंबर को सुनवाई के बाद वैधता पर निर्णय लिया जाएगा। 12 दिसंबर को पर्चा की वापसी होगी और उसी दिन प्रत्याशियों की सूची का प्रकाशन किया जाएगा। 13 दिसंबर को प्रत्याशियों को मतदाता सूची उपलब्ध कराई जाएगी। जबकि 17 दिसंबर को टेंडर वोटिंग, 22 दिसंबर को मतदान व 23 दिसंबर को मतगणना होगी।

मुख्य चुनाव अधिकारी सुरेश सिंह ने बताया कि अध्यक्ष पद के लिए 6 प्रत्याशियों पूनम सिंह, नरेंद्र कुमार पाठक, मनोज कुमार पांडेय, विजय कृष्ण वर्मा, उमेश मिश्रा व हेमनाथ द्विवेदी ने नामांकन पत्र दाखिल किया है। वहीं महामंत्री के लिए 4 प्रत्याशियों आनन्द कुमार मिश्र, शारदा प्रसाद मौर्या, अरुण कुमार सिंघल व राजीव कुमार सिंह गौतम, कोषाध्यक्ष पद के लिए 2 प्रत्याशियों मनोज कुमार मिश्र व भानु प्रताप चौहान ने अपना नामांकन पत्र दाखिल किया।

वरिष्ठ उपाध्यक्ष पद हेतु सिर्फ संजय कुमार पांडेय ने नामांकन पत्र दाखिल किया है। उपाध्यक्ष 10 वर्ष से ऊपर तेजमणि पाण्डेय एवं दीपक केसरी, उपाध्यक्ष 10 वर्ष नीचे के लिए गिरजा शंकर दुबे व प्रदीप पाण्डेय ने किया है। संयुक्त मंत्री प्रशासन गीता गौर, संयुक्त मंत्री प्रकाशन शादाब आलम व संयुक्त मंत्री पुस्तकालय रितेश कुमार मिश्र ने नामांकन पत्र दाखिल किया है। वही कार्यकारिणी सदस्य 15 वर्ष से ऊपर के लिए छह तथा कार्यकारिणी सदस्य के लिए भी छह लोगों ने नामांकन पत्र दाखिल किया। उपाध्यक्ष 10 वर्ष से नीचे गिरजा शंकर दुबे के पर्चे पर 13 दिसंबर को वैधता पर सुनवाई करते हुए एल्डर कमेटी अपना निर्णय देगी।

# हिण्डाल्को में ऊर्जा संरक्षण सप्ताह का आगाज, दिलायी शपथ

जनसंदेश न्यूज

**रेणुकूट।** हिण्डाल्को प्रबंधन द्वारा संस्थान में कार्यरत कर्मचारियों एवं उनके परिवारजनों तथा रेणुकूटवासियों को ऊर्जा संरक्षण के लिए प्रेरित करने के उद्देश्य से 8 से 14 दिसम्बर तक ऊर्जा संरक्षण सप्ताह के रूप में मनाया जा रहा है। इसी परिप्रेक्ष्य में हिण्डाल्को प्लांट के विश्वकर्मा मूर्ति से ऊर्जा बचत एवं उसके महत्व को बताती स्लोगनों की तख्ती लेकर संस्थान के कर्मचारियों ने एक रैली निकाली जो कि हिण्डाल्को प्रशासनिक भवन लॉन में आकर समाप्त हुई।

इसके उपरान्त हिण्डाल्को प्रशासनिक भवन लॉन में आयोजित एक संक्षिप्त कार्यक्रम में हिण्डाल्को क्लस्टर के सीओओ एन नागेश के निर्देशन में संस्थान के एनर्जी सेल के राजीव सिंह ने सभी को ऊर्जा शपथ दिलाई। वहीं ऊर्जा संरक्षण संबन्धित मॉडल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें आदित्य बिड़ला पब्लिक स्कूल, आदित्य बिड़ला इण्टरमीडिएट कॉलेज, निर्मला कॉन्वेंट हाईस्कूल, केसरी देवी कनोरिया विद्यामंदिर एवं डीसी लिविस विद्यालय के छात्र-छात्राओं द्वारा ऊर्जा संरक्षण से संबधित मॉडलों का सजीव प्रदर्शन किया गया। एन नागेश ने अन्य वरिष्ठ अधिकारियों के साथ सभी मॉडलों का अवलोकन किया। नागेश ने सभी को ऊर्जा संरक्षण हेतु प्रेरित करते हुए कहा कि ऊर्जा की बचत करके हम अपने प्राकृतिक संसाधनों की बचत कर सकते हैं। मॉडल प्रतियोगिता के ज्यूरी सदस्यों पॉल गुप्ता, एचआर सिंह, विभव उपाध्याय एवं कैलाश पधान ने निर्मला कॉन्वेंट हाईस्कूल की टीमों को प्रथम एवं द्वितीय तथा आदित्य बिड़ला इण्टरमीडिएट कॉलेज की टीम को तृतीय पुरस्कार के लिए चयनित किया, जिन्हें नागेश ने ट्रॉफी प्रदान कर सम्मानित करते हुए सभी प्रतिभागी विद्यार्थियों को सर्टिफिकेट प्रदान किया। इस अवसर पर वरिष्ठ अधिकारी एनएन राय, विवेक श्रीवास्तव, सौरभ श्रीनेत्र, संदीप खन्ना, यशवंत कुमार आदि उपस्थित रहे। एनर्जी सेल के दीना जायसवाल ने धन्यवाद ज्ञापित किया।



विजेता प्रतिभागियों को पुरस्कृत करते सीओओ एन नागेश

आयोजन

### स्लोगनों की तख्ती लेकर संस्थान के कर्मचारियों ने एक रैली निकाली

# सोनभद्र बार के वकीलों ने किया विरोध-प्रदर्शन



नाराजगी

## अयोध्या बार एसोसिएशन के सदस्यों के साथ पुलिस द्वारा किए गए दुर्व्यवहार का मामला

जनसंदेश न्यूज

**सोनभद्र।** अयोध्या बार एसोसिएशन के सदस्यों के साथ अयोध्या पुलिस द्वारा किए गए दुर्व्यवहार के मामले को लेकर शुक्रवार को सोनभद्र बार एसोसिएशन के अध्यक्ष महेंद्र प्रसाद शुक्ला एडवोकेट के नेतृत्व में वकीलों ने एसबीए भवन के समक्ष विरोध-प्रदर्शन किया और पुलिस प्रशासन के विरुद्ध नारेबाजी भी की। न्यायिक कार्य के बहिष्कार की वजह से कोर्ट का कामकाज प्रभावित रहा और वादकारी भी परेशान रहे।

बार एसोसिएशन अध्यक्ष महेंद्र प्रसाद शुक्ला ने कहा कि अयोध्या बार एसोसिएशन के सदस्यों के साथ पुलिस द्वारा किए गए दुर्व्यवहार के मामले को लेकर समूचा उत्तर प्रदेश का अधिवक्ता आक्रोशित है।

इसी के परिपेक्ष्य में सोनभद्र बार एसोसिएशन की ओर से विरोध-प्रदर्शन कर कार्य बहिष्कार का निर्णय लिया गया है। विरोध प्रदर्शन करने वालों में अमरनाथ मिश्र, सुरेश सिंह, राजीव कुमार सिंह गौतम, सुभेन्दु शुक्ला, राशिद अली, अतुल कनौजिया, भानु प्रताप चौहान आदि शामिल रहे।

# गैरहाजिर अफसरों से डीएम ने मांगा स्पष्टीकरण

जनसंदेश न्यूज

बैठक

## कलेक्ट्रेट सभागार में शासन की प्राथमिकता वाली योजनाओं की समीक्षा

**चंदौली।** जिलाधिकारी ईशा दुहन की अध्यक्षता में शासन की प्राथमिकता एवं विकास कार्यक्रमों की मासिक समीक्षा बैठक शुक्रवार को कलेक्ट्रेट सभागार में हुई। जिलाधिकारी ने कहा कि जनपद में शासन द्वारा संचालित विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं एवं विकास कार्यक्रमों का क्रियान्वयन पूर्ण गुणवत्ता व समय-सीमा के अंतर्गत सुनिश्चित किया जाए, इसमें किसी भी प्रकार की शिथिलता क्षम्य नहीं होगी। बैठक में बिना पूर्व सूचना के अनुपस्थित रहने पर जिलाधिकारी ने अधिशासी अभियंता पीडब्ल्यूडी, अधिशासी अभियंता जल निगम का स्पष्टीकरण जारी करने का निर्देश दिया। कहा कि बैठकों में पूरी तैयारी के साथ सक्षम अधिकारी ही प्रतिभाग करें।

इस दौरान नई सड़कों का निर्माण, चौड़ीकरण व सुदृढ़ीकरण के कार्य की प्रगति अत्यंत धीमी पाई गई। जिलाधिकारी ने लक्ष्य के सापेक्ष अपेक्षित प्रगति लाए जाने के कड़े निर्देश पीडब्ल्यूडी के अभियंता को दिए। कहा कि अगले 15 दिन में अपेक्षित प्रगति नहीं पाए जाने पर संबंधित अभियंताओं का वेतन अवरुद्ध कर दिया जाएगा। उन्होंने निर्माणाधीन सड़कों की नियमित मॉनिटरिंग करते हुए तेजी से कार्य कराए जाने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने पीडब्ल्यूडी के अभियंताओं की शिथिल कार्यशैली पर नाराजगी जताते हुए कठोर चेतावनी दी। ओडीओपी, एमडीआर एवं राज्यमार्गों के अनुरक्षण की स्थिति भी संतोषजनक नहीं पाई गई। जिलाधिकारी ने समुचित पर्यवेक्षण कर तेजी से कार्य कराए जाने के निर्देश दिए। प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के अंतर्गत पूर्व में दिए गए निर्देश के बावजूद भी संबंधित बीमा कंपनी द्वारा कृषकों को बीमे की धनराशि का भुगतान नहीं किए जाने पर जिलाधिकारी ने बेहद नाराजगी जाहिर करते हुए आगामी सोमवार तक प्रत्येक दशा में भुगतान कराने के कड़े निर्देश दिए, अन्यथा संबंधित बीमा कंपनी के


कलेक्ट्रेट सभागार में अफसरों के साथ बैठक करती डीएम ईशा दुहन।

प्रतिनिधि के खिलाफ एफ.आई.आर दर्ज करने की चेतावनी दी। उन्होंने सर्दी के मौसम को देखते हुए पशुओं को ठंड से बचाव के लिए सभी पशु आश्रय स्थलों में पर्याप्त शेड, बोरे, त्रिपाल, अलाव आदि के साथ ही चारा पानी व उपचार की पर्याप्त व्यवस्था सुनिश्चित किए जाने हेतु निर्देशित किया। कहा कि ऐसे परिवार जिनमें एक भी गोल्डन कार्ड नहीं बना है उनको को चिन्हित करते हुए प्राथमिकता के आधार पर उनके गोल्डन कार्ड तेजी से बनवाए जाएं। इस कार्य में शिथिलता बरतने वाले के खिलाफ कार्यवाही की जाएगी। निर्धारित लक्ष्य के सापेक्ष अवशेष हेल्थ व वेलनेस केंद्रों का निर्माण कार्य तेज गति से पूर्ण करा कर हैंडओवर कराने के निर्देश संबंधित कार्यदाई एजेंसी को जिलाधिकारी ने दिया। समीक्षा के दौरान परिवार नियोजन कार्यक्रम में प्रगति अत्यंत असंतोषजनक पाई गई, इसमें विशेष ध्यान देते हुए अपेक्षित प्रगति लाए जाने हेतु आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दिए। राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम के अंतर्गत चिह्नित शत-प्रतिशत बच्चों का समुचित इलाज कराए जाने हेतु मुख्य चिकित्साधिकारी को निर्देशित किया। प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) के अवशेष आवासों का निर्माण कार्य तेजी से कराए जाने के निर्देश परियोजना अधिकारी डूडा को दिया। प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के अंतर्गत निर्माणाधीन सड़कों को पूरी गुणवत्ता के साथ समय सीमा के अंतर्गत पूर्ण कराए जाने के निर्देश संबंधित अभियंता को दिए। सिंचाई विभाग के उपस्थित अभियंता को निर्देशित करते हुए जिलाधिकारी ने नहरों के सिल्ट सफाई का कार्य तेजी से पूर्ण कराए जाने के साथ ही कराए जा रहे कार्यों की नियमित मॉनिटरिंग किए जाने के निर्देश दिए। कहा कि पूरी गुणवत्ता के साथ सिल्ट सफाई का कार्य कराया जाए, जिससे नहरों के टेल तक पानी पहुंचना सुनिश्चित हो सके। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी अजितेंद्र नारायण आदि उपस्थित रहे।

### स्वयं सहायता समूहों का करें गठन

**चंदौली।** डीएम ईशा दुहन ने राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के अंतर्गत लक्ष्य के सापेक्ष महिला स्वयं सहायता समूह का गठन शीघ्रता से कराए जाने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने लक्ष्य के सापेक्ष मत्स्य पालन हेतु तालाबों का पट्टा आवंटित कराए जाने के निर्देश सम्बन्धित मत्स्य विभाग के अधिकारी को दिए। लक्ष्य के सापेक्ष निर्मित किए जाने वाले आंगनबाड़ी केंद्रों के निर्माण की कार्यवाई में अपेक्षित तेजी लाए जाने के निर्देश दिए। प्रधानमंत्री स्वरोजगार योजना व मुख्यमंत्री स्वरोजगार योजना के अंतर्गत शत प्रतिशत लक्ष्य की पूर्ति हेतु आवश्यक कार्रवाई किए जाने के निर्देश संबंधित अधिकारी को दिया।

### जनपद में धान खरीद में लाएं तेजी

**चंदौली।** धान क्रय की समीक्षा करते हुए जिलाधिकारी ने कहा कि सभी क्रय केंद्रों पर किसानों के धान की तेजी से खरीद किया जाए। शत-प्रतिशत क्रय केंद्रों पर धान की खरीद सुनिश्चित हो। क्रय केंद्रों पर पर्याप्त संख्या में बोरे, इलेक्ट्रिक कांटा, नमी मापक यंत्र, तिरपाल किसानों के बैठने, पेयजल आदि का समुचित प्रबंध रहे। धान खरीद में पूरी तरह से पारदर्शिता बरती जाए। इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही क्षम्य नहीं होगी। जिलाधिकारी ने खाद वितरण की समीक्षा के दौरान संबंधित अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि खाद वितरण पूरी पारदर्शिता के साथ सुनिश्चित किया जाए। वितरण के समय केंद्रों पर विभाग के जिम्मेदार अधिकारी या कर्मचारी भी अवश्य उपस्थित रहें।

# बिजली विभाग के अफसरों ने अमड़ा उपकेंद्र का लिया जायजा

निरीक्षण

## उपकेंद्र के क्षमता वृद्धि के लिए आसपास की जमीनों का किया अवलोकन

**कन्दवा।** अब जल्द ही अमडा विद्युत उपकेंद्र की क्षमता में वृद्धि होने वाला है। यदि सबकुछ ठीक-ठाक रहा तो 33 केवी का पावर हाउस जल्द ही 132 केवी में बदल जाएगा। शुक्रवार को विद्युत विभाग के अधिकारियों द्वारा विद्युत उपकेंद्र के आसपास खाली पड़ी जमीन का अवलोकन किया गया। स्थलीय निरीक्षण के दौरान विद्युत उपकेंद्र की क्षमता में वृद्धि होने के संकेत दिए गए।

अमडा विद्युत उपकेन्द्र वर्तमान समय में 33 केवी की क्षमता से सुसज्जित है। इस विद्युत उपकेन्द्र के छह फीडर से करीब 125 गांवों को विद्युत आपूर्ति होती है। उपकेंद्र पर लोड अत्यधिक होने के कारण लो वोल्टेज व ट्रिपिंग की समस्या से जूझ रहे क्षेत्रवासियों द्वारा सैयदराजा विधायक से विद्युत उपकेन्द्र की क्षमता वृद्धि की मांग की गई थी। विधायक सुशील इस क्रम में शुक्रवार को विद्युत विभाग के एसडीओ सिविल विजय प्रकाश, एसडीओ इलेक्ट्रॉनिक ट्रांसमिशन विवेक तिवारी, जेई सिविल ट्रांसमिशन रूपेश कुमार,नरेन्द्र, जेई विद्युत अमडा अजय कुमार शुक्रवार की अपराह्न अमडा विद्युत उपकेंद्र पर पहुंचे। अधिकारियों द्वारा विद्युत उपकेंद्र के पास खाली पड़ी करीब चार एकड़ जमीन का अवलोकन किया गया। आपसी विचार विमर्श कर दिमागी तौर पर उपकेंद्र का खाका खींचा गया। विद्युत उपकेंद्र की क्षमता वृद्धि के संकेत दिए गए। बताया कि विद्युत उप केंद्र की क्षमता वृद्धि होने वाली है। यदि पर्याप्त जमीन मिली व सब कुछ ठीक-ठाक रहा तो जल्द ही विद्युत उपकेंद्र 132 केवी में परिवर्तित हो जाएगा, जिससे लो वोल्टेज व ट्रिपिंग की समस्या से विद्युत उपकेंद्र पर आधारित क्षेत्रियजनों को को छुटकारा मिल जाएगा। मौके पर शेरू सिंह, पवन सिंह, संजय सिंह, विक्की सिंह सहित अन्य मौजूद रहे।

## नाबार्ड ने चंदौली में कराया रुरल मार्ट की स्थापना

**चंदौली।** संस्था श्रमिक भारती द्वारा प्रोत्साहित नाबार्ड के सहयोग से नियामताबाद ब्लाक मे अप्रैल 2020 से शून्य लागत जैविक खेती का कार्यक्रम संचालित किया जा रहा है। संस्था द्वारा गांवों में महिला किसान समूह तैयार किये गये है। इसी प्रक्रिया के तहत संस्था द्वारा नाबार्ड के सहयोग से किसानों के बीच श्रमिक महिला नेचरफार्मिंग प्रोड्यूसर कम्पनी प्राइवेट लिमिटेड नामक एफपीओ का भी गठन है, जिसमें अब तक कुल 415 जैविक किसान अंश पूंजी के साथ जुड़े हुए हैं। संस्था द्वारा गांव के अन्य किसानो के बीच इसी क्रम में 100 परिवारों में मचान बिधी द्वारा जैविक सब्जियों को उत्पादन कराया जा रहा है 15 परिवारों के साथ मिलकर जैविक माडल फार्म विकसित किये जा रहे हैं। उक्त रुरल मार्ट में किसानों द्वारा प्राकृतिक विधि से तैयार किए गए उत्पाद चावल, दाल, सरसों का तेल, बेसन, सत्तू, गुड, हल्दी, धनिया आदि सामग्री उचित दाम पर उपल्ब्ध कराया जायेगा। कार्यक्रम में जिला विकास प्रबंधक अधिकारी नाबार्ड, जिला अग्रणी बैंक अधिकारी एलडीएम तथा कम्पनी के डायरेक्टर अनुज यादव, अमित तिवारी अरविन्द यादव तथा ग्रामीण दुकान के संचालक दीना यादव उपास्थित रहे।

# रामपुर उपचुनाव में धांधली के विरोध में सपाई मुखर

**चंदौली।** सपा जिला इकाई की बैठक शुक्रवार को मुख्यालय से पार्टी कार्यालय पर हुई। जहां पर मैनपुरी और खतौली में हुए उपचुनाव के दौरान पार्टी के प्रत्याशी की जीत पर कार्यकताओं ने एक-दूसरे को मिठाई खिलाकर खुशी का इजहार किया। वहीं रामपुर में प्रशासन की ओर से वोट न डालने देने और लोकतंत्र की हत्या किए जाने के मामले को लेकर कलेक्ट्रेट पहुंचे और एडीएम उमेश मिश्रा को राज्यपाल और निर्वाचन आयोग के नाम मांगों से संबंधित ज्ञापन सौंपा।

इस दौरान सकलडीहा विधायक प्रभु नारायण सिंह यादव ने कहा कि भाजपा सरकार में लोकतंत्र का दमन किया जा रहा है जिसका उदाहरण रामपुर का उपचुनाव है। जहां पर जिला पुलिस-प्रशासन ने सत्ता पक्ष के इशारे पर मतदाताओं को वोट डालने से रोक दिया। देश के लोकतांत्रिक व्यवस्था में ऐसी दमनकारी नीतियों के लिए कोई जगह नहीं है। सारे दस्तावेज होने के बावजूद भी वोट ना देने के लिए जिला प्रशासन ने जिस प्रकार से लाठी का इस्तेमाल किया, उससे साफ जाहिर होता है कि शासन के इशारे पर लोकतंत्र का हनन किया जा रहा है।


सपा कार्यालय पर बैठक को संबोधित करते सकलडीहा विधायक प्रभु नारायण सिंह यादव।

इसे सपा किसी सूरत में बर्दाश्त नहीं करेगी। मैनपुरी लोकसभा के उपचुनाव में डिंपल यादव और खतौली विधानसभा के उपचुनाव में मदन भैया के जीत पर कार्यकताओं के प्रति आभार जताया कहा कि यह जीत कार्यकर्ताओं की बदौलत मिली है। भाजपा की केंद्र और प्रदेश सरकार को उखाड़ फेंकने के लिए संगठित होकर अब संघर्ष करने की जरूरत है। इस दौरान सत्य नारायण राजभर, जितेंद्र कुमार, संतोष यादव, राजकुमार जयसवाल, अशोक त्रिपाठी, शशिकांत भारती, प्रभु नारायण यादव, अजय गुप्ता, मुसाफिर, आरती, चंद्रशेखर, राजा, नफीस आदि उपस्थित रहे।

### अवैध शराब संग तस्कर गिरफ्तार

**कंदवा।** पुलिस ने दोपहर को ककरैत नहर पुलिया के पास से अवैध शराब सहित तस्कर को गिरफ्तार किया। पुलिस ने तस्कर के पास से 25 शीशी देशी शराब बरामद कर कागजी कार्यवाही कर जेल भेज दिया। कन्दवा प्रभारी शैलेन्द्र प्रताप सिंह के गठित टीम के सहयोग से मुखबिर की सूचना पर पुलिस ककरैत नहर पुलिया के पास चेकिंग अभियान चलाया जा रहा था। जांच में एक तस्कर के पास तलाशी में अवैध शराब बरामद हुआ। दीप नारायण गुप्ता, निवासी कर्णपुर थाना दुर्गावती जिला कैमूर भभुआ बिहार को 25 शीशी देसी अवैध शराब ब्लू लाइन के साथ गिरफ्तार किया गया है।

# सीडीओ ने सौंपा गुड सेमेरिटन का प्रमाण पत्र

सम्मान

## सड़क हादसे में घायल व्यक्ति को अस्पताल पहुंचा कर बचाई थी जान

**डीडीयू नगर।** नियामताबाद विकास खंड के कूढ़े खुर्द गांव निवासी सुनील कुमार यादव जिले के पहले गुड सेमेरिटन (नेक आदमी) बने हैं। शुक्रवार को नगर पालिका इंटर कॉलेज में आयोजित गोष्ठी में मुख्य विकास अधिकारी अजितेन्द्र नरायन और एएसपी सुखराम भारती ने सुनील को प्रमाण पत्र सौंपा।

इस मौके पर सीडीओ अजितेन्द्र नरायन ने कहा कि सड़क दुर्घटना में प्रतिवर्ष हजारों लोगों की इसलिए जान चली जाती है क्योंकि अंतिम समय में उन्हें सहायता करने वाला कोई नहीं रहता। इसको देखते हुए अक्टूबर 2021 में गुड सेमेरिटन यानी नेक आदमी के रूप में सम्मानित करने की एक योजना चलाई है। इसमें प्रदेश में उन व्यक्तियों को सम्मानित किया जाएगा जो हादसे में घायल लोगों को अस्पताल पहुंचा कर उनकी जान बचाएंगे। इसके लिए उनको पांच हजार से लेकर एक लाख रुपये तक इनाम दिया जाएगा। वहीं प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित भी किया जाएगा। इसी क्रम में नियामताबाद विकासखंड के कुढ़े खुर्द गांव निवासी सुनील कुमार यादव को चंदौली का पहला गुड सेमेरिटन के रूप में चुना गया है। फरवरी 2022 में सुनील ने पीडीडीयू नगर के एलबीएस कॉलेज के सामने सड़क पर गंभीर रूप से घायल एक व्यक्ति की हॉस्पिटल ले जा कर जान बचाई थी। इस तरह सुनील जिले के पहले नेक आदमी बने हैं। सुनील ने बताया कि मैंने किसी सम्मान के कामना से उस व्यक्ति की सहायता नहीं की थी लेकिन अगर मुझे यह सम्मान मिला है तो इससे मेरा मनोबल और बढा है। आगे भी निरंतर समाज और ऐसे लोगों की सेवा के लिए प्रयासरत रहेंगे। इस मौके पर एसडीएम अविनाश कुमार, क्षेत्राधिकारी अनिरुद्ध सिंह, प्रधानाचार्य डॉ. महेन्द्र कुमार पांडेय, रेलवे इंटर कॉलेज के प्रधानाचार्य अमरेन्द्र कुमार, शिक्षक योगेश सिंह, फिरोज अहमद, संदीप कुमार, अरुण कुमार रहे।


सुनील कुमार को प्रशस्ति पत्र देते सीडीओ अजितेंद्र नरायन।

## गंजख्वाजा रेलवे क्रासिंग पर युवती का मिला शव

**चंदौली।** अलीनगर थाना क्षेत्र के गंजख्वाजा गांव के समीप शुक्रवार को रेलवे ट्रैक पर 19 वर्षीय किशोरी का क्षत-विक्षत शव मिलने से क्षेत्र में सनसनी फैल गयी। मौके पर जुटे आस पास के ग्रामीणों ने तत्काल इसकी सूचना अलीनगर पुलिस और जीआरपी पुलिस को दी। घटनास्थल पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में कर पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेज कर आगले कार्यवाही में जुट गई। बसनी जन्सो की मड़ई गांव निवासी संजय गुप्ता की पुत्री चंदा गुप्ता 19 वर्ष सुबह अपने घर से दुकान जा रही थी। जैसे ही वह रेलवे फाटक पर क्रासिंग पार कर रही थी कि अचानक तेज रफ़्तार ट्रेन की चपेट में आ गयी। घटना में उसकी मौके पर ही मौत हो गयी। इस बाबत जीआरपी प्रभारी चंदौली विद्यासागर ने बताया कि गंजख्वाजा रेलवे फाटक क्रासिंग पर युवती की क्षत-विक्षत शव मिला है। परिजनों ने कपड़े के आधार पर शिनाख्त किया है। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।

# कांग्रेसियों ने सोनिया गांधी के जन्म दिन संग मनाया जीत का जश्न



**डीडीयू नगर।** शहर कांग्रेस कमेटी के तत्वावधान में काली महाल स्थित पार्टी कैम्प कार्यालय पर अखिल भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस की पूर्व अध्यक्ष सोनिया गांधी के जन्मदिवस पर केक काट मनाया गया। साथ ही हिमाचल प्रदेश में कांग्रेस की सरकार बनने पर एक-दूसरे को मिठाई खिलाकर खुशी का इजहार किया गया।

इस मौके पर रामजी गुप्ता ने कहा कि सोनिया गांधी त्याग की प्रतिमूर्ति व दुनिया के सशक्त महिलाओं में एक है। उन्होंने सत्ता त्याग कर यह साबित किया कि आज कुर्सी के लालच में किसी भी स्तर तक चले जाने वालों से मिलो आगे है, जब वे संयुक्त प्रगतिशील गठबंधन की चेयरमैन थी।दस साल के सरकार में जननी सुरक्षा अभिनियम, मिड डे मिल, राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम,शिक्षा का अधिकार, मनरेगा, सूचना का अधिकार सहित कई गरिबो के हित की कल्याणकारी योजनाये गरीबों के लिए हितकारी साबित हुई।आज गरीब जनता महँगाई, बेरोजगार का दंश झेल रही है। हिमाचल प्रदेश की जनता ने नफरत छोड़ मोहब्बत और विकास को चुना है। इस मौके पर रामजी गुप्ता आनन्द शुक्ल, बृजेश गुप्ता, शाहिद तौसीफ, नेहाल अख्तर बाबू, दशरथ चौहान, सरदार सतपाल सिंह, मो आफताब, राधेश्याम रघुवंशी, डा. नन्दलाल प्रसाद, उषा यादव, भोला प्रसाद, रमेश सिंह आदि मौजूद रहे।

# चकिया में चेयरमैन पद पर तीसरी बार महिलाओं को मिला मौका

**चकिया।** नगर पंचायत चुनाव में अध्यक्ष पद और वार्ड सभासदों के जारी आरक्षण के बाद चुनावी गलियारे में गहमागहमी का माहौल व्याप्त हो गया है। नगर पंचायत के इतिहास में तीसरी बार महिलाओं को दावेदारी के लिए आरक्षण में मिली तरजीह के बाद जहां नगर की महिलाओं में हर्ष का माहौल व्याप्त है, वहीं आरक्षण की टकटकी लगाए पुरुष प्रत्याशियों में मायूसी देखी जा सकती है। विभिन्न पार्टी कार्यालयों पर एक तरफ जहां नेताओं और समर्थकों की चहलकदमी बढ़ गई है वहीं दूसरी तरफ एक दर्जन से अधिक महिला प्रत्याशियों ने अपनी अपनी टोली के साथ वार्डों में युद्ध स्तर पर कैंपेनिंग शुरू कर दिया है।

नगर पंचायत में अध्यक्ष पद के लिए पूर्व के वर्षो में 2006 में राजद के टिकट पर दिवंगत चेयरमैन अशोक कुमार बागी की पत्नी मीरा जायसवाल और 2012 में सपा समर्थित होकर रवि प्रकाश चौबे की पत्नी रीता चौबे ने दावेदारी करते हुए जीत हासिल की थी। शासन ने एक बार फिर आरक्षण में महिलाओं को प्राथमिकता देते हुए महिला सशक्तिकरण की मिसाल पेश की है। वर्तमान में भाजपा के पैनल से पूर्व सभासद और पत्रकार गौरव श्रीवास्तव की पत्नी अर्चना श्रीवास्तव, समाजसेवी व व्यापारी कैलाश जायसवाल की पत्नी आरती, राजकुमार जायसवाल की पत्नी चंदा जायसवाल, के अलावा शिवरतन गुप्ता की पत्नी सीमा गुप्ता, प्रभात जायसवाल की पत्नी सुषमा जायसवाल, मनोज जायसवाल की पत्नी दिव्या जायसवाल के अलावा सपा के पैनल से रवि प्रकाश चौबे की पत्नी पूर्व चेयरमैन रीता चौबे, दिवंगत चेयरमैन अशोक कुमार बागी की पत्नी मीरा जायसवाल, पूर्व व्यापार मंडल अध्यक्ष अजय गुप्ता की पत्नी किरन गुप्ता मैदान में हैं। अब देखना है सपा, भाजपा, बसपा और कांग्रेस किस चेहरे को अपने पार्टी का टिकट देती है।

चट्टी चौराहे और चाय पान की दुकानों पर पार्टी से टिकट नहीं मिलने के बाद मायूस प्रत्याशियों के निर्दल चुनाव लड़ने के भी चचाओं का बाजार गर्म है।

## पीएचसी बरहनी पर हुआ गर्भवती महिलाओं का चेकअप

**कंदवा।** स्थानीय प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र बरहनी पर शुक्रवार को 50 गर्भवती महिलाओं की जांच गयी। इसके साथ ही उन्हें उनके स्वास्थ्य एवं सुरक्षा के बारे में विस्तार से बताया गया। सभी महिलाएं ठीक ठाक पाई गयी। प्रभारी चिकित्सा अधिकारी डा.शैलेन्द्र कुमार ने कहा सभी स्वास्थ्यकर्मी अपने नैतिक जिम्मेदारीयों का बाखूबी निर्वहन करें। पीएचसी पर ब्लाक की 50 गर्भवती महिलाओं के जांच कोरोना, बीपी, वजन, हीमोग्लोबिन, यूरिन, एचआईबी, जीडीएम, सिफलिस, आदि का जांच किया गया। सभी गर्भवती महिलाओं को आयरन, कैल्शियम गोली के वितरण किया गया। खानपान देख-रेख पर विशेष सलाह दी गयी। कोई दिक्कतें आने पर चिकित्सकीय सलाह उपचार के लिए कहा गया ।इस मौके स्वास्थ्य शिक्षा अधिकारी सूर्य प्रकाश, रिना यादव, विनय कुमार, अभिमन्यु, शैम्पू, आरती वर्मा, संतोष, तेजप्रताप, सुदामा, चौधरी आदि उपस्थित रहे।

# नारी शक्ति का सम्मान देश व राष्ट्र का सम्मानः प्राचार्य

**सकलडीहा।** शासन की ओर से नारी सशक्तिकरण अभियान के तहत जागरूकता रैली गांव गांव स्कूलों द्वारा निकाली जा रही है। शुक्रवार को सकलडीहा इंटर कॉलेज की ओर से नारी सशक्तिकरण के तहत स्काउट गाइड व छात्र छात्राओं द्वारा जागरूकता रैली निकाली गयी। तहसील मुख्यालय होते हुए जागरूकता रैली पूरे कस्बा में भ्रमण कर कॉलेज में पहुंचकर समाप्त हुआ। इस दौरान वक्ताओं ने गोष्ठी के माध्यम से विचार प्रकट किया।

प्रधानाचार्य डा. एसके लाल ने कहा कि जिस देश में नारियों का सम्मान होता है। वह देश और राष्ट्र का सम्मान होता है। नारियों के सशक्त होने से देश और समाज मजबूत होता है। इसलिये हम सभी का दायित्व है कि बेटी बचाओं और बेटी पढ़ाओं के तहत बेटी को सम्मान और अधिकार दिलाये। वही लेफ्टिनेंट सत्यमूर्ति ओझा ने कहा कि महिलायें देश की गौरव है। महिलाओं के बगैर सृष्टि का सृजन अधूरा है।

अंत में स्काउट गाइड और स्कूल के छात्र छात्राओं ने नारी सशक्तिकरण के तहत स्लोगन बोलते हुए तहसील मुख्यालय से होकर पूरे कस्बा में जागरूकता रैली निकाली।


सकलडीहा इंटर कॉलेज से जागरूकता रैली को हरी झंडी दिखाते प्रधानाचार्य।

इस मौके पर त्रिभुवन नारायण सिंह, देवचंद राम, डा. प्रमोद पांडेय, जयश्याम त्रिपाठी, संजय पांडेय, विनोद कुमार, अनिल कुमार, रामचन्द्र शर्मा, धर्मेन्द्र कुमार, मार्कण्डेय, गिरिश चन्द्र, राजन चौरसिया, प्रदीप कुमार, सुरेश कुमार सहित अन्य शिक्षक रैली में मौजूद रहे।

### घंटों जद्दोजहद के बाद भी नहीं मिल रही खाद

**कंदवा।** क्षेत्र के रामपुर गांव में निजी थोक व फुटकर उर्वरक केंद्र पर शुक्रवार को डीएपी खाद के लिए सुबह से लाइन में लगने के बाद भी किसानों को खाद नहीं मिल सकी, जिससे उन्हें मायूस होकर वापस लौटना पड़ा। शुक्रवार को रामपुर में सहायक विकास अधिकारी बेनी माधव व वरिष्ठ सहायक सतेंद्र नारायण सिंह के निर्देशन में एक निजी थोक एवं फुटकर उर्वरक की दुकान पर डीएपी का विरतण होना था।क्षेत्र के दर्जनों किसान सुबह से लाइन में लगे, लेकिन ई-पाश मशीन में तकनीकी खराबी के चलते किसानों को बिना डीएपी खाद लिए निराश होकर घर लौटना पड़ा। खतौनी जमा करने वाले किसानों को कल डीएपी उपलब्ध कराई जाएगी। इस दौरान किसान नेता सुमंत सिंह अन्ना, शकूर अंसारी, अर्जुन, सतीश सिंह, श्यामरथी, इन्द्र पाल, जेपी यादव आदि लोग रहे।

## संक्षेप

### सड़क दुर्घटनाओं में घायलों की मदद के लिये सदैव तत्पर रहने का लिया संकल्प



**सकलडीहा।** प्रदेश की यातायात व्यवस्था को सुचारु रूप से संचालित करने के लिये यातायात निदेशालय की ओर से जनजागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। इस क्रम में शुक्रवार को सकलडीहा कोतवाली में सीओ राजेश कुमार राय के नेतृत्व में जनसामान्य की सुरक्षा हेतु पुलिस कर्मी और वाहन चालकों को संकल्प दिलाया गया। इस दौरान यातायात के नियम और सुरक्षा व सहयोग के बारे में विस्तार से जानकारी दी गयी। यातायात संकल्प कार्यक्रम के दौरान सीओ ने सभी पुलिस कर्मियों को सड़क पर वाहन चलाने से पूर्व सभी सुरक्षा संबंधी नियमों का संकल्प दिलाया। इस दौरान दो पहिया वाहन चलाते समय हेलमेट, कार चलाते समय सीट बेल्ट, कभी शराब पीकर गाड़ी न चलाने, वाहन चलाते समय मोबाइल पर बात न करने का संकल्प दोहराया। इसके पूर्व कोतवाल अनिल कुमार पांडेय ने एम्बुलेंस व फायर बिग्रेड वाहनों को पहले जाने और सड़क दुर्घटना में घायल पीड़ितों की निरूसंकोच मदद करने का संकल्प दिलाया। इस मौके पर कोतवाल अनिल कुमार पांडेय, एसआई रमापति यादव,मनेश शंकर द्विवेदी, महफूज अहमद, शिवप्रसाद गिरी, भूपेश चन्द्र कुशवाहा, मोहन प्रसाद, संदीप तिवारी, अनुराग गुप्ता, सतेन्द्र पाल, सुशील वर्मा, अनुराग मिश्रा, नीरज मौर्या, देवीलाल राजभर सहित अन्य मौजूद रहे।

### किसानों ने पराली जलाई तो देना होगा भारी भरकम अर्थदण्ड

**चंदौली।** जिला कृषि अधिकारी बसंत कुमार दुबे ने बताया कि पराली जलाने की समस्या से पर्यावरण प्रदूषण तथा मृदा स्वास्थ्य को हो रहे नुकसान को गंभीरता से लिया है। राष्ट्रीय हरित न्यायाधिकरण ने इसकी रोक-थाम के लिए लघु व सीमान्त किसान 02 एकड़ से कम भूमि धारकों को 2500 रुपये, लघु एवं सीमान्त किसानों को 02 से 05 एकड़ तक के भूमि धारकों को 5000 हजार रुपये एवं बड़े कृषक 05 एकड़ से अधिक भूमि धारकों को पराली जलाने पर 15000 रुपये अर्थदण्ड की व्यवस्था की गई है। उन्होंने बतायाकि जनपद में धान की पराली जलाने की समस्या से निजात दिलाने के लिए सुखबीर एग्रो लिमिटेड गाजीपुर द्वारा सार्थक पहल की गयी है इसके अन्तर्गत कम्पनी द्वारा 5 बेलर मशीने (गाठ बनाने वाली मशीने) लायी गयी है जो खेत में अवशेष धान के डंठलो को बटोरकर गांठ बनाकर उसको अन्यत्र उपयोग के लायक बनाया जायेगा। इससे किसानो का खेत अगली फसल की बुआई के लिए समय से खाली हो जायेगा। इसके लिए उनको कोई शुल्क भी नही देना होगा तथा पराली लाने के अपराध से बच सकेंगे। उन्होंने जनपद के कृषको से अनुरोध है कि यदि आपके खेत में धान की पराली अवशेष है एवं खेत को शीघ्र खाली करना है तो सुखबीर एग्रो लिमिटेड गाजीपुर के सुखपाल सिंह मोबाइल नंबर-9416411931, मनदीप सिंह मोबाइल नंबर-7015713953 तथा भलिन्दर सिंह मोबाइल नंबर-9466092161 से सम्पर्क कर सकते है। इसके अलावा जिला कृषि अधिकारी, चंदौली के मोबाइल नंबर 7839882312 पर सूचित कर सकते है।

### राष्ट्रीय लोकदल ने समाजसेवी मंजू देवी को दी श्रद्धांजलि

**डीडीयू नगर।** राष्ट्रीय लोकदल की बैठक नगर अध्यक्ष भागवत नारायण चौरसिया के वेस्टर्न बाजार स्थित आवास पर काशी प्रांत के अध्यक्ष समरनाथ सिंह यादव के अध्यक्षता में हुई। बैठक में समाजसेविका स्वर्गीय मंजू देवी चौरसिया की चौथी पुण्यतिथि पर उनके चित्र पर माल्यार्पण व दीप प्रज्वलित कर श्रद्धांजलि अर्पित की। नगर अध्यक्ष भागवत नारायण चौरसिया ने कहा कि स्वर्गीय मंजू देवी चौरसिया ने सन 2012 में नगर पालिका परिषद मुगलसराय के अध्यक्ष पद के चुनाव लड़ी थी और अपने घोषणापत्र में गृह कर व अन्य टैक्सों में 25 परसेंट का छूट देने की घोषणा की थी, लेकिन नवनिर्वाचित चर्चित अध्यक्ष ने सन 2015 से नगरवासियों को धोखा देकर स्व कर लगा दिया यह टेक्स्ट 5 से 20 गुना ज्यादा है। कहा कि चुनाव आ गया है मौका अच्छा है जो यह टैक्स समाप्त करेगा उसी को मतदान करें। काशी प्रांत के अध्यक्ष समरनाथ सिंह यादव ने कहा कि अभी भी मौका है बोर्ड का बैठक बुलाकर कर व यूजर टेक्स्ट समाप्त कर दिया जाए नहीं तो आने वाले दिनों में इतना बड़ा टेक्स लोग नहीं दे पाएंगे। लोगों का मकान दुकान नीलाम हो जाएगा। इसके लिए जनप्रतिनिधियों पर दबाव बनाकर पत्रक देकर समाप्त करने का मांग किया जाएगा। एक बड़ा जन आंदोलन किया जाएगा। जिलाध्यक्ष विजय जायसवाल ने कहा कि स्वर्गीय मंजू देवी चौरसिया के बताए हुए मार्ग पर चलने की आवश्यकता है। मौके पर राजेश सिंह, चंद्रकांत यादव, धर्मेंद्र कुशवाहा, शिव पटेल, धनंजय, योगेंद्र यादव, जोगी आदिति, भरत आदि उपस्थित रहे। संचालन वरिष्ठ समाजसेवी गौरी शंकर सिंह ने किया।

### रेलिंग विहीन पुलिया से दुर्घटना की आशंका



**सकलडीहा।** क्षेत्र के ईटवा से ओरवा जाने वाले मार्ग पर लम्बे से से पुलिया की रेलिंग टूटी है। जिसके कारण आये दिन दुर्घटना होती है। शिकायत के बाद भी विभागीय अधिकारी मौन साधे हुए है। क्षेत्रीय लोगों ने सांसद और जिला प्रशासन से समस्या से निजात दिलाने की मांग उठाया है। ईटवा से होकर प्राचीन मंदिर श्रीपत ब्रम्ह बाबा के साथ, दिनदासपुर, कांधी, अमिलाई, महगांव, पंडुकपुर, रानेपुर, गोपालीपुर, सलेमपुर सहित अन्य गांव के सैकड़ों लोग आते जाते है। गांव के ताल में बनी पुलिया पिछले कई साल से जर्जर और रेलिंग विहिन है। जिसके कारण कोहरा और अंधेरा में आये दिन साइकिल सवार और वाहन चालक असंतुलित होकर गड्ढे में चले जाते है। आये दिन दुर्घटना को लेकर क्षेत्रीय लोगों में रोष है। गांव के श्यामनारायण पांडेय, अमिय पांडेय, मोनू पांडेय, गुलाब मौर्या, बीरेन्द्र तिवारी, राजू सिंह, गोपाल राय, भैयालाल आदि ने जिला प्रशासन से समस्या से निजात दिलाने की मांग उठाया है।

### लाखों खर्च के बाद भी सामुदायिक शौचालय बना शोपीस



**सकलडीहा।** तहसील परिसर में अधिवक्ता भवन के समीप लाखों रूपया खर्च कर सामुदायिक शौचालय बनाया गया है। बीते 15 नवंबर को जिला स्तरीय सम्पूर्ण समाधान दिवस पर डीएम द्वारा सामुदायिक शौचालय का उद्घाटन किया जाना था। लेकिन जिलाधिकारी के नहीं आने पर सामुदायिक शौचालय शोपीस बनकर रह गया है। उधर, तहसील प्रशासन ने बताया कि मानक के अनुसार शौचालय का निर्माण नहीं हुआ है। लंबे समय से तहसील के अधिवक्ता सामुदायिक शौचालय की मांग कर रहे थे। इसे लेकर कई बार अधिवक्ताओं ने लिखित रूप से पत्र भी दिया था। एसडीएम मनोज पाठक के निर्देश पर ब्लॉक प्रशासन की ओर से पिछले नवंबर माह में लाखों रूपया खर्च करके सामुदायिक शौचालय का मरम्मत और सुंदरीकरण किया गया। जिला स्तरीय सम्पूर्ण समाधान दिवस 15 नवंबर को जिलाधिकारी द्वारा उद्घाटन किया जाना था। लेकिन टेड की परीक्षा के कारण जिलाधिकारी जिला स्तरीय सम्पूर्ण समाधान दिवस में नहीं पहुंच पायी। जिससे सामुदायिक शौचालय का उद्घाटन नहीं हो पाया। लाखों खर्च करने के बाद भी महिला पुरूष शौचालय शोपीश बनकर रह गया है। जिसके कारण अधिवक्ता सहित महिलाओं का काफी परेशानी उठानी पड़ती है। उधर एसडीएम मनोज पाठक ने बताया कि अभी शौचालय का निर्माण कार्य मानक के अनुसार नहीं हो पाया है।

### कार्यशाला में शिक्षकों ने नई शिक्षा तकनीकी पर की चर्चा

**कंदवा।** क्षेत्र के प्राथमिक विद्यालय इमिलिया के प्रांगण में शुक्रवार को संकुल स्तरीय शिक्षक संकुल मासिक बैठक सह कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस दौरान नई शिक्षा तकनीकी पर चर्चा हुई। निपुण भारत मिशन की सफलता के लिए शिक्षकों ने संकल्प लिया। इस दौरान शुरूआत मुख्य अतिथि प्राथमिक शिक्षक संघ बरहनी के ब्लॉक अध्यक्ष यशवर्धन सिंह व विशिष्ट अतिथि के द्वारा माँ सरस्वती के तैल चित्र पर पुष्प अर्पित कर किया गया। नई शिक्षा नीति-2020 के तहत निपुण भारत के लक्ष्यों की प्राप्ति हेतु परिचर्चा की गई। शिक्षक संकुल अमित पाल, आशुतोष त्रिपाठी व विनय सिंह आदि ने पीएफएमएस भुगतान प्रणाली,रीडिंग कार्नर, मिशन कायाकल्प व शिक्षण योजना के बारे में विस्तार से बताया। नवाचारी शिक्षक मस्तराम साहू व आशीष भार्गव द्वारा टी एल एम की जानकारी साझा की गई। समस्त शिक्षकों का स्वागत अरविंद कुशवाहा के द्वारा किया गया। बैठक में रमेश राम, राजाराम कुशवाहा, हरदेव सिंह, रमेश यादव, लोरिक राम, गिरजेश सिंह, रामजी यादव, सुरेश कन्नौजिया, जितेंद्र सिंह आदि उपस्थित थे। अध्यक्षता रमेश राम व संचालन आलोक सिंह ने किया।



# स्पोर्ट्स

### विश्वकप हॉकी की तैयारियों जारी

**भुवनेश्वर।** अगले साल यहां होने वाले एफआईएच ओडिशा पुरुष हॉकी विश्व कप 2023 की तैयारियां जोर शोर से जारी हैं। इसी के तहत ही यहां के कलिंगा हॉकी स्टेडियम और राउरकेला के बिरसा मुंडा हॉकी स्टेडियम में नई एस्टोटर्फ बिछायी गयी हैं। हॉकी इंडिया ने कहा कि ये एस्टोटर्फ अंतरराष्ट्रीय हॉकी महासंघ (एफआईएच) द्वारा प्रमाणित है। पुरुष विश्व कप के मुकाबले नवनिर्मित बिरसा मुंडा हॉकी स्टेडियम और भुवनेश्वर के प्रतिष्ठित कलिंगा हॉकी स्टेडियम में खेले जायेंगे। अगले साल 13 से 29 जनवरी तक होने वाले इस कार्यक्रम में भारत सहित दुनिया भर की शीर्ष 16 टीमें भाग लेंगी। इस टूनार्मेंट के लिये 16 टीमों को चार पूल में बांटा गया है। भारत को पूल-डी में इंग्लैंड स्पेन और वेल्स के साथ रखा गया है।



# बांग्लादेश के खिलाफ तीसरे एकदिवसीय मैच को जीतकर क्लीन स्वीप से बचने उतरेगी टीम इंडिया

## सुबह 11.30 बजे से शुरू होगा मैच, भारतीय टीम शुरूआती दोनो मैच हारने के कारण पहले ही सीरीज 2-0 से खो चुकी है

**चटगांव।** भारतीय क्रिकेट टीम शनिवार से यहां मेजबान बांग्लादेश के खिलाफ तीसरे और अंतिम एकदिवसीय क्रिकेट मुकाबले को जीतकर क्लीन स्वीप से बचने और लय हासिल करने के इरादे से उतरेगी। भारतीय टीम शुरूआती दोनो मैच हारने के कारण पहले ही सीरीज 2-0 से हार गयी है। अब इस मैच को जीतकर वह 3-0 की हार से बचने के साथ ही टेस्ट सीरीज से पहले अपना मनोबल भी बढ़ाना चाहेगी। भारतीय टीम के सामने सबसे बड़ी समस्या खिलाड़ियों की फिटनेस है। टीम के कप्तान रोहित शर्मा भी चोटिल होने के कारण इस मैच से बाहर हैं। ऐसे में लोकेश राहुल भारतीय टीम की कप्तानी करेंगे। भारतीय टीम को अगर ये मैच जीतना है तो उसके बेहतर बल्लेबाजी और गेंदबाजी करनी होगी। पहले दोनो ही मैचों में भारतीय टीम की बल्लेबाजी कमजोर साबित हुई। वहीं टीम के गेंदबाज बांग्लादेशी बल्लेबाज मेहदी हसन मिराज पर अंकुश नहीं लगा पाये। मिराज ने दोनो ही मैचों में अपनी टीम की जीत में अहम भूमिका निभाई थी। पहले मैच में मिराज ने अंतिम विकेट के लिए अर्धशतकीय साझेदारी बनायी जबकि दूसरे एकदिवसीय में शानदार शतक लगाकर अपनी टीम को एक अच्छे स्कोर तक पहुंचाया।



इस दौरे की शुरूआत से ही अब तक खिलाड़ियों के चोटिल होने के कारण हालात इतने खराब हो गये कि स्पिनर कुलदीप यादव को बुलाना पड़ा है। कुलदीप ने 72 एकदिवसीय में 118 विकेट लिए हैं और वह इस टीम के सबसे अनुभवी गेंदबाज हैं। नियमित कप्तान रोहित के बायें हाथ के अंगूठे की हड्डी खिसक गई है और वह इलाज के लिए स्वदेश लौट गये हैं। रोहित के अलावा नये तेज गेंदबाजी कुलदीप सेन भी चोटिल हैं। कुलदीप इस सीरीज में फिट नहीं होने के कारण केवल एक मैच ही खेल पाये हैं। मैच इसके अलावा तेज गेंदबाज दीपक चाहर भी चोटिल होने के कारण बाहर हैं। स्पिन ऑलराउंडर अक्षर पटेल की पसली में चोट लग गई है और वह पहला मैच नहीं खेल सके जबकि विकेटकीपर बल्लेबाज ऋषभ पंत को भी फिटनेस कारणों से बाहर रहना पड़ा है। ऐसे में अब टीम की कप्तानी करते हुए राहुल पर टीम को बेहतर शुरूआत देने का दबाव रहेगा। वह युवा ईशान किशन के साथ पारी की शुरूआत कर सकते हैं। इकसे अलावा विराट कोहली और शिखर धवन को भी पारी की शुरूआत के लिए भेजा जा सकता है। उसे स्थिति में राहुल मध्यक्रम में आयेंगे। टीम में ऑलराउंडर राहुल त्रिपाठी को भी शामिल किया जा सकता है। वहीं टीम प्रबंधन अगर केवल बल्लेबाज पर ध्यान दे तो रजत पाटीदार को अवसर मिल सकता है। भारतीय टीम की गेंदबाजी मोहम्मद सिराज शार्दुल ठाकुर उमरान मलिक वाशिंगटन सुंदर और अक्षर पटेल संभालेंगे।

अब तक के दोनो ही मैचों में भारतीय गेंदबाज उम्मीद के अनुसार प्रदर्शन नहीं कर पाये हैं। पहले एकदिवसीय में मेजबान टीम की अंतिम जोड़ी को वे आउट नहीं कर पाये थे और मैच भारतीय टीम के हाथ से फिसल गया था। इसी प्रकार दूसरे मैच में बांग्लादेश ने 69 रन पर छह विकेट के बाद भी 271 रन बना लिए थे।

***दोनो टीमें इस प्रकार हैं :***

**भारत :** लोकेश राहुल (कप्तान) शिखर धवन विराट कोहली श्रेयस अय्यर ईशान किशन मोहम्मद सिराज रजत पाटीदार राहुल त्रिपाठी वाशिंगटन सुंदर शाहबाज अहमद अक्षर पटेल शार्दुल ठाकुर उमरान मलिक कुलदीप यादव।

**बांग्लादेश :** लिटन दास (कप्तान) अनामुल हक बिजय शाकिब अल हसन मुशफिकुर रहीम अफीफ हुसैन यासिर अली चौधरी मेहदी हसन मिराज मुस्ताफिजूर रहमान तस्कीन अहमद हसन महमूद इबादत हुसैन चौधरी नासुम अहमद महमूदुल्लाह नजमुल हुसैन शांतो काजी नुरूल हसन सोहन शरीफुल इस्लाम।

***एजेंसी***

### फलक आईसीसी अंडर-19 महिला टी-20 विश्व कप के लिए भारतीय टीम में शामिल



**प्रयागराज।** प्रयागराज की उभरती हुई क्रिकेटर फलक नाज का चयन आईसीसी अंडर-19 महिला टी- 20 विश्व कप के लिए भारतीय टीम में हुआ है। यह अंडर-19 महिला टी- 20 विश्व कप दक्षिण अफ्रीका में 14 से 29 जनवरी के बीच होगा। वहीं इससे पहले भारतीय टीम मेजबान दक्षिण अफ्रीका के साथ पांच मैचों की सीरीज खेलेगी। यह मैच प्रिटोरिया में 27 दिसंबर से 4 जनवरी के बीच खेले जाएंगे। फलक दाएं हाथ की मध्यम तेज गेंदबाज और मध्यक्रम की बल्लेबाज हैं।

फलक के कोच अजय सिंह ने कहा कि फलक ने हाल में ही न्यूजीलैंड के साथ मुंबई में हुए पांच टी-20 मैचों की सीरीज में अच्छा प्रदर्शन किया था। उसी के कारण उसका चयन हुआ है। फलक को स्पोर्ट्स टैलेंट एकेडमी में पिछले 6 साल से अजय सिंह ने ही प्रशिक्षण दिया है।

फलक के पिता नासिर अहमद एक स्कूल में चपरासी का काम करते हैं जबकि मां जीनत बानो गृहणी हैं। फलक की एक छोटी बहन और एक बड़ा भाई भी है। फलक के पिता ने आर्थिक तंगी के कारण बेटी के सपने को पूरा करने के लिए ओवरटाइम तक किया। फलक ने अपनी सफलता का श्रेय अपने कोच और अपने माता-पिता को दिया है। उसका सपना आईसीसी अंडर 19 विश्वकप में बेहतर प्रदर्शन करना और भारतीय टीम में जगह बनाना है।

## बांग्लादेश के खिलाफ तीसरे वनडे के लिए कुलदीप यादव भारतीय टीम में शामिल

### रोहित शर्मा पर बीसीसीआई बाद में लेगा फैसला

**ढ़ाका।** टीम इंडिया के तीन खिलाड़ी चोटिल होने के कारण बांग्लादेश के खिलाफ तीसरे और अंतिम एकदिवसीय मैच से बाहर हो गये हैं। इस कारण अनुभवी स्पिनर कुलदीप यादव को शामिल किया गया है। कप्तान रोहित शर्मा युवा तेज गेंदबाज कुलदीप सेन और तेज गेंदबाज दीपक चाहर इस मैच से बाहर हैं। रोहित अंगूठे में चोट की जांच के लिए स्वदेश लौट गये हैं। ऐसे में तीसरे एकदिवसीय में भारतीय टीम की कप्तानी लोकेश राहुल करेंगे। बीसीसीआई ने कहा है कि मेडिकल टीम ने रोहित का आंकलन किया है। आगामी टेस्ट सीरीज के लिए उनकी उपलब्धता पर फैसला बाद में लिया जाएगा।



वहीं बयान में आगे कहा गया तेज गेंदबाज कुलदीप ने पहले एकदिवसीय के बाद पीठ में जकड़न की शिकायत की थी थी। इसके बाद बीसीसीआई की मेडिकल टीम ने उनका आंकलन किया और उन्हें दूसरे एकदिवसीय से पहले आराम की सलाह दी गई। कुलदीप के स्ट्रेस इंजरी हुई है। इस कारण उन्हें सीरीज से बाहर कर दिया गया है। वहीं कुलदीप के साथी तेज गेंदबाज दीपक चाहर को भी दूसरे एकदिवसीय के दौरान बाएं हैमस्ट्रिंग में खिंचाव आया और वह भी सीरीज से बाहर हैं। कुलदीप और दीपक दोनों अब अपनी चोटों के आगे के प्रबंधन के लिए एनसीए को रिपोर्ट करेंगे। अखिल भारतीय सीनियर चयन समिति ने कुलदीप यादव को तीसरे और अंतिम वनडे के लिए भारतीय टीम में शामिल किया है.

***बांग्लादेश जीत चुका है सीरीज***

बांग्लादेश के खिलाफ तीसरा वनडे मुकाबला 10 दिसंबर (शनिवार) को चटगांव में खेला जाना है. चूंकि बांग्लादेश ने पहले दो मैचों में जीत हासिल कर पहले ही सीरीज पर कब्जा कर लिया था. ऐसे में केएल राहुल की अगुवाई में अब रतीय टीम इस मुकाबले को जीतकर अपना सम्मान बचाना चाहेगी।

### अलग अंदाज में दिखी रोनाल्डो की पार्टनर जॉर्जीना



**दोहा।** पुर्तगाल के फुटबॉलर क्रिस्टियानो रोनाल्डो की पार्टनर जॉजीर्ना रोड्रिग्ज भी आजकल कतर में पूर्तगाल टीम का हौंसला बढ़ा रही हैं। जॉजीर्ना का अंदाज पर अलग है। आम तौर पर भड़कीले अंदाज में रहने वाली जॉजीर्ना अब कतर के माहौल में रंगी नजर आ रही हैं। जॉजीर्ना आजकल इंस्टाग्राम पर पूरे कपड़ों में नजर आ रही हैं। वहीं उनके पति रोनाल्डो को पुर्तगाल के कोच फर्नांडो सैंटोस ने स्विट्जरलैंड के खिलाफ मैच में अवसर नहीं दिया। इसपर जॉजीर्ना पुर्तगाल के मैनेजर से निराश नजर आयीं। जॉजीर्ना ने इंस्टा पर पोस्ट डालते हुए तंज कसा बधाई हो पुर्तगाल। जब 11 खिलाडि?ों ने राष्ट्रगान गाया सभी की निगाहें आप पर थीं। कितने शर्म की बात है कि मैं विश्व के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी के खेल का आनंद प्रशंसक नहीं उठा पाये।

## 'वो बैटिंग ऐसे करता है जैसे मिशन पर हो', डीके ने कहा- पर टीम इंडिया के स्टार को अब मैच जिताने होंगे

**नई दिल्ली।** भारत बांग्लादेश के खिलाफ दो करीबी मैच हारा है। दूसरे मैच में रोहित शर्मा और श्रेयस अय्यर ने शेरे बांग्ला नेशनल स्टेडियम में टीम की वापसी की भरसक कोशिश की जिससे ये मैच अंतिम ओवर के रोमांच में तब्दील हो गया। रोहित को निर्णायक मैच में अंगूठे की दुर्भाग्यपूर्ण चोट का सामना करना पड़ा पर उसके बावजूद अनुभवी भारतीय कप्तान धमाकेदार पारी खेली। हिटमैन की तारीफ करते हुए सीनियर कीपर दिनेश कार्तिक ने कहा कि रोहित को चोट के समय बल्लेबाजी करने के लिए एक कप्तान के रूप में काफी सम्मान मिला है। वर्ल्ड कप के बाद टीम से बाहर हो चुके कार्तिक ने अय्यर की शानदार पारी को भी दशार्या। इससे पहले कि रोहित ने नौवें स्थान पर बल्लेबाजी की और अय्यर ने 97 गेंदों पर 82 रनों की



तूफानी पारी खेली। दूसरे वनडे में भारत पर बांग्लादेश की फेमस जीत के बाद क्रिकबज से बात करते हुए, भारतीय विकेटकीपर-बल्लेबाज कार्तिक ने अय्यर को इस साल 50 ओवर के प्रारूप में भारत के सबसे लगातार रन बनाने वाले खिलाड़ी के तौर पर बेहतरीन पाया। उन्होंने कहा, मुझे लगता है कि जिस तरह से उन्होंने कुछ समय के लिए खेला है वह कमाल रहा है। उसने इस साल 700 से अधिक रन बनाए हैं और आप उ न क आत्मविश्वास देख सकते हैं। वनडे क्रिकेट उसके लिए बेहतर फॉर्मेट है जहां वह कुछ गेंदें ले सकता है और फिर शॉट मारना शुरू कर सकता है। वो स्पिन का शानदार खिलाड़ी और विपक्षी गेंदबाज लगभग हर मैच में उसको शार्ट गेंद के खिलाफ टेस्ट कर रहे हैं लेकिन वो निखरता जा रहा है।

फॉर्म में चल रहे भारतीय बल्लेबाज के बारे में कार्तिक ने कहा कि अय्यर को लगातार खेल फिनिश करने की जरूरत है। उन्होंने कहा, हां, शॉर्ट गेंद पर उसे असफलता मिली थी, लेकिन हर बार जब वह बैटिंग के लिए उतरते हैं तो आप देख सकते हैं कि वह एक मिशन पर हैं और वह अंत में टीम के लिए वहां रहना चाहते हैं। वह इस पारी में बढ़िया थे जब वह बल्लेबाजी की तब तक वह हावी थे। हां, उनके चारों ओर विकेट गिरे लेकिन उन्होंने हार नहीं मानी और मुझे उसकी यह बात बहुत पसंद है। अगर आप एक खिलाड़ी के रूप में अपना नाम बनाना चाहते हैं, तो वो करें जो विराट कोहली ने वर्षों में किया है, 120-130 नॉट आउट करते जाएं। अय्यर 2022 में टीम इंडिया के लिए वनडे में शिखर धवन से आगे निकलने में कामयाब रहे। इस साल भारत के लिए 16 मैचों में 720 से अधिक रन बनाए। हालांकि कार्तिक का कहना है लंबा सफर अभी बाकी है क्योंकि 82 रन बनाना अच्छा है लेकिन खिलाड़ी आप तभी बनते हैं जब टीम को फिनिशिंग लाइन से पार ले जाएं। कार्तिक को खुद एक फिनिशर की भूमिका सौंपी गई थी लेकिन टी20 क्रिकेट में ये बहुत मुश्किल काम है और कार्तिक ने काफी मौकों पर इसको करते हुए कई अहम मौकों पर खुद को फेल पाया जिसमें टी20 वर्ल्ड कप जैसा टूनामेंट शामिल है। अब शायद ही कार्तिक की कभी वापसी संभव हो पाए।

### भारत-ए ने जीती अनऑफिशियल टेस्ट सीरीज बांग्लादेश-ए को पारी और 123 रन से हराया



**नई दिल्ली।** भारत-ए ने बांग्लादेश-ए को 2 अनऑफिशियल टेस्ट मैचों की सीरीज में 1-0 से हरा दिया। सीरीज का दूसरा मैच भारत ने पारी और 123 रन से जीता। पहला टेस्ट ड्रॉ रहा था। बांग्लादेश के सिलहट में दूसरा टेस्ट खेला गया। टीम इंडिया-ए के लेफ्ट आर्म स्पिनर सौरभ कुमार ने दूसरी पारी में 74 रन पर 6 विकेट लिए। उन्होंने पहले टेस्ट में भी पांच विकेट लिए थे। सीरीज में 15 विकेट लेकर वह भारत के सबसे सफल गेंदबाज रहे। इसके साथ ही उन्होंने बांग्लादेश के खिलाफ 2 टेस्ट की सीरीज में चोटिल स्पिनर रवींद्र जडेजा के रिप्लेसमेंट के रूप में दावेदारी पेश कर दी है। आखिरी दिन बांग्लादेश-ए ने 49/2 से आगे खेलना शुरू किया। टीम ने 6 रन जोड़ने के बाद ही तीसरा विकेट गंवा दिया। मोमिनुल हक को विकेटकीपर भरत ने स्टंपिंग कर पवेलियन की राह दिखाई। बांग्लादेश का कोई भी बल्लेबाज ओपनर शादमान इस्लाम का साथ नहीं दे सका। शादमान ने नॉटआउट 93 रन बनाकर अपना बैट कैरी किया। दिन का दूसरा विकेट शहादत हुसैन के रूप में गिरा। शादमान के साथ 54 रन जोड़ने के बाद वह 29 रन के निजी स्कोर पर आउट हो गए। उन्हें सौरभ ने यश ढुल के हाथों कैच कराया। जाकिर अली 22 रन बनाकर 5वें विकेट के रूप में आउट हुए। सुमन खान ने 8 रन बनाए। वहीं, मोहम्मद मिथुन, हसन मुराद और मुसफिक खान बगैर खाता खोले ही पवेलियन लौट गए। इस तरह बांग्लादेश-ए दूसरी पारी में 187 रन ही बना सका। टीम ने पहली पारी में 252 रन बनाए थे। भारत-ए के लिए दूसरी पारी में सौरभ के अलावा उमेश यादव और नवदीप सैनी ने 2-2 विकेट लिए। उमेश ने 15.5 ओवर में 34 रन देकर 2 विकेट लिए।

## जामनगर उत्तर से जीती रिवाबा ने साझा की एमएलए गुजरात वाली फोटो, मंत्री बनने की भी अटकलें

**अहमदाबाद।** गुजरात विधानसभा चुनावों में सबसे ज्यादा सुर्खियों में रही टीम इंडिया के क्रिकेटर रवींद्र जाडेजा की पत्नी रिवाबा जाडेजा फिर सुर्खियों में हैं। जामनगर उत्तर की सीट से चुनाव जीतने के बाद रिवाबा जाडेजा ने सोशल मीडिया अब एक ऐसी तस्वीर साझा की है, जो खूब वायरल हो रही है। इस बड़ी संख्या में लोगों के कमेंट भी आ रहे हैं। जामनगर के दंगल में ननद और ससुर के विरोध के बाद भी जीती रिवाबा ने रवींद्र जाडेजा के एक फोटो शेयर की है। इसमें रवींद्र जाडेजा और रिवाबा एमएलए गुजरात की नेम प्लेट पकड़े हुए हैं। दोनों की यह तस्वीर सोशल मीडिया पर खूब पसंद की जा रही है। जामनगर से जब रिवाबा चुनाव में उतरी थीं तो टीम इंडिया के सर जाडेजा ने जमकर साथ दिया था। पत्नी को जिताने के लिए रवींद्र जाडेजा ने रोड शो भी किए थे। गुजरात चुनावों में चर्चा का केंद्र रही रिवाबा जाडेजा ने अपने चुनाव प्रचार में बार-बार प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की तारीफ की थी। ऐसे में चर्चा यह है कि क्या रिवाबा को मंत्रीमंडल में भी जगह मिलेगी, क्योंकि वे युवा है और काफी समय से सामाजिक गतिविधियों में सक्रिय हैं। युवा होने का उन्हें लाभ मिल सकता है। ऐसे में खेल विभाग की जिम्मेदारी रिवाबा की मिलने की अटकलें जामनगर में लग रही हैं।




### भारोत्तोलक बिंदियारानी 25वें स्थान पर रहीं

**मुम्बई।** भारत की बिंदियारानी विश्व भारोत्तोलन चैम्पियनशिप में 25वें स्थान पर रही हैं। बिंदियारानी को विश्व चैम्पियनशिप में महिलाओं के 59 किलो वर्ग में 25 वां स्थान मिला। उन्होंने 200 किलो (86 और 114) वजन उठाया। बिंदियारानी ने ग्रुप डी में भाग लिया था। उन्होंने स्नैच में पहले प्रयास में 83 और दूसरे में 86 किलो वजन उठाया पर तीसरे प्रयास में 88 किलो वजन ही उठा पायीं। इसी तरह क्लीन एंड जर्क में 112 किलो का उनका पहला प्रयास विफल हुआ क्योंकि उनका लिफ्ट क्लीन नहीं था। उन्होंने दूसरे प्रयास में 114 किलो वजन उठाया। यह टूनार्मेंट 2024 पेरिस ओलंपिक के लिये पहला क्वालीफाइंग टूनार्मेंट है। ओलंपिक क्वालीफिकेशन के नये नियमों के तहत भारोत्तोलक को 2023 विश्व चैम्पियनशिप और 2024 विश्व कप खेलना होगा। इसके अलावा 2022 विश्व चैम्पियनशिप 2023 उपमहाद्वीपीय चैम्पियनशिप 2023 ग्रां प्री वन और टू और 2024 उपमहाद्वीपीय चैम्पियनशिप खेलनी होगी।



**कतर में चल रहे फीफा फुटबॉल 2022 का जोश हर जगह देखा जा सकता है। इस मेगा इवेंट में कुछ बड़े उलटफेर भी देखने को मिले हैं और अब टूर्नामेंट नॉक आउट दौर में जा रहा है। हालांकि इन सबके बीच बाहरी दर्शकों को लेकर खबर अच्छी नहीं है। आयोजकों की उम्मीद के अनुसार बाहर से दर्शक नहीं आए। पहले दो सप्ताह में अनुमान से आधे बाहरी फैन्स ही इस देश में आए। आयोजकों के लिए इसे एक बड़ा झटका कहा जा सकता है।**

# पीयू के यूथ फेस्टिवल में प्रदेश भर से जुटेंगे प्रतिभागी

जनसंदेश न्यूज

**समारोह**

**इंटर यूनिवर्सिटी यूथ फेस्टिवल 11-12 जनवरी को**

**सभी राज्य विश्वविद्यालयों के विद्यार्थी दिखायेंगे अपनी प्रतिभा**

**कुलपति प्रो. निर्मला एस. मौर्य ने तैयारियों की समीक्षा की**



यूथ फेस्टिवल की तैयारियों की समीक्षा बैठक करतीं कुलपति

**जौनपुर।** वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय परिसर में इंटर यूनिवर्सिटी यूथ फेस्टिवल का आयोजन 11-12 जनवरी 2023 को होगा। उत्तर प्रदेश सरकार ने इस आयोजन के लिए पूर्वांचल विश्वविद्यालय को जिम्मेदारी दी है। इसमें प्रदेश के राज्य विश्वविद्यालयों के विद्यार्थी प्रतिभाग करेंगे।

कुलपति प्रो. निर्मला एस. मौर्य ने इंटर यूनिवर्सिटी यूथ फेस्टिवल आयोजन के लिए शुक्रवार को कुलपति सभागार में आयोजन समिति के समन्वयकों के साथ बैठक कर तैयारियों की समीक्षा की। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय इस कार्यक्रम को पूरे उत्साह के साथ आयोजित करेगा। वित्त अधिकारी संजय कुमार राय ने बैठक में संयोजकों से बिन्दुवार चर्चा की और कहाकि समयबद्ध तैयारियों को पूर्ण करना होगा। कार्यक्रम के सफल आयोजन हेतु 19 समितियों के संयोजक नामित किये गए है। यूथ फेस्टिवल के नोडल अधिकारी डॉ. मनोज मिश्र ने बताया कि इंटर यूनिवर्सिटी यूथ फेस्टिवल में प्रदेश के समस्त राज्य विश्वविद्यालयों की टीमों को प्रतिभाग करने के लिए आमंत्रित किया गया है। इंटर युनिवर्सिटी यूथ फेस्टिवल में विभिन्न प्रतिस्पर्धात्मक प्रतियोगिताएं निर्णायक मंडल के आलोक में आयोजित की जाएगी। आयोजन सचिव डॉ. गिरिधर मिश्र ने तैयारियों के बारे में अवगत कराया।

बैठक में परीक्षा नियंत्रक बीएन सिंह, प्रो. अजय द्विवेदी, प्रो. मानस पाण्डेय, शिक्षक संघ के अध्यक्ष डॉ. विजय कुमार सिंह, डॉ. राहुल सिंह, प्रो. वंदना राय, प्रो. अशोक श्रीवास्तव, प्रो. देवराज सिंह, प्रो. रजनीश भास्कर, प्रो. प्रदीप कुमार, एआर अजीत प्रताप सिंह, डॉ. विजय प्रताप तिवारी, डॉ. सुनील कुमार, डॉ. दिग्विजय सिंह राठौर, डॉ. रसिकेश, डॉ. अमरेन्द्र सिंह, डॉ. नितेश जायसवाल, डॉ. जान्हवी श्रीवास्तव, डॉ. प्रवीण सिंह, डॉ. लक्ष्मी प्रसाद मौर्य, रजनीश सिंह, राजेश सिंह, सुशील प्रजापति समेत समिति के सदस्य उपस्थित रहे।

# बेटे की लाश कर रही सऊदी अरब से पिता के आने का इंतजार

जनसंदेश न्यूज

**जौनपुर।** कोतवाली थाना क्षेत्र के मोहल्ला भंडारी में युवक की लाश रखकर परिजन सऊदी अरब से पिता के आने का इंतजार कर रहे हैं। युवक की मौत संदिग्ध परिस्थितियों में वाराणसी से लौटते समय जलालपुर थाना क्षेत्र में हुई है। दूसरी तरफ चर्चा है कि उक्त युवक की हत्या करके दुर्घटना का रूप दिया जा रहा है।

उक्त मोहल्ला निवासी जावेद उर्फ नस्सू का 23 वर्षीय पुत्र साहिल अपनी बाइक को मरम्मत करने के लिए वाराणसी की एक दुकान पर दिया था। बुधवार को वह अपने एक साथी के साथ बाइक लेने के लिए वाराणसी गया और साथ में लौट रहा था। देर रात होने पर जब वह वापस नहीं लौटा तो परिजनों को चिंता सताने लगी। दूसरे दिन पता लगा कि उसकी मौत हो गई और कुछ रिश्तेदार व मोहल्ले वासी जाकर लाश को घर पर ले आए। लाश को घर पर रखकर परिजन उसके पिता से सऊदी अरब व रिश्तेदारों से बातचीत करते रहे। मृतक का पिता जावेद बेटे की मौत की खबर सुनकर सऊदी अरब से चल दिया और शुक्रवार देर शाम तक पहुंच जाने की संभावना जताई जा रही है।

इस बीच परिवार के लोग ना तो कोतवाली पुलिस को कोई सूचना दिया और ना ही जलालपुर पुलिस को इस घटना के बारे में कोई लिखित तहरीर दी गई है। वैसे क्षेत्र में चर्चा है कि उसकी हत्या कर दी गयी है और बड़ी सफाई से दुर्घटना का रूप दिए जाने का प्रयास किया जा रहा है। लेकिन यह सब बातें तब पता चल पाएंगी जब उसका पोस्टमार्टम होगा। फिलहाल पुलिस भी चुप्पी साधे बैठी है और किसी भी कार्रवाई की सूचना का इंतजार कर रही है। अब प्रश्न इस बात का उठता है कि पिता के आने पर क्या लाश का अंतिम संस्कार किया जाएगा या फिर कोई पुलिसिया कार्रवाई की जाएगी।

## संक्षेप

### तीन वारंटी को गिरफ्तार कर भेजा चालान

**शाहगंज।** कोतवाली क्षेत्र अन्तर्गत सबरहद गांव से शुक्रवार को न्यायालय में चल रहे मुकदमे में हाजिर न होने पर न्यायालय के आदेश पर कोतवाली पुलिस ने तीन आरोपितों को मुखबिर की सूचना पर गिरफ्तार कर चालान न्यायालय भेज दिया। सबरहद गांव निवासी फिरतू पुत्र सतई रमेश पुत्र श्रीराम व श्रीराम पुत्र महादेव को न्यायालय में चल रहे मुकदमे में हाजिर न होने पर न्यायालय के आदेश पर कोतवाली पुलिस एसआई विजय गौड़ ने मय फोर्स के घर पर दबिश दे गिरफ्तार कर चालान न्यायालय भेज दिया गया।

### जिंदा शाह मजार का 606वां उर्स 12 को

**जौनपुर।** हजरत कुतुबुद्दीन जिंदा शाह मजार का 606वां सालाना दो दिवसीय उर्स 11 व 12 दिसंबर को बड़े धूमधाम से मनाया जाएगा। मेला कमेटी के अध्यक्ष जगदीश प्रसाद मौर्या (गप्पू) व कमेटी उपाध्यक्ष दीपक जायसवाल ने बताया कि विगत वर्षों की भांति इस वर्ष भी हजरत कुतुबुद्दीन जिंदा शाह मजार का सालाना उर्स मोहल्ला ख्वाजगी टोला कोतवाली के पीछे 11 दिसंबर दिन रविवार को सायं 7 बजे मिलाद शरीफ से शुरू होगा व 12 दिसंबर दिन सोमवार को सायं 8 बजे महफिले-शमा का आयोजन किया जाएगा। उर्स को सफल बनाने के लिए कमेटी के सचिव मुशीर अहमद, परवेज गुड्डू, शोएब अनवर, असलम सहित कमेटी के कार्यकर्ता जी-जान से जुट गए हैं।

### खेलकूद में प्रतिभागी बच्चे हुए सम्मानित



खेलकूद प्रतियोगिता में सम्मानित हुए बच्चे

**सुइथाकला।** शिक्षा क्षेत्र के कम्पोजिट विद्यालय रामनगर में शुक्रवार को ब्लाक व जिला स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता मे प्रतिभाग करने वाले बच्चे बच्चियों को विद्यालय परिवार द्वारा सम्मानित किया गया। गौरतलब हो कि परिषदीय स्कूलों के बच्चों के बीच 44वाँ ब्लाक व जिला स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता करायी गयी थी जिसमें जिले में कम्पोजिट विद्यालय रामनगर की लम्बी कूद में तीसरे स्थान पर आने वाली कक्षा 5 की शबा बानो व ब्लाक स्तर पर खो-खो में उत्कृष्ट स्थान बनाने वाली जूनियर की रजनी, डिम्पल, मोनिका, शबा समेत अन्य बच्चों एवं बच्चियों को प्रशस्ति पत्र और मेडल पहनाकर सम्मानित किया गया। विद्यालय के प्रभारी प्रधानाध्यापक देवेन्द्र कुमार सिंह ने सभी के उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए शिक्षकों के प्रति आभार जताया। इस दौरान सन्तोष यादव समेत अन्य शिक्षक शिक्षिकाएं व बच्चे मौजूद रहे।

### लैंगिक भेदभाव के विरुद्ध राष्ट्रीय अभियान के बारे में दी गई जानकारी



रैली निकालकर राष्ट्रीय अभियान के तहत जागरूक करते लोग

**गौराबादशाहपुर।** धमार्पुर के शहीद सभागार में लैंगिक भेदभाव के विरुद्ध समुदाय आधारित राष्ट्रव्यापी अभियान के बारे में समूह की महिलाओं, ग्राम रोजगार सेवकों, ग्राम प्रधान, शिक्षा विभाग के लोगों तथा पंचायत विभाग के लोगों को खंड विकास अधिकारी काशीनाथ सोनकर द्वारा एक कार्यक्रम आयोजित कर विस्तृत जानकारी दी गई। इस दौरान कार्यक्रम में आए लोगों को लैंगिक हिंसा रोकने की शपथ दिलाई गई। तत्पश्चात एक रैली का आयोजन कर धमार्पुर बाजार क्षेत्र में भ्रमण कर नागरिकों को भी अभियान के बारे में जानकारी दी गई। कार्यक्रम सहायक विकास अधिकारी पंचायत लालजी राम, ग्राम विकास अधिकारी धर्मेंद्र, राजेश यादव, प्रीतम, प्रिंस, अखिलेश गुप्ता तथा ग्राम रोजगार सेवक संघ के अध्यक्ष रोहित मिश्रा भी उपस्थित रहे।

### मेला देखने आए व्यक्ति की बाइक चोरी

**सुइथाकला।** चौकी क्षेत्र के बुढ़ूपुर गांव में गुरूवार मेला देखने आए एक व्यक्ति की मेला परिसर से बाइक चोरी हो गई। मामले में पीड़ित ने पुलिस को लिखित रूप से सूचना दे दी। बताया जाता है कि सुल्तानपुर जनपद के अखण्डनगर थाना क्षेत्र का कराई गांव निवासी दलसिंगार पुत्र रामनेवाज अपने पुत्र अरविन्द के साथ गुरूवार को बाइक द्वारा क्षेत्र के बुढ़ूपुर गांव स्थित ससुराल आया था। शाम को उसका पुत्र और उसका चचेरा मामा दोनों बाइक लेकर मेला परिसर में मेला देखने चले गए। बताया जाता है कि वहाँ बाइक खड़ी करके नाच देखने लगे। वापसी में जब उक्त स्थान पर बाइक नदारद मिली तो दोनों अवाक रह गए। काफी खोजबीन के बाद पीड़ित द्वारा मामले में पुलिस को लिखित सूचना दे दी गयी। पुलिस उपाधीक्षक शाहगंज चोब सिंह ने कार्रवाई कराने की बात कही। बहरहाल चौकी क्षेत्र में ताबड़तोड़ हो रही चोरी की घटनाएं लोगों में पुलिसिंग व्यवस्था के प्रति चर्चा का एक विषय बना हुआ है।

### दो के खिलाफ एससी/एसटी एक्ट का मुकदमा दर्ज

**पवांरा।** थाना क्षेत्र के अन्तर्गत ऊंचडीह गांव में गुरूवार की रात्रि करीब साढ़े नौ बजे अण्डा खाने को लेकर सुनील चौहान, जितेन्द्र चौहान निवासी ऊंचडीह ने गांव के ही दशरथ सरोज पुत्र लालमनि सरोज को गाली देते हुए लाठी-डण्डों व लात-घूंसों से मार पीटकर घायल कर दिया व जातिसूचक शब्दों को प्रयोगकर गालियां दी व जान से मारने की धमकी दी। घटना की सूचना पर पुलिस पहुंची और घायल व्यक्ति को सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र सतहरिया ले जाकर प्राथमिक उपचार करवाया। पुलिस ने पीड़ित के पिता लालमनि सरोज की तहरीर के आधार पर उपरोक्त के खिलाफ मारपीट, गाली-गलौच, जान से मारने की धमकी देने व एससी/एसटी एक्ट के तहत मुकदमा दर्जकर आवश्यक विधिक कार्रवाई में जुट गयी है।

### यात्रियों की सुविधा के लिए संचालित होंगी अनुबंधित बसें



**जौनपुर।** उत्तर प्रदेश रोडवेज से सफर करने वाले यात्रियों के लिए अच्छी खबर है। डिपो के सहायक क्षेत्रीय प्रबन्धक राजेन्द्र सिंह यादव ने जानकारी देते हुए बताया कि जनपद से आजमगढ़ मऊ के लिए 12 बसें, प्रयागराज 20, विंध्याचल के लिए 10 व भदोही के लिए 2 बसें अनुबंध योजना के तहत प्राइवेट बसों को लगाया जायेगा। बस मालिक से जल्द ही अनुबंध कराकर संचालन के लिए क्षेत्रीय प्रबंधक द्वारा सहायक क्षेत्रीय प्रबंधक को दिशा निर्देश दिए गए हैं। निगम संचालन अनुभाग के मुताबिक जिन राष्ट्रीयकृत रूटों पर रोडवेज बसों की संख्या कम है और यात्री अधिक हैं वहां अनुबंध योजना के तहत प्राइवेट बसें संचालित होंगी।

# डीएम से हुई शिकायत, सिपाही ने लौटाए 30 हजार रुपये

**रंगदारी**

**जिस खाते में ट्रांसफर किए थे रुपये, उसी खाते से किया वापस**

**पीड़ित ने मुख्यमंत्री व एसएसपी से भी लगाई थी न्याय की गुहार**

**जौनपुर।** जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा के संज्ञान में आने पर पान मसाला कारोबारी के पुत्र से रंगदारी के तौर पर वसूले गए 30 हजार रुपये राज कालेज पुलिस चौकी पर तैनात सिपाही को लौटाने पड़ गए। सिपाही ने जिस खाते में रुपये ट्रांसफर किए थे, उसी खाते से वापस कर दिए। पीड़ित ने मुख्यमंत्री व एसएसपी से शिकायत कर न्याय की गुहार लगाई थी। यह प्रकरण महकमे में चर्चा का विषय बन गया है।

पीड़ित सुजीत कुमार रावत को लेकर पान मसाला कारोबारी गुरुवार को जिलाधिकारी से मिले। पूरे प्रकरण की जानकारी दी। संवेदनशील जिलाधिकारी ने मामले को गंभीरता से लेते हुए तुरंत एसएसपी अजय कुमार साहनी को जांच कराने को कहा। एसएसपी के निर्देश पर एएसपी (सिटी) डा. संजय कुमार ने सीओ सिटी कुलदीप कुमार गुप्ता को तुरंत जांच कर आख्या देने को कहा। सीओ सिटी ने सुजीत कुमार रावत को पुलिस कार्यालय बुलाकर पूरी बात सुनी। इसके बाद आरोपित सिपाही राहुल कुमार को तलब कर पूछताछ की। सिपाही कोई संतोषजनक जवाब नहीं दे सका। अपनी गर्दन फंसती देख सिपाही राहुल कुमार ने उसी टेलर मास्टर के खाते से रुपये लौटा दिए जिसमें उसने सुजीत के मोबाइल फोन के पे-फोन से जबरन ट्रांसफर किए थे। मालूम हो कि परमानतपुर मोहल्ला निवासी सुजीत कुमार रावत ने मुख्यमंत्री व एसएसपी को ऑनलाइन प्रार्थनापत्र घटना के दिन बुधवार को ही भेजा था। शिकायत की थी कि वह दिन में करीब 11.30 बजे शाही किला गेट के पास एक गुमटी पर खड़े थे। उसी समय सिपाही राहुल कुमार साथी जवान के साथ पहुंचा और उसे पकड़कर चौकी पर ले गया। कहा कि तुम अवैध सामान बेचते हो। सुजीत ने कहा मेरे पिता के नाम लाइसेंस है। इसके बावजूद सिपाही राहुल ने अपशब्द कहते हुए सुजीत का मोबाइल फोन छीन लिया और मोबाइल में फोन-पे नंबर खोलवाया। इसके पश्चात पुलिस चौकी के सामने कपड़ा सिलाई की दुकान चलाने वाले टेलर को बुलाकर उनके पेटीएम का बार कोड स्कैन कर 30 हजार रुपये ट्रांसफर कर लिए थे।

# अधिवक्ता के घर नकदी सहित लाखों के गहनों की चोरी

**दहशत**

**छत के रास्ते घुसकर चोरों ने दिया घटना को अंजाम**

**फोरेंसिक और डॉग स्क्वायड की टीम ने की छानबीन, नहीं मिला कोई सुराग**



चोरी के बाद अधिवक्ता के घर बिखरा सामान

**मछलीशहर।** स्थानीय कोतवाली के मोलनापुर गाँव में छत के रास्ते अधिवक्ता के घर में घुसे चोरों ने लाखों के गहनों सहित दो लाख रुपये चुराकर फरार हो गए। क्षेत्र में इतनी बड़ी चोरी चर्चा का विषय बनी हुई है। वहीं पुलिस चोरी पर पर्दा डालने में जुटी हुई है।

उक्त गांव निवासी अवनींद्र दुबे मछलीशहर तहसील में अधिवक्ता है। वह बार एसोसिएशन के महामंत्री भी रह चुके है। बीते 4 तारीख को वह अपने पत्नी सहित मुंबई गए हुए हैं। उनके बूढ़े माता पिता सहित उनकी बहू गुरुवार रात रोज की भांति घर के हाल व ओसारे में सो गए। उनका पुत्र अंशुमान दुबे शादी विवाह में वीडियोग्राफी करता है। वह भी लगन में चला गया। चोरों ने इसका फायदा उठाते हुए घर के पीछे से छत पर चढ़ गए और लगे दरवाजे की कुंडी तोड़कर आँगन में उतर गए। आँगन में आने के बाद उन्होंने उनके कमरे व पुत्र के कमरे की कुंडी निकालकर अंदर घुस गए और आराम से दोनों कमरे की आलमारी तोड़कर उसमें रखा सोने का एक हार, चार कंगन, एक माथे की बिंदिया, एक नथिया, 12 अंगूठी, दो मंगलसूत्र, चार सोने की चैन, 7 जोड़ी कान का झुमका, 9 जोड़ी पायल, 1 छागल, 1 करधन, एक फूल पेटी करधन के साथ उसमें रखा दो लाख रुपये नकद लेकर पुनः छत के रास्ते फरार हो गए। शादी के कार्यक्रम से लगभग दो बजे अंशुमान जब घर आये तो अलमारी के साथ उसका टूटा लॉकर देखकर घर वालों को जगाया। घर में शोर सुनकर पहुँचे पड़ोसियों को जब घटना की जानकारी हुई तो सबने काफी खोजबीन की किन्तु चोर तब तक फरार हो चुके थे। भुक्तभोगी चोरी की घटना की जानकारी आधी रात ही पिता को और पुलिस को दी। मौके पर पहुंची 112 नंबर पुलिस लिखा पढ़ी कर चली गई। शुक्रवार भोर में पहुँची फॉरेंसिक और डॉग स्क्वायड ने छानबीन की किन्तु कोई सफलता हाथ नहीं लगी। भुक्तभोगी ने सुबह कोतवाली पहुंच चोरी की तहरीर पुलिस को दे दी।

# शराबी पति ने पत्नी को पीटकर घर से निकाला

जनसंदेश न्यूज

**दबंगई**

**पंचायत में पति की हुई जमकर पिटाई**

**जफराबाद।** क्षेत्र के एक गांव निवासिनी एक 35 वर्षीय महिला व उसके तीन बच्चों को शराबी पति ने गुरुवार की देर रात मारपीट कर घर से बाहर निकाल दिया। शुक्रवार को महिला के घर वालों ने पंचायत किया। पंचायत के दौरान पति को जमकर पीटा। हालांकि माफी मांगने के बाद मामला शांत हुआ।

उक्त गांव निवासिनी की शादी चार वर्ष पूर्व गौराबादशाहपुर के एक गाँव में हुयी थी। उसके पास दो बच्चियां भी पैदा हो चुकी है। लड़की पैदा होने पर पति शराब पीकर पत्नी को अक्सर मारता पीटता था। दो बार पंचायत भी हो चुकी थी। हर बार लोग समझा बुझाकर मामला शांत करवा देते थे। पति अपनी पत्नी के चरित्र को सन्देहास्पद बताता है। इसी बात को लेकर पत्नी को दर्जनों बार मारा पीटा। पंचायत ने फिर गलती नहीं करने की बात पर सुलह करवायी थी। गुरूवार की रात को फिर दोनों ने झगड़ा हुआ। पति ने मारना पीटना शुरू कर दिया और उसके बाद आधी रात को उसे घर से बाहर भगा दिया। महिला ने सूचना अपने मायके वालों को दी। उसके परिजन रात को ही 112 डायल कर सूचना देकर पुलिस के साथ पहुंच गए। सुबह एक बार फिर पंचायत हुई। पंचायत में परिवार तथा रिश्तेदारों ने पति को जमकर मारा पीटा। उसके बाद आपस में लिखा पढ़ी करके सुलह हुई। मामला काफी चर्चा में चल रहा है।

## एसडीएम ने रैन बसेरा का किया औचक निरीक्षण


**मछलीशहर।** नगर के रोडवेज परिसर में बने रैन बसेरा का उपजिलाधिकारी द्वारा देर रात औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान वहां पर साफ सफाई और पानी की व्यवस्था देख उन्होंने संतोष प्रकट किया। बताते हैं कि नगर पंचायत द्वारा रोडवेज परिसर के बगल पंद्रह बेड का रैन बसेरा बनाया गया है। रैन बसेरे में 5 बेड महिलाओं के लिए और 10 बेड पुरुषों के लिए अलग अलग तैयार किया गया है ताकि ठंडक के दिनों में दूरदराज से आने वाले राहगीरों को ठहरने की व्यवस्था हो सके जिसका उपजिलाधिकारी राजेश कुमार चौरसिया द्वारा औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान सभी बेड पर गद्दा कंबल और तकिया होने के साथ साथ राहगीरों के लिए पानी की व्यवस्था और कमरे में साफ सफाई देख उपजिलाधिकारी ने नगर पंचायत की सराहना की। रैन बसेरा पर नगर पंचायत की जगह नगर पंचयत लिखा देख उन्होंने वहां के कर्मचारी को जल्द से जल्द ठीक कराने का निर्देश दिया।

## ट्रक के धक्के से बाइक सवार युवक घायल

**चंदवक।** आजमगढ़-वाराणसी मार्ग पर रामगढ़ गांव के सामने शुक्रवार अपराह्न नो एंट्री के दौरान घुसी ट्रक ने बाइक सवार युवक को टक्कर मार दी जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। इलाज के लिए सीएचसी में भर्ती कराया गया है। आजमगढ़-वाराणसी मार्ग पर आए दिन लगने वाले भीषण जाम से निजात पाने के लिए जौनपुर की सीमा दानगंज से आजमगढ़ की सीमा कनौरा तक भारी वाहनों के लिए सुबह नौ बजे से लेकर रात नौ बजे तक नो एंट्री है। बावजूद इसके पुलिस कर्मियों की लापरवाही से भारी वाहन नो एंट्री के दौरान घुस जा रहे हैं। नो एंट्री में घुसा ट्रक वाराणसी से आजमगढ़ जा रहा था। उधर से ही अहिरौली निवासी सुधीर शर्मा पुत्र अशोक शर्मा भी घर के लिए आ रहा था। रामगढ़ गांव के सामने ट्रक ने पीछे से टक्कर मार दी जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने इलाज के लिए सीएचसी डोभी में भर्ती कराया। चालक ट्रक छोड़ फरार हो गया। पुलिस ने ट्रक को कब्जे में लेकर आवश्यक कार्रवाई कर रही है।

# थाने के ड्राइवर की हृदयाघात से मौत

जनसंदेश न्यूज



मृतक सिपाही की फाइल फोटो

**केराकत।** स्थानीय थाने के ड्राइवर व हेड कांस्टेबल शिवनाथ पुष्कर की शुक्रवार की भोर में हृदयाघात से मौत हो गयी। मौत की सूचना लगते ही पूरे कोतवाली में शोक की लहर दौड़ गयी। पोस्टमार्टम के बाद शव को उनके गृह जनपद बलिया के लिए रवाना कर दिया गया। बलिया जिले नगरा थानान्तर्गत इसीपुर निवासी 55 वर्षीय शिवनाथ पुष्कर अपने परिवार के साथ थाना परिसर में एक रूम में परिवार संग रहते थे। देर शाम वह ड्यूटी करके आए और कमरे में आराम कर रहे थे। तीन बजे सीने में दर्द उठने के बाद उनके सहयोगी सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र ले गये जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। पोस्टमार्टम के बाद उनको पुलिस लाइन लाया गया सलामी देकर शोक श्रद्धाजंलि अर्पित की गयी। इसके बाद शव को स्वजनों को सौंप दिया गया। कोतवाल संजय वर्मा ने शोक व्यक्त करते हुए कहा कि शिवनाथ पुष्कर काफी मिलनसार व व्यक्तित्व के धनी थे वह अपनी ड्यूटी के प्रति काफी सजग रहते थे उनकी कमी हमेशा खलेगी।

# राष्ट्रीय जेंडर अभियान के तहत कार्यक्रम आयोजित

जनसंदेश न्यूज



राष्ट्रीय जेंडर अभियान के तहत जागरूक करती छात्राएं

**जौनपुर।** जिला प्रोबेशन अधिकारी के निर्देशानुसार राष्ट्रीय जेंडर अभियान व महिलाओं के खिलाफ हिंसा और भेदभाव उन्मूलन के बारे में जागरूकता बढ़ाने हेतु रामराज इंटर कॉलेज धमार्पुर में महिला शक्ति केंद्र द्वारा कार्यक्रम किया गया।

महिला शक्ति केंद्र की टीम द्वारा महिलाओं व बालिकाओं हेतु सरकार द्वारा संचालित समस्त योजनाओं को विस्तार पूर्वक बताया साथ ही महिला सुरक्षा से संबंधित सभी टोल फ्री नंबर जैसे 181 महिला हेल्पलाइन नंबर, 1090 वूमेन पावर हेल्पलाइन नंबर, 1098 चाइल्डलाइन नंबर, 112 पुलिस तत्काल सेवा, 1076 मुख्यमंत्री हेल्पलाइन नंबर आदि के बारे में विस्तार पूर्वक जानकारी दी गई साथ ही महिलाओं के प्रति होने वाली हिंसा से संबंधित जैसे शारीरिक हिंसा, लैंगिक हिंसा, भावात्मक हिंसा, आर्थिक हिंसा आदि पर चर्चा की गई और उससे निपटने हेतु उपाय बताए गए। उसी के क्रम में घरेलू हिंसा से संबंधित कुछ कानून संबंधी प्रावधान का भी जिक्र किया गया।

सरकार द्वारा संचालित वन स्टॉप सेंटर जो कि महिलाओं के लिए एक सखी के रूप में कार्य कर रहा है, जिसमें एक ही छत के नीचे महिला व बालिका को 5 तरह की सुविधाओं से आच्छादित किया जाता है, वन स्टॉप सेंटर में चिकित्सकीय सुविधा, पुलिस चौकी, लीगल वकील सुविधा, काउंसलिंग सुविधाओं से किसी महिला या बालिका को राहत दी जाती है। इसी क्रम में वहां उपस्थित सभी बालिकाओं से बताया गया कि यदि किसी बालिका को कोई भी परेशानी आए तो सबसे पहले वह उस परेशानी का डटकर सामना करें, उसके पश्चात यदि निवारण नहीं हो पा रहा है तो 181 महिला हेल्पलाइन पर कॉल करके अपनी समस्या बताकर समस्या का निदान पा सकती है यदि महिला व बालिका अपना नाम गोपनीय रखना चाहती हैं तो उसका नाम गोपनीय रखा जाएगा। उक्त कार्यक्रम में जिला समन्वयक बबीता व प्रतिभा सिंह, विद्यालय के प्रधानाचार्य, शिक्षक व शिक्षिका उपस्थित रहे।

## मासिक समीक्षा बैठक 12 को

**जौनपुर।** अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व ने अवगत कराया है कि जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा की अध्यक्षता में 12 दिसम्बर को अपरान्ह 3 बजे विकास भवन सभागार में कर-करेत्तर कार्य, राजस्व कार्य, संग्रह कार्य, भूमि सुधार कार्य, भू-अभिलेख कार्य एवं अन्य राजस्व कार्यो की मासिक समीक्षा बैठक आयोजित की गयी है।

# दिव्यांग बच्चों को शारीरिक व मानसिक रूप से सशक्त बनाने की जरूरत : सुरेश मौर्य

**कार्यक्रम**

**रचना विशेष विद्यालय में साप्ताहिक कार्यक्रम का समापन**

**बच्चों ने प्रस्तुत किया रंगारंग कार्यक्रम, अतिथियों ने पुरस्कृत कर किया सम्मानित**



सांस्कृतिक कार्यक्रम में पुरस्कृत हुए बच्चों के साथ अतिथिगण व विद्यालय परिवार

**जौनपुर।** दिव्यांग बच्चों की प्रतिभा को देखने से ऐसा लगा कि अगर इन्हें सही मार्गदर्शन मिले तो ये सामान्य बच्चों से कम नहीं हैं। इनको अगर सही प्रशिक्षण दिया जाय तो ये आगे चलकर अपने पैरों पर खड़े हो सकते हैं। इनको शारीरिक तथा मानसिक रूप से सशक्त बनाने की आवश्यकता है। उक्त बातें रासमण्डल स्थित रचना विशेष विद्यालय में आयोजित साप्ताहिक कार्यक्रम के समापन समारोह को सम्बोधित करते हुए जिला दिव्यांगजन सशक्तिकरण अधिकारी सुरेश कुमार मौर्य ने कही।

कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए टीडीपीजी कालेज के प्रो. डा. अजय कुमार दुबे ने कहाकि रचना विशेष विद्यालय के अथक प्रयास से ये दिव्यांग बच्चे आज अपना प्रदर्शन इस मंच पर कर रहे हैं। इनकी प्रतिभा को देखने से ये नहीं लगता कि ये किसी भी प्रकार की दिव्यांगता से ग्रसित हैं। इनको सही मार्गदर्शन की जरूरत है। मेरी तरफ से विद्यालय के इन बच्चों के लिए किसी प्रकार की सहायता की आवश्यकता होगी मैं हमेशा इनके साथ खड़ा रहूंगा। कार्यक्रम में लायंस क्लब जौनपुर सूरज के अध्यक्ष आनन्द स्वरूप ने सभी बच्चों का उत्साहवर्धन करते हुए पुरस्कार प्रदान किया। कार्यक्रम में शिरकत करते हुए क्लब के जोन चेयरपर्सन संतोष कुमार साहू बच्चा ने विशिष्ट आवश्यकता वाले बच्चों की प्रतिभा को देखकर काफी सराहना की। इसके पूर्व अतिथियों ने दीप प्रज्जवलित कर कार्यक्रम का शुभारम्भ किया। स्वागत वंदना पर शालू साहू और मुस्कान ने नृत्य प्रस्तुत किया। इस अवसर पर मूक बधिर, मानसिक मंद तथा दृष्टि बाधित बच्चों ने रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किया। मंच का संचालन विद्यालय के मुख्य समन्वयक सुनील कुमार गुप्ता ने किया। आगन्तुकों का स्वागत और आभार विद्यालय के प्रबन्धक नसीम अख्तर ने ज्ञापित किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में विद्यालय के विशेष शिक्षक गौतम चन्द्र, दामिनी यादव, जितेन्द्र कुमार, नीतू यादव, लाल साहब, होरेन्द्र ने अपना महत्वपूर्ण योगदान दिया।

# बढ़ी ठंड, नहीं जले अलाव लोग ठिठुरने को मजबूर

## नगर पालिका से अलाव जलाने की मांग

जनसंदेश न्यूज



बढ़ी हुई ठंड के बीच अपनी व्यवस्था से अलाव जलाकर राहत पाते हुए लोग

**गोपीगंज।** बढ़ती हुई ठंड के साथ अलाव नही जलने से नागरिक चौक चौराहे, बस स्टैंड पर खुद की लकड़ी का इंतजाम कर अलाव की व्यवस्था कर सर्दियों से राहत पा रहे है। बढ़ती ठंड के बावजूद नगर पालिका सार्वजनिक अलाव की व्यवस्था नहीं की है। बस स्टैंड या रेलवे स्टेशन हॉस्पिटल पर आए हुए बाहर से यात्रियों को ठिठुरते हुए देखे जा सकते है, सड़क के किनारे बसे लोगों की बेबसी समाजसेवी संगठनों को भी नहीं दिख रही। नगर पालिका या जिला प्रशासन को रात का न्यूनतम तापमान गिरता हुआ नहीं दिख रहा है। बेघर लोगों पर क्या प्रभाव पड़ता होगा यह समझा जा सकता है। पिछले एक सप्ताह से रात का तापमान न्यूनतम स्तर पर दर्ज किया जा सकता है ।नगर पालिका द्वारा सार्वजनिक स्थानों पर अलाव की अब तक कोई व्यवस्था नहीं की गई है। लोग स्वयं कहीं लकड़ी, टायर, फुआल, बांस बल्ली से अलाव जलाकर ठंड से बचने का प्रयास कर रहे हैं। बढ़ती हुई ठंड को देखते हुए नागरिकों ने जिला प्रशासन व नगर पालिका प्रशासन से तत्काल प्रभाव से अलाव जलाने की व्यवस्था की मांग की है।

### तीन दिवसीय टीएलएम कार्यशाला का शुभारंभ

**सुरियावां।** बीआरसी सुरियावां में शुक्रवार को तीन दिवसीय टीएलएम निर्माण कार्यशाला का सुरियावां खंड शिक्षा अधिकारी सुमन केशरवानी के सानिध्य मे तीन दिवसीय टीएलएम प्रशिक्षण शुभारंभ हुआ। इसमें पूर्व प्राथमिक शिक्षा कार्यक्रम के अंतर्गत समस्त प्राथमिक एवम् कंपोजिट विद्यालय के नोडल शिक्षक ब्लॉक स्तरीय प्रशिक्षण में प्रतिभाग किया, इस दौरान, खंड शिक्षा अधिकारी ने कहा कि 2022-23 के शैक्षणिक सत्र तक ब्लाक के सभी शिक्षकों को निपुण बनाने के लिए प्रशिक्षण दिया जा रहा है। कहा कि शिक्षा के क्षेत्र में विकास राष्ट्र के लिए बहुत महत्वपूर्ण है। सभी शिक्षक प्रशिक्षण में दी जा रही जानकारियों को समझें और फिर उसका अपने स्कूल में क्रियान्वयन करें। प्रशिक्षण में टेक्निकल टीम में ब्लॉक लेखाकार अंकित मालवीय व कार्यालय सहायक दीपक साहू कमान संभाल रहे है व प्रशिक्षक के रूप में वेद प्रकाश, अवलेश, अशोक गुप्ता, मो. हनीफ, चंद्र प्रकाश, राज कुमार शर्मा के द्वारा प्रशिक्षण दिया जा रहा है एवं प्रशिक्षण में प्रतिभाग कर रहे अन्य प्रवीण मिश्रा, बच्चा लाल यादव प्रियंका सरोज, अर्चना सिंह, लीना सिंह, अनुज शुक्ला, हर्ष उपाध्याय रामसहाय, विवेक सिंह, कमला शंकर, विवेक सिंह आदि उपस्थित रहे।

# पूर्व प्रमुख सुनीता ने नपा अध्यक्ष पद को लेकर पेश की दावेदारी

जनसंदेश न्यूज



सपा की बैठक में चेयरमैन पद के लिए दावेदारी पेश करतीं पूर्व प्रमुख, जिला पंचायत सदस्य रही सुनीता यादव

**भदोही।** नगर निकाय चुनाव को लेकर सभी दलों में गहमा गहमी तेज हो गई है। हलाकि अभी चुनाव की तारीख सामने नहीं आई है लेकिन उम्मीदवारी को लेकर दावेदार जुट गए हैं। समाजवादी पार्टी ने भी इस चुनाव को लेकर मंथन शुरू कर दिया है। वही दूसरी तरफ जिले के भदोही नगर पालिका परिषद में अध्यक्ष पद पर सपा की बैठक में सपा के पूर्व जिला अध्यक्ष एवं पूर्व प्रमुख बाल विद्या विकास यादव की पत्नी व पूर्व प्रमुख व पूर्व जिला पंचायत सदस्य रही सुनीता यादव ने दावेदारी पेश कर इस चुनाव को अभी से चर्चा में ला दिया है।

गौरतलब हो कि समाजवादी पार्टी जिला कार्यालय पर नगर प्रत्याशी के आवेदनकताओं की भीड़ लगी रही। नगर निकाय चुनाव तैयारी को लेकर चली चर्चा में जिलाध्यक्ष प्रदीप यादव ने कहा कि नगर निकाय चुनाव में समाजवादी पार्टी का परचम फिर से लहराएगा। हमारे जांबाज कार्यकताओं की मेहनत और लगन से महसूस हो रहा है कि नगर के चुनाव के बाद 2024 लोकसभा की भी हुंकार भर चुके हैं। उन्होंने बताया कि जिले के सभी नगरों से चेयरमैन व सभासद के लिये दर्जनों समाजवादी पार्टी के प्रत्याशी हेतु आवेदन आये हैं। जिसमें वरिष्ठ नेताओं के साथ व शीर्ष नेतृत्व के निर्देश पर नाम तय कर प्रत्याशी की घोषणा किया जायेगा। वही नगर पालिका भदोही से चेयरमैन प्रत्याशी के लिए पूर्व प्रमुख पूर्व जिला पंचायत सदस्य व सपा के पूर्व जिलाध्यक्ष विकास यादव की पत्नी सुनीता यादव सहित दर्जनों लोगों ने आवेदन किया है। इस मौके पर विधायक जाहिद बेग, पूर्व मंत्री रामकिशोर बिंद, पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष श्यामला सरोज, पूर्व जिलाध्यक्ष विकास यादव, पूर्व जिलाध्यक्ष आरिफ सिद्दीकी, शोभनाथ यादव, हृदय नारायण प्रजापति, संतोष यादव, लालचंद बिंद, केशनारायण यादव, जिला मीडिया प्रभारी धर्मेंद्र कुमार मिश्रा पप्पू सहित सैकड़ों लोग उपस्थित रहे।

### पीएम सुरक्षित मातृत्व दिवस का डिप्टी सीएमओ ने किया निरीक्षण

**सुरियावां।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सुरियावां व सीएचसी भानीपुर का डिप्टी सीएमओ डॉ. बी. एन. सिंह ने शुक्रवार को प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व दिवस पर निरीक्षण किया।निरीक्षण में एसीएमओ ने कुल 36 महिलाओं से पूछताछ की। इस अवसर पर सीएचसी अधीक्षक डॉ. आशीष चतुर्वेदी व स्टॉप उपस्थित रहे। डॉ. बी. एन. सिंह ने बताया कि सीएचसी भानीपुर में भी निरीक्षण किया जिसमें 34 महिलाएं रही। कहा गया कि प्रत्येक माह के 9 तारीख को यह दिवस आयोजित होता है।

# सामूहिक विवाह में एक दूजे के हुए 209 जोड़े

## सांसद, विधायक, जनप्रतिनिधियों व अधिकारियों द्वारा सामूहिक विवाह में उपस्थित होकर दिया गया आशीर्वचन

जनसंदेश न्यूज

**ज्ञानपुर।** शासन के अति महत्वांकाक्षी योजना के अन्तर्गत मुख्यमंत्री के द्वारा दिये गये निदेर्शों के क्रम में जनपद के समस्त विकास खण्डों में शुक्रवार को मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजनान्तर्गत शादी सम्पन्न कराया गया। सामूहिक विवाह कार्यक्रम में सभी विकासखण्डो 209 जोड़े विवाह के बंधन में बंधकर सात फेरे लिए।सभी कार्यक्रम स्थलों पर जनप्रतिनिधियों व अधिकारियों ने नव दम्पतियों को आशीर्वाद दिया। विकासखण्ड ज्ञानपुर में तीस, भदोही में चौबीस, डीघ में उनतालीस, अभोली में बीस, औराई में चौवालीस, सुरियावां में बावन इस प्रकार कुल दो सौ नौ जोड़ो का सामूहिक विवाह सम्पन्न हुआ, जिसमें 137 अनुसूचित जाति, अन्य पिछड़ा वर्ग 66, सामान्य 02 एवं अल्पसंख्यक वर्ग के चार जोड़ो का विवाह सम्पन्न हुआ। सांसद डॉ.रमेश चन्द बिंद, विधायक दीनानाथ भास्कर, विधायक विपुल दुबे, जिला पंचायत अध्यक्ष, ब्लाक प्रमुखगण, जिलाधिकारी गौरांग राठी, मुख्य विकास अधिकारी भानु प्रताप सिंह, समस्त खण्ड विकास अधिकारी, समस्त अधिशासी अधिकारियों ने सामूहिक विवाह की पावन बेला पर नव युगल को नई पारी पर वर वधू को आशीर्वाद एवं शुभकामना दिया। जिलाधिकारी गौरांग राठी ने कहा कि शुभ विवाह पाणिग्रहण संस्कार जीवन का एक पवित्र गठबंधन है जिसमें पति पत्नी एक दूसरे के साथ समर्पित जीवन जीते हुए समाज एवं देश में अपना योगदान देते हैं । यह सामूहिक विवाह समाज की समरसता एवं समरूपता का प्रतिफल है।

# नगर में यूनिट के हिसाब से गल्ला बंटवाना ही लक्ष्यः शफीक राइन

**भदोही।** नगर पालिका परिषद क्षेत्र कजियाना वार्ड के पूर्व सभासद शफीक राइन इस बार सभासद पद का चुनाव वार्ड संख्या 28 जमुंद से लड़ेंगे। शुक्रवार पूर्व सभासद ने भेट वार्ता के दौरान बताया कि अभी वर्तमान कार्यकाल कजियाना वार्ड से हमारी पत्नी सभासद पद पर निर्वाचित हुई थी। जिनका कार्यकाल के बीच ही बीमारी के चलते निधन हो गया था और उससे पहले 2012 से 17 में सभासद निर्वाचित हुआ था। पूर्व सभासद ने कहा कि हमारे कार्यकाल में विकास कार्य तो हुआ लेकिन मै गरीबो को सरकारी सस्ते गल्ले की दुकान से नियमानुसार खाद्य दिलाने में असमर्थ साबित हुआ था। खाद्य सुरक्षा अधिनियम 2013 जब से लागू हुआ तब से नगर में यूनिट से गल्ला नही बट रहा है। इसके लिए आंदोलन किया। हमारे ऊपर गम्भीर आरोपो में मुकदमा भी दर्ज हुआ। तमाम शिकायतो के बावजूद धांधली बंद नही हुआ। लेकिन हमने यह ठाना है कि गरीब जनता को मिलने वाला उनका हक उनको पूरा मिले। और इसी लिए मै सभासद पद पर चुनाव लड ? का मन बनाया है। जनता का आशीर्वाद मिलने पर तीन मुद्दों को लेकर हमारा संघर्ष तब तक जारी रहेगा जब तक समस्या समाधान न हो जाये। जिसमें मुख्य रूप से गरीबो को खाद्यान्न वितरण नियमानुसार हो, पीएम आवास योजना के लाभार्थी शत प्रतिशत लाभान्वित हो तथा जो सभासद निर्वाचित हो वो दूसरो के नाम पर ठेकेदारी से दूर रहे।

### आरक्षण ने बिगाड़ा दिग्गजों का खेल, पत्नी, भौजाई, बहू व मां को लड़ाने की जुगत में लगे

**गोपीगंज।** निकाय चुनाव आरक्षण ने दिग्गजों का समीकरण बिगाड़ कर रख दिया है। कोई पत्नी तो कोई भौजाई को कोई मां को लड़ाने की जुगत में लग गए है। नगर निकाय चुनाव को लेकर वार्ड की आरक्षण सूची जारी होने के बाद चुनाव का समीकरण बदल गया। आरक्षण सूची जारी होने के बाद दिग्गजों की गणित गड़बड़ा गई है वहीं उनका खेल भी खराब हो गया है। लंबे वक्त से चेयरमैन या सभासद बनने का सपना देख रहे दावेदार अब मायूस हो गए हैं। अब लोग अपनी पत्नी मां, भौजाई के माध्यम से चुनावी जुगाड में लग गए हैं। इस नई आरक्षण सूची में कई सीटें महिला सीट कर दी गई है इनमें भाजपा से लड़ने वाले प्रत्यासी ज्यादा चिंतित है। गोपीगंज नगर पालिका सामान्य महिला हो गया है। अब सभी अध्यक्ष पद के प्रत्याशी के उम्मीदवार अपने सभासदी के लिए सुरक्षित वार्ड की तलाश में जुगत बनाने की फिराक में लग गए है। नगर में ज्यादा प्रत्याशी भाजपा के टिकट की होड़ में क?, बल, छल से टिकट पाने की होड़ में वरिष्ठ नेताओं की चौखट पर हाजिरी देने लगे है।

# यातायात नियमों के पालन के लिए दिलाई शपथ

**आयोजन**

### वुडवर्ड पब्लिक स्कूल में आयोजित हुआ यातायात नियम पालन शपथ ग्रहण समारोह

### परिवहन नियमों के पालन में ही सभी सुरक्षित बोले डीएम

जनसंदेश न्यूज



वुडवर्ड पब्लिक स्कूल में आयोजित कार्यक्रम में डीएम गौरांग राठी को पुष्प गुच्छ देकर स्वागत करते प्रबंधक पुनीत मेहरा

**भदोही।** सड़क सुरक्षा शपथ ग्रहण समारोह के अन्तर्गत शुक्रवार को वुडवर्ड पब्लिक स्कूल में जिलाधिकारी गौरांग राठी व पुलिस अधीक्षक डॉ. अनिल कुमार ने सुरक्षित यातायात व नियमों के पालन हेतु उपस्थित छात्र, छात्राओं, युवाओं व नागरिकों को शपथ दिलाई। आयोजित समारोह में यातायात नियमों के पालन को लेकर जागरूक करने सहित सडक हादसों में घायलों का जीवन बचाने उत्कृष्ट योगदान करने वाले लोगों को भी सम्मानित किया गया। सड़क दुर्घटना रोकने हेतु लगातार अभियान चलाया जा रहा है। इसमें सड़कों की खामी, ब्लैक स्पाट, उपचार व बचाव के संसाधन, प्रकाश की व्यवस्था आदि बिन्दुओं को आच्छादित किया गया। डीएम ने उपस्थित लोगों को शपथ दिलाते हुए कहा की बाइक चलाते समय हेलमेट अवश्य पहनें। कार चलाते समय सीट बेल्ट का प्रयोग करें। बाइक या अन्य वाहन चलाते समय मोबाइल पर बात ना करें।एसपी डॉ. अनिल कुमार ने कहा कि अगर मोबाइल पर बात करनी है तो वाहन को एक साइड में खड़ा कर मोबाइल पर बात करें। सड़क पार करते समय दोनों तरफ अच्छी तरह देख कर चलें। सड़क नियमों का पालन करें। कार्यक्रम को सफल बनाने व सहभागिता में वुडवर्ड प्रबन्धक पुनीत मेहरा, प्रिंसिपल शालिनी मेहरा, एआरटीओ अरूण कुमार, शारदा मिश्र, अधिशासी अधिकारी भदोही जीलाल, उप जिलाधिकारी व पुलिस उपाधीक्षक भदोही, इम्तियाज अहमद संदेश योगी, असलम महबूब सहित अन्य सामाजिक कार्यकर्ता व जनता जनार्दन उपस्थित रहें।

# व्यापार मंडल ने छापेमारी का किया विरोध

जनसंदेश न्यूज



एसडीएम को ज्ञापन सौंपते व्यापारीगण

**जौनपुर।** उद्योग व्यापार मंडल का एक प्रतिनिधि मंडल प्रदेश अध्यक्ष मुकुंद मिश्रा के आह्वान पर जीएसटी यानी वाणिज्य कर विभाग द्वारा छापे के नाम पर व्यापारियों के उत्पीड़न पर रोक लगाने को लेकर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को नामित ज्ञापन नगर अध्यक्ष राधेरमण जायसवाल के नेतृत्व में डिप्टी कलेक्टर शैलेंद्र कुमार को सौंपा गया। ज्ञापन के माध्यम से नगर अध्यक्ष ने छापे के नाम पर व्यापारी उत्पीड़न पर शीघ्र रोक लगाने की मांग की है। प्रदेश उपाध्यक्ष सोमेश्वर केसरवानी ने कहा कि सर्वे छापे के वजह से एक ईमानदार व्यापारी अपने को ठगा महसूस करता है। व्यापारी पहले ही मंदी और महंगाई से परेशान है। प्रतिनिधिमंडल में उपस्थित प्रदेश मंत्री महेंद्र सोनकर ने कहा कि जीएसटी विभाग उत्पीड़न पर उतर आया है। यदि इस पर रोक ना लगाई गई तो व्यापारी अपने व्यापार को बंद कर राष्ट्रीय एवं प्रदेश नेतृत्व का सहयोग करते हुए जन आंदोलन में शामिल होगा। ज्ञापन देने वालों में मुन्ना लाल अग्रहरी, अरशद कुरैशी, मनोज कुमार साहू, राकेश जायसवाल, अमर जौहरी, शाहिद मंसूरी, सतीश अग्रहरि, लोकेश साहू, आदि व्यापारी पदाधिकारी उपस्थित रहे।

### गन्ना समितियों में कार्यरत कार्मिकों का बढ़ा डीए

**जौनपुर।** उप गन्ना आयुक्त/जिला गन्ना अधिकारी अखिलेश प्रताप सिंह द्वारा बताया गया कि आयुक्त, गन्ना एवं चीनी/निबन्धक, सहकारी गन्ना एवं चीनी मिल समितियाँ उ.प्र. द्वारा प्रदेश की सहकारी गन्ना विकास समितियों एवं प्राधिकरणों में कार्यरत कार्मिकों के आर्थिक हितों में अभिवृद्धि करने एवं उनका मनोबल बढ़ाने के लिए गन्ना समितियों के साथ-साथ जिला गन्ना सेवा प्राधिकरणों में भी बढ़ा हुआ डीए स्वीकृत कर दिया गया है। डीए कर्मचारियों को मंहगाई को ध्यान में रखते हुए उनके खर्चों को सहन करने में मदद करने के लिए दिया जाता है। आर्थिक रूप से मजबूत सातवें वेतनमान की समितियों के साथ-साथ छठें एवं पंचम वेतनमान की गन्ना समितियों एवं जिला गन्ना सेवा प्राधिकरणों में भी बढ़े हुए डीए की स्वीकृति प्रदान की गई है।

# कागज की गड्डी पकड़ा 10 हजार ले उड़े ठग

जनसंदेश न्यूज

**खेतासराय।** नगर में स्टेट बैंक की शाखा से रुपए निकाल कर जा रहे एक वृद्ध से जालसाजी का मामला सामने आया है। जालसाज वृद्ध को कागज की गड्डी थमाकर 10 हजार रुपए लेकर फरार हो गए। पश्चाताप की आग में जलता पीड़ित पुलिस को सूचना दिए बगैर हाथ मलते घर चला गया। जानकारी के मुताबिक खुटहन क्षेत्र के शेखपुर अशरफपुर गांव निवासी जंगीलाल प्रजापति गुरुवार को एसबीआई की शाखा से पैसा निकालने आए थे। उन्होंने अपने खाते से 10 हजार रुपए निकलवाया। जेब में पैसा रखने के बाद वह साइकिल से घर की तरफ जा रहे थे। थोड़ी दूर बाद प्राथमिक विद्यालय के पास एक जालसाज उन्हें रुकवा कर दो हजार रुपए का फुटकर मांगने लगा। फुटकर न होने से इनकार करने पर जालसाज गिड़गिड़ाने लगा। कहा कि मेरे पास दो-दो हजार की गड्डी है। बस का किराया देना है। बस का कंडक्टर दो हजार का फुटकर न होने की बात कहकर बस से उतार दिया। फिर ऊपर नीचे दो-दो हजार की नोट लगी एक कागज की गड्डी वृद्ध को पकड़ाते हुए फुटकर मांगने लगा तभी एक जालसाज और आ गया। पहले वाले जालसाज की पैरवी करते हुए कागज की गड्डी वृद्ध को दे दिया। कागज की गड्डी देते समय जालसाज ने गड्डी के ऊपर नीचे लगाई गई दो हजार की नोट भी निकाल लिया। दूसरे जालसाज ने कहा कि इसके पीछे कुछ लोग पड़े हैं। इसे फुटकर दे दीजिए, हम लोग हैं बाद में देख लिया जाएगा। जालसाजों के झांसे में आकर वृद्ध ने बैंक से निकाली गई 100-100 रुपए की दस हजार की गड्डी जालसाज को थमा दिया। थोड़ी देर बाद एक और जालसाज बाइक से पहुंचा। जब तक वृद्ध कुछ समझ पाता तीनों जालसाज बाइक से बारा गांव के रास्ते से फरार हो गए।

### शीतलहरी के दृष्टिगत जनहित के लिए जारी किए गए दिशा निर्देश

जौनपुर। जनपद में शीतलहरी के दृष्टिगत जनहित के लिए जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा ने अवगत कराया है कि शीतलहरी में क्या करें और क्या न करें। रेडियो अथवा टीवी के माध्यम से लगातार मौसम की जानकारी लेते रहें। नाक, कान, गले को ढक कर रखें, शीतलहर से बचाव हेतु किट तैयार रखें, कई परत वाले अथवा गर्म कपड़े पहने। कमरें को गर्म रखने के लिए जलावन अथवा लकड़ी को न जलायें इससे कमरें में धुंआ फैलने का खतरा उत्पन्न हो सकता है। कोयले की अंगीठी/जलावन/हीटर का आदि का प्रयोग करते समय सावधानी का विशेष ध्यान रखें एवं कमरे की खिड़कियां खोलकर रखें ताकि अंगीठी/जलावन से उत्पन्न जहरीले धुंए से नुकसान न हो। घर के अन्दर सुरक्षित रहें। जब तक आवश्यक न हो घर से बाहर न निकलें। स्नान हेतु गर्म पानी का प्रयोग करें। विशेष परिस्थियों के लिए ईधन बचाकर रखें। शरीर को गर्म रखने हेतु पेय पदार्थों एवं पौष्टिक आहार का सेवन करें। शरीर के अंगों के सुन्न पड़ने, हाथ-पैरों, कान एवं सफेद या पीले रंग के दाग पड़ने पर तुरंत डॉक्टर से सम्पर्क करें।

# केक काटकर मनाया गया प्रजापति ब्रह्मकुमारी शाखा का वार्षिकोत्सव



**खेतासराय।** गोरारी स्थित प्रजापति ब्रह्मकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय शाखा का सातवां वार्षिकोत्सव शुक्रवार को केक काटकर श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाया गया। राज योग द्वारा स्वर्णिम भारत की स्थापना के उद्देश्य के साथ वक्ताओं ने चिंतन मनन किया। इस मौके पर प्रसाद वितरण किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल के अध्यक्ष संजय कुमार विश्वकर्मा ने आश्रम का झंडारोहण किया। उन्होंने कहा कि मनुष्य का कर्म ही महान होता है। उसे उसके कर्मों का फल अवश्य मिलता है। बदलापुर से पधारी आरती दीदी ने कहा कि परमात्मा शिव बाबा हैं। हम लोग उनकी शक्तियां हैं। आत्मा अजर अमर और अविनाशी है। इससे पहले प्रभारी वीके दीदी ने अतिथियों को पुष्प और बुके भेंट कर स्वागत किया। इस मौके पर प्रधानाचार्य अनिल कुमार उपाध्याय, अजीत गुप्ता, डा. जगदीश, डा. लाल बहादुर यादव, अभय मौर्य, नारायण, रूचि उपस्थित रहे।

# अधिवक्ता समिति चुनाव कार्यक्रम की हुई घोषणा

**चुनाव**

### 16 दिसंबर को नामांकन व 30 दिसम्बर को मतदान, सभी पदों के प्रत्याशी नामांकन की तैयारियों में जुटे

**मछलीशहर।** अधिवक्ता समिति के चुनाव तिथि की घोषणा हो गई है। 16 दिसम्बर को नामांकन व 30 दिसम्बर को मतदान होगा। एल्डर्स कमेटी/चुनाव समिति की बैठक में निर्णय लिया है। तहसील परिसर में चुनावी सरगर्मी बढ़ गई है। सभी पदों के भावी प्रत्याशी नामांकन की तैयारियों में जुट गये हैं।

अधिवक्ता भवन में शुक्रवार को एल्डर्स कमेटी/चुनाव समिति के सदस्यों केदारनाथ यादव, दिनेश चंद्र सिन्हा, आरपी सिंह, जगदंबा प्रसाद मिश्रा, अशोक कुमार श्रीवास्तव की बैठक सम्पन्न हुई जिसमें सर्वसम्मति से अधिवक्ता समिति चुनाव कार्यक्रम की घोषणा की गई जिसमें मतदाता सूची का प्रकाशन 12 दिसम्बर, आपत्ति 13-14 दिसम्बर, आपत्ति का निस्तारण व अन्तिम सूची का प्रकाशन 15 दिसंबर को होगा। नामांकन 16-17 दिसंबर, नामांकन वापसी 19-20 दिसंबर, मतदान 30 दिसंबर 11 बजे से तीन बजे तक व मतगणना 3 बजे से परिणाम आने तक होगा।

जनसंदेश टाइम्स प्रा.लि.के लिए **प्रवीण कुमार कुशवाहा**, सी 28 /121, तेलियाबाग, प्रथम तल, वाराणसी से प्रकाशित एवं मीडिया टेक्स्ट (Media Text) प्रा.लि. प्रेस, रोहनिया, वाराणसी से मुद्रित।
**प्रधान सम्पादक - सुभाष राय**
**स्थानीय सम्पादक -प्रवीण कुमार कुशवाहा**
पीआरबी एक्ट के अन्तर्गत समाचारों के चयन के लिए उत्तरदायी। इस समाचार पत्र में प्रकाशित समस्त समाचारों से सम्बन्धित विवादों का न्याय क्षेत्र वाराणसी होगा।
फोन नं. 8177008889
आरएनआई नं. **UPHIN/2012/46221**
डाक पंजीयन सं.: जीपीओएलडब्ल्यू / एनपी - 78/2011-13।

### गुजरात जीत पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने मनाया जश्न

**चंदवक।** क्षेत्र के खुज्झी बाजार में राजेंद्र सिंह के प्रतिष्ठान पर क्षेत्र के भाजपा पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने गुजरात विधानसभा चुनाव में भाजपा के लगातार सातवीं बार जीत दर्ज कर इतिहास रचने को लेकर जश्न मनाया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे डॉ. नरसिंह बहादुर सिंह ने कहा कि यह जीत विकास व भाजपा के प्रति जनविश्वास की जीत है। इस जीत ने भाजपा कार्यकर्ताओं के दायित्व बोध को बढ़ा दिया है। सभी कार्यकर्ताओं को जनाकांक्षाओं पर खरा उतरना होगा। कार्यक्रम आयोजक राजेंद्र सिंह ने प्रचंड जीत पर विस्तार पूर्वक चर्चा करते हुए सभी को बधाई एवं शुभकामनाएं दी। कार्यक्रम का संचालन किसान मोर्चा मंडल अध्यक्ष संदीप प्रजापति ने किया। जश्न में भाजपाइयों ने एक दूसरे का मुंह मीठा कराकर खुशी का इजहार किया। इस अवसर पर पूर्व मंडल अध्यक्ष नवल किशोर सिंह, रामशरण सिंह, देवेंद्र सिंह दादा, निरंजन यादव, डॉ. सुरेश सिंह, श्रीकांत सिंह, अनिल सिंह भिलाई, परमा पाल, मंडल अध्यक्ष थानागद्दी अनिल पांडेय, सुनील सिंह, पिंटू सिंह दादा, हिमांशु सिंह, धर्मेंद्र सिंह नखडू प्रधान रेहारी सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

# सैकड़ों साथियों के साथ ग्रहण की सपा की सदस्यता



माल्यार्पण कर सपा की सदस्यता ग्रहण करवाते जिलाध्यक्ष

**जौनपुर।** समाजवादी पार्टी कार्यालय पर बसपा के वरिष्ठ नेता राजदेव यादव व उनकी पत्नी अमरावती यादव ने समाजवादी पार्टी में आस्था रखते हुए जिलाध्यक्ष लालबहादुर यादव के समक्ष सैकड़ों साथियों के साथ पार्टी की सदस्यता ग्रहण की। पार्टी सदस्यता ग्रहण के बाद राजदेव यादव ने कहाकि बसपा अब एक दुकान की तरह हो गयी है उसमें कार्यकर्ताओं का कोई सम्मान नहीं रह गया है। वह दुकान की तरह है जो ज्यादा पैसा लेकर जाएगा उसी को सामान मिलेगा। बसपा में सबसे ज्यादा कार्यकर्ताओं का शोषण है इसलिए शोषित वंचित वर्ग लड़ाई लड़ना ही मेरा प्राथमिकता थी जिससे बसपा भटक गई है। अगर इस समय शोषित वंचित की लड़ाई कोई लड़ रहा है तो समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव। इस मौके पर श्याम बहादुर पाल, हिसामुद्दीन शाह, प्रवक्ता राहुल त्रिपाठी, दीपचंद राम, शकील अहमद, महेंद्र यादव, मंजूर हसन, रियाज आलम आदि लोग उपस्थित रहे।

# कला-विज्ञान का प्रकृति के साथ सामंजस्य सुखी जीवन का आधार है : बिशप यूजीन

**कार्यक्रम**

### हैपी लाइफ प्रदर्शनी में छात्रों ने प्रसन्न जीवन पर आधारित परियोजना प्रस्तुत किया

जनसंदेश न्यूज



सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत करती सेंट जॉन्स स्कूल की छात्राएं

**जौनपुर।** सेंट जॉन्स स्कूल सिद्दीकपुर में हैपी लाइफ विषय पर आधारित प्रदर्शनी का आयोजन हुआ जिसमें बच्चों ने सुखमय जीवन पर आधारित विभिन्न परियोजना प्रस्तुत की। कार्यक्रम की शुरूआत वाराणसी धर्म प्रान्त के धर्माध्यक्ष बिशप यूजीन जोसेफ के कर कमलों से दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। दीप प्रज्वलन के पश्चात बच्चों ने मनमोहक प्रार्थना नृत्य किया। ईश वंदना के बाद प्रधानाचार्य फादर पी विक्टर द्वारा रचित गीत प्रकृति हमारी माँ पर आधारित सुंदर नृत्य बच्चों द्वारा प्रस्तुत किया गया। इस गीत को स्वर स्वयं फादर ने दिया था। चंचल सिंह एवं अंशू सोनी के दिशा निर्देशन में बच्चों ने क्रियात्मक कविता का पाठ किया। लिली पॉल के निर्देशन में बच्चों ने देशभक्ति गीत पर आधारित नृत्य किया। जजों ने विभिन्न मॉडलों को ध्यान पूर्वक परखा और निर्णय दिया। मुख्य अतिथि के रूप में बिशप यूजीन जोसेफ ने उपस्थित जन समुदाय को सम्बोधित करते हुए कहा कि कला एवं विज्ञान जब प्रकृति के अनुकूल होता है तो सुख देता है। संगीत, साहित्य, कला का हमारे जीवन को सुखमय बनाती है। कार्यक्रम के अंत में प्रधानाचार्य ने समस्त अभिभावकों, शिक्षकों, विद्यार्थियों एवं सहयोगी कर्मचारियों के प्रति आभार प्रकट किया। इस अवसर पर अभिभावकों के अतिरिक्त विभिन्न विद्यालयों के प्रधानाचार्य, शिक्षक एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

**बिछी बिसात**

**फिलहाल सुखविंदर सुक्खू और मुकेश अग्निहोत्री भी दौड़ में**

**प्रेक्षकों के सामने असहज स्थिति का अंदेशा**

**फैसला हाईकमान के हिसाब से ही होना तय**

# हिमाचल में प्रतिभा सिंह ने क्यों खेला वीरभद्र कार्ड

*हिमाचल प्रदेश में कांग्रेस की जीत ने रिवाज कायम रखा है और उसे एक प्रकार से संजीवनी मिली है क्योंकि दिल्ली के एमसीडी चुनाव और गुजरात विधान सभा में मिली बड़ी पराजय से मायूसी छा गई थी। जीत की मार्जिन भी अच्छी है और अब समस्या कांग्रेस के सामने मुख्यमंत्री चुनने की आ गई है। विचार और मंथन का दौर शुरू हो चुका है और साथ ही दावेदार इशारों में अपनी दावेदारी पेश करने लगे हैं। मामला हाईकमान के पास पहुंच गया है। याद रखिए पार्टी अध्यक्ष खड़गे भले ही हैं, पर गांधी परिवार ही फैसला लेगा। लेकिन पार्टी में कई नेताओं की दावेदारी के चलते बड़ा सवाल ये बना हुआ है कि इस पहाड़ी राज्य का अगला मुख्यमंत्री कौन होगा।*



शुक्रवार को पर्यवेक्षकों और राज्य के चुनाव इंचार्ज के सामने प्रतिभा सिंह को सीएम बनाने के लिए उनके समर्थकों ने प्रदर्शन किया और दूसरी ओर सुक्खू ने कहा कि जिसने चुनाव जीतने में भूमिका निभाई और लड़े, उन्हीं में से सीएम बनाया जाए। खबरों के मुताबिक पार्टी की कोशिश ये होगी कि सभी विधायकों से बात करके एक सिंगल लाइन प्रस्ताव पार्टी आलाकमान को भेजा जाए, जिसके बाद आलाकमान नए मुख्यमंत्री के नाम पर अपनी अंतिम मुहर लगा सके। इस बैठक में पार्टी के केंद्रीय पर्यवेक्षक और छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल, हरियाणा के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा और हिमाचल कांग्रेस प्रभारी राजीव शुक्ला सहित कांग्रेस के सभी 40 जीते हुए विधायक मौजूद रहेंगे। ये भी कयास लगाए जा रहे हैं कि कांग्रेस किसी भी गुटबाजी से बचने के लिए मुख्यमंत्री के साथ डिप्टी सीएम बनाने का प्रस्ताव भी रख सकती है। चुनाव नतीजे आने से पहले कुछ ऐसे नाम थे जिन्हें मुख्यमंत्री पद की दौड़ में गिना जा रहा था। इनमें चम्बा से आशा कुमारी, मंडी से कौल सिंह ठाकुर और नैना देवी से राम लाल ठाकुर शामिल थे। लेकिन चुनाव में मिली हार के बाद ये सभी लोग मुख्यमंत्री पद की दौड़ से बाहर हो गए हैं। कांग्रेस आलाकमान के सामने सबसे बड़ी चुनौती मुख्यमंत्री बनने की चाह रखने वाले बड़े नेताओं और बाकी विधायकों को साथ लेकर चलना है ताकि उसकी सरकार आंतरिक गुटबाजी की भेंट न चढ़ जाए।

हिमाचल प्रदेश में कांग्रेस के कद्दावर नेता और 6 बार मुख्यमंत्री रहे वीरभद्र सिंह के निधन के बाद राज्य कांग्रेस में एक खालीपन महसूस किया गया। वीरभद्र सिंह एक मंझे हुए राजनेता थे जो ऊपरी और निचले हिमाचल प्रदेश की राजनीति को संतुलित रखकर चलते थे। लेकिन हिमाचल कांग्रेस के आज के नेतृत्व की बात करें तो उसमें कोई भी ऐसा नेता नहीं दिखता जिसकी पूरे राज्य पर पकड़ हो। प्रतिभा सिंह फि लहाल हिमाचल प्रदेश कांग्रेस की अध्यक्ष हैं और साथ ही मंडी लोकसभा क्षेत्र से सांसद हैं। वे स्वर्गीय वीरभद्र सिंह की धर्मपत्नी हैं। उन्होंने वीरभद्र सिंह की विरासत का आह्वान करते हुए कांग्रेस पार्टी का चुनावी कैंपेन चलाया और पार्टी का नेतृत्व किया। चुनाव के बाद उन्होंने कहा कि वीरभद्र सिंह की विरासत और उनके परिवार की अनदेखी नहीं की जा सकती। वीरभद्र सिंह के राजपरिवार का पूरे हिमाचल में अच्छा खासा रुतबा रहा है और कांग्रेस पार्टी ने वीरभद्र सिंह की साख के आधार पर पार्टी को जीत का मुंह दिखाया है। कहा जा रहा है कि कम से कम 20 विधायक उनके अपने हैं।गौरतलब है कि प्रतिभा सिंह जिस शिमला ज़िले से आती हैं, वहां कांग्रेस ने 8 में से 7 सीटें जीती हैं। साथ ही माना जा रहा है कि उन्हें पूर्व मुख्यमंत्री वीरभद्र सिंह के ज्यादातर नजदीकी नेताओं का समर्थन हासिल है। इन सब वजहों से प्रतिभा सिंह की मुख्यमंत्री पद की दावेदारी को मजबूत माना जा रहा है। कांग्रेस की बड़ी चिंता ये है कि कई और दावेदारों के होते हुए, क्या प्रतिभा सिंह की मुख्यमंत्री पद की दावेदारी पार्टी के अन्य गुटों को स्वीकार्य होगी।

हिमाचल की राजनीतिक बिसात पर सुखविंदर सिंह सुक्खू को नजरंदाज करना भी थोड़ा मुश्किल है। चौथी बार विधायक बने 58 वर्षीय सुखविंदर सिंह सुक्खू हिमाचल कांग्रेस का ऐसा चेहरा हैं, जिन्होंने युवा उम्र से ही कांग्रेस के अलग-अलग पदों पर काम किया है। सुक्खू कांग्रेस के छात्र विंग एनएसयूआई के अध्यक्ष रहे और बाद में छोटा शिमला से पार्षद भी रहे। साल 2002 में उन्होंने अपना पहला विधानसभा चुनाव लड़ा। इस बार का चुनाव जीतकर वे चौथी बार विधानसभा पहुँचे हैं। सुक्खू साल 2013 से 2019 तक हिमाचल प्रदेश कांग्रेस के अध्यक्ष रह चुके हैं। उन्हें हिमाचल में कांग्रेस का एक ऐसा बड़ा जमीनी नेता माना जाता है जिसकी हिमाचल के सभी 68 विधानसभा क्षेत्रों में कार्यकताओं के बीच अच्छी पकड़ है। सुक्खू के बारे में माना जाता है कि वे हमेशा से ही वीरभद्र सिंह के खिलाफ अपनी राजनीति करते रहे। और यही वजह है कि वीरभद्र सिंह के वफादार लोग जो अब प्रतिभा सिंह के साथ हैं, वे उनके साथ उतनी सहजता से खड़े नहीं हो पाते हैं। सुक्खू जब पार्टी अध्यक्ष थे तो उस समय के मुख्यमंत्री वीरभद्र सिंह से लगातार सीधी टक्कर लेते रहे। माना जाता है कि सुक्खू के गुट में वो सभी लोग थे जो किसी न किसी वजह से वीरभद्र सिंह से नाराज थे। मौजूदा जीते हुए 40 विधायकों में से करीब 10 से 12 विधायक सुक्खू गुट के हैं।पत्रकारिता के पेशे से राजनीति में आए मुकेश अग्निहोत्री कांग्रेस की दूसरी पीढ़ी के कद्दावर नेताओं में माने जाते हैं। वे हमेशा वीरभद्र सिंह के सबसे करीबी नेताओं में से एक रहे हैं।

पिछली विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष रहे 60 वर्षीय मुकेश अग्निहोत्री लगातार पाँचवीं बार विधायक बने है। वे लोअर हिमाचल के ऊना ज़िले से आते हैं। पांच बार विधायक बनने के बाद मुकेश अग्निहोत्री को अब कांग्रेस की दूसरी पीढ़ी के बड़े नेताओं में गिना जरूर जाता है लेकिन ये भी माना जाता है कि हिमाचल के जमीनी कार्यकताओं पर उनकी पकड़ अभी उतनी मजबूत नहीं है जितनी सुखविंदर सिंह सुक्खू की। हिमाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री बनने की रेस में राज्य के काँगड़ा ज़िले के धर्मशाला से चौथी बार जीत कर आये विधायक सुधीर शर्मा का नाम भी लिया जा रहा है।

50 वर्षीय सुधीर शर्मा कांग्रेस के जाने माने नेता रहे स्वर्गीय पंडित संत राम शर्मा के पुत्र हैं। वे कांग्रेस का एक नामी ब्राह्मण चेहरा भी है और उस काँगड़ा ज़िले से आते हैं, जहाँ राज्य में सबसे ज्यादा 15 विधानसभा सीटें है। काँगड़ा ज़िले से आज तक कांग्रेस का कोई मुख्यमंत्री नहीं बना है। चुनावों के दौरान ये चर्चा का विषय था कि क्या कांग्रेस काँगड़ा को अपनी पार्टी से पहला मुख्यमंत्री देगी। युवाओं में लोकप्रिय सुधीर शर्मा हिमाचल में अपनी साफ छवि और विकास कार्यों के लिए उनके विजन के लिए जाने जाते हैं। तीन चेहरे प्रबल दावेदारों में जरूर आगे हैं, लेकिन लगातार पाँच बार चुनाव जीत चुके मुकेश अग्निहोत्री को उनके बेहतर काम का फायदा मिल सकता है। नेता प्रतिपक्ष के तौर पर अग्निहोत्री जयराम ठाकुर सरकार को सदन के अंदर और बाहर कड़ी चुनौती देते रहे और ये बात उनके पक्ष में जा सकती है। साथ ही उनके पास साल 2012-17 तक मंत्री रहने का तजुर्बा भी है. डॉ शशि भूषण का मानना है कि अगर तीनों मुख्य दावेदारों में से किसी पर भी सहमति नहीं बनी तो सुधीर शर्मा की दावेदारी भी मजबूत हो सकती है। वैसे कांग्रेस हिमाचल में किसी भी सूरत में वीरभद्र की विरासत को छोड़ना नहीं चाहेगी और ऐसे में वो प्रतिभा सिंह के पुत्र और दूसरी बार विधायक बने विक्रमादित्य सिंह को कैबिनेट में अच्छा प्रोफाइल देकर भी मना सकती हैं।

कांग्रेस की जीत के बाद शिमला में आयोजित प्रतिभा सिंह की प्रेस कांफ्रेंस में इसकी एक झलक तब मिली जब मुख्यमंत्री के सवाल पर उन्होने सीधे तौर पर कोई दावा तो नहीं किया लेकिन बार-बार पूर्व मुख्यमंत्री वीरभद्र सिंह की विरासत का ज़िक्र करती दिखीं। लेकिन वे उस हमीरपुर ज़िले से आते हैं, जहाँ से दो बार प्रेम कुमार धूमल हिमाचल के मुख्यमंत्री रहे हैं और उनके बेटे अनुराग ठाकुर केंद्रीय मंत्री. ऐसे में वहाँ से कांग्रेस के 5 में से 4 विधायक और एक कांग्रेस के बागी का जीत कर आना सुक्खू की ताकत को दिखता है। मुकेश अग्निहोत्री और सुधीर शर्मा दोनों ही शुरू से वीरभद्र सिंह के वफादार माने जाते रहे हैं. लेकिन वीरभद्र सिंह के गुजर जाने के बाद जहाँ सुधीर शर्मा वीरभद्र सिंह के परिवार के साथ ही खड़े रहे, वहीं मुकेश अग्निहोत्री के नेता प्रतिपक्ष बनने के बाद राज्य की सियासत और कांग्रेस में उनका कद बढ़ गया।

बहरहाल ये स्पष्ट है कि 68 सीटों वाली हिमाचल प्रदेश विधान सभा में 40 सीटें जीत कर आने के बावजूद कांग्रेस के सामने सबसे पहली चुनौती अगला मुख्यमंत्री तय करने की ही है. ये देखना दिलचस्प होगा कि पार्टी किस तरह इन अलग-अलग दावेदारों और उनके समर्थकों के गुटों के बीच सामंजस्य बना पाती है। वैसे हिमाचल में राजपूत ही सीएम बनता रहा है, केवल सांता कुमार को छोड़कर। इसका कारण यह है कि आबादी में 37 फीसदी इनकी तादाद है।

# गुजरात और हिमाचल : महिला कैंडिडेट्स का कितना दम दिखा?

## जीतीं गईं सीटों पर महिलाओं की संख्या कम दिखी

## कई महिला उम्मीदवारों को हार का सामना करना पड़ा

गुजरात में जहां बीजेपी का सातवीं बार कमल का फूल खिला वहीं हिमाचल प्रदेश में कांग्रेस के पंजे ने जीत दर्ज कर बीजेपी को पीछे धकेल दिया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने राज्य में तीस से ज्यादा रैलियां की और गृह मंत्री अमित शाह और उत्तरप्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने भी धुंआधार रैलियां की. वहीं कांग्रेस की तरफ से पार्टी के नेता राहुल गांधी ने बमुश्किल दो रैलियां कीं। इन चुनावों में आम आदमी पार्टी ने दूसरी बार कदम रखा था और दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने भी खूब प्रचार प्रसार किया. इतना ही नहीं उन्होंने लिखित में दावा भी किया था कि पार्टी वहां सरकार बनाएंगी। दिल्ली में हुए नगर निगम के चुनाव में तो आप जीत गई लेकिन गुजरात में वो पांच सीट ही जीत पाई। इन चुनाव में अलग- अलग पार्टियों ने कुल 40 महिला उम्मीदवारो को मैदान में उतारा था. जहां बीजेपी की 17 में से 14 महिलाओं ने जीत हासिल की है। वहीं कांग्रेस की उम्मीदवार गेनीबेन ठाकुर ने जीत हासिल की। नरोदा सीट से डॉक्टर पायल कुकरानी ने चुनाव जीत लिया। वे पेशे से डॉक्टर है और उन्हें मौजूदा विधायक की टिकट काट कर प्रत्याशी बनाया गया था और ये उनका पहला चुनाव था। पायल के पिता मनोज कुकरानी नारोदा पाटिया 2002 के दंगों में उम्रकैद की सजा काट रहे हैं हालांकि इन चुनाव के दौरान वे स्वास्थ्य कारणों की वजह से जमानत पर बाहर थे। ये इलाका बीजेपी का गढ़ माना जाता है और ऐसे में उनका जीतना तय था साथ ही वे पढ़ी लिखी भी हैं। हालांकि ऐसा नहीं है कि लोग उन्हें जानते थे लेकिन जानकार बताते हैं कि लोगों और पार्टी के भीतर पायल के प्रति संवेदनाएं थी इसलिए उन्हें टिकट दिया गया और पार्टी का ये दांव चल भी गया। जामनगर नॉर्थ सीट से ऑल राउंडर क्रिकेटर रविंद्र जडेजा की पत्नी रिवाबा जडेजा ने चुनाव लड़ा था। रिवाबा अक्सर जामनगर के राजनैतिक कार्यक्रमों में देखी जाती रही है और वो सौराष्ट्र करणी क्षत्रिय सेना की अध्यक्ष भी रह चुकी हैं। रिवाबा जडेजा के खिलाफ कांग्रेस पार्टी से उनके ससुर अनिरुद्ध सिंह जडेजा ने चुनाव लड़ा था।



उन्होंने कहा कि वो स्वयं को प्रत्याशी के तौर पर नहीं देख रही थीं लेकिन जिन लोगों ने उन्हें स्वीकार किया और पार्टी के कार्यकताओं ने उनके लिए मेहनत की वो उन सब का शुक्रिया करती हैं। ये उनकी नहीं सब की जीत है और वो उन्हें की क्रेडिट देती हैं। साथ ही उनका कहना था, जो विकास का मॉडल है उसी पर आगे बढ़ना है और मेरे साथ जो जीत कर आए है उन सब का यही मंत्र रहेगा।

जानकारों का कहना है कि रिवाबा के पति एक जाने-माने क्रिकेटर हैं इसलिए उन्हें बीजेपी की तरफ से टिकट दिया गया। ऐसा नहीं है कि उनकी काबलियत नहीं है लेकिन उनके पति अगर क्रिकेटर नहीं होते तो क्या उन्हें टिकट मिलता? जब हम उस इलाके में वोटरों का मन टटोलते थे तो समझ में आता था कि लोगों के बीच में वो एक सेलिब्रेटी हैं और लोग उन्हें जानते हैं और इसका लाभ भी उन्हें मिला। बीजेपी की कंचनाबेन वीनूभाई ने ठक्करबपा नगर से चुनाव जीता है। वे कार्यकताओं के साथ लंबे समय से जुड़ी रही हैं हालांकि पाटीदार आंदोलन के साथ वे जुड़ी हुई नहीं दिखाईं दी लेकिन हर दल ने पाटीदार समुदाय को अहमियत दी है और ये फैक्टर उनके लिए भी काम कर गया।

असरवा सीट से बीजेपी की दर्शना वाघेला ने चुनाव जीता है। ये एक आरक्षित सीट है, वे अहमदाबाद म्यूनसिपल कॉर्पोरेशन की चुनाव भी जीत चुकी हैं। इस बार आंकडे बताते हैं कि महिलाओं ने पिछली बार से ज्यादा वोट दिया है। बीजेपी को लेकर महिलाओं में झुकाव रहा है ऐसे में महिलाओं को वोट देना काम किया है। वाव से कांग्रेस की उम्मीदवार गेनीबेन ठाकुर ने चुनाव जीत लिया है। वे पार्टी की तेजतर्रार नेताओं में गिनी जाती हैं और पिछली बार यानी साल 2017 में इसी सीट से चुनाव जीती थीं। वाव विधानसभा क्षेत्र पर ठाकुर और चौधरी का वर्चस्व माना जाता है। बताया जाता है कि चौधरी समाज जहां बीजेपी का समर्थन करता है वहीं कांग्रेस की ठाकुर वोटबैंक पर मजबूत पकड़ है।

हिमाचल प्रदेश की बात करें तो यहां कुल 68 सीटों पर 24 महिला उम्मीदवारों ने चुनाव लड़ा। हालांकि बीजेपी का गुजरात के मुकाबले राज्य में प्रदर्शन फीका रहा. यहां भी बीजेपी के वरिष्ठ नेताओं ने रैलियां की लेकिन कांग्रेस की बात की जाए तो पार्टी की महासचिव प्रियंका गांधी ने तो राज्य का दौरा किया लेकिन राहुल गांधी नदारद रहे। यहां साल 2017 में हुए विधानसभा चुनाव में चार महिलाओं को जीत मिली थी और पांचवी महिला विधायक साल 2019 में हुए उपचुनाव में जीत कर आई थीं। इस चुनाव में बीजेपी ने छह, कांग्रेस ने तीन और आप ने छह महिलाओं को मैदान में उतारा था। यहां की पच्छाद सीट से बीजेपी की नेता रीना कश्यप ने चुनाव जीता है. उन्होंने साल 2019 में उपचुनाव पहली बार लड़ा था। वैसे महिला उम्मीदवारों के खिलाफ एंटी इन्कैमबंसी फैक्टर ने काम किया। वहीं इन महिलाओं में कुछ ऐसे चेहरे थे जो नए थे ऐसे में वोटरों के लिए उन पर भरोसा न दिखाना भी वोट न देने का कारण बना। हिमाचल में बीजेपी ने महिला वोटरों को रिझाने के लिए 'नारी को नमन' नाम की स्कीम भी निकाली और कांग्रेस और आप ने भी कई वादे किए। प्रदेश में महिलाएं काफी बढ़चढ़ कर मतदान में हिस्सा लेती हैं लेकिन जब महिलाओ उम्मीदवारों को टिकट देने की बारी आती है तो सियासी पार्टियां पीछे हट जाती हैं।

# पोस्टर नहीं लगाऊंगा, चाय नहीं पिलाऊंगा, पांच लाख से जीतूंगा

**बोले गडकरी**

**एक कार्यक्रम में कहा, मैंने जाति-धर्म से परे हटकर विकास का काम किया है और उसी के बल पर लोग मुझे चुनेंगे**

गुजरात और हिमाचल के चुनाव परिणामों के बाद भाजपा के वरिष्ठ नेता नितिन गडकरी ने कहा कि हम अगले चुनावों में न तो पोस्टर लगाएंगे, न ही चाय पानी का खर्च देंगे फिर भी जनता हमें वोट देगी। एक कार्यक्रम में केंद्रीय मंत्री गडकरी ने कहा कि मैं भी राजनेता हूं, लोकसभा चुनाव लड़ता हूं। अभी 3.5 लाख वोट से आया हूं अगली बार 5 लाख से आऊंगा। उन्होंने कहा कि ये मेरा अहंकार नहीं है, काम के बदले ऐसा करूंगा। भाजपा नेता ने आगे कहा, जनता मालिक है, मैं ट्रस्टी हूं। देश के लिए काम होना चाहिए। मैं कोई साधु-सन्यासी नहीं हूं। पहले अपना घर देखता हूं, अपना परिवार देखता हूं और फिर समाज के लिए और देश के लिए काम करता हूं। नितिन गडकरी ने आगे कहा, मैंने लोगों को बोल दिया है पोस्टर नहीं लगाऊंगा, बैनर नहीं लगाऊंगा, चाय नहीं पिलाऊंगा, नाश्ता नहीं कराऊंगा, तुमको वोट देना है तो दो। मैं कोई आमिष दिखाकर वोट नहीं लेना चाहता। मैंने काम किया है, उसके ऊपर मुझे वोट मिलेंगे। हिंदू-मुसलमान सब वोट देंगे। भाजपा नेता ने कहा, मैं अभी मुसलमानों के एक कार्यक्रम में गया था वहां मैंने कहा कि मैं आरएसएस वाला हूं, बाद में पछतावा नहीं करना है। उन्होंने आगे कहा कि सब मेरे साथ हैं क्योंकि मैंने काम में कोई भेदभाव नहीं किया है।



वहीं, गुजरात में बीजेपी की प्रचंड जीत का कारण बताते हुए नितिन गडकरी ने कहा कि हम जब सत्ता में होते हैं तो विकास की राजनीति करते हैं। अच्छे रोड, पानी, बिजली, ट्रांसपोर्ट, कम्युनिकेशन, कृषि, मेडिकल हेल्थ, एजुकेशन हर जगह पर हमने रिकॉर्ड बनाए हैं। गुजरात की जनता को विकास देखने को मिला, इसी के कारण गुजरात की जनता हमें वहां लगातार 27 साल से सत्ता में ला रही है। यही कारण है कि पीएम मोदी के नेतृत्व में गुजरात की जनता ने हमें समर्थन दिया। दूसरी ओर हिमाचल प्रदेश विधानसभा चुनाव में हार पर केंद्रीय मंत्री ने कहा कि मुझे लगता है कि हिमाचल की हार में हमारे और कांग्रेस के वोटों का अंतर बहुत कम रहा। मैं ये ही कहूंगा कि नसीब ने हमारा साथ नहीं दिया। 1-2 प्रतिशत ज्यादा वोट मिलता तो हमारी सत्ता आ जाती।

# कॉलेजियम पर सरकार और सुप्रीम कोर्ट की क्या है रस्साकशी

हाई कोर्ट और सुप्रीम कोर्ट के जजों की नियुक्ति को लेकर सरकार और न्यायपालिका के बीच टकराव कोई नई बात नहीं है, लेकिन पिछले कुछ समय से टकराव गहराता दिख रहा है, खास तौर पर केंद्रीय कानून मंत्री के उस बयान के बाद जिसमें उन्होंने कॉलेजियम सिस्टम को लेकर गंभीर सवाल उठाए । कॉलेजियम सिस्टम वह प्रक्रिया है जिससे सुप्रीम कोर्ट और हाई कोर्ट के जजों की नियुक्ति और तबादले किए जाते हैं। कॉलेजियम शब्द सुनने में तकनीकी लग सकता है, लेकिन इसे समझना इसलिए जरूरी है क्योंकि इसी से तय होगा है कि आपके यानी आम नागरिक के मौलिक अधिकारों की रक्षा करने वाली संस्था न्यायपालिका को कौन और कैसे चलाएगा। ताजा बहस तब शुरू हुई जब 25 नवंबर को केंद्रीय कानून मंत्री किरेन रिजिजू ने जजों की नियुक्ति करने की पूरी प्रक्रिया को ही 'संविधान से परे' या एलियन बता दिया। केंद्रीय कानून मंत्री ने याद दिलाने की कोशिश की कि सुप्रीम कोर्ट ने अपनी समझ और कोर्ट के ही आदेशों को आधार बनाते हुए कॉलेजियम बनाया है। उन्होंने पूछा, आप ही बताइए कि कॉलेजियम सिस्टम का संविधान में कहाँ ज़िक्र है? केंद्रीय कानून मंत्री की यह बात दुरुस्त है कि संविधान में कॉलेजियम का कहीं ज़िक्र नहीं है। ऐसे में यह समझने की जरूरत है कॉलेजियम व्यवस्था क्या है, वह कैसे काम करती है, उसको लेकर सरकार की आपत्तियां क्या हैं, सरकार उसके बदले कैसी व्यवस्था चाहती है, और सरकार की पसंद वाली व्यवस्था की क्या खामियां हो सकती हैं? बीते लंबे वक़्त से यह बहस समय-समय पर उठती रहती है कि सुप्रीम कोर्ट और हाई कोर्ट में जज चुने जाने की प्रक्रिया में भयंकर भाई-भतीजावाद है जिसे



**हाल में केंद्रीय कानून मंत्री रिजिजू ने कॉलेजियम सिस्टम पर उठाए थे सवाल**

न्यायपालिका में अंकल कल्चर कहते है, यानी ऐसे लोगों को जज चुने जाने की संभावना ज्यादा होती है जिनकी जान-पहचान के लोग पहले से ही न्यायपालिका में ऊँचे पदों पर हैं।

कॉलेजियम भारत के चीफ जस्टिस और सुप्रीम कोर्ट के चार वरिष्ठतम जजों का एक समूह है, ये पांच लोग मिलकर तय करते हैं कि सुप्रीम कोर्ट में कौन जज होगा। ये नियुक्तियाँ हाई कोर्ट से की जाती हैं और सीधे तौर पर भी किसी अनुभवी वकील को भी हाई कोर्ट का जज नियुक्त किया जा सकता है। हाई कोर्ट में जजों की नियुक्ति भी कॉलेजियम की सलाह से होती है जिसमें सुप्रीम कोर्ट के चीफ जस्टिस, हाई कोर्ट के चीफ जस्टिस और राज्य के राज्यपाल शामिल होते हैं। कॉलेजियम बहुत पुराना सिस्टम नहीं है और इसके अस्तित्व में आने के लिए सुप्रीम कोर्ट के तीन फैसले ज़िम्मेदार हैं जिन्हें 'जजेस केस' के नाम से जाना जाता है। पहला केस 1981 का है जिसे एसपी गुप्ता केस नाम से भी जाना जाता है। इस मामले में सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि जजों की नियुक्ति के लिए चीफ जस्टिस के पास एकाधिकार नहीं होना चाहिए और इस बात की ओर इशारा किया गया कि इसमें सरकार की भी भूमिका होनी चाहिए। 1993 में दूसरे केस में नौ जजों की एक बेंच ने कहा कि जजों की नियुक्तियों में चीफ जस्टिस की राय को बाकी लोगों की राय के ऊपर तरजीह दी जाए। और फिर 1998 में तीसरे केस में सुप्रीम कोर्ट ने कॉलेजियम का आकार बड़ा करते हुए इसे पाँच जजों का एक समूह बना दिया। सरकार और न्यायपालिका के बीच तनातनी की शुरूआत साल 2014 से होती है। नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में जब देश में एनडीएन सरकार बनी तो केंद्र सरकार साल 2014 में ही संविधान में 99वाँ संशोधन करके नेशनल ज्यूडिशियल अप्वाइंटमेंट कमीशन (एनजेएसी) अधिनियम लेकर आई। इसमें सरकार ने कहा कि चीफ जस्टिस और सुप्रीम कोर्ट- हाई कोर्ट में जजों की नियुक्ति के लिए कॉलेजियम की जगह अब एनजेएसी के प्रावधानों के तहत काम हो। इस कमीशन में छह लोगों को सदस्य बनाने का प्रावधान किया गया है।